

"जहां कोशिशों का कद बड़ा होता है, वहां नसीबों को भी झुकना पड़ता है।"

# दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

**सुबह वाणी**

जब व्यक्ति को ज्ञान रूपी लक्ष्मी की प्राप्ति होती है, तो उसे एक आनंद की प्राप्ति होती है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, वीरवार, 18 सितंबर, 2025 | अश्विन कृष्ण पक्ष: द्वादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 258 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### पराली जलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक प्रावधान क्यों नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, (अप्रस)।** दिल्ली-एनसीआर में पराली जलाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा कि इस मामले में पराली जलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक प्रावधान क्यों नहीं की जा रही है। सरकार कार्रवाई से कतरा क्यों रही है? कुछ लोगों को जेल भेजने से सही संदेश जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि हम किसानों का सम्मान करते हैं, क्योंकि वे हमें खाना देते हैं, लेकिन किसी को भी पर्यावरण को दूषित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि आप किसानों के लिए कुछ दंडात्मक प्रावधानों के बारे में क्यों नहीं सोचते? अगर कुछ लोग जेल में हैं, तो इससे सही संदेश जाएगा। अगर पर्यावरण की रक्षा करने का आपका सच्चा इरादा है, तो फिर आप एक्शन लेने से क्यों डर रहे हैं? अदालत ने सरकार से कहा कि देश में किसानों का एक विशेष स्थान है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे इसका फायदा उठाएं। सरकार इस पर फैसला ले, नहीं तो अदालत आदेश जारी करेगी। गलती करने वाले अधिकारियों की तो बात छोड़िए, क्योंकि हर किसान पर नजर रखना अधिकारियों के लिए मुश्किल है। मुख्य न्यायाधीश ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट से पूछा, फ्रआप पराली जलाने वाले किसानों के लिए दंडात्मक प्रावधान लाने पर विचार क्यों नहीं करते हैं? यह बातें सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआई से संबंधित राज्यों में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में खाली पदों को नहीं भरे जाने पर अवमानना नोटिस पर सुनवाई के दौरान कहीं।




### मध्य प्रदेश के धार में प्रधानमंत्री का पाकिस्तान को कड़ा संदेश

# ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है: मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**धार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मध्यप्रदेश के धार पाक को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि ये नया भारत है। ये परमाणु धमकी से नहीं डरता। हम घर में घुसकर मारते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवानों ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। अभी कल ही देश और दुनिया ने देखा है, फिर एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो-रो कर अपना हाल बताया है।

उन्होंने सेना के शौर्य की सराहना करते हुए कहा कि 17 सितंबर के दिन ही देश ने सरदार पटेल की फौलादी इच्छा इच्छाशक्ति का उदाहरण देखा था। भारतीय सेना ने हैदराबाद को अनेकों अत्याचारों से मुक्त कराकर, उनके अधिकारों की रक्षा कर भारत के गौरव को फिर से स्थापित किया था।



### इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क से इंडस्ट्री को मिलेगी नई ऊर्जा

प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान का शुभारंभ किया। कौशल निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अपने कौशल से राष्ट्र निर्माण में लगे करोड़ों भाइयों और बहनों को मैं विश्वकर्मा जयंती पर आदरपूर्वक प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती के दिन एक बड़ी औद्योगिक शुरुआत होने जा रही है। देश के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क का शिलान्यास यहां (धार) हुआ है। इस पार्क से भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री को नई ऊर्जा मिलेगी और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा। इस टेक्सटाइल पार्क से हमारे युवकों और युवतियों को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। मैं इन परियोजनाओं के लिए सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान को लेकर कहा कि यह माताओं-बहनों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद है- एक भी महिला, जानकारी या संसाधनों के अभाव में बीमारी का शिकार न हो।

### मुर्मु, राजनाथ, शाह, नड्डा, योगी, नीतीश सहित विभिन्न नेताओं ने दी मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित विभिन्न नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म की 75वीं वर्षगाठ पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। परिश्रम की पराकाष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने असाधारण नेतृत्व से आपने देश में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार किया है। आज विश्व समुदाय भी आपके मार्गदर्शन में अपना विश्वास प्रकट कर रहा है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि आप सदा स्वस्थ और सानंद रहें तथा अपने अद्वितीय नेतृत्व से राष्ट्र को प्रगति के नए शिखरों पर पहुंचाएं।

### हमारी सरकार ने हैदराबाद की घटना को अमर कर दिया

पीएम मोदी ने कहा कि देश की इतनी बड़ी उपलब्धि को सेना के इतने बड़े शौर्य को, कई दशक बीत गए, कोई याद करने वाला नहीं था, लेकिन आपने मुझे मौका दिया, हमारी सरकार ने 17 सितंबर की हैदराबाद की घटना को अमर कर दिया। हमने भारत की एकता के प्रतीक इस दिन को हैदराबाद लिबरेशन डे के रूप में मनाने की शुरुआत की है।

### मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने की कोशिश

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित होते भारत में हमें मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को जितना संभव हो सके, कम करना ही है। इसी उद्देश्य से वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शुरू की गई। इस योजना के अंतर्गत पहली संतान होने पर 5 हजार रुपए और दूसरी बेटी के जन्म पर 6 हजार रुपए सीधे बैंक खाते में दिए जाते हैं। अब तक 4.5 करोड़ से अधिक गर्भवती माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ मिल चुका है। अब तक 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि मेरी माताओं बहनों के खातों में पहुंच चुकी है।

### विश्कर्मा जयंती और पीएम मोदी के जन्मदिवस पर हरियाणा में कारीगरों को बड़ी सौगात

## हरियाणा के प्रशिक्षण प्राप्त कारीगरों को मिलेगा 5 हजार रुपए का टॉप-अप प्रोत्साहन: सैनी



श्रम शक्ति के बल पर भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

अर्थ प्रकाश/ सुकरमपाल

**रोहतक, 17 सितम्बर।** भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर हरियाणा में कारीगरों और शिल्पकारों को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना की शुरुआत की। इस योजना के अंतर्गत हरियाणा के उन कारीगरों को 5 हजार रुपये का टॉप अप प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को रोहतक में श्री विश्वकर्मा जयंती एवं श्रमिक दिवस समारोह पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। समारोह में पूर्व मंत्री श्री मनीष ग्रोवर सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह शुभ संयोग है कि आज दिव्य शिल्पी भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती है। 21वीं शताब्दी के नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। उन्होंने हरियाणा की पौने 3 करोड़ जनता की ओर से भगवान विश्वकर्मा को नमन किया प्रधानमंत्री को जन्म दिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा शिक्षा समिति, रोहतक को 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज द्वारा आवेदन करने पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के नियमानुसार प्लॉट आवंटित किया जाएगा।

शेष पेज-12

### हरियाणा में अब तक पीएम विश्वकर्मा योजना में 41,366 आवेदक पंजीकृत

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चुनौतियां भी हैं, औज़ार महंगे हैं, डिजाइन बदलते हैं, बाजार तक पहुंचना मुश्किल है और क्रेडिट की ज़रूरत रहती है। इन्हीं तथ्यों को समझते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' चलाई है। इस योजना में कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है, प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपये प्रतिदिन स्टाइफंड दिया जाता है और टूल किट भी दी जाती है। कारोबार के लिए मामूली ब्याज दर पर ऋण भी दिया जाता है। यही नहीं, उत्पादों के सत्यापन, ब्रांडिंग, प्रचार के लिए मदद की जाती है। ई-कॉमर्स तथा जैम पोर्टल पर भी पहुंच दी जाती है ताकि कारीगर अपने उत्पाद देश-विदेश में कहीं भी बेच सकें। उन्होंने कहा कि इस योजना को हरियाणा में लागू कर रहे हैं। प्रदेश में 41,366 आवेदक पंजीकृत हुए हैं। इनमें से 30,655 कारीगरों का कौशल प्रशिक्षण पूरा हो चुका है और लगभग 12 हजार कारीगरों को टूल किट भी दी जा चुकी है।

### मुख्यमंत्री ने की 'मिशन चढ़दी कला' की शुरुआत, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फंड जुटाने की अपील

# बाढ़ ने सिर्फ पानी का कहर नहीं ढाया, बल्कि लाखों लोगों के सपने भी पानी में बहा दिए: सीएम मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के प्रयासों को तेज करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को 'मिशन चढ़दी कला' की शुरुआत की है। इस मिशन के तहत पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश में बाढ़ प्रभावित लोगों को पुनः अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए की जा रही कोशिशों हेतु फंड जुटाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते समय में प्रदेश ने एक ऐसे कठिन दौर से गुजरा है जिसे हमारी पीढ़ियां कभी भूल नहीं सकेंगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ ने सिर्फ पानी का कहर नहीं ढाया, बल्कि लाखों सपने भी इसके पानी में बह गए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 2300 गांव डूब गए हैं, 20 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, पांच लाख एकड़ फसल बर्बाद हो गई है, 56 कीमती जानें चली गईं और 7 लाख लोग बेघर हो गए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि 3200 स्कूल बर्बाद हो गए, 19 कॉलेज मलबे में बदल गए, 1400 क्लीनिक व अस्पताल खंडहर बन गए हैं, 8500 किलोमीटर सड़कें बदतर स्थिति में पहुंच गई हैं और 2500 पुल ढह गए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 13,800 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है जबकि नुकसान इससे कहीं अधिक हो सकता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भले ही यह पंजाब के इतिहास का सबसे भयावह दुखांत है, परंतु इसके साथ यह पंजाब के लिए सबसे बड़ा इम्तिहान भी है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी पंजाब ने किसी संकट का सामना किया है, पंजाबियों ने कभी संकट के सामने झुके नहीं, बल्कि हमेशा चट्टान की तरह हिम्मत से खड़े रहे हैं।


मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान भी युवा अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों को बचा रहे थे। उन्होंने बताया कि कैसे गुरुद्वारे, मंदिर और अन्य धार्मिक स्थान मदद के लिए अपने दरवाजे खोल रहे थे और लंगर चला रहे थे, कैसे पूरा पंजाब माला के मनकों की तरह एकजुट होकर परिवार की तरह खड़ा हुआ। उन्होंने कहा कि यही हमारी सबसे बड़ी ताकत और विशेषता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे हर पंजाबी, भारत के हर नागरिक, हमारे उद्योगपतियों, कलाकारों, चैरिटेबल ट्रस्टों और दुनिया भर में रहने वाले अपने पंजाबी भाइयों-बहनों से दिल से अपील करते हैं कि आज पंजाब को आपकी जरूरत है।

### अब पुनर्वास से आगे बढ़ने का समय

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है राहत और पुनर्वास से आगे बढ़ने का, क्योंकि हमारे किसान को फिर से खेती करनी है, बच्चों को फिर से स्कूल जाना है और बाढ़ पीड़ित परिवारों ने फिर से अपने घर बसाने हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 'मिशन चढ़दी कला' की शुरुआत की गई है। चढ़दी कला का भाव कठिन से कठिन समय में भी हौसला बुलंद रखना, हर दुख में भी मजबूत रहना और हर अंधेरे में भी उम्मीद की रौशनी जलाए रखना है।

### मिलकर साबित करेंगे कि पंजाब हार नहीं मानता

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि www.rangla.punjab.gov.in के माध्यम से बाढ़ पीड़ितों के लिए योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि हम सब मिलकर फिर से साबित करेंगे कि पंजाब कभी हार नहीं मानता। पंजाब हमेशा चढ़दी कला में रहता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनके कार्यालय में वार रूम भी स्थापित किया गया है, जो 'मिशन चढ़दी कला' से संबंधित सभी गतिविधियों की सीधे तौर पर निगरानी करेगा। उन्होंने कहा कि वे खुद रोजाना इन प्रयासों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करेंगे।



**तैयारी** — चुनाव आयोग ने एसआईआर को लेकर दी जानकारी

# बिहार की तरह देशभर में लागू होगा एसआईआर

### आधे से ज्यादा वोटर्स को पेपर नहीं दिखाने होंगे, 1987 के बाद जन्मे नए वोटर्स को पैरेंट्स के दस्तावेज दिखाने होंगे

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**नईदिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) बिहार की तर्ज पर देशभर में होगा। लेकिन ज्यादातर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके नाम पिछली एसआईटर की वोटर लिस्ट में शामिल हैं। ज्यादातर जगह यह प्रक्रिया 2002 से 2004 के बीच हो गई थी। जिन लोगों के नाम उस समय की वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए कोई नया कागज नहीं देना होगा। जो नए वोटर बनना चाहते हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं। 1987 के बाद जन्मे लोगों को पैरेंट्स के दस्तावेज दिखाने होंगे

**इस पूरे मामले को उदाहरण से समझिए:** मान लीजिए बिहार में 2003 की एसआईआर सूची को आधार बनाया गया है। वहां के लगभग 5 करोड़ मतदाता (60 फीसदी) पहले से ही उस सूची में दर्ज हैं, इसलिए उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना पड़ा। वहीं लगभग 3 करोड़ नए मतदाताओं (40 फीसदी) से 11 निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक मांगा गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसमें 12वां दस्तावेज आधार कार्ड भी माना गया।

**करीब दो लाख नए बीएलओ जोड़े जाएंगे:** चुनाव आयोग सभी राज्यों में एक साथ एसआईटर कराना चाहता है। हालांकि बिहार से मिले अनुभवों के आधार पर आयोग अपनी प्रक्रियाओं में भी कुछ सुधार करेगा। आयोग सूत्रों के मुताबिककरीब दो लाख नए बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) जोड़े जाएंगे। सुनिश्चित किया जाएगा कि 250 घरों पर कम से कम एक चुनाव प्रतिनिधि जरूर हो। हाल में हुई बैठक में राज्यों के निर्वाचन अधिकारियों से मिले इनपुट के आधार पर राष्ट्रव्यापी एसआईआर का रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

### नए वोटर को भरना होगा डिक्लेरेशन फॉर्म

नई व्यवस्था में ऐसे लोग जो नए वोटर बनना चाहते हैं या दूसरे राज्य से शिफ्ट होकर आए हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं।
1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे हैं, तो खुद का जन्म प्रमाण देना होगा।
1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे हैं, तो माता-पिता के जन्म या नागरिकता के दस्तावेज भी दिखाने होंगे।
2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे लोगों के लिए शर्त और कड़ी हैङ्क उन्हें यह साबित करना होगा कि माता-पिता में कम-से-कम एक भारतीय नागरिक हैं और दूसरा गैर-कानूनी प्रवासी नहीं है। यानी उन्हें भी अपने पेरेंट के दस्तावेज दिखाने होंगे।

# मालवा क्षेत्र में चल रहे नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 7.1 किलो हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

मोगा निवासी जगप्रीत सिंह उर्फ़ जग्गा मालवा क्षेत्र में चला रहा था ड्रग सिंडिकेट और करता था हेरोइन सप्लाई: डीजीपी गौरव यादव

जगप्रीत जग्गा के निर्देशों पर सरहदी क्षेत्रों से हेरोइन की खेपें प्राप्त करता था गिरफ्तार आरोपी यासीन मुहम्मद: सीपी अमृतसर गुरप्रीत भुल्लर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 17 सितंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के मद्देनज़र चलाए जा रहे अभियान के दौरान सीमा पार के नार्को-आतंकी नेटवर्कों के विरुद्ध बड़ी सफलता दर्ज करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने मोगा निवासी जगप्रीत सिंह उर्फ जग्गा द्वारा चलाए जा रहे नशा तस्करी सिंडिकेट के मुख्य कार्यकर्ता को 7.1 किलोग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर इस नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है।

यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बुधवार को यहां दी।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यासीन मुहम्मद (22) के रूप में हुई है, जो कि संभल, उत्तर प्रदेश (यू.पी.) के गाँव अटवा का निवासी है और इस समय मोहाली के गाँव लालड़ू में रह रहा था। आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि है और उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, चोरी और स्नैचिंग के मामले दर्ज हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जगप्रीत सिंह उर्फ जग्गा पाकिस्तान-आधारित तस्करों के संपर्क में था और गिरफ्तार आरोपी यासीन मुहम्मद के साथ मिलकर नेटवर्क चला रहा था। डीजीपी ने कहा कि नेटवर्क के अगले-पिछले संबंधों की गहराई से जांच की जा रही है ताकि पूरे गठजोड़ का पर्दाफाश किया जा सके।

ऑपरेशन संबंधी विवरण साझा करते हुए, पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पुलिस टीमों को विश्वसनीय सूत्रों से पुख़्ता सूचना मिली थी कि आरोपी जगप्रीत के निर्देशों पर उसका साथी, अजनाला सेक्टर के एक निर्धारित क्षेत्र में, पाक-आधारित तस्करों द्वारा ड्रोन के ज़रिए गिराई गई हेरोइन की खेप प्राप्त कर चुका है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक गुप्त ऑपरेशन चलाया और संदिग्ध यासीन मुहम्मद को छेहरटा के वडाली से उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह हेरोइन की खेप प्राप्त करने के बाद वापस लौट रहा था।

### दोनों एक साथ लुधियाना जेल में बंद रह चुके हैं

सीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि नशीले पदार्थ की बरामदगी के बाद, गिरफ्तार आरोपी यासीन खेप को जगप्रीत तक पहुँचाता था, जो आगे इसे पंजाब के मालवा क्षेत्र में अपने संपर्कों को सप्लाई करता था। उन्होंने बताया कि दोनों एक साथ लुधियाना जेल में बंद रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि आगे की जांच जारी है। आने वाले दिनों में और गिरफतारियां तथा बरामदगियां होने की संभावना है। इस संबंध में, अमृतसर कमिश्नरेट के थाना छेहरटा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) और 25 के तहत एफआईआर नंबर 186 दिनांक 15.09.2025 को मामला दर्ज किया गया है।

धान की खरीद के लिए 27,000 करोड़ रुपये का किया प्रबंध

# एक भी दाना मंडियों में खराब नहीं होने देंगे: कटारूचकक

सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश, पूरी प्रकिया में किसानों को कोई कठिनाई ना आये



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**भोगपुर (जालंधर), 17 सितंबर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक ने आज जालंधर जिले की भोगपुर दाना मंडी में धान खरीद सीजन की औपचारिक शुरुआत करते हुए किसानों की पूरी फसल की ढुलाई सुनिश्चित करने के लिए पंजाब सरकार की वचनबद्धता को दोहराया। खरीद प्रबंधों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार सभी हितधारकों के लिए सुचारू और निर्बाध खरीद सीजन सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

श्री कटारूचक ने आगे कहा कि हाल ही में आई बाढ़ से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, पूरे पंजाब में बेहतर प्रबंध किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई कठिनाई न आए। मीडिया को संबोधित करते हुए कटारूचक ने कहा कि खरीद सीजन के दौरान किसानों की भलाई हमेशा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने बताया कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है और सरकार ने पहले ही सितंबर के लिए 15,000 करोड़ रुपये और अक्टूबर के लिए 27,000 करोड़ रुपये की नकद ऋण सीमा प्राप्त कर ली है। उन्होंने आगे कहा कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए बारदाने (गनी बैग) की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

इस वर्ष पंजाब को 172 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य दिया गया था लेकिन लगभग 190 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद के लिए प्रबंध किए गए हैं। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि फसल की ढुलाई और भुगतान एक साथ किया जाएगा और किसानों के खातों में सीधा भुगतान तुरंत डाल दिया जाएगा।

उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पंजाब मंडी बोर्ड और जिला प्रशासन के अधिकारियों को पारदर्शिता और कुशलता सुनिश्चित करने के लिए मंडियों में कार्य की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए। पंजाब मंडी बोर्ड ने निर्बाध खरीद सुनिश्चित करने के साथ-साथ मंडियों में बिजली, स्वच्छ पेयजल और अन्य सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था के लिए 1822 मंडियां/खरीद केंद्र सक्रिय किए हैं। अपने दौरे के दौरान श्री लाल चंद कटारूचक ने किसानों गुरकीरत सिंह, जसपाल सिंह और सुखराज सिंह से भी बातचीत की, जिन्होंने भोगपुर दाना मंडी में तेज खरीद प्रक्रिया की सराहना की। मंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी फसल का भुगतान जल्द से जल्द किया जाएगा।

# 'युद्ध नशों विरूद्ध' के 200वें दिन 414 स्थानों पर छापेमारी; 93 नशा तस्कर गिरफ्तार

61 एफआईआर दर्ज; 323 ग्राम हेरोइन और 126 किलो भुक्की बरामद

नशा छुड़ाने के प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 60 व्यक्तियों को इलाज लेने के लिए राज़ी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** प्रदेश से नशों का पूरी तरह से खात्मा करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए गए 'युद्ध नशों विरूद्ध' के 200वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 414 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राज्यभर में 61 एफआईआर दर्ज कर 93 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 200 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 29,930 हो गई है।

इन छापेमारियों के नतीजे के तौर पर गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 323 ग्राम हेरोइन, 126 किलो भुक्की, 525 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 2800 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपी को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस ऑपरेशन के दौरान 85 गज़टेड अधिकारियों की देखरेख में 1300 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 150 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्यभर में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि पूरे दिन चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 449 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - एनफोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी)- लागू की है और इसी रणनीति के तहत पंजाब पुलिस ने आज 60 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास के लिए इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।

# बाढ़ से पंजाब में 4658 किलोमीटर सड़कों और 68 पुलों को हुआ नुकसान: ईटीओ

सड़कें और पुल दोबारा बनाने के लिए 1969.50 करोड़ रुपए की ज़रूरत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** पंजाब में बीते दिनों में आई भारी बाढ़ के कारण राज्य की 4658 किलोमीटर सड़कों और 68 पुलों को नुकसान हुआ है। यह जानकारी पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता करने के उपरांत दी।

उन्होंने बताया कि राज्य की प्लान रोड्स के अंतर्गत आने वाले 19 पुलों और 1592.76 किलोमीटर मार्ग को नुकसान पहुँचा है। इसके अतिरिक्त आर-वॉल और बी-वॉल 4014.11 मीटर लंबाई तथा 92 कल्वर्ट प्रभावित हुए हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों के अंतर्गत आने वाले 4 पुलों और 49.69 किलोमीटर सड़कों को नुकसान हुआ है। इसके अलावा आर-वॉल और बी-वॉल 2559.5 मीटर लंबाई और 14 कल्वर्ट क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसी तरह लिंक मार्गों के अंतर्गत आने वाले 45 पुलों और 2357.84 किलोमीटर सड़कों को नुकसान पहुँचा है। साथ ही आर-वॉल और बी-वॉल की 3282 मीटर लंबाई और 376 कल्वर्ट प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा 657.54 किलोमीटर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों को भी क्षति पहुँची है।

उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलों, सड़कों, आर-वॉल, बी-वॉल और कल्वर्टों की मरम्मत पर 1969.50 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि आज की बैठक के दौरान नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को राज्य की विभिन्न सड़कों की स्थिति को तुरंत सुधारने संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा जो परियोजनाएँ अभी पूरी नहीं हुई हैं, उन्हें तेज़ी से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त लोक निर्माण मंत्री ने अमृतसर-जंडियाला सेक्शन पर पड़ने वाले मल्लिया, टांगरा और दबुरजी में बनाए जा रहे फ्लाईओवर और उससे जुड़ी सर्विस रोड की समय पर मरम्मत न होने के कारण हो रहे हादसों का ज़िक्र करते हुए इस कार्य की जानकारी माँगी और इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने इस मौके पर एनएचएआइ अधिकारियों को खरड़ फ्लाईओवर के नीचे लगने वाले जाम की समस्या का हल निकालने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान बाढ़ से हुए नुकसान संबंधी मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा 2800 गाँवों में कराए जा रहे ऐप-आधारित सर्वे पर भी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ चर्चा की गई।

इस मौके पर विशेष सचिव पीडब्लयू (बी एंड आर) श्रीमती हरगुंजीत कौर, मुख्य अभियंता गगनदीप सिंह, मुख्य अभियंता विजय कुमार चोपड़ा, मुख्य अभियंता रमतेश बैंस, मुख्य अभियंता अनिल गुप्ता, एनएचएआइ रीजनल ऑफिसर राकेश कुमार और श्री असीम बांसल प्रोजेक्ट डायरेक्टर उपस्थित थे।

# शहीद-ए-आज़म भगत सिंह नेशनल मैराथन स्थगित: जय कृष्ण सिंह रोड़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गढ़शंकर, 17 चंडीगढ़।** पंजाब में आई बाढ़ के कारण बनी गंभीर स्थिति को देखते हुए, पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर स. जय कृष्ण सिंह रोड़ी ने 27 सितंबर, 2025 को माहिलपुर (जिला होशियारपुर) में होने वाली शहीद-ए-आज़म भगत सिंह नेशनल मैराथन को स्थगित करने का ऐलान किया है।

रोड़ी ने कहा कि यह मैराथन पंजाब सरकार द्वारा नौजवानों को नशों से दूर रखने, उन्हें खेलों से जोड़ने और उनमें देश भक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए शुरू की गई मुहिम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के विज़न तहत नौजवानी को स्वास्थ्य, तंदरुस्त और खुशहाल बनाने के लिए खेलों के माध्यम से राह प्रदर्शित करने का यह यत्न था।

परंतु मौजूदा बाढ़ के कारण पंजाब के कई जिलों में भारी जानी व माली नुकसान हुआ है। इन हालातों में, लोगों के दुख-दर्द को बांटने और उनके साथ कंधे से कंधा जोड़ कर खड़ा होने की जरूरत है।

स. रोड़ी ने स्पष्ट किया कि मैराथन को सिर्फ स्थगित किया गया है, रद्द नहीं। जैसे ही हालात सुधरेंगे, इस मैराथन की नई तारीख जल्द ही ऐलानी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार हर घड़ी पंजाब के लोगों के साथ खड़ी है और बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है।

## DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 98 BUSTER WEDNESDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)

A 51894

2nd Prize Amount (50) Rs. 9,000/- (On 5 digits)

[illegible]

3rd Prize Amount (250) Rs. 5,000/- (On Last 4 digits)

[illegible]

4th Prize Amount (500) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)

[illegible]

5th Prize Amount (500) Rs. 1000/- (On last 4 digits)

[illegible]

6th Prize Amount (500) Rs. 800/- (On last 4 digits)

[illegible]

7th Prize Amount (40,000) Rs. 100/- (On last 4 digits)

[illegible]

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# शहरी क्षेत्रों में सफाई अभियान ज़ोरों पर, सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइटों और जल आपूर्ति नेटवर्क की तेजी से की जा रही मरम्मत: डॉ. रवजोत सिंह

कहा, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को दोबारा बहाल किया जा रहा है, कूड़े वाले स्थलों को साफ़ किया जा रहा है और रोज़मर्रा की सफाई संबंधी प्रक्रियाओं की निगरानी की जा रही है



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितम्बर।** पंजाब भर में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा चलाई जा रही 10 दिनों की सफाई मुहिम के तहत कार्रवाई तेज़ कर दी गई है। इसमें सड़कों की मरम्मत, नालियों से गाद निकालना, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, पानी की सप्लाई लाइनों की बहाली और संवेदनशील स्थानों से कूड़ा हटाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित कस्बों और शहरों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, कम्पैक्टर और फॉगिंग मशीनों की मदद से समर्पित टीमें 24 घंटे लगातार काम कर रही हैं। अधिक जानकारी देते हुए स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि वार्ड-वार रोस्टर तैयार किए गए हैं, ताकि योजनाबद्ध तरीके से टीमों को रोज़ाना निर्धारित क्षेत्रों में लगाया जा सके। लुधियाना जैसे बड़े नगर निगमों में ज़ोनल कमिश्नरों समेत नोडल अफसर नियमित सफाई मुहिमों के अलावा रोज़ाना दो से तीन वार्डों का दौरा करके इन कार्यों की सीधी निगरानी कर रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नागरिकों को सफाई के प्रति जागरूक करने और उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए रोज़ाना जागरूकता गतिविधियाँ की जा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों की निजी भागीदारी के ज़रिए स्टाफ़ और स्थानीय निवासियों को सक्रिय रूप से शामिल किया जा रहा है, ताकि सफाई बनाए रखने के लिए समुदायों को प्रेरित किया जा सके।

डॉ. रवजोत सिंह ने आगे कहा कि कम्पैक्टरों और कचरा प्रोसेसिंग प्लांटों की रोज़ाना निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही सड़कों, पानी सप्लाई नेटवर्क और स्ट्रीट लाइटों समेत क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की सक्रिय रूप से मरम्मत की जा रही है। कूड़े के संवेदनशील स्थानों को साफ़ करने और कचरे के जमाव को कम करने के लिए विशेष टीमों को लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि पूरे अभियान को पहले और बाद की तस्वीरों के माध्यम से दस्तावेज़ी रूप भी दिया जा रहा है। पैस्को के पूर्व सैनिकों को सभी शहरी क्षेत्रों में ज़िम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए इन कार्यों की रिपोर्टिंग, पुष्टि और निगरानी में सहयोग के लिए तैनात किया गया है। बाढ़ प्रभावित आबादी की चिंताओं को दूर करने के लिए एक शिकायत निवारण प्रणाली भी शुरू की गई है।

# प्रोजेक्ट जीवनज्योत 2.0: पंजाब सरकार का बच्चों को भीख मांगने से खत्म करने का मिशन

कपूरथला जोड़ मेला: विशेष टीमें बच्चों की सुरक्षा के लिए तैनात

311 बच्चों का बचाव और पुनर्वास-शिक्षा, पोषण एवं सलाह प्रदान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** प्रोजेक्ट जीवनज्योत 2.0, पंजाब सरकार की एक दूरदर्शी पहल, बच्चों को गलियों से बचाकर और उन्हें सुरक्षित, सम्मानजनक और आशा भरा भविष्य देकर जीवन बदल रही है।

विवरण साझा करते हुए, सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि अमृतसर जिले में गुरुद्वारा साहिब के पास चलाई गई कार्रवाई के दौरान 15 बच्चों को भीख मांगने से बचाकर तुरंत सुरक्षित स्थान पर रखा गया और पुनर्वास उपाय किए गए। उन्होंने कहा कि जन सहयोग उत्साहजनक रहा है, क्योंकि अधिक से अधिक नागरिक धार्मिक स्थानों, बाजारों, बस स्टैंडों और ट्रैफिक सिग्नलों पर बच्चों की भीख मांगने के मामले रिपोर्ट कर रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का लक्ष्य प्रदेश के हर बच्चे को सुरक्षित बचपन, बेहतर शिक्षा और सम्मान के साथ जीने का अधिकार देना है। उन्होंने कहा, 'बच्चों का बचपन सड़कों पर नहीं, स्कूलों में होना चाहिए। प्रोजेक्ट जीवनज्योत 2.0 हमारे सपनों के पंजाब की ओर एक बड़ा कदम है, जहाँ कोई भी बच्चा भीख मांगने के लिए मजबूर न हो।'

कपूरथला में आयोजित होने वाले वार्षिक जोड़ मेले के मद्देनजर, पूरे मेले के दौरान ड्यूटी पर रहने के लिए विशेष बचाव टीम का गठन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी बच्चा भीख मांगने के लिए मजबूर न हो और बचाए गए बच्चों को सही देखभाल और पुनर्वास मिले।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा, 'बच्चों की भीख मांगना एक गंभीर सामाजिक मुद्दा है। पंजाब सरकार एक व्यापक योजना तैयार कर रही है जिसमें त्योहारों के सीजन दौरान जागरूकता अभियान, बचाव कार्य और पुनर्वास प्रोग्राम शामिल हैं।'

अब तक, 311 बच्चों को बचाया गया है और उन्हें मुख्यधारा समाज में पुनः शामिल करने के लिए शिक्षा, पोषण, सलाह और पुनर्वास सहायता दी जा रही है।

डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब के लोगों से अपील की कि बच्चों को दान देने की बजाय चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर कॉल करके ऐसे मामलों की रिपोर्ट करें, ताकि इन बच्चों को सुरक्षित भविष्य दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट सिर्फ बचाव तक सीमित नहीं है, बल्कि मजबूत भाईचारे की भागीदारी और जन जागरूकता के साथ बच्चों के लिए नया भविष्य बनाने की एक मुहिम है।

# भारत चुनाव आयोग ने ईवीएम बैलेट पेपरों को और अधिक पढ़ने योग्य बनाने के लिए दिशा-निर्देशों में किया संशोधन

## पहली बार, ईवीएम में दिखाई देंगी उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** भारत चुनाव आयोग ने ईवीएम बैलेट पेपरों की स्पष्टता और पठनीयता को और बेहतर बनाने के लिए चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत मौजूदा दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। यह पहल चुनाव प्रक्रियाओं को सुचारू और बेहतर बनाने तथा मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से, पिछले 6 महीनों में भारत चुनाव आयोग द्वारा पहले ही की गई 28 पहलों की तर्ज पर की गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि इस बार ईवीएम बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें होंगी। सही और स्पष्ट दिखने के लिए उम्मीदवार का चेहरा फोटो स्पेस के तीन-चौथाई हिस्से में नजर आएगा।

उम्मीदवारों/नोटा के क्रम संख्या भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। फ़ॉन्ट का साइज 30 और स्पष्टता के लिए बोल्ड होगा।

समानता सुनिश्चित करने के लिए, सभी उम्मीदवारों के नाम एक ही प्रकार के फ़ॉन्ट में और आसानी से पढ़ने योग्य पर्याप्त बड़े फ़ॉन्ट आकार में छापे जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि बैलेट पेपर 70 जीएसएम पेपर पर छापे जाएंगे। विधानसभा चुनावों के लिए निर्धारित आरजीबी वाले गुलाबी रंग के पेपर का उपयोग किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बिहार में होने वाले चुनावों में अपग्रेड किए गए बैलेट पेपरों का उपयोग किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नारी शक्ति को मिला तोहफा

# प्रधानमंत्री ने राष्ट्रव्यापी 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान और '8वें पोषण माह' का किया शुभारंभ

हरियाणा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की अभियान की शुरुआत

यह अभियान महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवा व पोषण सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम होगा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में महिलाओं को अनूठा तोहफा मिला। महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को समर्पित अभिनव पहल करते हुए प्रधानमंत्री ने आज मध्यप्रदेश से राष्ट्रव्यापी ÷स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार÷ अभियान और ÷8वें पोषण माह÷ सहित अन्य पहलों का शुभारंभ किया। हरियाणा में इस अभियान की शुरुआत रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे. पी. नड्डा और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने की।

समारोह के दौरान, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश से दिए गए संदेश को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। उल्लेखनीय है कि यह अभियान महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और पोषण सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। यह अभियान महिलाओं के जीवन स्तर सुधारने के लिए, क्वालिटी ऑफ लाइफ बेहतर करने के लिए, वीमेन लेड डेवलपमेंट का नया युग देश में लाने की प्रधानमंत्री ने जो गारंटी दी थी, उसे पूरा करने की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगा। '8वें पोषण माह' का उद्देश्य भी गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।

समारोह के दौरान, केंद्रीय मंत्री श्री जे पी नड्डा और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के स्वास्थ्य जांच शिविर, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान – IV और विशेष टीकाकरण सप्ताह का शुभारंभ किया। साथ ही, श्री जे पी नड्डा ने शिशु को पौष्टिक आहार खिलाकर पोषण माह का शुभारंभ किया। इसके अलावा, लिंगानुपात में सुधार के लिए रोहतक जिले के गांवों, जहां बेटों के मुकाबले बेटियों की जन्म दर अधिक रही, उन गांवों की सरपंचों को भी सम्मानित किया गया। रोहतक जिले के गांव समचाणा की सरपंच रेणू, गांव खरावड़ की सरपंच सरोज और गांव भैणी सुरजन की काजल को सम्मानित किया गया। साथ ही, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष व अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों को वयवंदन कार्ड और आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया। समारोह में कैंसर को मात देने वाले कैंसर चैंपियन को भी सम्मानित किया गया।

समारोह में श्री जे पी नड्डा और श्री नायब सिंह सैनी ने उपस्थितजनों को अंग दान तथा स्वस्थ आहार – संतुलित आहार की शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल बड़ौली और पूर्व मंत्री श्री मनीष ग्रोवर सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## पीएम नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व, अथक परिश्रम व भारत के प्रति अद्वितीय समर्पण प्रेरणा का स्त्रोत: कश्यप



अर्थ प्रकाश/सीमा देवी

**इंद्री, 17 सितंबर।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। विधायक ने गांव गुढ़ा के शिव मंदिर में आयोजित हवन में शामिल होकर पूजा अर्चना की तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य के लिये प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व, अथक परिश्रम तथा भारत के प्रति अद्वितीय समर्पण हम सभी के लिये प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

विधायक ने इसके उपरांत बीडीपीओ कार्यालय इन्द्री के सभागार में लगाए गये स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान करने वाले वालंटियर्स को बैज लगाकर प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है तथा कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करके बीमार या दुर्घटना में घायल व्यक्ति के अमूल्य जीवन को बचा सकते हैं।

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगरपालिका कार्यालय के सामने तथा इन्द्री बस स्टैंड पर स्वच्छता अभियान में भाग लिया तथा स्वंय सफाई करके लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए तथा लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। विधायक ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज यानि 17 सितंबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है और 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी जन्मदिन है।

## न्यूज ब्रीफ

### अमृता प्रीतम जन्म दिवस पर विचार गोष्ठी



**निसिंग (अप्रस/कृष्ण)।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कुरुक्षेत्र के अधीन चल रहे माता सुंदरी खालसा गर्ल्स कॉलेज निसिंग में प्राचार्या डॉ सतवंत कौर मान की अध्यक्षता में पंजाबी विभाग की ओर से बाबा बंदा सिंह बहादुर सेमिनार हॉल में अमृता प्रीतम के जन्म दिवस को समर्पित एक विचार चर्चा रखी गई। प्रिंसिपल डॉ सतवंत कौर मान ने पंजाबी साहित्य की प्रसिद्ध लेखिका अमृता प्रीतम के जीवन के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। इस विचार चर्चा में विद्यार्थियों ने पंजाबी साहित्य में रुचि दिखाते हुए बढ़ चढ़ कर अपनी प्रतिभागिता दिखाई। पंजाबी विभाग से प्रवक्ता कुलविंदर कौर ने पंजाबी भाषा में लेखिका के जीवन पर प्रकाश डाला। पंजाबी विभाग की प्रवक्ता कोमलप्रीत कौर ने मंच संचालन किया और पंजाबी साहित्य में लिखी उनकी रचनाओं से परिचित करवाया। मौके पर उपस्थित प्रवक्ता अरुणा धीमान, ममता ,आरती और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### श्रद्धा से मनाया विश्वकर्मा पूजा दिवस



**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** भगवान विश्वकर्मा मंदिर नारायणगढ़ में प्रधान अरविंद धीमान की अध्यक्षता में विश्वकर्मा पूजा दिवस बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुख्य यजमान परविंदर धीमान सहित अन्य लोगों ने हवन यज्ञ किया जिसके बाद झंडे की रसम की गई। कथावाचक दर्शन धीमान द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की स्तुति में भजन सुनाए गए। शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भगवान विश्वकर्मा मंदिर में माथा टेका व आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के बाद भंडारा वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मेहता, पूर्व चेयरमैन नगरपालिका नारायणगढ़ अमित वालिया ,दीप चंद धीमान, जसविंदर धीमान, अनिल धीमान, राज कुमार धीमान, राजपाल धीमान, परविंदर धीमान, प्रेम चंद धीमान, सुभाष धीमान, राकेश धीमान, विकास धीमान, राजिंदर धीमान, राजेश धीमान, मनीष धीमान, शक्ति धीमान, पार्षद राजेश धीमान, पार्षद रानी धीमान, ए आई पी आर ओ मनोज वालिया, कर्म चंद, राजेश वर्मा, परवीन धीमान, कमल धीमान, नवीन धीमान, सचिन धीमान, सचिन धीमान, विनय धीमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर यज्ञ व भंडारा



**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर श्री ब्रह्म वेदामृत आश्रम गांधी कैंप में महामृत्युंजय यज्ञ, रुद्राभिषेक और विशाल भंडारा हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी जी महाराज के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी जी, स्वामी अनभूतानंद मानेश्वरी जी, सुखासाह महामंडलेश्वर परमानंद जी महाराज, उद्योगपति व समाजसेवी एलपीएस बोसार्ड एमडी राजेश जैन, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा हरियाणा कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, भाजपा नेता दीपू नागपाल, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सन्नी निझावन, अशोक कपूर, अशोक कुमार सहगल और सुनील भयाना सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी ने प्रधानमंत्री मोदी को विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बताते हुए उनके कार्यों ङ्क अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाने, सीएए लागू करने और भारत की ऋषि परंपरा को सम्मान दिलाने– की सराहना की तथा उनके दीर्घायु व सफल जीवन की कामना की।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद, 17 सितंबर।** फरीदाबाद जिला भाजपा अटल कमल कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित भव्य रक्तदान शिविर में सूरजपाल उर्फ़ भूरा, प्रधान सरपंच एसोसिएशन फरीदाबाद ने रक्तदान करके समाज सेवा का संदेश दिया।

रक्तदान शिविर में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक धनेश अधलखा, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पूर्व विधायक सीमा तिरखा, बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा, महापौर प्रवीण जोशी विक्रम अरुआ सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता, कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर सभी नेताओं ने सूरजपाल को आशीर्वाद दिया और उनके सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं है।सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल ने भी अपने संदेश में कहा कि मोदी जी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भाव को मजबूत करते हैं।

## विक्रम राणा बने बराड़ा पत्रकार संघ के प्रधान

**अम्बाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** बराड़ा पत्रकार संघ की विशेष बैठक का आयोजन संरक्षक राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से विक्रम राणा को संघ का प्रधान चुना और वहीं सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संघ के संरक्षक राजेंद्र शर्मा ही बने रहेंगे। इस मौके पर देवेन्द्र राय, सूरज प्रकाश शर्मा व अमरिंदर सिंह रोबिन को उपप्रधान चुना गया एवं महासचिव बलजीत सिंह को नियुक्त किया गया। संघ में सचिव मीनाक्षी धीमान, चरणजीत सिंह, संजीव शर्मा, मनप्रीत कौर, मीडिया प्रभारी मनोज सभरवाल, कोषाध्यक्ष प्रवेश मेंहदीरत्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी ने फूल माला पहनाकर विक्रम राणा को प्रधान चुने जाने पर बधाई दी व मुंह मीठा करवाया। नवनियुक्त प्रधान विक्रम राणा ने कहा कि वह बराड़ा पत्रकार संघ को आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

## स्वच्छता सेवा के रूप में मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस कलायत में स्वच्छता सेवा के रूप में मनाया गया। इसमें मुख्य मेहमान के तौर पर पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने शिरकत की। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने की। शहर के सजूमा रोड के पास फिरनी मार्ग पर नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता, पालिका जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों व आम लोगों ने उत्साह के साथ उपस्थिति दर्ज करवाई। कमलेश ढांडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो प्रत्येक वर्ग से हर छोटे-बड़े मुद्दे से जुड़ते हुए जनमानस की भावनाओं का ख्याल रखते हुए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को राष्ट्रीय आंदोलन का स्वरूप देने का श्रेय भी प्रधानमंत्री मोदी को ही जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान भी चलाया गया। कमलेश ढांडा समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं। स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम में राज्य बाल संरक्षण आयोग सदस्य सुमन राणा, मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, डा.प्रीतम कौलेखां, सीएम विंडो प्रतिनिधि मेनपाल राणा, अजीत चहल, बृजेंद्र ड्क्षसह कौलेखां, राममेहर शर्मा, काका राजकिशन राणा, जंगीर सिसला, अजय प्रताप राणा, राहुल राणा, सुभाष चौहान, धर्मपाल धीमान, पार्षद रेणू धानियां, कुलदीप दहिया, प्रीत जगदेव, नंबरदार संजय सिंगला, प्रदीप राणा, रवींद्र निर्मल बंटी, महीपाल पंवार, विनोद जेष्ठ, अमित बैद, राजेश बेद, प्रवीण कांसल, आशीष राणा, राजेश राणा, जगदीश रायका व अन्य मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी की लंबी आयु के लिए मुस्लिम समुदाय ने दुआ मांगी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 17 सितंबर।** मुस्लिम समाज की ओर से भी भारत के सबसे लोकप्रिय नेता श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री जी के जन्म दिन के शुभ अवसर पर उनकी लम्बी उम्र के लिए दरगाह शरीफ पर चादर चढ़ने के बाद दुआ मांगी गई खुर्शीद आलम विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा जिला करनाल पूर्व मिडिया कॉर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार के द्वारा आज सुबह सवेरे जल्दी उठकर कर फजिर की नमाज़ के बाद दरगाह शरीफ पर मुस्लिम समाज के धर्म गुरू आली जनाब बाबर हुसैन अल्वी कद्दूसी सहाब ने श्री नरेन्द्र मोदी जी की लम्बी उम्र के लिए विशेष दुआ मांगी गई साथ ही देश की एकता अखंडता देश और मजबूत हो सभी धर्मो में आपसी भाई चारा मजबूत हो सभी मिल्जुल कर एक साथ रहे विशेष दुआ मांगी सभी धर्मो के लोगों ने इस अवसर आओ आज मिलजूल कर परमपिता परमेश्वर से यहीं दुआ मांगते हैं की हमारे देश वासियों के दिलों पर राज करने वाले सौभाग्यशाली श्री नरेन्द्र मोदी को लम्बी उम्र के दे साथ अच्छा स्वास्थ भी दे विशेष दुआ कार्यक्रम में हिन्दू मुस्लिम सिख समुदाय के लोगों ने भाग लिया इस अवसर पर खुर्शीद आलम ने कहा हमारे भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गांव से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश वासियों का मान बढ़ाया है भारत की आवाज़ को बुलन्द किया और हर भारतीय के आत्मविश्वास को लबरेज कर रखा है आज भारत माता के सच्चे सपूत का जन्मदिन को पूरा भारत बड़े ही धूमधाम से अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर मना रहा है इस अवसर पर हर भारतीय गर्व महसूस करता है कि हम देश वासियों को ऐसा नेतृत्व नेरन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री के रूप में मिला है जिसने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है मोदी जी भारत के वो रत्न है जिस पर हर भारतीय को गर्व महसूस होता है भारत के केवल प्रधान मंत्री नहीं बल्कि पूरे हिन्दुस्तान की उम्मीद बन चुके संकल्प और स्वविभान का पार्तिक है मोदी जी प्रधानमंत्री।

## मोदी जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया

**निसिंग (अप्रस/कृष्ण)।** जॉनी राणा मंडल अध्यक्ष निसिंग अपने पूरे मंडल की टीम को लेकर श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन मनाने पहुंचे। सबसे पहले मंडल अध्यक्ष व समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौ माता की पूजा अर्चना करके गौशाला में गुड चारा आदि खिलाकर गौ माता का आशीर्वाद लेकर मोदी जी की लंबी उम्र के लिए दुआएं मांगी। नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक ऐसे ही चलाया जाएगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जॉनी राणा गुनियाना, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल राणा गुनियाना, मंडल महामंत्री नरेंद्र राणा और रविंद्र शर्मा, सरपंच मोहन शर्मा गोंदर, मंडल सचिव जसवंत राणा, मंडल प्रभारी सुमन रानी, राजकुमार प्रधान, सुरदीप प्योंत, चांद प्योंत, सोसाइटी प्रधान शमशेर राणा, रण सिंह मास्टर, सतपाल साम्भली, सुखदेव राणा, पुजारी दीपक शर्मा समस्त गौशाला सेवक, ने मिलकर मान्य प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन मनाया।

## सौरव सिरसमा ने नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर अमेरिका में किया रक्तदान

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान करते हुए सौरव सिरसमा ने बताया कि रक्तदान करने से शरीर मे कोई कमजोरी नहीं आती अपितु हमें ही इसका फायदा होता है,। यह शब्द सौरव सिरसमा ने 71 वीं बार विदेश में रक्तदान करते हुऐ कहे। उन्होंने बताया कि आज के दिन पूरे भारत देश मे नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा पखवाडा के रूप में मनाया जा रहा है तो वो इस अवसर पर रक्तदान करें और अमेरिकन रेड क्रॉस ब्लड बैंक में जा कर उन्होंने रक्तदान किया। सौरव सिरसमा 4 साल से विदेश में है और और वो वहाँ भी समाजसेवा में पीछे नही है और 63 बार भारत मे रक्तदान करने के इलावा 8 बार विदेश में, भी रक्तदान कर चुके है। सौरव सिरसमा ने बताया कि 1 यूनिट रक्त से 3 लोगो की जान बचाई जा सकती है और विदेश मे हर 2 महीने बाद रक्तदान कर सकते है। विदेश जाने के बाद भी रक्तदान सेवा से मुंह नही फेरा और वहाँ 8वीं बार और कुल 71वीं रक्तदान किया। अमेरिकन रेड क्रॉस ने भी सौरव सिरसमा की तारीफ करते हुए उनको 1 स्मृति चिन्ह व प्रशँसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उनके साथ गुलशन धीमान मौजूद रहे।

## ढाबे से मोबाइल व नगदी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल फोन बरामद

**पानीपत (सुभाष जैन)।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने झट्टीपुर गांव के नजदीक जीटी रोड स्थित ढाबे से मोबाइल व नगदी चोरी करने के आरोपी को मंगलवार को काला आंब मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान खलीला प्रहलादपुर गांव निवासी प्रमीत उर्फ बच्ची के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार को गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म का एक युवक काला आंब मोड़ पर मोबाइल फोन बेचने की फिराक में घूम रहा है। मोबाइल चोरी का होने की संभावना है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान प्रमीत उर्फ बच्ची पुत्र कर्मबीर निवासी खलीला प्रहलादपुर के रूप में बताई। मोबाइल बारे पूछताछ करने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने मोबाइल करीब 8 महीने पहले झट्टीपुर गांव के नजदीक जीटी रोड स्थित हैण्डी ढाबे से चोरी करने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने मोबाइल के साथ ढाबे से 10 हजार रूपए की नगदी भी चुराई थी।

## ई-भूमि पोर्टल पर किसानों के फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठों की जांच की कार्यवाही शुरू

# जमीनों के रिकार्ड को जांचने की भी मांग उठा रहे किसान

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 17 सितंबर।** कलायत में नेशनल हाई-वे के पास पावर ग्रिड योजना के तहत 328 एकड़ कृषि भूमि के नाम पर ई-भूमि पोर्टल पर किसानों के फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठों की सच्चाई जानने की कार्यवाही शुरू हो गई है। इससे उनकी परेशानियां बढना तय है जिन्होंने निजी फायदे के लिए पोर्टल पर फर्जीवाड़ा के जरिये जमीन बेचने का जाल बुना। किसान लगातार यह मांग कर रहे हैं कि जमीन घोटाले के सूत्रधार और नेटवर्क में कौन-कौन शामिल हैं इसकी जांच जरूरी है। ताकि सरकार और किसानों को गुमराह करने वालों के खिलाफ ठोस कार्यवाही हो सके। इसकी तह तक पहुंचने के लिए उप मंडल मुख्यालय पर एसडीएम अजय हुड्डा की अगुवाई में चार सदस्यीय टीम के समक्ष किसानों ने अपने अंगूठे-हस्ताक्षरों के नूमने दिए। जांच टीम में जिला राज्य अधिकारी चंद्र मोहन बिश्नोई, तहसीलदार अजय कुमार, खंड विकास एवं पंचायती अधिकारी रितु शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी शामिल रहे। टीम ने ई-भूमि पोर्टल पर किए गए ऑफर्स से जुड़े दस्तावेजों की गहनता से जांच की। इसमें कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर और अंगूठों की वैधता को लेकर सवाल उठाए गए हैं। जांच के चलते कलायत और पिंजूपुरा गांव से बड़ी संख्या में किसान जिनमें महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल थी सुबह से ही उपमंडल कार्यालय परिसर में डटे रहे। किसानों ने प्रशासन के सामने खुलकर आरोप लगाए कि पावर ग्रिड योजना के नाम पर उनकी कृषि भूमि को धोखे से छिनने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि कई दस्तावेजों में उनके फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठों का इस्तेमाल किया गया है।

एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि किसानों द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला उपायुक्त के आदेश पर गठित कमेटी सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही है। रिपोर्ट जल्द ही शीर्ष अधिकारियों सौंप दी जाएगी।

### कलायत व पिंजुपुरा गांव की जमीनों के रिकार्ड को जांचने की भी मांग उठा रहे किसान

किसानों ने कहा कि यह प्रदेश का अपने आपमें बड़ा भूमि घोटाला है। इसमें किसानों के फर्जी अंगूठों व हस्ताक्षरों का दुरुपयोग करने की सबूत सामने आ चुके हैं। इतना ही नहीं बिना तक्सीम और बिना जमीन की पारदर्शी कार्यवाही के रजिस्ट्री करवाई जा रही हैं। किसानों ने सरकार एवं प्रशासन से मांग की कि इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर गोलमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वे नेशनल हाईवे के पास अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने को मजबूर होंगे।

### जमीन की रजिस्टरी करवाने को तैयार नही किसान

जसबीर सिंह, मोनू राणा, राम सिंह, सुरेश कुमार, तरसेम सिंह व दूसरे किसानों ने कहा कि फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठों को देखकर हर कोई सहमा है। गंभीर मामले को लेकर सीएम नायब सिंह सैनी से शिष्टमंडल ने मुलाकात की है। सीएम ने प्रभावी कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। किसानों ने जांच कार्यवाही के दौरान तमाम रजिस्टरी बंद करने की मांग की है। ताकि व्यापक स्तर पर गोलमाल की साजिश सफल न हो पाए। किसानों ने यह भी बताया कि कुल 328 एकड़ में से नाममात्र रजिस्टरी हुई हैं। लेकिन व्यापक स्तर पर रजिस्टरी होने का प्रचार कर कुछ लोग निजी लाभ लेने के प्रयास में हैं।

### तह तक पहुंचने में लगी जांच एजेंसियां

नेशनल हाई–वे पर पावर ग्रिड योजना का नाम पर किसानों के फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठों का मामला प्रदेश भर में चर्चा का विषय बना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कतई नहीं चाहेंगे कि किसानों के नाम पर कोई विवाद खड़ा हो। इसलिए मामले की न केवल जिला प्रशासन बल्कि अन्य एजेंसियों के जरिये भी जांच करवाने का सिलसिला गुपचुप ढंग से शुरू हो गया है।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत राई ब्लॉक में विभिन्न जगह आयोजित किए स्वास्थ्य जांच शिविर

अर्थ प्रकाश/संवाददाता

**राई।** राई ब्लॉक में विभिन्न जगह स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 1190 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को आयुष्मान व चिरायु कार्ड तथा वय वंदना कार्ड वितरित किए। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 02 अक्टूबर तक स्वास्थ्य जांच, निशुल्क के नेत्र जांच, रक्तदान शिविर व अन्य स्वास्थ्य संबंधित जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### सार्वजनिक सूचना

प्रार्थी द्वारा दिये गये शपथ-पत्र के अनुसार तसदीक किया जाता है कि स्व. श्री महेश कुमार पुत्र स्व. शिव नारायण निवासी मकान न0 454 बी, अभेयपुर, पंचकुला का देहांत दिनांक 21.09.2016 को हो चुका है । स्वः महेश कुमार के देहांत के बाद महेश कुमार के निम्न वारिस है।

1) सोनू 54 वर्ष (पत्नी) 2) गीता 36 वर्ष (पुत्री) 3) जगन पाल राघव 32 वर्ष (पुत्र) 4) आरती राघव 31वर्ष (पुत्री) 5) हनी 29 वर्ष (पुत्री)

उपरोक्त के अलावा स्व. महेश कुमार का कोई कानूनी वारिस नही है ।

**नगर निगम पंचकूला हरियाणा**

### ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

Plot No. 1093, ਸੈਕਟਰ-64, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ... Sh. Narinder Pal Singh Walia S/o Late Khem Singh ... 14-11-2021 ... Smt. Harvinder Kaur ...

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ। ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

Sarabjit Singh Chahal — Paramjit Singh Chahal

... Paramjit Singh S/o Sh. Malla Singh Rio Kothi No. 201, Phase-2, Sector-54, SAS Nagar (Mohali) ... Sh. Sarabjit Singh Chahal S/o Sh. Malla Singh ... General Power of Attorney ... Both the parties have effected a compromise each other. ...

ਜਾਇਦਾਦ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ

## फैमिली आईडी से जुड़ी शिकायतों को लेकर राई विधानसभा के लोगों ने की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 17 सितंबर।** फैमिली आईडी से संबंधित समस्याओं को लेकर राई विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से मुलाकात की और उन्हें अपनी शिकायतों के बारे में अवगत करवाया। लोगों ने बताया कि लोगों ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण उनकी फैमिली आईडी में गलत तरीके से इनकम बढ़ा दी गई है, राशन कार्ड कट गए हैं, जिनके पास वाहन नहीं हैं उनके नाम पर वाहन चढ़ा दिए गए हैं, अन्य जिलों के बिजली कनेक्शन तथा जमीनें भी गलत तरीके से उनकी फैमिली आईडी में दर्ज कर दी गई हैं। इन गड़बड़ियों के कारण गरीब और जरूरतमंद परिवार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं और उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और आश्वासन दिया कि जिन अधिकारियों ने ऐसी लापरवाही बरती है, उनके खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं को मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में लाया जाएगा ताकि गरीब जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो और समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित और गरीब जनता के कल्याण के लिए कटिबद्ध है, और किसी भी अधिकारी की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### उत्तर रेलवे

**ई-निविदा**

**खुली निविदा संख्या 30-अम्बाला/2025-26 दिनांक 17.09.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आरबीजे-बीटीआई सेक्शन पर किमी 14/28-26 (14.012) पर पुल संख्या 26 (डीएन लाइन), स्पान 3x6.22 मीटर के लिए 25 टन लोडिंग के लिए उपयुक्त बनाने के लिए उप-संरचना को मजबूत करने के साथ-साथ स्टील गर्डर को पीएससी स्लैब से प्रतिस्थापित करना। | 1,81,99,464 | 2,41,000 | 09 महीने | 10.10.2025 |
| 2 | i) एडीईएन/आरपीजे के तहत डीओए स्टेशन परिधि क्षेत्र की मरम्मत और रखरखाव। ii) एडीईएन/आरपीजे के तहत सीवरेज सुधार के साथ-साथ यूपीसी डीएम लाइन परिधि क्षेत्र के लिए जल आपूर्ति और भंडारण की मरम्मत और रखरखाव। | 1,48,93,149 | 2,24,300 | 08 महीने | 10.10.2025 |
| 3 | डीएलपीसी, बीएसआरजे, एमटीपीआर और जीएलएल स्टेशनों के सेवा भवनों और परिधि क्षेत्र की मरम्मत, जिसमें शॉर्ट लीड दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान, टीएसएस, एसएलपी, रिले हट्स की विविध मरम्मत और एडीईएन/एसआईआर के तहत एनएलडीएम में पार्क और सौंदर्यीकरण में सुधार शामिल हैं। | 1,98,81,617 | 2,49,400 | 10 महीने | 10.10.2025 |
| 4 | एडीईएन/एसआईआर के अधीन आरपीएफ और यूपीएसएस स्टेशन/परिधि क्षेत्र में सीवरेज/जल निकासी व्यवस्था की प्रमुख मरम्मत। | 1,23,76,353 | 2,11,900 | 08 महीने | 10.10.2025 |
| 5 | एडीईएन/आरपीजे अनुभाग में राजपुरा कॉलोनी में बाहरी/आंतरिक प्लास्टर, फर्श, स्वच्छता/जल आपूर्ति सहित प्रमुख मरम्मत। | 1,23,76,190 | 2,11,900 | 08 महीने | 10.10.2025 |
| 6 | यूपीसी, केएनएन और आरपीजे में सेवा भवन के लिए परिसर की दीवार और पहुंच मार्ग की मरम्मत, जिसमें लघु लीड दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान, टीएसएस, एसएलपी, रिले हट्स की विविध मरम्मत और एडीईएन/आरपीजे के तहत यूपीसी परिधि क्षेत्र में पार्क में सुधार शामिल है। | 2,24,25,496 | 2,62,100 | 10 महीने | 10.10.2025 |
| 7 | 65 मि.मी. गेज मशीन से क्रश की हुई कठोर पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति एवं ढेर लगाना, जो रेलवे विनिर्देश IRSRDSO-CE/060:2023 (फरवरी 2023) तथा नवीनतम सुधार पर्ची के अनुसार हो, और जिसे क्रॉसी / कबाड़ खदान से (तथा रेलवे द्वारा नामित खदान से रेलवे वैगन में) रेक सप्लाई के माध्यम से Cess पर आपूर्ति करने हेतु वरिष्ठ मंडल अभियंता/अंबाला के निर्देशानुसार किया जाएगा। | 1,66,22,669 | 2,32,600 | 12 महीने | 10.10.2025 |

नोट :- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/पेटी पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होगी। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

2863/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आरेडिका महाप्रबंधक ने शपथ से की स्वच्छता अभियान 5.0 की शुरूआत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रायबरेली, 17 सितंबर।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 5.0 के अन्तर्गत दिनांक 17.09.2025 को महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी बनाने के लिए महाप्रबंधक सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता शपथ ली। स्वच्छता अभियान का प्रथम चरण 17.09.2025 से 02.10.2025 तक चलेगा।

आरेडिका द्वारा स्वच्छता के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने के लिए संबंधित कार्य-क्रम, नुक्कड़ नाटक स्वच्छता सेल्फी आदि का सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ग्राम चौपालों माध्यम से आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अपनाने की पहल की जा रही है। स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत सिविल विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से आवासीय परिसर, कॉम्पलेक्स, केन्द्रीय विद्यालय, एडमिन, वर्कशॉप के सभी शॉपों में आने वाले 2 अक्टूबर तक स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

इस अवसर पर आरेडिका के विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्य स्थल पर शपथ लेकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई०डी० नं० 1HRUG088 पुरानी प्रोपर्टी आई०डी० नं० 224C1532U144 वार्ड नं०/मकान 263/35, Janta colony पुराने एन०डी०सी० रिकार्ड में Rajal Devi w/o Nem Kumar Jain व सर्वे के अनुसार नए एन०डी०सी० रिकार्ड में Neemechand jain नाम से दर्ज है. अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई०डी० नं० में दर्ज जिसका नाम नेमकुमार, विनोद कुमार, कृष्ण कुमार, विनोद कुमार एवं गौतम जैन के द्वारा वसीयत/वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर-अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवायें, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी नगर निगम, रोहतक

### गांधी शिल्प बाजार

भारत की सर्वश्रेष्ठ हस्तशिल्प प्रदर्शनी

दिनांक: 20/09/2025 से 26/09/2025 तक

स्थान: ओएसिस टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, कर्ण लेक पेट्रोल पंप के पास (करनाल)

प्रायोजक: विकास आयुक्त, हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार।

आयोजक: ग्रामीण विकास समिति।

## रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कपूरथला, 17 सितंबर।** रेल डिब्बा कारखाना , कपूरथला में आज विश्वकर्मा पूजा का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। शिल्पकारों के इष्टदेव भगवान श्री विश्वकर्मा जी को समर्पित यह उत्सव भारतीय रेल में हर वर्ष 17 सितम्बर को मनाया जाता है।

इस अवसर पर आर सी एफ वर्कशाप में स्थित शीट मेटल शॉप में पूजा के आयोजक श्री विश्वकर्मा सेवक सभा (रजि.) द्वारा हवन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया जिसमें आर सी एफ के महाप्रबंधक श्री एस एस मिश्र , श्रीमती मधुमिता मिश्र , अध्यक्ष आर सी एफ महिला कल्याण संगठन , प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर श्री रवि कुमार सहित समस्त अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। श्री एस एस मिश्र ने इस कार्यक्रम के प्रति सभी अधिकारियों,कर्मचारियों की श्रद्धा भाव और सम्पर्ण व सेवा की भरपूर प्रशंसा की और भगवान श्री विश्वकर्मा जी की दक्षता और प्रशस्त मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। पूजा स्थल पर श्री विश्वकर्मा जी की महिमा का गुणगान किया गया ।

### सोया-गया

### उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र.सं. | नीलामी कैटलॉग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| AA-2 | ATM-UMB-UMB-Gen-33-25-1 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-1) की स्थापना हेतु 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/11 | ATM-UMB-UBC-Gen-36-25-1 | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-2) की स्थापना हेतु सर्कुलेटिंग एरिया में स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/9 | ATM-UMB-UBC-Gen-35-25-1 | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-1) की स्थापना हेतु सर्कुलेटिंग एरिया में स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/6 | ATM-UMB-MET-Gen-29-25-1 | मलेरकोटलारेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-1) की स्थापना हेतु स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/12 | ATM-UMB-MET-Gen-30-25-1 | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-2) की स्थापना हेतु स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/14 | ATM-UMB-PTA-Gen-28-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना हेतु स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/7 | ATM-UMB-SAG-Gen-37-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट 2) की स्थापना हेतु 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/8 | ATM-UMB-SAG-Gen-26-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-1) की स्थापना हेतु 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/1 | ATM-UMB-YJUD-Gen-38-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना हेतु इकायरी के नजदीक 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/4 | ATM-UMB-AADR-Gen-25-25-1 | अम्ब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट 2) की स्थापना हेतु 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/10 | ATM-UMB-NLDM-Gen-24-25-1 | नंगल डेम रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट 1) की स्थापना हेतु 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/16 | ATM-UMB-RPAR-Gen-23-25-1 | रूप नगर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-2) की स्थापना हेतु 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/5 | ATM-UMB-ANSB-Gen-21-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-1) की स्थापना हेतु 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/13 | ATM-UMB-ANSB-Gen-22-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-2) की स्थापना हेतु 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/15 | ATM-UMB-SIR-Gen-19-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-1) की स्थापना हेतु 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| AA/3 | ATM-UMB-SIR-Gen-20-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-2) की स्थापना हेतु 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण। | 29.09.2025 12:00:00 |
| BA/1 | MSS-UMB-PTA-MaChr-34-25-1 | रेलवे स्टेशन पटियाला पर भुगतान के आधार पर 10'x12' के कुल क्षेत्रफल के लिए इलेक्ट्रॉनिक रिलेक्सेशन चेयर्स का प्रावधान और संचालन (साइट प्लान के अनुसार)। | 29.09.2025 12:00:00 |
| BB/1 | MSS-UMB-PTA-Hlhk-33-25-2 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 12'x12' के कुल क्षेत्रफल का स्वास्थ्य एटीएम कियोस्क स्थापित करना। | 29.09.2025 12:00:00 |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2833/2025

### सार्वजनिक सूचना

**श्री नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष।**

**विषय**: स्व. श्रीमती मीना राजबीर सिंह की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 506, सेक्टर 10-डी, चंडीगढ़ (आरपी 10097) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्रीमती मीना राजबीर सिंह 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 506, सेक्टर 10-डी, चंडीगढ़ की स्वामिनी है।

मल्लिका खुराना, सागरी सिंह द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती मीना राजबीर सिंह की 22.05.2025 को मृत्यु हो गई है तथा उन्होने मृतक स्वामिनी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) मल्लिका खुराना-पुत्री, (2) सागरी सिंह-पुत्री

अब, मल्लिका खुराना, सागरी सिंह ने बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्रीमती मीना राजबीर सिंह द्वारा आयोजित 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 506, सेक्टर 10-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथ पत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**

**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष।**

विषयः स्व. श्रीमती पूर्ण देवी की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 50.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2632, सेक्टर 22-सी, चंडीगढ़ (आरपी1465) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार,श्रीमती पूर्ण देवी 50.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2632, सेक्टर 22-सी, चंडीगढ़ की स्वामिनी/लीजी है।

गौरव मनचंदा द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती पूर्ण देवी की 26.03.2014 को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामिनी/लीजी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नीलम गंभीर | पुत्री |
| 2. | ज्योति मनचंदा | पौत्री |
| 3. | रमेश रानी | पुत्री |
| 4. | वीना वालिया | पुत्री |
| 5. | राकेश कुमार सेठी | पौत्र |
| 6. | दीपक सेठी | पौत्र |
| 7. | कृष्णा रानी | पुत्री (मृतक) |
| 8. | शमा सेठ | पुत्री |
| 9. | रानी मनचंदा | पुत्रवधू (मृतक) |
| 10. | महिंदर पाल मनचंदा | पुत्र (मृतक) |
| 11. | गौरव मनचंदा | पौत्र |
| 12. | टिंकी मेहता | पौत्री |
| 13. | प्रेम कुमार | दामाद |

अब, गौरव मनचंदा ने पंजीकृत वसीयत दिनांक 08.06.2012 के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्रीमती पूर्ण देवी द्वारा आयोजित 50.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2632, सेक्टर 22-सी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें। यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**

### ਬਾ-ਅਦਾਲਤ ਸਾਹਿਬ ਤਹਿਸੀਲਦਾਰ ਕਮ-ਸਹਾਇਕ ਕਲੈਕਟਰ ਦਰਜਾ ਪਹਿਲਾ, ਪਠਾਨਕੋਟ। ਅਦਾਲਤੀ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ

### ਸਾਰਵਜਨਿਕ ਸੂਚਨਾ

### सार्वजनिक सूचना

### उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदायें के माध्यम से आमंत्रित की किया जाता है-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61256460 | सप्लाई एवं इंस्टालेशन ऑफ इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक ब्रेकडाउन फ्लशिंग सिस्टम | 1400 सेट्स | 16.10.2025 |
| 2. | 61256443 | सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग ऑफ फ्यूल फ्लो मीटर | 120 सेट्स | 16.10.2025 |
| 3. | 61256444 | 500 KVA, 750 वोल्ट, 3 फेज ब्रुशलेस अल्टरनेटर असेंबली विद फिटेड फाउंडेशन पुल्ली | 8 नग | 16.10.2025 |
| 4. | 61256094 | वन कोच सेट ऑफ 160 KN एयर स्प्रिंग असेंबली फॉर FIAT टाइप बोगी | 66 सेट्स | 16.10.2025 |
| 5. | 61256523 | मस्ट चेंज किट ऑफ LHB EOG कोचेस विथ कॉम्पैक्ट पैनल SS-IIM38 M/s KBI | 100 सेट्स | 27.10.2025 |
| 6. | 61256522 | मस्ट चेंज किट ऑफ LHB EOG कोचेस विथ कॉम्पैक्ट पैनल टूरिंग SS-II/M72 M/s KBI | 50 सेट्स | 27.10.2025 |
| 7. | 61256524 | मस्ट चेंज किट ऑफ LHB EOG कोचेस विथ कॉम्पैक्ट पैनल टूरिंग FTRTIPL पार्ट नम्बर-FT0061403-K81 फॉर SS-IIM38 | 100 सेट्स | 27.10.2025 |
| 8. | 61256514 | मस्ट चेंज किट ऑफ LHB EOG कोचेस विथ कॉम्पैक्ट पैनल फॉर SS-II/M72 ऑफ 15 आइटम्स | 50 सेट्स | 27.10.2025 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस नं.: 61256460, 61256443, 61256444, 61256094, 61256523, 61256522, 61256524, 61256514

2909/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

### ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਪਲਾਟ ਨੰ: 1181, ਸੈਕਟਰ 63, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ... Inder Singh s/o Kishan Singh ... Satwinder Kaur ...

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ


rangla.punjab.gov.in

# मिशन चढ़दी कला

## आइए मिलकर पंजाब का पुनर्निर्माण करें

- एक आपदा जिसने **पंजाब के सभी 23 ज़िलों और 2,300+ गाँवों** को प्रभावित किया
- **20 लाख लोग प्रभावित और 56 लोगों की जान गई**
- **5 लाख एकड़** से अधिक फसलें बर्बाद हुईं
- **3,200+ स्कूल और 1,400+ स्वास्थ्य केंद्र** क्षतिग्रस्त
- **8,500 किमी सड़कें** और **2,500 पुल/पुलियां** तबाह हुए







जिस प्रकार "चढ़दी कला" विपरीत परिस्थितियों में अटूट शक्ति और आशावादी भावना को दर्शाती है, ठीक उसी प्रकार मिशन चढ़दी कला सभी भारतीयों, खासकर दुनिया भर में बसे पंजाबी भाइयों -बहनों से यह अनुरोध करते है कि वे इस कठिन समय में एक परिवार बनकर आगे आएं और पंजाब की इस सबसे बड़ी मुश्किल घड़ी का सामना एकजुट होकर करें। कृपया उदारतापूर्वक दान दें ताकि हम सब मिलकर अपने महान राज्य पंजाब का पुनर्निर्माण कर सकें।



# मुख्यमंत्री रंगला पंजाब फंड में सहयोग करें

**योगदान के लिए जाएँ** rangla.punjab.gov.in

दान करने के लिए QR कोड स्कैन करें

**सी.एस.आर. के साथ एन.जी.ओज़. ,एन.आर.आई ,ओ.सी.आई और विदेशी नागरिक के योगदान भी इसी मिशन में किए जा सकते हैं।**

सम्पादकीय

# लाडो लक्ष्मी योजना बदलेगी हरियाणवी महिलाओं का जीवन

हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने अपने उस चुनावी वादे को पूरा करके जनता का भरोसा जीत लिया है, जिसके तहत प्रदेश में एक लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों में प्रत्येक महिला को 2100 रुपये प्रत्येक माह दिए जाने हैं। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को राज्य सरकार 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जारी करेगी। प्रदेश की आर्थिक स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। गौरतलब है कि दूसरे राज्यों में भी सरकारों की ओर से ऐसी योजनाएं लागू करने की घोषणा की गई थी लेकिन अपना आधा या लगभग पूरा कार्यकाल पूरा करने के बावजूद वे सरकारें इसे लागू नहीं कर पाई। हालांकि हरियाणा में एक साल पूरा होने में भी अभी राज्य सरकार के पास समय होगा, तब वह इस योजना को लागू कर चुकी होगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर विकास के नए पायदान चढ़ रही है और प्रदेश में सभी वर्गों का समान रूप से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

**राज्य सरकार ने पहले दिन से ही जिस प्रकार लोक कल्याणकारी निर्णय लेने शुरू किए हैं, उनका सिलसिला लगातार जारी है। सरकार ने शपथ लेने के तुरंत बाद जिस प्रकार युवाओं को नौकरियों का उपहार दिया था, उसके बाद अब सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को आवास, बेटे-बेटी की शादी एवं अन्य जरूरतों के लिए ऋण लेने की योजनाओं को लागू किया है। इसके अलावा सरकार ने दान की जमीन पर बीते 20 साल से काबिज दोहलीदार, बुटीमार, भोंडेदार, मुकररीदार को मालिकाना हक दिया है। इसके अलावा सरकार ने परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय के अनुसार 2.34 लाख नए बीपीएल कार्ड बनाए हैं। सरकार की ओर से अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड में 103 श्रेणियों में भर्तियों के लिए आवेदन मांगे हैं।**

राज्य सरकार ने पहले दिन से ही जिस प्रकार लोक कल्याणकारी निर्णय लेने शुरू किए हैं, उनका सिलसिला लगातार जारी है। सरकार ने शपथ लेने के तुरंत बाद जिस प्रकार युवाओं को नौकरियों का उपहार दिया था, उसके बाद अब सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को आवास, बेटे-बेटी की शादी एवं अन्य जरूरतों के लिए ऋण लेने की योजनाओं को लागू किया है। इसके अलावा सरकार ने दान की जमीन पर बीते 20 साल से काबिज दोहलीदार, बुटीमार, भोंडेदार, मुकररीदार को मालिकाना हक दिया है। इसके अलावा सरकार ने परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय के अनुसार 2.34 लाख नए बीपीएल कार्ड बनाए हैं। सरकार की ओर से अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड में 103 श्रेणियों में भर्तियों के लिए आवेदन मांगे हैं। इन भर्तियों में गरीब परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। निश्चित रूप से हरियाणा कौशल रोजगार निगम रोजगार सृजन में एक बहुआयामी संस्थान बनकर सामने आया है। विपक्ष की ओर से इसे लेकर सरकार की आलोचना की गई है, लेकिन वास्तव में अगर सरकार के जरिये निजी सेक्टर में भी रोजगार मिलता है तो यह तात्कालिक रूप से एक बड़ा कदम सुनिश्चित होता है।

राज्य सरकार की ओर से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अब मातृशक्ति उद्यमिता नाम से योजना को शुरू करना यह बताता है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी इस विषय में कितने गंभीर हैं। इस योजना के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने वाली महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। ग्रामीण और शहर में रहने वाली महिलाएं इसके लिए पात्र होंगी। निश्चित रूप से यह योजना महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। वास्तव में स्वरोजगार आर्थिक स्वावलंबन का बड़ा आधार है। आज के समय में सभी को नौकरी संभव नहीं है। इसके बावजूद हरियाणा में मौजूदा सरकार के कार्यकाल में हजारों युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इस समय तो नौकरी बहुत पारदर्शी तरीके से प्रत्येक सक्षम युवा की पहुंच में है। जरूरत मेहनत और काबिलियत के बूते अपने मुकाम को हासिल करने की है। राज्य सरकार की ओर से व्यापारियों के हित में भी फैसला लेते हुए टैक्स संबंधी विवादों के समाधान के लिए वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी जारी की है वहीं दस लाख से कम जुर्माना राशि होने पर उसे माफ कर दिया है। इस प्रकार सरकार ने 2 लाख व्यापारियों के ढाई हजार करोड़ रुपये का जुर्माना माफ कर दिया है।

यह समय प्रदेश में बदलाव का है, इसमें जनता ने अगर भाजपा को सत्ताधारी बनाया है तो पार्टी एवं सरकार का यह राजनीतिक धर्म है कि वह व्यवस्था में परिवर्तन लेकर आए। यह कार्य इसी प्रकार के निर्णयों से संभव होगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी दूरगामी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं और प्रदेश में अब व्यवस्था परिवर्तन साफ नजर आता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद मुख्यमंत्री सैनी की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की है जोकि एक मुख्यमंत्री के लिए बहुत मूल्यवान है। हरियाणा की विकास यात्रा को अभी तमाम पड़ाव देखने बाकी हैं। प्रदेश का विकास मॉडल देश के दूसरे राज्यों को दिशा दिखा रहा है। निश्चित रूप से हरियाणा जल्द सबसे विकसित प्रदेश होगा।

# मोदी ने 10 तरीकों से बदल दी रोजमर्रा की जिंदगी, दैनिक जीवन के दूरगामी प्रभाव

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

दशक भर पहले के जीवन की कल्पना कीजिए। तब भारत में रोजमर्रा की जिंदगी बहुत अलग हुआ करती थी। रेलवे काउंटरों पर लंबी कतारें लगाना, दुकानों पर सामान बदलने की गुहार लगाना, गैस कनेक्शन लेने के लिए रिश्वत देना या दवाओं के ऊँचे दामों के कारण उनमें नागा करना - यह 'नॉर्मल' हुआ करता था। हम इसे स्वीकार कर चुके थे, क्योंकि हमें और कोई विकल्प दिखाई नहीं देता था।

अब ज़रा आज की दिनचर्या पर गौर कीजिए। आप सब्जीवाले को भुगतान करने के लिए अपने फोन पर टैप करते हैं, टोल प्लाजा पर बिना रुके सफ़र जारी रखते हैं, डेटा किफायती होने के कारण अपने आवागमन के दौरान फिल्म देख लेते हैं, और गैस सब्सिडी को सीधे अपने खाते में प्राप्त करते हैं। ये सब अब रोजमर्रा की बात लगती है। लेकिन सच्चाई यह है- ÷नॉर्मल÷ दिखने वाली इनमें से अधिकांश बातों का 2014 से पहले कोई वजूद ही नहीं था।

एक दशक से भी कम समय में, भारत में नॉर्मल को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। नागरिक रोजमर्रा के व्यवहार में रफ्तार, पारदर्शिता और गरिमा की अपेक्षा करते हैं - इसलिए नहीं कि उनसे कोई वादा किया गया था, बल्कि इसलिए कि अब यह मुमकिन हो चुका है। मोदी युग बड़ी-बड़ी घोषणाओं से कम और दैनिक जीवन के छोटे, बार-बार दोहराए जाने वाले कार्यों में धीरे-धीरे तब्दीली लाने से ज्यादा संबद्ध रहा है।

वे 10 तरीके, जिनकी बदौलत मोदी की नीतियों ने भारत के रोजमर्रा के जीवन को बदल दिया है, निम्नलिखित हैं:-

**1. यूपीआई और डिजिटल भुगतान:** फेरीवाले अब हर बिक्री को एक टैप से ट्रैक करते हैं। ऋण तक पहुंच कायम हो चुकी है, पारदर्शिता बढ़ी है, और भारत रीयल-टाइम या तत्काल भुगतान के मामले में दुनिया का निर्विवाद लीडर बन चुका है। यूपीआई के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन संभव हो गया है, प्रवासी परिवार प्रेषण लागत पर बड़ी बचत कर रहे हैं।

**2. जन धन खाते:** लाखों लोगों, विशेष कर महिलाओं ने पहली बार वित्तीय स्वतंत्रता अनुभव की है। मजदूरी और सब्सिडी सीधे उनके खातों में आने के साथ ही, परिवारों ने बचत को औपचारिक प्रणाली में स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है, बैंकों को मजबूत किया गया है और अर्थव्यवस्था में ऋण विस्तार को बढ़ावा मिला है।

**3. फास्टैग और परिवहन दक्षता:** टोल पर अब अंतहीन कतारें नहीं लगतीं। ईंधन की बचत होती है, सफ़र कम समय में पूरे होते हैं, और आपूर्ति श्रृंखलाएं सुचारु बन चुकी हैं। कम लॉजिस्टिक्स लागत ने भारत की व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा दिया है, साथ ही 'नेक्स्ट-डे डिलीवरी' की ई-कॉमर्स संस्कृति के लिए भी मंच तैयार किया है।

**4. किफायती डेटा और इंटरनेट का उपयोग:** किफायती इंटरनेट ने छोटे शहरों और गाँवों को बदल दिया है। किसान मंडी के भाव अपने फोन पर जाँचते हैं, छात्र ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेते हैं, और ग्रामीण युवा कोडिंग कोर्स करते हैं। इस डिजिटल लहर ने भारत के प्रतिभा



पूल को व्यापक बनाते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म से लेकर एआई स्टार्टअप तक पूरी तरह से नई अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण किया है।

**5. मेट्रो का विस्तार:** दिल्ली से बेंगलुरु तक, महानगरों ने यातायात में खपने वाले घंटों को पुनः प्राप्त कर लिया है और प्रदूषण को कम किया है। मेट्रो गलियारों के आस-पास रियल एस्टेट फलते-फूलते हुए शहरी विकास को नया आकार दे रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि महानगरों ने सार्वजनिक परिवहन को आकांक्षी स्थान के रूप से पुनः परिभाषित किया है - जहां हर वर्ग एक साथ यात्रा करता है, स्थायी जीवन शैली को बढ़ावा देता है।

**6. जन औषधि केंद्र:** परिवारों को मेडिकल बिलों के कारण अब नुकसान नहीं उठाना पड़ता। किफायती जेनरिक औषधियों ने उपचार को पहुंच के भीतर ला दिया है, जिससे स्वस्थ, अधिक उत्पादक कार्यबल तैयार हुआ है। जेनरिक औषधियों की मांग ने भारतीय फार्मा को 'दुनिया की फार्मेसी' के रूप में दुनिया भर में अपनी बढ़त को मजबूत करने के लिए भी प्रेरित किया है।

**7. डिजिलॉकर और ई-गवर्नेंस:** फोटोकॉपी और अंतहीन लंबी कतारों की जगह तत्काल डिजिटल सत्यापन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उद्यमी अब तेजी से ऋण प्राप्त कर सकते हैं, नागरिक सरकार के साथ अधिक आत्मविश्वास से जुड़ते हैं, और 'पेपरलेस संस्कृति' स्कूलों और निजी फर्मों को डिजिटल-फर्स्ट प्रथाओं की ओर प्रेरित कर रही है।

**8. व्यापार में क्यूआर कोड:** चाय की टपरी से लेकर मॉल तक, क्यूआर कोड ने छोटे दुकानदारों को वित्तीय छाप प्रदान की है, ऋण लेने की सुविधा, बीमा तक पहुँच और व्यवसाय में तरक्की के मार्ग खोले हैं। कर अनुपालन बिना किसी कार्रवाई के धीरे-धीरे बढ़ गया है। वैश्विक स्तर पर, भारत किफायती वित्तीय समावेशन का मॉडल बन गया है, जो अफ्रीका और एशिया के देशों को प्रेरित कर रहा है।

**9. गिग अर्थव्यवस्था का विकास:** लचीला कार्य लाखों छात्रों, महिलाओं और अर्ध-कुशल श्रमिकों के लिए जीवन रेखा बन गया। इस गिग बूम ने जीवनशैली को नया आकार दिया- किराने की 10 मिनट डिलीवरी, ऐप-आधारित कैब और भोजन के ऑर्डर न्यू नॉर्मल बन चुके हैं, जिससे उपभोग की परिपाटियों, शहर के लॉजिस्टिक्स और यहां तक कि खान-पान की आदतें भी बदल गई हैं।

**10. सार्वजनिक सेवाएं और व्यवहार में परिवर्तन:** प्रत्यक्ष लाभ अंतरण बिचौलियों को हटाता है, बिना रिश्वत या देरी के नागरिकों तक धन पहुंचना सुनिश्चित करता है। स्वच्छ भारत ने स्वच्छता के प्रति नागरिक गौरव की भावना को जागृत करते हुए महिलाओं को शौचालय और सुरक्षा के साथ सम्मान प्रदान किया। आज, लोग डीबीटी, क्यूआर कोड और डिजिटल पारदर्शिता को सुधार नहीं, बल्कि शासन की आधारभूत आवश्यकता मानते हैं।

**शांत क्रांति:** जो कभी अकल्पनीय था वह अब आदत बन चुका है। मोदी दशक ने सिर्फ व्यवस्थाएं ही नहीं बदली, बल्कि सोच को भी बदला है। बिल भरने से लेकर मेट्रो में चढ़ने तक, दवा खरीदने से लेकर सरकारी लाभ प्राप्त करने तक, भारत का रोजमर्रा का जीवन नए सिरे से परिभाषित किया गया है।

**दूरगामी प्रभाव स्पष्ट है:** नागरिक अब गरिमा, कुशलता और पारदर्शिता की माँग - विशेषाधिकार के रूप में नहीं, बल्कि अपने रोजमर्रा के अधिकार के रूप में करते हैं।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### पंजाब में जिला स्तर पर शिकायत निवारण कमेटियां गठित होंगी

चंडीगढ़। पंजाब में जिला स्तर पर आम नागरिकों की शिकायतें सुनने व उनका निपटारा करने के लिए समितियों का गठन किया जा रहा है। यह बात पंजाब के लोक शिकायत पेंशन राहत मंत्री बाल मुकुन्द शर्मा ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि यह आदेश तुरन्त प्रभावी माना जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मंतव्य के लिए सब डिवीजन स्तर पर समितियों का गठन होगा। गैर सरकारी सदस्यों के अलावा राजनीतिक दलों व एक-एक सदस्य इन समितियों में लिया जाएगा। यह समितियां आग लोगों से पुलिस या प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतों की सुनवाई भी करेगी। इन समितियों को महीने में एक बार बैठक हुआ करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अगले महीने एक विशेष अभियान चलाएगी जिसके तहत लोगों की शिकायतें सुनी जाएगी व उनका निपटारा किया जाएगा।

### बलात्कारी डाक्टरों को दस साल की जेल

जम्मू। जम्मू के दो डाक्टरों की 10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। उन पर 1985 में दिल्ली की एक तीर्थयात्री कैलाशों देवी के साथ बलात्कार करने और हत्या करने का आरोप था। जम्मू के प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीएल डासी ने यह सजा सुनाई। इसके अलावा दोनों डाक्टरों पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना भी किया गया। श्री डासी ने कल जिरह सुनने के बाद कहा कि दोनों डाक्टर दिल्ली की कैलाशो देवी के साथ बलात्कार और हत्या के अपराध में सहभागी है। श्री डासी ने कहा कि अगर दोनों डाक्टर डा. हरदेव सिंह और डा. वजाहत अली जुर्माना नहीं देते, तो उनकी सजा दो महीने और बढ़ा दी जाएगी।

### 25 सितंबर को सीआरपीएफ में भर्ती

पिंजौर। केंद्रीय रिजर्व पुलिस 66 पुलिस कर्मियों (ड्राइवर) की भर्ती करेगा यह भर्ती आगामी 25 सितंबर को यहां के सीआरपीएफ के केंद्र में होगी। इन 66 पदों में से 15 अनुसूचित जाति के लिए जबकि 7 कबीलो व 6 पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित है। यह जानकारी सीआरपीएफ के एक प्रवक्ता ने दी।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1180- फिलिप असस्टस फ्रांस के राजा बने।
1615- थामस रोए इंग्लैंड के सम्राट जेम्स प्रथम के प्रतिनिधि के तौर पर मुगल बादशाह जहांगीर से मुलाकात करने सूरत पहुंचे।
1803- अंग्रेजों ने पुरी पर कब्जा किया।
1810- चिली ने स्पेन से अलग होने की घोषणा की।
1812- मास्को में आग लगने से शहर का बड़ा हिस्सा तबाह, 12 हजार लोगों की मौत।
1851- न्यूयार्क टाइम्स अखबार का प्रकाशन शुरुआत हुयी।
1919- हालैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला।
1922- हंगरी लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।
1926- अमेरिका के मियामी में चक्रवाती तूफान, ढाई सौ से ज्यादा की मौत।
1961- तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1967- नगालैंड ने अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया।
1986- महिला विमान चालकों ने पहली बार बम्बई से गोवा के बीच जेट विमान उड़ाया।
1987- अमेरिका और सोवियत संघ ने मध्यम दूरी की मिसाइल हटाने के लिए हस्ताक्षर किए।
1988- बर्मा का संविधान रद्द किया गया।
1997- ओजोन परत की रक्षा के लिए 100 देशों ने 2015 तक मिथाइल ब्रोमाइड का उत्पादन बन्द करने का फैसला किया।
1998- इंटरनेट पर साइट्स को पहचान देने वाली संस्था आईसीएएनएन बनी।
2003- अगरतला और ढाका के बीच पहली बस सेवा शुरू।
2004- भारत ने घोषणा की कि अमेरिका ने भारत पर कॉमर्शियल स्पेस प्रोग्राम और न्यूक्लियर पावर फैसिलिटी पर लगी एक्सपोर्ट पाबंदी हटा ली है।
2006- रूसी रॉकेट सोयूज अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुआ।
2016- जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास स्थित भारतीय सेना के स्थानीय मुख्यालय पर आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें कई जवान शहीद हो गए थे।
2019- भारत सरकार ने ई-सिगरेट्स के प्रोडक्शन, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट, ट्रांसपोर्ट, सेल और स्टोरेज पर प्रतिबंध लगाया।

## बोल ब्यूटीफुल



**गौरव सी. सावंत:** मैच रेफरी पर कार्रवा की पीसीबी की मांग को आइसीसी ने ठुकरा दिया है। यह पाकिस्तान के गाल पर एक और तमाचा है। पाकिस्तान ने कहा था कि यह मांग न माने जाने पर वह एशिया कप के शेष मैचो से हट जाएगा तो क्या वास्तव में ऐसा करेगा? मुझे लगता है कि पाकिस्तान आत्मसम्मान से अधिक पैसों को महत्व देगा और बचे हुए मैच खेलेगा।

**अजय बग्गा:** आइसीसी ने 1970 में दक्षिण अफ्रीका पर प्रतिबंध लगाया था। दक्षिण अफ्रीका में जब तक नस्लभेदी सरकार रही और रंगभेद समाप्त नहीं हुआ तब तक किसी देश ने उसके साथ क्रिकेट नहीं खेला। ऐसे में आइसीसी के लिए सबसे बड़ा कमाऊ बोर्ड बीसीसीआई आतंकी देश पाकिस्तान पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगवा पा रहा है?

**मोनिका वर्मा:** पाकिस्तान में जैश का कमांडर इलियास खुले मंच से यह स्वीकार कर रहा है कि आपरेशन सिंदूर में मसूद अजहर का पूरा परिवार निपट गया। स्पष्ट है कि आपरेशन सिंदूर की सफलता के सुबूत सीधे पाकिस्तान से आने लगे है।

# प्रधानमंत्री का संवाद देश और दिलों को जोड़ता है

भारत जैसे महादेश को संबोधित करना आसान नहीं है। इस विविधता भरे देश में वाक् चातुर्य से भरे विद्वानों, राजनेताओं, प्रवचनकारों और अदीबों की कमी नहीं है। अपनी वाणी से सम्मोहित कर लेने वाले अनेक विद्वानों को हमने सुना और परखा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की क्षमताएं उनमें विलक्षण हैं। वे हमारे समय के अप्रतिम संचारकर्ता हैं। संचार का विद्यार्थी होने के नाते मैं उनकी तरफ बहुत विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखता हूं, किंतु वे अपनी देहभाषा, भाव-भंगिमा, शब्दावली और वाक् चातुर्य से जो करते हैं, उसमें कमियां ढूंढ पाना मुश्किल है। उनका आत्मविश्वास और शैली तो विलक्षण है ही, वे जो कहते हैं उस बात पर भी सहज विश्वास करने का मन होता है। मोदी सही मायने में संवाद के महारथी हैं। वे जनसभाओं के नायक हैं तो एक्स जैसे नए माध्यमों पर भी उनकी तूती बोलती है। पारंपरिक मंचों से लेकर आधुनिक सोशल मीडिया मंचों पर उनकी धमाकेदार उपस्थिति बताती है संवाद और संचार को वे किस बेहतर अंदाज में समझते हैं।

गुजरात के एक छोटे से कस्बे बड़नगर में पले-बढ़े नरेंद्र मोदी में ऐसा क्या है जो लोंगों को सम्मोहित करता है? उनकी राजनीतिक यात्रा भी विवादों से परे नहीं रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें जिस तरह निशाना बनाकर उनकी छवि मलिन करने के सचेतन प्रयास हुए, वे सारे प्रसंग लोकविमर्श में हैं। बावजूद इसके वे हिंदुस्तानी समाज के नायक बने हुए हैं तो इसके पीछे उनकी संप्रेषण कला और देहभाषा का अध्ययन प्रासंगिक हो जाता है। नरेंद्र मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो कभी सांसद नहीं थे और पहली बार लोकसभा पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री बने। 2014 के आमचुनावों की याद करें तो देश किस तरह निराशा और अवसाद से भरा हुआ था। लोग राजनीति और राजनेताओं से उम्मादें छोड़ चुके थे। अन्ना आंदोलन से एक अलग तरह का गुस्सा लोगों के मन में पनप रहा था। तभी एक आवाज गूंजती है 'मैं देश नहीं झुकने दूंगा।' दूसरी आवाज थी 'अच्छे दिन आने वाले हैं।' ये दो आवाजें थीं नरेंद्र मोदी की, जो देश को एक विकल्प देने के लिए मैदान में थे। राजनीति में आश्वासनपरक आवाजों का बहुत मतलब नहीं होता, क्योंकि राजनीति तो सपनों और आश्वासनों के आधार पर ही की जाती है। किंतु नरेंद्र मोदी ने इस दौर में जो कुछ कहा उसे देश ने बहुत ध्यान से सुना। उनका दल लंबे समय से सत्ता से बाहर था और वे अपने दल की ओर से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार बनाए जा चुके थे। जाहिर है अवसाद और निराशा से भरी जनता को एक अवसर था परख करने का। मोदी इस अवसर का लाभ उठाते हैं और जनता के मन में भरोसा जगाने का प्रयास करते हैं। वे लगातार अपनी सभाओं में कहते हैं कि वे ही इस देश को उसके संकटों से उबार सकने की क्षमता से लैस हैं। जनता मुग्ध होकर उनके भाषणों को सुनती है। अपनी अप्रतिम संवादकला से वे लोगों में यह भरोसा जगाने में सफल हो जाते हैं कि वे कुछ कर सकते हैं।



2014 में मोदी सत्ता में आते हैं और संचार के सबसे प्रभावकारी माध्यम को साधते हैं। वे आकाशवाणी पर 'मन की बात' के माध्यम से लोगों से संवाद का अवसर चुनते हैं। यानि उनका संवाद अवसर और चुनाव केंद्रित नहीं है, निरंतर है। उनमें एक सातत्य है। बदलाव के लिए, परिवर्तन के लिए, लोकजागरण के लिए। वे मन की बात को राजनीतिक विमर्शों के बजाए लोकविमर्शों का केंद्र बनाते हैं। जिसमें जिंदगी की बात है, सफाई की बात है, शिक्षा और परीक्षा की बात है, योग की बात है। मन की बात के माध्यम से वे खुद को एक ऐसे अभिभावक की तरह पेश करने में सफल होते हैं, जिसे देश और देशवासियों की चिंता है। संवाद की यही सफलता है और यही उसका उद्देश्य है। अपने लक्ष्य समूह को निरंतर अपने साथ जोड़े रखना मोदी की संवाद कला की दूसरी सफलता है। करोना संकट में भी हमने देखा कि उनकी अपीलों को किस तरह जनमानस ने स्वीकार किया, चाहे वे करोना वारियर्स के सम्मान में दीप जलाने और थाली बजाने की ही क्यों न हों। यह बातें बताती हैं कि अपने नायक पर देश का भरोसा किस तरह कायम है।

मोदी अपनी देहभाषा से कमाल करते हैं। कई बार चौंकाते भी हैं। देश की गहरी समझ भी इसका बड़ा कारण है, यही कारण है वे देश के जिस हिस्से में होते हैं वहां की स्थानीय बोली, वस्त्रों और प्रतीकों का सचेत इस्तेमाल करते हैं। इसके साथ ही उनकी पोशाकें, उनका हाफ कुर्ता, जैकेट्स आज एक तरह से स्टाइल स्टेटमेंट है। उनका अनुसरण कर नौजवान आज खद्दर और सूती कपड़ों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। हम विश्लेषण करें तो पाते हैं कि उनका समर्पित जीवन और ईमानदारी से उनकी वाणी का भी एक रिश्ता है। जब हम सिर्फ बोलते हैं तो उसका असर अलग होता है। किंतु अगर हम जो बोलते हैं उसमें कृतित्व भी शामिल हो तो बात का असर बढ़ जाता है। नरेंद्र मोदी अपनी असंदिग्ध ईमानदारी, राष्ट्रनिष्ठा और देशभक्ति के प्रतीक हैं। उनका समूचा जीवन राष्ट्र के लिए अर्पित है। ऐसा व्यक्ति जब कोई बात कहता है तो उसका असर बहुत ज्यादा होता है। क्योंकि आपकी वाणी को आपके जीवन का समर्थन है। सिर्फ देश की बात करना और देश के लिए जीना दो बातें हैं। मुझे लगता है जीवन और कर्म में एक रूप होने के नाते मोदी बाकी राजनेताओं से बहुत आगे निकल जाते हैं। क्योंकि उनकी राष्ट्रनिष्ठा पर सबको भरोसा है, इसलिए उनकी वाणी पर भी सहज विश्वास आता है। इस तरह उनकी वाणी 'भाषण' न होकर 'ह्दय से ह्दय के संवाद' में बदल जाती है। लोंगों को भरोसा है कि वे हमारी ही बात कर रहे हैं और हमारे लिए ही कर रहे हैं। मोदी ने अपनी साधारण पृष्ठभूमि की बात कभी छिपाई नहीं, जब भी उनकी साधारण स्थितियों का मजाक बनाया गया तो उसे भी उन्होंने एक सफल अभियान में बदल दिया। 'चाय पर चर्चा' का कार्यक्रम किस तरह बना, उसके संदर्भ हम सबके ध्यान में हैं। नरेंद्र मोदी सही मायने में सामान्य जनों में भरोसा जगाते हैं कि अगर संकल्प हों, इच्छाशक्ति हो तो व्यक्ति क्या नहीं कर सकता। यह एक बात लोगों को उनसे कनेक्ट करती है। अनेक राजनेता हैं, जो साधारण पृष्ठभूमि से आए हैं। किंतु उनका या तो अपनी जड़ों से उनका रिश्ता टूट गया है या वे उन विथिकाओं को याद नहीं करना चाहते। जबकि नरेंद्र मोदी अपनी जड़ों को नहीं भूलते वे हमेशा उसे याद करते हैं और खुद पर भरोसा करते हैं। यही कारण है उनका कनेक्ट सीधा जनता से बनता है। वे प्रधानमंत्री होकर भी अपने से नजर आते हैं। संचार, संवाद और पोजिशिनिंग की यह कला उनमें सहज है। बिना जतन के भी वे इन सबको साधते हैं और साधते रहेंगें क्योंकि आसमान पर होकर भी माटी की सोंधी महक उन्हें जड़ों से जोड़े रखती है। इसलिए उनका संवाद दिलों को जोड़ता है, देश को भी।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने बारिश से हुए नुकसान की समीक्षा की, राहत एवं पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

# हिमाचल प्रदेश में 136 प्रतिशत अधिक बारिश

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा



*बारिश से हुए नुकसान की समीक्षा करते सीएम सुक्खू व अन्य।*

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में पिछले 48 घंटों के दौरान हुई भारी वर्षा से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए आज यहां आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने प्राकृतिक आपदा से हुई जानमाल की क्षति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण पांच लोगों ने अपनी जान गंवाई है, जिनमें तीन लोग जिला मंडी के निहारी तथा दो के सदर उपमंडल के पंडोह मोहाल सुमा क्षेत्र से संबंधित है, जबकि दो लोग अभी भी लापता हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सितम्बर माह में राज्य में सामान्य से 136 प्रतिशत अधिक बारिश जबकि पूरे मॉनसून सीजन के दौरान अब तक 45 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि इस मॉनसून सीजन में अब तक 417 लोगों ने जान गंवाई है, 45 लोग लापता हैं और भारी वर्षा, बादल फटने तथा भू-स्खलन के कारण 4582 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस दौरान 15,022 संरचनात्मक नुकसान दर्ज किए गए हैं, जिनमें 1502 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त तथा 6467 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त, 6316 गौ शालाएं तथा 594 दुकानें शामिल हैं।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी उपायुक्तों को सतर्क रहने और प्रभावित क्षेत्रों का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विशेषकर सेब उत्पादक क्षेत्रों में स?क संपर्क शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए ताकि सेब की फसल मंडियों तक पहुंच सके और बागवानों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी की परियोजनाओं तथा अन्य आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर बहाल करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने एचपीएमसी को अपने संग्रहण केंद्रों से सेब ढुलाई के लिए अतिरिक्त वाहन लगाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की सुरक्षा राज्य सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत आपदा में बेघर हुए परिवारों को शहरी क्षेत्रों में 10 हजार रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में पांच हजार रुपये मासिक किराया प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक ताने-बाने को देखते हुए किराया प्रदान करने की शर्तों में ढील देने पर विचार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक बेघर लोगों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि असुरक्षित भवनों में रह रहे लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें शीघ्र ही सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, उप मुख्य-सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक हरदीप सिंह बावा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार) गोकुल बुटेल, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व के.के. पंत, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल त्रिवेदी और वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे, जबकि उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और विभिन्न जिलों के वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### ऊना में अब तक 340 करोड़ का नुकसान



**ऊना (रोहित शर्मा)।** ऊना जिले में इस मानसून सीजन के दौरान भारी बारिश और भूस्खलन से अब तक लगभग 340 करो? रुपये का नुकसान दर्ज किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि इसमें लोक निर्माण विभाग को 191 करो? तथा जलशक्ति विभाग एवं स्वां नई बा? प्रबंधन परियोजना को लगभग 125 करो? रुपये की क्षति हुई है। अन्य विभागों और निजी संपत्तियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे कई परिवार प्रभावित हुए हैं। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के अनुरूप सभी प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद सुनिश्चित की गई है और प्रशासन राहत एवं बहाली कार्यों में पूरी गंभीरता और तत्परता से जुटा हुआ है। उन्होंने यह जानकारी बुधवार को शिमला से ऑनलाइन माध्यम से आयोजित मुख्यमंत्री की आपदा समीक्षा बैठक के उपरांत दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को प्रभावित क्षेत्रों का व्यक्तिगत दौरा कर जमीनी स्तर पर राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही, आपदा में बेघर हुए परिवारों को सरकार की ओर से मासिक किराया प्रदान करने की सुविधा से अधिक से अधिक लाभान्वित करने पर भी बल दिया। बता दें, वर्तमान में हिमाचल सरकार द्वारा विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में 10 हजार रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हजार रुपये मासिक किराया बेघर परिवारों को प्रदान किया जा रहा है। सरकार अधिक परिवारों को लाभान्वित करने के लिए किराया देने की शर्तों में ढील देने पर भी विचार कर रही है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में अब तक 24 पक्के और 81 कच्चे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जबकि 381 पक्के और 543 कच्चे मकानों को आंशिक क्षति पहुंची है। इसके अतिरिक्त 35 दुकानें और 503 पशुशालाएं भी प्रभावित हुई हैं। अधिकांश मार्ग बहाल कर दिए गए हैं।

## सेवा भाव से मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन, मरीजों को बांटे फल



अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर, 17 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बड़सर ने आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस को ÷सेवा दिवस÷ के रूप में बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर मंडल बड़सर की ओर से बड़सर अस्पताल में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों को फल वितरित किए गए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।

इस अवसर पर बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक इंद्रदत्त लखनपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मरीजों से बातचीत की, उनका हालचाल जाना और उन्हें हिम्मत बंधाते हुए कहा कि ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने भारत को विश्व में नई पहचान दी है। मोदी ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए जो ऐतिहासिक योजनाएँ शुरू की हैं।

इस सेवा कार्यक्रम में भाजपा मंडल बड़सर के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री अश्वनी बन्याल, महामंत्री दिनेश व्यास, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री, सुरजीत, राकेश पंडित, आनंद ठाकुर, करतार बन्याल, संजय बन्याल, ऋषि शर्मा, मिंटू राजपूत, अनिल ठाकुर, अनुपम शर्मा, निशु बन्याल, सरला शर्मा, प्रोमिला बन्याल, सुभाष ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, करण ठाकुर, हरीश चंब्याल, सुरेश कुमार, प्रवीण ठाकुर, पवन कुमार, शक्ति शर्मा, सुनील कुमार, दीपक कुमार, सतीश शर्मा, सुनील वर्मा, कपिल देव वर्मा, रमेश ठाकुर, सोहन ठाकुर, बंसी राम, रमेश कुमार, मुकेश सोनी, यशपाल शर्मा, कुलदीप शर्मा, संजीव बन्याल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# भूस्खलन और अचानक बाढ़ की स्थिति से निपटने का दिया प्रशिक्षण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान (एचएफआरआई) और ईको टास्क फोर्स ने आज शिमला के कुफरी आर्मी कैंप में एक दिवसीय कार्यशाला, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य राज्य के संवेदनशील हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन और अचानक बा? की स्थिति के प्रभाव को कम करना तथा जलवायु अनुकूल पर्यावरणीय उपायों को ब?ावा देना था। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक ईको टास्क फोर्स के जवानों ने भाग लिया।

कार्यशाला में टिकाऊ वनीकरण तकनीकों पर बल दिया गया तथा विशेष रूप से नर्सरियों में मायकोराइजल फफूंद के उपयोग पर चर्चा की गई, जिससे पौधों को पानी और पोषक तत्व बेहतर ढंग से मिलते हैं। यह तकनीक खासकर 80-85 डिग्री तक की ख?ी ढलानों पर कारगर मानी जाती है जहां नमी और पोषक तत्वों की कमी के कारण पौधे लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते।

133 ईको टास्क फोर्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में विविध और घनी वृक्षारोपण की जरूरत पर बल दिया ताकि मिट्टी को मजबूती मिल सके। एचएफआरआई के वैज्ञानिकों ने बटालियन मुख्यालय, कुफरी में ईको टास्क फोर्स की नर्सरी का निरीक्षण किया।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर लगाया शिविर, 50 यूनिट रक्त किया एकत्रित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर




**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र की अध्यक्षता में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 50 यूनिट रक्तदान किया गया

इस आयोजन में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भी भेंट किए गए रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद ने किया उनके साथ नगर निगम की उपमहापौर मीरा आनंद पार्षद सुषमा शर्मा डॉ राजेश कश्यप मंडल महामंत्री धर्मेंद्र ठाकुर संजय मलिक दिनेश शुक्ला कृष्णा ठाकुर,अनिल कुमार सुषमा कंसल रेणुका कालसी लाविका रचित साहनी कमल शर्मा बादल नाहर दिनेश ठाकुर शकुंतला शर्मा विवेक डोभाल संजय महाजन मुकेश शर्मा अमित आनंद, विशाखा, उर्मिल चौहान, प्रिया कंबोज। मुनी लाल परिहार अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

## पीएम के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा की शुरुआत

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया, जो 2 अक्टूबर 2025 को गांधी जयंती तक चलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की, जबकि जिला महामंत्री अजय रिंटू इसके संयोजक रहे। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, प्रदेश भाजपा सचिव वंदना योगी, सुजानपुर से पूर्व विधायक राजिंदर राणा और भोरंज से पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कपिल मोहन, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दीक्षित गौतम सहित कई वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ के साथ हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और निरंतर नेतृत्व की कामना की गई। इसके बाद, रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 76 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इसके अतिरिक्त, अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा प्रायोजित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 112 स्थानीय निवासियों ने चिकित्सा जाँच और आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा पार्टी की सामुदायिक सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है और इसे गांधी जयंती तक पूरे जिले में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मुख्यमंत्री सुक्खू को केनरा बैंक ने दिया 25 लाख का चेक



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को केनरा बैंक की ओर से आपदा राहत कोष के लिए 25 लाख रुपए का चैक भेंट किया गया। इस अवसर पर केनरा बैंक के चंडीगढ़ अंचल के मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार दास, शिमला क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख रविकांत बर्मन और हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरदेव कंवर भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने इस नेक काम में योगदान के लिए केनरा बैंक का धन्यवाद किया और हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### बंजार की 70 फीसदी सड़कें की बहाल



कुल्लू (अशेष शर्मा)। एपीएमसी के चेयरमैन राम सिंह मियां ने कहा है कि बंजार विधानसभा क्षेत्र में इस प्राकृतिक आपदा में सबसे ज्याद नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सड़कों का हि 100 करो? का नुकसान हुआ है। इसके अतिरिक्त करीब 600 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं जिसमें 300 से अधिक मकान पूरी तरह से ढह चुके हैं। यही नहीं बंजार क्षेत्र के किसान बागबानों को करो?ों का नुकसान हुआ है और फल सब्जियां खेतों में स? गई है। उन्होंने कहा कि बंजार क्षेत्र इस आपदा से करीब 10 दिन शेष दुनिया से कट गया था और उसके बाद मुख्यमंत्री ने यहां का हवाई सर्वेक्षण किया और मैंने उनको इस क्षेत्र में हुए अथाह नुकसान से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि उसके बाद राहत कार्य ने स्पीड पक?ी है और एनएच में छह मशीनें लगाकर दो दिनों में बहाल किया गया ताकि बंजार तक खाद्य सामग्री की सप्लाई पहुंच सके। उन्होंने कहा कि अभी तक 70 फीसदी जिंदगी पटरी पर लौट चुकी है। 70 फीसदी स?कें,विजली,पानी बहाल कर लिया गया और और शेष 30 फीसदी बहाली का कार्य एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि यहां कई गांव तबाह हो गए हैं और करीब 10 स्थानों पर सेना के हेलीकॉप्टर से राशन ड्राप कर लिया। उन्होंने कहा कि अब गांव का सेब भी मार्किट में पहुंचना शुरू हो गया है और बंजार सब्जी मंडी भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस पूरी आपदा में रैला के शरण बिहाल गांव में तीन लोगों की जान भी गई है। उन्होंने कहा कि इस आपदा की घड़ी में भाजपा राजनीति कर रही है और केंद से राज्य मंत्रियों को यहां प्रभावित क्षेत्रों में घुमाया जा रहा है जिनके मंत्रालय का यहां की स्थिति से कोई लेना देना नहीं है और न ही कोई बजट दिया जा रहा है। राजनीति ऐसी होनी चाहिए थी कि संबंधित मंत्रियों को यहां लाते ताकि वे आपदा क्षेत्र में जाकर अपने मंत्रालय से यहां के लिए बजट भी दे पाते। उन्होने कहा कि यहां के विधायक सुरेंद्र शौरी ने अपने कार्यकाल में कार्य करने में कोई स्पीड नहीं पकड़ी और जो सड़कें बनाई भी वह बिना प्रोजल के बनाई जो आज तबाह हो गई है।

# रेट लिस्ट गायब, फल और सब्जी के वसूल रहे मनमाने दाम

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** ऊना नगर निगम सहित साथ लगते क्षेत्र में सब्ज़ी बेचने वाले दुकानदार और ठेला/रेहड़ी वाले उपभोक्ताओं से मनमाने दाम वसूल रहे हैं। तय सरकारी रेट से कहीं ज़्यादा कीमत पर सब्ज़ियां बेची जा रही हैं। वहीं दुकानों और ठेलों पर रेट लिस्ट तक नहीं लगाई गई है। इस बात को लेकर उपभोक्ता में काफी नाराजगी है । नीलम ,प्रिया चड्डा, राशि, सुमन, भारती, अभि, रमेश कुमार, का कहना है कि शहर में विभाग का कार्यालय है इसके बावजूद इसके सब्जी और फल विक्रेता रेट लिस्ट नहीं लगाते।

नियमों के अनुसार हर विक्रेता के लिए रोज़ाना की रेट लिस्ट सार्वजनिक रूप से लगाना ज़रूरी है, ताकि लोग सही तरीके से खरीदारी कर सकें। लेकिन अधिकांश विक्रेताओं ने इसे पूरी तरह नज़र अंदाज़ कर दिया है। अब आगे नवरात्रे और त्योहार शुरू हो जाएंगे तो इन विक्रेता लोगों की मनमर्जी और बढ़ जाएगी क्योंकि उनको पता है कि उपभोक्ता ने सामान तो लेना ही है। विक्रेता को ये भी पता है की प्रशासन अधिकारी आएंगे नहीं, तो हम पर कर कारवाही कोई नहीं करेगा ।

> जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति विभाग ऊना राजीव शर्मा ने कहा कि विभाग की तरफ से आदेश है अगर कोई विक्रेता रेट लिस्ट के बिना और मनमर्जी के रेट ले रहा है तो उस पर कार्रवाई करेंगे । हमारे सभी ब्लॉक में इंस्पेक्टर निरीक्षक बैठे हैं वह उनके बिल भी चेक करेंगे,अगर कमी पाई गई तो जुर्माना भी करेंगे।

**स्थानीय लोगों का आरोप**

प्रशासन की सख्ती नहीं होने के कारण सब्ज़ी विक्रेता मनमानी कर रहे हैं

रेट लिस्ट न होने से हम मज़बूरी में महंगे दाम चुकाने को विवश हैं।

**जनता की मांग**

ऊना के लोगों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि सब्ज़ी विक्रेताओं पर सख़्त कार्रवाई की जाए और रेट लिस्ट लगाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## रुस में कुल्लू की 19 वर्षीय अंशुल पहुंची भारत का प्रतिनिधित्व करने

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 17 सितंबर।** हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के निथर क्षेत्र के एक छोटे से गांव से संबंध रखने वाली अंशुल ठाकुर ने राज्य और देश का नाम रोशन किया है। उन्हें प्रतिष्ठित वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन हुआ है और वह भारत का प्रतिनिधित्व करने रूस पहुंच गई है।

अंशुल वर्तमान में शिमला के संजौली कॉलेज में पत्रकारिता एवं जनसंचार की पढ़ाई कर रही हैं।

इसके साथ ही वह एक सक्रिय एनएसएस वॉलेंटियर भी हैं। उन्होंने अपनी पूरी स्कूली शिक्षा सरकारी विद्यालयों से प्राप्त की है, और यह साबित किया है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से भी मेहनत और लगन के दम पर वैश्विक अवसर हासिल किए जा सकते हैं। जनवरी 2025 में अंशुल को भारत के प्रधानमंत्री और भूटान के प्रधानमंत्री के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर भी मिला था। अब उनका चयन वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल असेंबली 2025 के लिए हुआ है, जो 17 से 21 सितंबर 2025 तक रूस के निझनी नोवगोरोद में आयोजित हो रहा है। इसके बाद 21 से 25 सितंबर तक यारोस्लाव क्षेत्र में क्षेत्रीय आतिथ्य कार्यक्रम भी होगा।

## पुलिस अधीक्षक ने किया राज्य स्तरीय सायरोत्सव दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह ने आज अर्की में राज्य स्तरीय सायरोत्सव के दूसरे दिन आयोजित दंगल प्रतियोगिता का अखा?ा पूजन कर शुभारंभ किया।

उन्होंने इस अवसर पर दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता में भाग ले रहे पहलवानों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, कांग्रेस पार्टी के सतीश कश्यप, उपमंडलाधिकारी अर्की निशांत तोमर, दंगल समिति के सदस्य मोहन सिंह ठाकुर, राजेंद्र रावत, राजेश ठाकुर, ऋषि देव शर्मा, ललित गौतम, ललित सेन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पहलवान व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

**अभियान** | प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में किये अहम सुधार, शिमला व टांडा में रॉबोटिक सर्जरी शुरू

# स्वस्थ नारी से ही सशक्त बनेगा परिवार एवं समाज : राजेश

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 17 सितंबर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मां के स्वास्थ्य से ही बच्चे व परिवार का स्वास्थ्य जुड़ा होता है। परिवार स्वस्थ होगा तभी एक सशक्त एवं सुदृढ़ समाज का निर्माण संभव है। राजेश धर्माणी आज घुमारवीं के सिविल अस्पताल परिसर में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। यह अभियान आगामी 2 अक्तूबर तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। महिलाएं स्वस्थ होंगी तभी हमारा परिवार स्वस्थ होगा, जिससे एक स्वस्थ, सशक्त एवं मजबूत देश का निर्माण संभव होगा। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ परिवार व समाज ही देश को आगे ब?ाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

राजेश धर्माणी ने कहा कि अधिकतर बीमारियां हमारे खान-पान और रहन-सहन के कारण ही उत्पन्न होती हैं। उन्होंने लोगों से सादा भोजन, योग, व्यायाम और ध्यान को अपनी दिनचर्या में शामिल करने पर बल दिया। साथ किसानों से खेतों में कीटनाशक दवाओं और रासायनिक स्प्रे का अत्यधिक प्रयोग न करने का भी आह्वान किया, जिसके कारण आज कैंसर, किडनी संबंधी समस्याएं तथा अन्य गंभीर बीमारियां तेजी से पांव पसार रही है। उन्होंने लोगों से तनावमुक्त जीवन शैली अपनाने, प्रकृति के साथ चलने, बनावटी जीवन शैली से दूर रहने तथा सादगीपूर्ण जीवन शैली अपनाने पर भी जोर दिया।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कई अहम सुधार कर रही है। प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं सिविल अस्पताल में वर्तमान में पांच विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं तथा जल्द ही एक अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति होने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम से जहां लोगों को घर-द्वार के समीप ही बेहतर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित हो रही हैं तों वहीं प्रदेश के बड़े अस्पतालों एवं चिकित्सा महाविद्यालयों में बढ़ते दवाब को भी कम करने में मदद मिलेगी।

# शहर भर में जोर-शोर से मनाया पीएम नरेंद्र मोदी का जन्म दिन, कई कार्यक्रम आयोजित

## मानवता का सबसे पवित्र दान है अंगदान : गुलाब चंद कटारिया

वृद्धजन एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत, अंगदाता परिवारों और निक्षय मित्रों को किया सम्मानित

प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं, कहा-भारत ने 11 वर्षों में रचा नया इतिहास

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



फोटो: अजय चौधरी

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** चंडीगढ़ के सेक्टर-16 स्थित सरकारी मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल में आज एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने की। कार्यक्रम में तीन प्रमुख पहलों की शुरुआत और सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

राज्यपाल कटारिया ने अंगदान को मानवता का सबसे पवित्र दान करार देते हुए समाज से इसे एक जन आंदोलन में बदलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'अंगदान केवल चिकित्सा प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह सेवा भाव और साहस का प्रतीक है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों के अंगदान किए हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं।'

इस अवसर पर राज्यपाल ने उन पाँच परिवारों को सम्मानित किया, जिन्होंने अपने दिवंगत परिजनों के अंगदान से अन्य लोगों को जीवनदान दिया। उन्होंने अमृतसर के एक परिवार का विशेष उल्लेख किया, जिन्होंने अपनी 39 दिन की नवजात बेटी के अंगदान का साहसिक निर्णय लिया था। इस कार्य की सराहना स्वयं प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में की थी।

कार्यक्रम में निक्षय मित्रों को भी सम्मानित किया गया - ये वे लोग हैं जो टीबी मरीजों की मदद करते हैं। राज्यपाल स्वयं 50 टीबी रोगियों को गोद ले चुके हैं, जिनमें से पाँच को आज विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही, वृद्धजन देखभाल एम्बुलेंस सेवा की भी शुरुआत की गई। यह सेवा 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए शुरू की गई है, विशेषकर जो असहाय या बिस्तर पर हैं। राज्यपाल ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इसे प्रशासन की समावेशी और करुणामयी स्वास्थ्य सेवा नीति का हिस्सा बताया।

कार्यक्रम के अंत में, राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि ÷पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है ङ्क चाहे वो आर्थिक विकास हो, महिला सशक्तिकरण, पोषण अभियान या वैश्विक मंच पर भारत की पहचान।' उन्होंने 'शक्ति नारी शक्ति भारत' और 'पोषण माह' जैसे अभियानों की भी सराहना की। राज्यपाल कटारिया ने कहा कि 'मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। हमें अंगदान जैसे पवित्र कार्य को समाज में सामान्य बनाना होगा और भारत को इस दिशा में विश्व नेता बनाना होगा।' इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, स्वास्थ्य सचिव अजय चगती, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, स्वास्थ्य निदेशक डॉ. सुमन सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रॉक गार्डन में हुआ मेगा रक्तदान शिविर, 32 यूनिट रक्त संग्रहित

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर शहर के कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें रक्तदान शिविर से लेकर स्वच्छता अभियान और पोषण अभियान इत्यादि चलाये गये। कई जगह पौधारोपण भी किये गये।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रॉक गार्डन में एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मेरा युवा भारत (एमवाई भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें युवास्तंभ वेलफेयर एसोसिएशन, ग्लोबल यूथ फेडरेशन और अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद ने सहयोग किया। इस विशेष आयोजन में कुल 32 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में युवाओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर जनसेवा का संदेश दिया। इस मौके पर रक्तदाताओं को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान तथा स्टेम सेल डोनेशन के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

जागरूकता सत्र का संचालन एमवाई भारत चंडीगढ़ के जिला युवा अधिकारी विनय कुमार द्वारा किया गया। यह आयोजन कई मायनों में खास रहा क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी स्वयं रॉक गार्डन को अपने कई भाषणों में रचनात्मकता, स्थिरता और जनभागीदारी का प्रतीक बता चुके हैं। ऐसे में रॉक गार्डन इस सेवा-कार्य के लिए एक प्रतीकात्मक और प्रेरणादायक स्थल साबित हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवास्तंभ वेलफेयर एसोसिएशन से उपेंद्र मौर्य, ग्लोबल यूथ फेडरेशन से रोहित, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद से मोहित गोयल, और एमवाई भारत चंडीगढ़ से मिस प्रीतिका, निर्मल एवं कुलजीत का विशेष योगदान रहा। इस रक्तदान शिविर ने सेवा, संकल्प और समर्पण की भावना को जीवंत कर दिखाया और युवाओं को राष्ट्र निर्माण तथा समाज सेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा दी।

▲ अधिकतम 30 डिग्री से.
डिग्री से. 24 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.08 बजे
सूर्यास्त 6.27 बजे
सोना 24 कैरेट : 1,12,080.00
सेंसेक्स : 82,380.69
अमेरिका : 88.07
कैनेडियन : 64.06
आस्ट्रेलिया : 58.74

## रविंद्र मलिक की अध्यक्षता में सेवा पखवाडा कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन



फोटो: अजय चौधरी

**चंडीगढ़।** आज भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला के अध्यक्ष रविंद्र मालिक की अध्यक्षता में सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत सेक्टर 33 स्थित राजस्थान भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस रक्तदान शिवर में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय टंडन, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकिशोर, भाजपा पूर्व प्रदेश सचिव देवी सिंह, पूर्व महापौर रवि कांत शर्मा, पूर्व महमंत्री चंद्रशेखर, रूबी गुप्ता जी, चंद्रावती शुक्ला, सोनम वर्मा, पूजा बराड़, प्रदेश मंत्री अमित राणा, पप्पू शुक्ला, विजय राणा, चंडीगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव चड्ढा दीपक शर्मा, मंडल अध्यक्ष चंदन, बजिंदर सूद, संदीप महाजन, जिला सचिव सतबीर सिंह, विनोद राणा उपस्थित रहे।

## सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के उद्घाटन के साथ चंडीगढ़ में शुरू हुआ पोषण माह 2025




**चंडीगढ़।** समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह 2025 की सेक्टर 19-स्थित एक उन्नत सक्षम आंगनवाड़ी सह-क्रेच केंद्र के उद्घाटन के साथ की गई। इस केंद्र का उद्घाटन श्रीमती अनुराधा एस. चगती (सचिव, समाज कल्याण विभाग) और डॉ. पलिका अरोड़ा (निदेशक, समाज कल्याण विभाग) ने संयुक्त रूप से किया। यह केंद्र न सिर्फ बच्चों के लिए एक सुरक्षित, समावेशी और पोषक वातावरण प्रदान करेगा, बल्कि प्रारंभिक बाल देखभाल, शिक्षा और पोषण सेवाओं को भी सशक्त बनाएगा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत, आज चंडीगढ़ के 450 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर एक साथ पोषण और स्वास्थ्य के प्रति शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसके अलावा, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ, जो मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण दोनों का प्रतीक है। इस अवसर पर पूरे शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें स्वास्थ्य जांच शिविर, एनीमिया स्क्रीनिंग, स्वच्छता अभियान, पोषण किट का वितरण, गहन जन-जागरूकता अभियान शामिल रहे। आंगनवाड़ी केंद्रों पर किशोरों के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण पर बैठकें, मिलेट्स (मोटे अनाज) को बढ़ावा देने के लिए रेसिपी प्रदर्शन, और बैकयार्ड किचन गार्डन अभियान जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### गर्भवती माताओं के लिए गोद भराई और पीएमएमवीवाई शिविर

गर्भवती महिलाओं के सम्मान में गोध भराई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पोषण और मातृ देखभाल के महत्व को रेखांकित किया गया। साथ ही, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के तहत जीएमएसएच-16 में एक विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को सहायता और जागरूकता प्रदान की गई।

## वन एवं वन्यजीव विभाग, यूटी चंडीगढ़ ने सेवा पखवाड़ा 2025 पर 300 पौधे रोपित किये

**चंडीगढ़।** सेवा पखवाड़ा 2025 के उपलक्ष्य में, वन एवं वन्यजीव विभाग ने शहरभर में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण अभियान आयोजित किया। इस पहल के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर कुल 300 पौधे लगाए गए। मुख्य कार्यक्रम कालोनी नंबर 4 में आयोजित किया गया, जहाँ 200 पौधों का रोपण गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी से किया गया। इस अवसर पर हरियाणा विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रशासक की सलाहकार परिषद की पर्यावरण स्थायी समिति के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ समिति के सदस्य डॉ. रविंदर नाथ, मनमोहन खन्ना एवं जगदीश वालिया भी उपस्थित थे। एन्वायरनमेंट सोसायटी ऑफ इंडिया के एन.के. झिंगन ने भी इस पहल में भाग लिया। इस मौके पर ज्ञान चंद गुप्ता ने पौधारोपण को पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी सेवा बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना समाज की सेवा का सबसे सार्थक तरीका है। यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन में योगदान देता है बल्कि सामूहिक नागरिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रेरित करता है। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक सौरभ कुमार ने कालोनी नंबर 4 के कायाकल्प को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र एक बड़े परिवर्तन का प्रतीक है।जिसमें एक अतिक्रमित बस्ती से एक पुनर्जीवित शहरी वन तक का सफर शामिल है। यह परिवर्तन केवल भौतिक नहीं बल्कि प्रतीकात्मक भी है, जो शहरी क्षेत्रों में पारिस्थितिक संतुलन बहाल करने के प्रति चंडीगढ़ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह हरे-भरे फेफड़े शहरवासियों के लिए पर्यावरणीय और मनोरंजन दोनों दृष्टियों से उपयोगी सिद्ध होंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हरियाणा पुलिस की रिटायर्ड महिला इंस्पेक्टर के हाथ में पहना हुआ सोने का कड़ा चोरी

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** चंडीगढ़-अम्बाला हाइवे पर सिंघपुरा चौंक से चंडीगढ़ जाने के लिए बस में चढ़ी हरियाणा पुलिस की रिटायर्ड महिला इंस्पेक्टर के हाथ में पहना हुआ सोने का कड़ा चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले की शिकायत जीरकपुर पुलिस को दी है, पुलिस ने शिकायत के आधार पर 7-8 अज्ञात महिलाओं के गिरोह खिलाफ के केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता रजनी निवासी जीरकपुर ने बताया कि बीते दिन वह सेक्टर-17, चंडीगढ़ जाने के लिए सिंघपुरा बस स्टॉप से सीटीयू की बस में चढ़ रही थीं। बस में चढ़ने के दौरान 7-8 अज्ञात महिलाएं उनके पास आ गई, लेकिन उनमे से कोई भी बस में नहीं चढ़ा, बस में चढ़ने के बाद उन्हें पता चला कि उसके हाथ का कड़ा गायब है। शिकायतकर्ता अनुसार उक्त महिलाएं चुपचाप उनके हाथ में पहना 2 तोले का सोने का कड़ा काटकर ले गई। रजनी ने बताया कि उन्होंने घटना के तुरंत बाद पूरे इलाके में खोजबीन की, लेकिन अज्ञात महिलाओं का कोई सुराग नहीं मिला। रजनी ने तुरंत जीरकपुर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज

## स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का चंडीगढ़ से भव्य शुभारंभ, मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने दी सौगात



**चंडीगढ़।** स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से आज 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का 9वां संस्करण चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित रोज़ गार्डन से भव्य रूप से आरंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा ने इस पंद्रह दिवसीय अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा और गांधी जयंती पर इसका समापन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सफाई मित्रों द्वारा रिड्यूस, रियूज़ और रीसायकल (आरआरआर) के प्रतीक के रूप में मानव श्रृंखला बनाकर की गई। इसके पश्चात नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता रैली एवं उपकरणों की प्रदर्शनी ने जनसमूह को आकर्षित किया।

मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि 'यह अभियान केवल उत्सव नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व का संगम है।' उन्होंने बताया कि इस बार स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों के माध्यम से शहर के उपेक्षित एवं गंदे स्थलों को चिन्हित कर सुंदर और स्वच्छ रूप दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य केवल अभियान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक दीर्घकालीन प्रयास होगा। बराड़ ने बताया कि 25 सितम्बर को 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें नागरिक, जनप्रतिनिधि, एनजीओ, युवा, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और एसबीएम एम्बेसडर सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

### अभियान के मुख्य फोकस क्षेत्र

गृह सचिव व स्थानीय सरकार सचिव मंजीप सिंह बराड़ ने बताया कि इस अभियान के पाँच प्रमुख फोकस क्षेत्र निम्नलिखित हैं:1. चंडीगढ़ परिवहन उपक्रम) का कायाकल्प, 2. सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता गतिविधियाँ, 3. सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, जिसमें स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं गरिमा हेतु एकल खिड़की सुविधा, 4. हरित और शून्य-अपशिष्ट उत्सवों का प्रोत्साहन, 5. स्वच्छता व्यवहार हेतु जनजागरूकता अभियान,

### नागरिकों के लिए प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने जानकारी दी कि 15 दिवसीय इस स्वच्छता पखवाड़े में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित होंगी जैसे: क्लीन पार्क ड्राइव्स, स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ कल अभियान, वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी, लक्षित स्वच्छता अभियान (RWAs और बाजार समितियों के सहयोग से), प्लास्टिक संग्रह अभियान, स्वच्छता चैंपियंस का सम्मान समारोह।

## यूटी ट्रैफिक पुलिस सेवा, सुरक्षा वा सहयोग की राह पर, इंसानियत, ईमानदारी की पेश की मिशाल
## ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने ऑटो में बैठी सवारी का पर्स सही सलामत लौटाया

पर्स में 10 हजार रुपए की नकदी और जरूरी कागजात थे

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** यूटी ट्रैफिक पुलिस आजकल लोगों के नाजायज चालान छोड़ कर सेवा,सुरक्षा वा सहयोग के लिए कदम चल रही है। इसके तहत न सिर्फ लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बल्कि ईमानदारी और पारदर्शिता से जनता का भरोसा भी जीता जा रहा है। इस कड़ी में ट्रैफिक पुलिस ने एक सराहनीय उदाहरण पेश किया।

जानकारी के अनुसार हिमाचल के जिला कांगड़ा निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार करीब सुबह 10 बजे अपने रिश्तेदार को चेक करवाने के लिए ऑटो में सवार होकर पीजीआई स्थित न्यू ओपीडी में आ रहे थे।पीजीआई नया गांव रोड पर बारिश के चलते सड़क पर गहरे गड्ढे होने के चलते उनका पर्स चोक के पास गिर गया।जैसे ही वह पीजीआई न्यू ओपीडी के पास पहुंचे तो पता चला कि उसका पर्स नहीं है।कुछ समय बाद ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल विपिन और अन्य पुलिस कर्मियों ने लाइसेंस नंबर से राकेश कुमार का मोबाइल नंबर आरएलए से लेकर संपर्क किया। हेड कांस्टेबल विपिन ने राकेश कुमार को पीजीआई चौक के पास बुलाया। वेरिफाई कर पर्स राकेश कुमार के हवाले कर दिया। पर्स में 10 हजार रुपए की नकदी और जरूरी कागजात थे। यूटी पुलिस की ट्रैफिक पुलिस के कर्मी हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल चेनपाल और होमगार्ड वालियटर महेंद्र ने इमानदारी और इंसानियत की मिशाल पेश की।वही राकेश कुमार ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का आभार जताया और कहा कि चंडीगढ़ पुलिस ने एक ईमानदारी की मिसाल पेश की।

## बलटाना पुलिस ने युवक को 100 ग्राम गांजा सहित किया गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 17 सितंबर।** बलटाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक युवक को 100 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी युवक की पहचान मनीष कुमार निवासी लखनऊ के रूप में हुई है जो पिछले काफी समय से बलटाना एरिया में रह रहा है। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। एएसआई सुलखन सिंह ने बताया कि पुलिस पार्टी वेल्वेट क्लर्क होटल, बलटाना की बैक साइड मौजूद थी। इस दौरान शाम करीब 6.40 बजे एक युवक पैदल आता दिखाई दिया, जिसके हाथ में प्लास्टिक का लिफाफा था। पुलिस पार्टी को देख वह घबरा कर पीछे मुड़ने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे रुकने के लिए की आवाज लगाई, लेकिन वह नहीं रुका। पुलिस ने पीछा कर उसे काबू किया। जांच में उसके पास के लिफाफे से 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

आरोपी मनीष कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 61, 85 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## नगर निगम : खर्च के लिए कैपिटल हैड में प्रशासन से 300 करोड़ रुपये की मांग

फंड क्रंच के चलते निगम का विकास कार्यों को करना नामुमकिन

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** नगर निगम चंडीगढ़ को 125 करोड़ का अतिरिक्त फंड इसके अकाउंट में जमा हो चुका है। अक्तूबर में 156.25 करोड़ ग्रांट इन एड की तिमाही किश्त के रूप में मिलना बाकी है। परंतु इससे एमसीसी का काम चलने वाला नहीं है। यह रकम ऊंट के मुंह में जीरा जैसी कहावत को चरितार्थ करने वाली साबित हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि बजट एस्टिमेट के अंतर्गत कैपिटल हैड में 300 करोड़ मांगे गये हैं। एमसी ने वर्ष 2025-26 में 1864 करोड़ का बजट पास किया था। हकीकत में और अपने संसाधनों से 410 करोड़ मिलते हैं, जो 1035 करोड़ बनते हैं। 31 दिसंबर 2025 के 200 करोड़ के घाटे को शामिल किया जाये तो 835 करोड़ ही हैं। बगैर फंड के एमसी विकास कार्य नहीं करवा सकता है। इसलिए 300 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

बता दें कि नगर निगम विगत वर्ष भी रिवाइज्ड एस्टिमेट से 200 करोड़ की मांग की थी, किंतु बदले में कुछ भी नहीं मिला। इस बार भी कुछ नहीं मिलर तो नगर निगम को प्रशासनके इंजीनियरिंग विभाग से ही विकास कार्य करवाने पड़ेंगे।

### केंद्रीय मंत्रालय में जायेगी प्रपोजल

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार 300 करोड़ की मांग प्रशासन के सामने रखी गई है, जहां से प्रपोजल केंद्रीय मंत्रालय को भेजी जायेगी। वहां से यदि अप्रूवल मिलती है तो 300 करोड़ विकास कार्य के लिए मिल सकेगा। वर्णनीय है कि रीकार्पेटिंग के लिए शहर की वी-3 रोड्स नगर प्रशासन को हस्तांतरिक की गई है। इस पर लगभग 45 करोड़ की धनराशि खर्च होने की संभावना है। किंतु यह पैसा नगर निगम चंडीगढ़ के पास नहीं है। इसलिए नगर निगम केवल सड़कों की पैचवर्क का काम ही करवा पा रहा है।

### खुद की कमाई मात्र 410 करोड़

बताना जरूरी होगा कि नगर निगम के कुल खर्चे 1664.75 करोड़ हैं। इसके अलग उसकी खुद की अपनी कमाई सिर्फ 410 करोड़ रुपये की है। इसलिए अपने खर्च चलाने के लिए निगम प्रशासन की तरफ टकटकी लगाये बैठा है। अन्यथा सारे कार्य ज्यों के त्यों रह जायेंगे।

### निगम सदन की मासिक बैठक 26 को

नगर निगम चंडीगढ़ की इस माह की होने वाली 353वीं मासिक सदन बैठक आगामी 26 सितंबर को होनी निर्धारित की गई है। जबकि वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक भी आगामी 23 सितंबर को एमसी के कांफ्रेंस हाल में होने जा रही है। विशेष सूत्रों द्वारा यह जानकारी दी गई है।

## शराब ठेके पर देर रात तीन युवकों पर हमला, केस दर्ज दो आरोपी नामजद

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर, 17 सितंबर। बलटाना के वधावा नगर स्थित एक शराब ठेके पर रात के समय मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने शिकायतकर्ता संदीप कुमार के बयान पर कार्रवाई करते हुए दो हमलावरों को नामजद कर उनके 5-6 अज्ञात साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता संदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि वे 12 सितंबर की रात अपने दोस्तों यश कुमार और अनिल कुमार के साथ वधावा नगर स्थित शराब ठेके पर बैठे थे। रात करीब 11:30 बजे तक सब ठीक था, लेकिन जब वे बाहर निकले, तो उन्हें पास की टेबल पर बैठे दो अज्ञात युवकों ने घेर लिया। ये दोनों अपने 5-6 साथियों के साथ वहां पहले से ही मौजूद थे।

संदीप के अनुसार, हमलावरों के पास धारदार हथियार थे। एक हमलावर ने उसके सिर पर वार किया, जिससे बचने के लिए उसने अपना बायां हाथ आगे किया और उसकी बांह पर गहरी चोट आ गई। जब यश और अनिल बीच-बचाव करने आए, तो उन पर भी हमला किया गया, जिसमें अनिल की आंख पर गंभीर चोट लगी। जब उन्होंने शोर मचाया तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। यश ने अपनी गाड़ी से घायल संदीप और अनिल को पंचकूला के सिविल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने संदीप कुमार के बयान के आधार पर गुरदीप सिंह और डिंका नाम के हमलावरों को नामजद कर उनके 5-6 अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2),126(2), 3(5) और 351 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिला में हुई सेवा पखवाड़े की शुरूआत

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा स्वच्छता ही सेवा का मंत्र दिया: बड़ौली

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर किया श्रमदान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज जिले में सेवा पखवाड़े की भव्य शुरूआत हुई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमेशा स्वच्छता ही सेवा का मंत्र दिया है और उनका जीवन समाज सेवा एवं जनकल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान बना चुका है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं और नागरिकों का आह्वान किया कि सभी मिलकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए आगे आएं।प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि सेवा पखवाड़े का आयोजन 02 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम तथा सामाजिक कल्याण से जुड़े अनेक आयोजन होंगे। उन्होंने नागरिकों से विशेष रूप से अपील की कि वे स्वच्छता और पौधारोपण अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

मोहनलाल बड़ौली ने पौधारोपण करते हुए कहा कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करें और लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे ही जीवन का आधार हैं और हमें ऑक्सीजन इन्हीं से प्राप्त होती है, इसलिए वृक्षारोपण को जीवन का हिस्सा बनाना होगा।स्वच्छता अभियान के दौरान विधायक निखिल मदान ने स्वयं झाड़ू लगाकर और कचरा उठाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

# विश्वकर्मा समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता: कादियान

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार




गन्नौर। शहर की नई अनाज मंडी गन्नौर में बुधवार को समस्त विश्वकर्मा राज मिस्त्री एकता समिति द्वारा भव्य विश्वकर्मा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उनका समिति के सदस्यों ने फूलमाला से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। इससे पहले रेलवे रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में हवन-यज्ञ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और समाज के लोगों ने भाग लिया। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने समिति के कई सक्रिय सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा, विश्वकर्मा समाज निर्माण और विकास का आधार है। आज भी देश के बुनियादी ढांचे में इस समाज का बड़ा योगदान है। समाज के परिश्रम, हुनर और प्रतिबद्धता को भुलाया नहीं जा सकता।कार्यक्रम के दौरान समिति ने विधायक के समक्ष संस्था के लिए स्थायी स्थल उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस पर विधायक कादियान ने आश्वासन देते हुए कहा कि समाज की मांग जायज है। मैं नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करवा कर इस दिशा में हरसंभव प्रयास करूंगा।

इस अवसर पर समिति के महाप्रबंधक जोगेंद्र धीमान, संरक्षक प्रेमचंद दास, प्रधान सतीश जांगड़ा, पलटूदास, मनोज पांचाल, इंद्र सिंह कश्यप, संतोष, नंदकिशोर, सतबीर शर्मा, दिनेश धीमान सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जिला में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान की हुई शुरूआत

# नारी स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की मजबूती का आधार: विधायक निखिल मदान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को विधायक निखिल मदान ने बतौर मुख्यातिथि जिला स्तर पर स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की गई। अभियान के तहत जिला परिषद हॉल व गांव बढखालसा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान 16 अक्टूबर तक चलने वाले आठवें पोषण माह की भी शुरूआत की गई।कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि नारी स्वस्थ होगी तो परिवार मजबूत होगा और परिवार मजबूत होगा तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सभी योजनाएं महिलाओं को स्वस्थ, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुई हैं। बढखालसा में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि नारी केवल घर की नहीं, बल्कि पूरे समाज की रीढ़ होती है। अगर नारी शिक्षित और स्वस्थ है तो पूरा परिवार सशक्त बनता है, और जब परिवार सशक्त होते हैं तो राष्ट्र भी शक्तिशाली बनता है। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी माताएँ और बहनें स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्मान के साथ आगे बढ़ें। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं, और हम सबकी जिम्मेदारी है कि इनका लाभ घर-घर तक पहुँचाएं। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिभाषण भी सुना।

# चोरी की कार खरीदनें व बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने चोरी की कारे खरीदनें व बेचने के आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम की टीम ने चोरी की कारे खरीदनें व बेचने के आरोप में मोक्ष बंसल वासी शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 4 कार बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम प्रभारी पीएसआई जसबीर सिंह के दिशा-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक प्रवीन कुमार, सहायक उप निरीक्षक अरविन्द कुमार, सिपाही संजीव कुमार व होमगार्ड नीरज व रोहित की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में एंटी व्हीकल थेफ्ट में मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली मोक्ष बंसल वासी शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र कुरुक्षेत्र एरिया में चोरी की गई कारों की नंबर प्लेट बदलकर उनको बेचने व खरीदने का काम करता है।

# राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर आयुर्वेदिक एवं योग आधारित शिविरों का किया आयोजन: डॉ. राम अवतार



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सोनीपत जिले के विभिन्न स्थलों पर 8 वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर, आयुर्वेदिक औषधि वितरण, पौधारोपण, पौधों का वितरण एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान शामिल रहे। साथ ही आयुष चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से आहार एवं जीवनशैली परामर्श, योगाभ्यास तथा रोगानुसार योग की जानकारी दी गई।जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार ने शिविरों का निरीक्षण करते हुए कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार व सशक्त समाज की नींव है।

यदि महिलाएँ संतुलित आहार, योगाभ्यास और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएँ तो परिवार और समाज दोनों ही निरोगी बन सकते हैं। उन्होंने आयुष चिकित्सकों व योग सहायकों को इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे लाभान्वित करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में सोनीपत जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर आयुर्वेदिक एवं योग आधारित शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया।

# गन्नौर के गांव शेखपुरा के क्रिकेट ग्राउंड पर हुआ एचसीसीएल के सीजन-4 का आगाज



सीजन-4 के शुभारंभ पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने पहुंचकर बढ़ाया खिलाड़ियों का हौंसला

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गन्नौर के गांव शेखपुरा के क्रिकेट ग्राउंड पर मंगलवार रात हरियाणा सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (एचसीसीएल) के सीजन-4 को आगाज हुआ। सीजन-4 के शुभारंभ अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम ही नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को पहचान और अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीत-हार खेल का हिस्सा है, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही है जो मैदान में पूरी मेहनत और ईमानदारी से खेलता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों में करियर बनाने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में भी योगदान दें।इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, भाजपा नेता निशांत छोक्कर, समाजसेवी व वर्मा लैब के डायरेक्टर प्रवीण वर्मा सहित हरियाणा के महान कलाकार व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।जिला प्रशासन की टीम में मुख्य रूप से जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम, डीआईओ विशाल सैनी, एडीआईओ विजय बल्हारा, मंजीत दहिया सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# दिविता की हीर एक्सप्रेस ने बिखेरा जादू, माता-पिता, दादा-दादी पूरे परिवार के साथ लोग आ रहे हैं सिनेमा

बच्चे स्कूल से तो दादा-दादी मंदिर-गुरुद्वारे से सीधे पहुंच रहे हैं थिएटर। निर्देशक का दावा, साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म ने खींचा पूरे परिवार का ध्यान। हीर एक्सप्रेस ने पकड़ ली है तेज रफ्तार, लोगों ने कहा असली फैमिली मूवी। फिल्म मेकर्स के मूवी बोनांज़ा ऑफर्स ने राह बनाई आसान।

[illegible]







अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email: arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

I, Simple (Old Neme) (SSC Mark List) R/o #4002, Sector 46, Chandigarh-160047 here by declared that I have changed my name as Shilpa Aggarwal (Aadhar Card) W/o Vikas Aggarwal.
एपी-4701

**मैं,** प्रमोद कुमार पुत्र श्री रविंदर कुमार निवासी मकान नंबर 391, वृद्ध आश्रम के सामने, बोह (27), जिला अंबाला (हरियाणा) घोषणा करता हूं कि मैंने अपने नाबालिग बेटे का नाम गौरांश से बदलकर गौरांश वर्मा रख लिया है।
एपी-4702

**मैं,** अर्पिता पंचाल पुत्री यशपाल निवासी #555/B-2, शिव कालोनी, नजदीक शिव मंदिर, पिंजौर (पंचकूला) ने अपना नाम अर्पिता से बदलकर अर्पिता पंचाल रख लिया है। भविष्य में मुझे अर्पिता पंचाल के नाम से जाना पहचाना जाए।
एपी-4703

**मैं,** गुरबचन कौर पुत्री एस. जसवंत सिंह, पत्नी श्री जितेंद्र सिंह पुरी निवासी #3404 सेक्टर 23-डी चंडीगढ़ ने अपना नाम गुरबचन कौर से बदलकर गुरचरण कौर पुरी कर लिया है।
एपी-4704

**मैं,** Jitinder Chaudhary S /o Kirpal Chaudhary निवासी मकान नं. 1882 विकास नगर मौली जगरान चंडीगढ़ ने अपना नाम Jitender Chaudhary से बदलकर Yoginder Chaudhary रख लिया है।
एपी-4705

**मैं,** संजीव कुमार पुत्र श्री घनश्याम दास, निवासी मकान नंबर 512, आहता जैन मंदिर, डी.एस.पी. ऑफिस के पास, कालका, तहसील कालका, जिला पंचकुला (हरियाणा), यह घोषणा करता हूँ कि संजीव कुमार और संजीव कौशिक दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे हैं।
एपी-4707

**मैं,** नरेश कुमार पुत्र श्री दयाकिशन निवासी गांव हाट, तह. सफीदों जिला जीन्द बयान करता हूं कि मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम चिनमय से बदलकर चिराग रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को चिराग के नाम से जाना व पुकारा जाए।
एपी-4708

**मैं,** जसनीब कुमार पुत्र जगीर सिंह निवासी ग्राम खेड़ा तिगरी, थानेसर, कुरूक्षेत्र हरियाणा सूचित करता हूं कि जसबीर सिंह और जसनीब कुमार एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

**मैं,** चुन्नू पुत्री श्री विक्रांत पटियाल निवासी मकान नंबर 861/1, सेक्टर 41-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम चुन्नू से बदलकर अरशिया रख लिया है।

**मैं,** शेखर चंद्र बुधानी पुत्र श्री जीवन चंद्र बुधानी निवासी मकान नंबर बी3/186आर, शिवालिक विहार, नयागांव, जिला एसएएस नगर (मोहाली) पंजाब पिन कोड-140301 भारत घोषणा करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर एएफ 274109 में मेरी पत्नी का नाम गलती से कमला बुधानी लिख दिया गया है। मेरी पत्नी का सही नाम कविता बुधानी है।

**मैं,** कविता बुधानी पत्नी शेखर चंद्र बुधानी, निवासी मकान संख्या B3/186R, शिवालिक विहार, नयागांव, जिला एसएएस नगर (मोहाली) पंजाब, पिन कोड-140301, भारत, घोषणा करती हुं कि मेरे पासपोर्ट नंबर V8066326 में मेरे पति का नाम गलती से शेखर चंद बुधानी लिख दिया गया है। मेरे पति का सही नाम शेखर चंद्र बुधानी है।
एपी-4709

**मैं,** सुरेन्द्र पुत्र ठाकुर सिंह निवासी गांव देवीगढ़ जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम सुरेन्द्र से बदलकर सुरेन्द्र सिंह रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-4710

मैं चन्द्रमा प्रसाद पुत्र रामकिशुन वासी मकान नं. 4-5, स्ट्रीट नं.7, नजदीक शिव मंदिर, जसपाल कॉलोनी, कानेजा नूरवाला, डाक नूरवाला लुधियाना ने अपना नाम बदलकर चन्द्रमा रखा है।

**मैं,** रूपांशी मदान पत्नी मनीष कुमार वासी मकान नं. 288 न्यू राम नगर, करनाल ने अपना नाम बदलकर रूपांशी मदान से रूपांशी रखा है, शादी के बाद।

**मैं,** शैलेंदर कुमार पुत्र सुदर्शन कुमार वासी मकान नं 307/3409, जीवन नगर, हंसी रोड, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर शैलेंदर मुंजाल से शैलेंदर कुमार रखा है।

**मैं,** ANGOORI देवी पत्नी रामपाल सिंह निवासी मकान न0 91, एकता कॉलोनी करनाल ने अपना नाम ANGOORI देवी से बदलकर ANGURI देवी रख लिया है।
एपी-4711

**मैं,** मीरा देवी पत्नी राजेश सिंह मकान नं. 336, हल्लोमाजरा, चंडीगढ़ निवासी ने अपना नाम रीना देवी से बदलकर मीरा देवी रख लिया है।
एपी-4713

**मैं,** निर्मल पत्नी श्री ब्रजेश कुमार निवासी बड़ा गांव, मकान न. 575ए, जिला करनाल बयान करती हुँ कि मैंने अपना नाम निर्मल देवी से बदलकर निर्मल रख लिया है। भविष्य में मुझे निर्मल नाम से जाना जाए।
एपी-4714

**मैं,** रितु गर्ग पत्नी अनिल गर्ग, अव्या की माता निवासी मकान नंबर 925 परेड मौहल्ला, कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम अव्या से बदल कर अव्या गर्ग रख लिया है।

**मैं,** सरस्वती पत्नी चिंटा पटेल निवासी #785 स्मॉल फ्लैट्स, धनास, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सुभावती देवी रख लिया है।
एपी-4715

**मैं,** संतोष रानी पत्नी चिमन सिंह निवासी काठगढ़ तहसील जलालाबाद जिला फाजिल्का घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरा नाम संतोष रानी दर्ज है जबकि मुझे घर पर तोशा रानी के नाम से बुलाया जाता है। तोशा रानी और संतोष रानी एक ही औरत के दो नाम हैं। अब मुझे संतोष रानी के नाम से जाना जाएगा।
एपी-4716

It is for general information that I, TEJASVI SAINI S/O RAJENDER PAL Residence of 117 A/14, Near Convent School, Kailash Nagar, Thanesar, Kurukshetra, Haryana-136118, declare that name of my father and my mother have been wrongly written as RAJINDER SAINI and SUMAN in my 10th and 12th class CBSE mark sheet . The actual name of my father and my mother is RAJENDER PAL and SUMAN BALA respectively. This may be amended accordingly.
एपी-4717

**मैं,** विलासा पत्नी सहाब राम निवासी 397, वार्ड नम्बर 4, अर्बन एस्टेट, सेक्टर 2, कुरुक्षेत्र, हरियाणा -136118 ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना नाम विलासा से माया रख लिया है।
एपी-4717

I Smitarani Dash W/O: Biswajit Dash, HOUSE NO-33-B, STREET NO-1, SHIV VIHAR, Gurgaon, Gurgaon, Haryana-122001 have changed my name from Smitarani Dash to Smitarani Brahma
एपी-4708

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जखवाला में ट्यूबवैल पर जलकर्मी की नियुक्ति हेतु खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी पिहोवा के कार्यालय में दिनांक 18-09-2025 से 27-09-2025 तक कार्य दिवस वाले दिन आवेदन पत्र जमा करवा सकते है।

**मैं,** श्रीमति सन्तोष देवी विधवा श्री चमेल सिंह निवासी गांव साकरा जिला कैथल की निवासी हूँ। मैंने एक रजि. वसीका नं. 4721 दिनाक 15-1-2007 दर्ज करवाई थी जिसकी मलकियत रामफल पुत्र मुन्शी के वारसान ओमी देवी विधवा व नरेश रानी कुसुम रानी, माफी रानी. रीतू पुत्रियाँ व साहिल कुमार पुत्र रामफल पुत्र मुन्शी के नाम दर्ज है। उक्त वसीका का इंतकाल फैसला तहसील कार्यालय में सुनिश्चित किया जाना है। अगर किसी वारसान को एतराज हो तो 7 दिन के अन्दर तहसील कार्यालय कैथल में हाजिर हो।
एपी-4719

**मैं,** भुवनेश्वर पुत्र भगत राम, गली नंबर 6, बाबा फरीद नगर बठिंडा ने अपने बेटे का नाम अक्षित से बदलकर अक्षित रतूड़ी रख लिया है।
एपी-4708

I, SHOBHA NARASANNAVAR am mother of No 16125817P Rank SPR Name YALLAPPA NARASANNAVAR present residing at 161 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from SHOBHA to SHOBHA NARASANNAVAR.

I, BASAVANNEPPA NARASANNAVAR am father of No 16125817P Rank SPR Name YALLAPPA NARASANNAVAR present residing at 161 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from BASAVANNEPPA to BASAVANNEPPA NARASANNAVAR.

**मैं,** माया ए, सैन्य संख्या- 14841307X रैंक- हवलदार (DVRSPLVEH) नाम- अरुण एम एस की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ। वर्तमान में यूनिट- 952 टीपीटी कंपनी एएससी टाइप 'ए' में तैनात है स्थायी पता- गीता भवन, वरिंजम, अदुथला पी.ओ., कल्लुवथुक्कल, कोल्लम, केरल- 691579 घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 08/06/1985 से 22/03/1985 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219011, दिनांक- 17/09/2025

**मैं,** मधुसूदनन पिल्लई एम सैन्य संख्या- 14841307X रैंक- हवलदार (DVRSPLVEH) नाम- अरुण एम एस का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 952 टीपीटी कंपनी एएससी टाइप 'ए' में तैनात है स्थायी पता- गीता भवन, वरिंजम, अदुथला पी.ओ., कल्लुवथुक्कल, कोल्लम, केरल- 691579 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/07/1956 से 15/05/1952 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 216733, दिनांक- 17/09/2025

**मैं,** सोभानकुमारी जे सैन्य संख्या- 14841307X रैंक- हवलदार (DVRSPLVEH) नाम- अरुण एम एस की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 952 टीपीटी कंपनी एएससी टाइप 'ए' में तैनात है स्थायी पता- गीता भवन, वरिंजम, अदुथला पी.ओ., कल्लुवथुक्कल, कोल्लम, केरल- 691579 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/07/1968 से 08/04/1960 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 216731, दिनांक- 17/09/2025

**मैं,** सोभना कुमारी सैन्य संख्या- 14841307X रैंक- हवलदार (DVRSPLVEH) नाम- अरुण एम एस की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट में तैनात- 952 टीपीटी कंपनी एएससी टाइप 'ए' में तैनात है स्थायी पता- गीता भवन, वरिंजम, अदुथला पीओ, कल्लुवथुक्कल, कोल्लम, केरल- 691579 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सोभना कुमारी से बदलकर सोभनाकुमारी जे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 216730, दिनांक- 17/09/2025

**मैं,** मधुसूदन पिल्लई सैन्य संख्या 14841307X रैंक- हवलदार (DVRSPLVEH) नाम- अरुण एम एस का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट में तैनात- 952 टीपीटी कंपनी एएससी टाइप 'ए' में तैनात है स्थायी पता- गीता भवन, वरिंजम, अदुथला पीओ, कल्लुवथुक्कल, कोल्लम, केरल- 691579 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना मधुसूदन पिल्लई से बदलकर मधुसूदन पिल्लई एम कर लिया है। शपथ पत्र संख्या-11एए 216732, दिनांक- 17/09/2025
एपी-4721

## बेदखली सूचना

**मैं,** जमेर चंद पुत्र बखतावर निवासी मकान नं. 2/141, वार्ड नं. 2, डा. रोड, तेलियान मोहल्ला, छछरौली, यमुनानगर अपने पुत्र निशांत कुमार व उसकी पत्नी नीरु देवी को मेरे कहने -सुनने से बाहर होने पर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन- देन की जिम्मेवारी मेरी/मेरे परिवार की नहीं होगी।
एपी-4706

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**मैं,** रणधीर सिंह पुत्र श्री उमेद सिंह निवासी गांव बनवासा, तह. गोहाना, सोनीपत में अपने लड़के राहुल और उसकी पत्नी किरण बाला को अपनी तमाम चल अंचल संपत्ति से बेदखल करता हूं क्योंकि यह मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-4708

हम लश्कर सिंह पुत्र केवल सिंह और परमजीत कौर पत्नी लश्कर सिंह, निवासी मकान नंबर 1444/22, सेक्टर 29-बी, चंडीगढ़ सूचित करते हैं कि हमारा बेटा दविंदर सिंह और उसकी पत्नी बलजीत कौर हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए हम इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** आशा रानी पत्नी स्वर्गीय श्री मंगत राम जग्गी, निवासी मकान नंबर 3084, सेक्टर 20-डी, चंडीगढ़ सूचित करती हूँ कि मेरा बेटा भूपिंदर जग्गी और उसकी पत्नी पूजा जग्गी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-4709

**मैं,** धनीराम पुत्र श्री तेलू राम निवासी प्लॉट न.103, गर्ग आटा चक्की के सामने वाली गली, मेहुल मेडिकोज, मंगल कॉलोनी, पार्ट-2, करनाल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नवीन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल - अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं । वह अपने लेन-देन अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मैं,** मीरा बाई पत्नी स्व. श्री करण बहादुर निवासी मकान न. 69 आर.के. पुरम, करनाल बयान करती हूं कि मेरा लड़का गगन व उसकी पत्नी काजल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। वह अपने लेन-देन, अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मैं,** सतीश कुमार पुत्र श्री रक्ष पाल निवासी चौंक वाली गली, मकान नं 512, निसिंग, करनाल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नीरज वर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने लेन-देन, अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-4712

**मैं,** नारंग खान पुत्र जना खान निवासी कल्लर भैनी, झंडी, जिला पटियाला घोषणा करत हूँ कि मेरा पुत्र सलमान खान और उनकी पत्नी नेहा मेरे नियंत्रण से बाहर हैं और अपनी मनमानी करते हैं। मैं उन्हें अपनी सारी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके साथ लेने- देने वाला कोई भी व्यक्ति खुद जिम्मेदार होगा, मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-4718

m shn isG p-qr plqm isG vsl ipf bihl lpr mhll ibAn krd hl ik mr lVk grplq isG Aq fh iedr jlq kr mr kihx q bhr hn m ahn f Apxl cl Acl jiedd q bdKl krd hl ahn nl lx dx krn vlI Kd ijmvr hvg mrl Aq mr pirvr dl kel ijmvrl nhl hvgl[
एपी-4720

**मैं,** मनोज कुमार पुत्र खुशी राम, मकान नंबर 168/24 भारत नगर नजदीक गोहाना रोड जीन्द तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरी वर्षा मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। जो कोई भी इसके साथ किसी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखता है वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-4722

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## विश्वकर्मा भगवान निर्माण एवं शिल्प के देवता तथा मेहनतकश समाज के प्रतीक

# श्रमिक वर्ग है समाज की असली रीढ: कृष्ण बेदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेवा, समर्पण और जनकल्याण के पर्याय

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग




**नरवाना, 17 सितंबर।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा न केवल निर्माण एवं शिल्प के देवता हैं, बल्कि वे मेहनतकश समाज के प्रतीक हैं , जिन्होंने अपने जीवन में यह संदेश दिया कि ईमानदारी, लगन और कर्मशीलता से हर व्यक्ति आगे बढ़ सकता है। भगवान विश्वकर्मा मेहनतकशों, कारीगरों और हस्तशिल्पियों के संरक्षक थे। उनकी शिक्षाओं में पाया जाता है कि समाज के सबसे जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोग ही देश और प्रदेश की असली ताकत हैं।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बुधवार को रोड एलआईसी स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में विश्वकर्मा राजमिस्त्री संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह भव्य आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में कारीगर, राजमिस्त्री, समाजसेवी, युवा, महिलाएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आज देश में सेवा, समर्पण और जनकल्याण के पर्याय बन चुके हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं और उन्होंने सबसे ज्यादा ध्यान महिलाओं, युवाओं, गरीब तबके और श्रमिकों के सशक्तिकरण पर दिया है।

उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार पारंपरिक कारीगरों और शिल्पियों को तकनीकी प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और विपणन सुविधा प्रदान कर रही है। यह योजना भगवान विश्वकर्मा के अनुयायियों को सम्मान और स्वावलंबन का मार्ग प्रदान करेगी।

कैबिनेट मंत्री ने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। श्रमिकों, राजमिस्त्रियों, और कारीगरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग को पंचायती राज संस्थाओं में 8 प्रतिशत आरक्षण देकर नया क्रांतिकारी कदम उठाया है। इससे पिछड़ा वर्ग के लोगों को सुरक्षित राजनीतिक अधिकार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना भी श्रमिक वर्ग को सम्मान देना है। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री का पगड़ी शाल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया ।

इस अवसर पर विश्वकर्मा राजमिस्त्री एसोसिएशन के प्रधान जयप्रकाश धीमान, उप प्रधान सुभाष धीमान, टेकराम धीमान, अशोक धीमान, ऋषिपाल धीमान, ईश्वर धीमान, ओमप्रकाश थुआ , रिछपाल शर्मा, बलदेव वाल्मीकि, रमेश सैनी, रणधीर कश्यप, सतप्रकाश सैनी सहित कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक मनोज गर्ग, जसवीर नैन व मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा मौजूद रहे।

## लेबर चौक पर लड्डू बांटकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**बराड़ा (जयबीर राणा थंबड)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन लेबर विभाग के तत्वावधान में लेबर चौंक बराड़ा में लड्डू बांटकर मनाया गया जिसमें मुख्यअतिथि के तौर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डिम्पल राणा थंबड़ ने शिरकत की। मजदूर संघ व कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी के जयघोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया। डिंपल राणा ने कहा कि आज देशभर में प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया जा रहा है, जिसमें लोकहित में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मजदूरों, किसानों, व्यापारियों की सांझी सरकार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर वर्ग का सम्मान करते हैं और हर वर्ग के हित में योजनाएं लागू कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता हरजिंदर सिंह, लेबर विभाग स्टेनो दिलबाग सिंह, सुशील सिंगला, मंडल महामंत्री जसवंत सिंह, रिंकू मचल, हनी पाहवा, पवन गुप्ता, पार्षद शमशेर सिंह, पार्षद साहिल चावला, पार्षद सोहन प्रजापत, पार्षद संदीप कोहरा, डिम्पल गर्ग, सचिन सेठी, वरुण सिंगला तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जींद पुलिस का संकल्प 'नशामुक्त युवा, भयमुक्त समाज'

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 17 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह भा.पु.से. ने गांव रामकली में ग्रामवासियों को नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि ÷जींद पुलिस ने नशे को जड़ से खत्म करने की ठान ली है। हमारा मकसद सिर्फ आंकड़े बनाना नहीं, बल्कि युवाओं को नशे की अंधेरी दुनिया से निकालकर उज्ज्वल भविष्य की राह पर ले जाना है। जब युवा नशे की गिरफ्त से बाहर निकलते हैं तो वे शिक्षा, सेवा, खेल और सकारात्मकता की राह पर चलते हैं। ऐसे युवा समाज में शांति, सहयोग और सुरक्षा का माहौल बनाते हैं। पुलिस अधीक्षक जींद ने ग्रामिणों को संबोधित करते हुए कहा कि - नशा समाज का शत्रु है ÷नशा सिर्फ शरीर को बीमार नहीं करता, यह परिवार को तोड़ता है और समाज में अपराध व हिंसा को जन्म देता है। जींद पुलिस ने हर घर तक संदेश पहुँचाया है कि नशे से बड़ा दुश्मन कोई नहीं है ।÷ यही वह स्थिति है, जब हम भयमुक्त समाज का सपना साकार कर सकते हैं। जब युवा नशामुक्त होंगे तो समाज अपने आप भयमुक्त और सुरक्षित बनेगा ।÷

पुलिस अधीक्षक जींद ने बताया कि अब तक 195- गाँवों का सर्वे किया गया, 1523- नशा पीड़ितों की पहचान हुई, 5- नशा मुक्ति केंद्र संचालित हैं, 120- गाँव और 24 - वार्ड, कुल 144 -क्षेत्र ड्रग्स फ्री घोषित किए गए, 543- कार्यक्रम और 25- विशेष कैंप आयोजित किए गए है , 788 -पीड़ितों ने कैंपों में भाग लिया, जिनमें से 616-नशा पिडितों की काउंसलिंग हुई, 907- नशा पीड़ितों को दवा उपलब्ध करवाई गई है, 195- युवा पूरी तरह नशा छोड़ चुके हैं, व अब तक 1,69,015 नागरिकों को जागरूक किया गया है।

साइबर अपराध के बारे में पुलिस अधीक्षक जींद ने ग्रामिणों को सचेत करते हुए कहा कि ÷आज साइबर अपराध सबसे बड़ा खतरा है। ठग नए-नए तरीके अपनाकर भोले-भाले लोगों को फँसा रहे हैं। मेरी आप सबसे अपील है कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें, किसी कॉल पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### रोड महासभा के डलीगेट के रूप में वलविंदर सिंह सर्वसम्मति से निर्वाचित



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** हरियाणा में हुए रोड़ महासभा के चुनावों में वार्ड क्रमांक 75 से समाजसेवी वलविंदर सिंह निर्विरोध डेलीगेट के रूप में निर्वाचित हो गए। उनके साथ इस बार नई पंरपरा निभाते हुए तीन सौ में से लगभग 60 सदस्य सर्वसम्मति से निर्वाचित हो गए। वलविंदर सिंह दूसरी बार डेलीगेट के रूप में निर्वाचित हुए हैं। वलविंद्र सिंह ने बताया कि वह नीलोखेड़ी हलके के डावरथला गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि उनके विरोध में किसी ने भी पर्चा नहीं भरा इस लिए उन्हें नामंकन भरने की मियाद समाप्त होने के बाद उन्हें सर्वसम्मति से निर्वाचित कर दिया। उन्होंने बताया कि वह चाहते हैं कि प्रधान भी सर्वसम्मति से बनना चाहिए। उन्होंने बताया कि वह अपने सभी समर्थकों के प्रति आभारी हैं। जिन्होने उनको समर्थन दिया। उनकी प्राथमिकता युवा को शिक्षा और रोजगार देने के लिए काम करना हैं।

### निफा का युवा उत्सव 21 से 24 तक




**करनाल (अप्रस)।** सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फ़ोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर 21 से 24 सितंबर तक भव्य युवा उत्सव आयोजित कर रही है। इसमें देश के हर जिले से आए लगभग 1600 युवा सामाजिक कार्यकर्ता और कलाकार शामिल होंगे। 21 सितंबर को दिल्ली के भारत मंडपम में उद्घाटन कार्यक्रम होगा, जबकि 22 सितंबर को करनाल में 'एक शाम भारत–मॉरीशस दोस्ती के नाम' आयोजन किया जाएगा। इसमें मॉरीशस के राष्ट्रपति अपनी धर्मपत्नी सहित विशेष अतिथि होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी शामिल होंगे। निफा द्वारा जिले, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ युवाओं को अवार्ड दिए जाएंगे, जिनमें नगद पुरस्कार भी शामिल है। साथ ही 'भारत के 51 प्रतिष्ठित युवा उद्यमी' नामक कॉफी टेबल बुक का विमोचन होगा। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को स्टार्टअप्स व सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करना और भारत–मॉरीशस संबंधों को सशक्त करना है।

### श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से मिलता है पुण्य

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** श्रीमद्भागवत कथा के कथावाचक शुकदेव आचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से ही पुण्य मिलता है। इसके श्रवण, मनन व चिंतन मात्र से जीव इस लोक को ही नहीं समस्त सूखो को भोगता है। साथ ही मृत्यु उपरांत पारलौकिक सूखों की भी प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जो पुण्य हमें गंगा स्नान करने, काशीवास करने, जीवन पर्यंत तीर्थों पर भ्रमण करने से प्राप्त होता है। वह पुण्य अनायास ही श्रीमद्भागवत के श्रवण करने से मिल जाता है। इसलिए हमें श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। कथावाचक शुकदेव आचार्य बुधवार को लाडवा के वार्ड नंबर 12 स्थित राधा–कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं को कथा सुना रहे थे। कथा प्रतिदिन दोपहर बाद 3 से 6 बजे तक होती है। कथा का समापन 21 सितम्बर को विशाल भंडारे के साथ होगा। बुधवार की कथा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा का आनंद उठाया। कथा के समापन पर प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर सोनू शर्मा, रोहित शर्मा, राकेश, गणेश शर्मा, राम कुमार, सतीश कुमार सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

### रामलीला में अशोक वाटिका का भव्य मंचन



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** जय भारत कला मंच द्वारा गत रात्रि आयोजित रामलीला के अंतर्गत अशोक वाटिका का भव्य मंचन दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। इस भव्य आयोजन में मुख्यातिथि के रूप में वामन द्वादशी मेला समिति के सदस्य रहे। सभी सदस्यों ने प्रभु श्रीराम की आरती कर रामलीला का शुभारंभ किया और भगवान श्रीराम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि राम भारत का आधार हैं और उनके बिना मानवता की कल्पना असंभव है। मंचन में हनुमान की भूमिका में विजय वधावन ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। माता सीता की भूमिका में संकेत ने रावण के सामने अपनी दमदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसकी खूब चर्चा रही। अशोक वाटिका का दृश्य अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें दर्शकों को केले और सेब का प्रसाद वितरित किया गया। लंका दहन के दृश्य को वीएफएक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नवीनतम तकनीकी उपयोग से जीवंत बनाया गया, जिसे देखकर दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। जय भारत कला मंच द्वारा इस वर्ष रामलीला का आयोजन नए और प्रभावशाली तरीके से किया गया, जिसकी चर्चा न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि देश–विदेश में भी हो रही है। इस अवसर पर मंच के सभी सदस्य भी मौजूद थे।

## किसानों को पराली प्रबंधन के लिए किया जाए जागरूक: एसडीएम शिवजीत भारती

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 17 सितंबर।** एसडीएम शिवजीत भारती की अध्यक्षता में आज एसडीएम कार्यालय के मीटिंग हॉल में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर उपमण्डल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पुलिस उप-अधीक्षक नारायणगढ़ सूरज चावला, नायब तहसीलदार संजीव अत्री, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी जोगेश कुमार, सहायक गन्ना विकास अधिकारी, उपमण्डल कृषि अधिकारी डॉ. नरेश, विषय विशेषज्ञ (सस्य), विषय विशेषज्ञ (पौ.सं.), नारायणगढ़ एवं शहजादपुर थाने के पुलिस अधिकारी, खण्ड कृषि अधिकारी, खण्ड प्रौद्योगिकी प्रबंधक शहजादपुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि धान की कटाई शुरू हो चुकी है। कटाई के बाद किसान अपने खेतों को रबी फसलों - आलू, तोरिया और गेहूं के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रेरित करें कि वे आवंटित गांवों में जाकर कैंपेनींग, मुनादी, नुक्कड़ सभाओं, स्कूल व कॉलेज व्याख्यानों का आयोजन कर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन योजनाओं के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिव/पटवारी/नम्बरदार तथा सरपंच सहित ग्राम पंचायत सदस्य अपने-अपने गांवों में किसानों को इस बारे में जागरूक करें कि वे धान की कटाई के उपरांत पराली अथवा फसल के अवशेषों में आग न लगाये।

## शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ स्वदेशी संकल्प यात्रा का आगाज

# स्वदेशी अपनाकर ही बन सकता है सशक्त और समृद्ध भारत

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 17 सितंबर।** स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत हर घर स्वदेशी हर युवा उद्यमी के संदेश को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी संकल्प यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस संकल्प यात्रा का आयोजन अखिल भारतीय पूर्णकालिक स्वदेशी जागरण मंच के प्रमुख सतीश चावला तथा हरियाणा प्रांत की सह महिला प्रमुख श्रुति कांबोज के नेतृत्व में किया गया। यात्रा में विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित छात्र-छात्राएं, महिलाएं, व्यापारी वर्ग तथा गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ शहीद उधम सिंह चौक से हुआ, नया बाजार से होती हुई बाल्मीकि चौक पर सम्पन्न हुई। संकल्प यात्रा के दौरान देशवासियों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, आत्मनिर्भरता, और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया।हरियाणा प्रांत की सह महिला प्रमुख श्रुति ने कहा स्वदेशी अपनाकर ही हम एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं। यह यात्रा केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने भी स्थानीय लोगों से अपील की कि वे विदेशी वस्तुओं का त्याग कर भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दें, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें। इस अवसर पर उनके साथ सतीश कुमार, सुरेश पूरी, डॉ नीरा, डॉ सरोज चावला, डॉ श्रुति कंबोज, डॉ के के चावला, डॉ हंस राज, तारा चन्द, पुर्षोतम, संजय कंबोज, डॉ प्रदीप वत्स, सुरेंदर, नीरज कुमार, डॉ दीपक, भजन लाल, रितिका, हर्ष, विमल चावला, वंदना चावला आदि काफी संख्या में लोगो मौजूद रहे।

## लाडवा में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान की शुरुआत, सुमन सैनी ने किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 17 सितंबर।** हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि जब नारी स्वस्थ होती है तो परिवार, समाज व राष्ट्र सशक्त होता है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ आगे बढ़ें और लाडवा से पूरे देश को यह संदेश दें कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार और श्रम का सम्मान ही विकसित भारत की सच्ची नींव है।

सुमन सैनी बुधवार को लाडवा की रामकुंडी में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के शुभारंभ पर बोल रही थी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों ने हनुमान चालीसा का उच्चारण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया और सुमन सैनी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया। लाडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सक डा.कृष्ण कांत ने ने शिविर के बारे में बताया कि शिविर में सबसे पहले हेल्प डेस्क लगाया गया है। इसके बाद रजिस्ट्रेशन और व्यक्ति के स्वास्थ्य अनुसार बीपी, शुगर, एचबी के टेस्ट किए जा रहे हैं। हड्डी, डेंटल और स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच की जा रही है। जरूरतमंद को दवाई भी वितरित की गई। इसके अलावा आयुष्मान मित्र का भी स्टाल लगाया गया।

आज हम स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ भी कर रहे हैं। इसका संदेश अत्यंत स्पष्ट है, जब नारी स्वस्थ होती है तो परिवार सशक्त होता है और जब परिवार सशक्त होता है तो समाज और राष्ट्र सशक्त होता है।

## सभी कर्मचारियों के हित में करेंगे कामः सतबीर देसवाल

**बराड़ा(जयबीर राणा थंबड)।** बुधवार को सब डिवीजन बराडा में एचएसईबी वर्कर यूनियन और सब यूनिट बराडा के आह्वान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नवनियुक्त सर्कल सचिव सतबीर देसवाल मुख्यतिथि रहे। मंच का संचालन जॉइंट सेक्टरी अमन ने किया। कर्मचारियों ने सर्कल सचिव सतबीर देसवाल का स्वागत किया। सतबीर देसवाल ने सभी का मान सम्मान करने के लिए धन्यवाद किया और सभी कर्मचारी साथियों को एक साथ लेकर चलने का आश्वासन दिया और सभी कर्मचारी साथियों का जो भी कार्य होगा उसका प्राथमिकता से करवाने का आश्वासन दिया। सर्कल के सभी साथियों कोग एकजुट रखा जाएगा। इस अवसर पर सब यूनिट बराड़ा से प्रधान दीपक शर्मा, सचिव गोबिंद, उप प्रधान प्रिंस बक्सी, कैशियर संजीव खेतरपाल, संगठनकर्ता शिव चरण, चेयरमैन राजेश थंबड़, मंनिद्र फोरमैन, कर्मचंद फोरमैन, राजबीर जे ई, पारुल जे ई, यशपाल जे ई, राजेश फोरमैन, प्रदीप सेहला एचडीसी, रण सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**टोहाना, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गांव तलवाड़ा स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धापूर्वक सुखमनी साहिब जी का पाठ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने माथा टेककर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की अरदास की।इस अवसर पर सांसद बराला ने स्वयं झाड़ू लगाकर गाँव में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही शहीदों और भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। ग्रामीणों ने भी प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र सेवा में निरंतर सक्रिय रहने की कामना की। सांसद बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया है। उनका जीवन राष्ट्र सेवा, गरीब कल्याण और सबका साथङ्कसबका विकास की नीति को समर्पित है। उन्होंने कहा कि सेवा ही संकल्प है और सेवा के माध्यम से ही समाज को नई दिशा मिलती है।

## रोहित गुप्ता और नमिता कुमारी विदेशी आर्थिक गतिविधि समिति के सदस्य नियुक्त

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 17 सितंबर।** डॉ विदेशी आर्थिक गतिविधि समिति (ब्रिक्स) ने यूरेशिया एफ्रो चैंबर ऑफ कॉमर्स के वैश्विक अध्यक्ष, डॉ. रोहित गुप्ता को औपचारिक रूप से विस्तारित जिम्मेदारियों के साथ नेतृत्व हेतु नियुक्त किया है।वर्तमान में यूरेशिया एफ्रो चैंबर ऑफ कॉमर्स 41 देशों में सक्रिय रूप से काम कर रहा है, और सभी महाद्वीपों में फैले 225 से अधिक सदस्यों का एक मजबूत नेटवर्क है।डॉ. रोहित गुप्ता का नामांकन किर्गिज़स्तान टीम द्वारा किया गया और रूसी संस्था द्वारा इसकी आधिकारिक घोषणा की गई।आपको बता दें कि विदेशी आर्थिक गतिविधि समिति अपने ढांचे का विस्तार और सुधार कर रही है ताकि मज़बूत प्रबंधन और व्यापक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।यूरेशिया एफ्रो चैंबर ऑफ कॉमर्स, भारत गणरा'य के अध्यक्ष डॉ. रोहित के. गुप्ता के साथ साथ भारत की ही सुश्री नमिता कुमारी को भी सदस्य नियुक्त किया गया है। यह बोर्ड विदेशी आर्थिक गतिविधि समिति के कार्यक्रमों और निर्णयों की देखरेख करता है और साथ ही गतिविधियों में पारदर्शिता और पर्यवेक्षण सुनिश्चित करता है। इसके अलावा सरकारों, कॉर्पोरेट्स और वैश्विक संगठनों के साथ सहयोग को मज़बूत करना, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, व्यापार और निवेश के लिए रणनीतिक सुधारों का प्रस्ताव करना भी इसके कार्यों में शामिल है। डॉ रोहित गुप्ता ने अपनी और सुश्री नमिता कुमारी की नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इस कदम के साथ वैश्विक व्यापार, मानवीय सहयोग और सतत विकास के लिए एक मज़बूत और अधिक समावेशी ढाँचे का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे समूचे वैश्विक व्यापार को और भी मजबूती मिलेगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया विशाल रक्तदान शिविर

# रक्तदान से न केवल जीवन बचता है, बल्कि यह समाज के प्रति व्यक्ति की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को भी दर्शाता: कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जीटी रोड स्थित गौशाला मंदिर हाल में महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शिविर में पहुंचे रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें रक्तदाता बैज पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्त से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान से न केवल जीवन बचता है, बल्कि यह समाज के प्रति व्यक्ति की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को भी दर्शाता है। उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से रक्तदान कर समाज सेवा में योगदान दें।

महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मंत्री कृष्ण लाल पंवार का शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को समाजसेवा को समर्पित करते हुए यह शिविर आयोजित किया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान की प्रेरणा लें और जरूरतमंदों की मदद हो सके।

समाचार लिखे जाने तक शिविर में 450 से अधिक रक्तदाताओं ने भाग लेकर रक्तदान किया था। इनमें कई नियमित रक्तदाता भी शामिल थे। 25वीं बार रक्तदान करने वाले डोनर अमित ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जब उनका रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने में काम आता है तो उन्हें आत्मिक संतोष और गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक पुण्य कार्य है, बल्कि यह स्वस्थ जीवन जीने की ओर भी प्रेरित करता है।

शिविर में बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक संगठनों के सदस्य और आमजन शामिल हुए। आयोजन स्थल पर उत्साह और सेवा की भावना स्पष्ट झलक रही थी। रक्तदाताओं के लिए आवश्यक स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई थी और उन्हें पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने संकल्प लिया कि रक्तदान को समाज सेवा का महाअभियान बनाकर इसे निरंतर जारी रखा जाएगा।

# नवरात्रि दुर्गा पूजा पर करें इन मंदिरों के दर्शन मां दुर्गा पूरी करेंगी हर मनोकामना

नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है और उनकी कृपा पाने के लिए अधिक शुभ माना गया है। वैदिक पंचांग के मुताबिक इस बार 22 सितंबर 2025 से शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। नवरात्रि का पर्व बेहद खास माना जाता है और हर जगह पर अलग-अलग तरीकों से नवरात्रि का सेलिब्रेशन होता है। वहीं भारत में कई ऐसे मंदिर हैं, जहां पर नवरात्रि के पर्व को बेहद भव्य तरीके से मनाया जाता है।

नवरात्रि के मौके पर गरबा, डांडिया और भव्य पंडाल सजाए जाते हैं। जिससे रौनक और भी कई गुना बढ़ जाती है। वहीं भारत में कई ऐसे मंदिर हैं, जोकि नवरात्रि पर दुर्गा पूजा के लिए काफी फेमस हैं। यहां पर आपको नवरात्रि का रंग सबसे ज्यादा देखने को मिलता है। ऐसे में अगर आप भी इस नवरात्रि को खास तरीके से मनाना चाहती हैं। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर दुर्गा पूजा के मौके पर दर्शन के लिए जा सकते हैं।



**कालीघाट मंदिर, कोलकाता, पश्चिम बंगाल**

कोलकाता की दुर्गा पूजा काफी ज्यादा भव्य तरीके से होती है। इस दौरान यहां का नजारा एकदम अलग होता है। नवरात्रि के मौके पर शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहता है। इस खूबसूरत राज्य में हर जगह मां दुर्गा के पंडाल लगते हैं, इस दौरान महिलाएं विशेष रूप से तैयार होती हैं। नवरात्रि पर यहां सिंदूर से होली खेली जाती है। यहां पर स्थित कालीघाट मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। इसलिए आपको नवरात्रि के मौके पर एक बार यहां जरूर आना चाहिए।

**वैष्णो देवी, जम्मू-कश्मीर**

वैष्णो देवी मंदिर भारत के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। वैष्णो देवी मंदिर में पूरे साल यहां पर भक्तों की भीड़ देखने को मिलती है। लेकिन नवरात्रि के मौके पर यहां का अलग ही नजारा होता है। माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु कठिन चढ़ाई करते हैं और 'जय माता दी' के जयकारे लगाते हैं। नवरात्रि के दिनों में मां वैष्णों के मंदिर में विशेष पूजा होती है। इसलिए इस दुर्गा पूजा में आप वैष्णों देवी मंदिर आ सकते हैं और यहां पर भक्तों के लिए विशेष भंडारे और जागरण होते हैं।

**विंध्याचल धाम, उत्तर प्रदेश**

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में स्थित विंध्यवासिनी देवी मंदिर भी नवरात्रि के मौके पर एक अलग तरीके से सजाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर मां विंध्यवासिी अपने श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। ऐसे में इस दुर्गा पूजा आप भी यहां पर दर्शन के लिए आ सकते हैं।

**अंबाजी मंदिर, गुजरात**

बता दें कि गुजरात का अंबाजी मंदिर शक्ति उपासना के लिए बेहतर स्थान माना जाता है। नवरात्रि के मौके पर यहां पर विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। नवरात्रि के खास मौके पर मंदिर को दिव्य और भव्य तरीके से सजाया जाता है।

**कामाख्या देवी मंदिर, असम**

असम का कामाख्या देवी मंदिर में भी नवरात्रि के मौके पर भक्तों से भरा रहता है। कामाख्या मंदिर तांत्रिक सिद्धियों के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। यहां पर नवरात्रि के मौके पर विशेष पूजा-पाठ और यज्ञ किए जाते हैं। ऐसे में आप भी इस दुर्गा पूजा के मौके पर मंदिर आकर दर्शन कर सकते हैं।

# दूसरे सभी विचारों को छोड़ देना ही सफलता का तरीका: मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ़।** जीवन में सफलता एक सतत प्रक्रिया है, आपका एक विचार आपके सपनों को पूरा करने का दम रखता है, बशर्ते इसके पीछे आपके परिश्रम और समर्पण की सतत प्रक्रिया बनी रही हो.जीवन में सफलता एक सतत प्रक्रिया है, अचानक मिलने वाली कामयाबी या एकदम से आने वाली आपदा, नुकसान या नाकामी प्रायः कम लोगों के हिस्से में ही आती है. इससे पहले व्यक्ति को विचारों के चयन-मनन और मंथन का पूरा समय मिलता है, ऐसे में आपका एक विचार आपके सपनों को पूरा करने का दम रखता है, बशर्ते इसके पीछे आपके परिश्रम और समर्पण की सतत प्रक्रिया बनी रही हो. ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन में सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा सफलता की दौड़ में वही सबसे तेज दौड़ता है, जो सबसे अकेला या इकलौती राह पर दौड़ता है. हमेशा याद रखें सफलता के लिए किया गया आपका अपना संकल्प किसी भी दूसरे संकल्प से अधिक महत्व रखता है. यह भी एक निश्चित रूप रेखा है कि हर अच्छा कार्य पहले असंभव नजर आता है, मगर जब वह व्यक्ति के लिए सफलता का एक विचार बन जाता है तो उसके आगे से सभी परेशानियां और बाधाएं समय के साथ वह दूर होती जाती हैं। यही वजह है कि कहा गया है सफल होने के लिए सफलता की इच्छा असफलता के डर से कहीं अधिक होनी जरूरी है। सफलता का कोई निश्चित सूत्र नहीं है, फिर भी व्यक्ति के लिए इसके कुछ सजग और सार्थक नियमों के हिसाब से चलना समझदारी होगी। आचार्य विवेकानंद के मुताबिक हमें पूरे चिंतन मनन और मंथन के बाद एक विचार को ग्रहण करना चाहिए, उस विचार को अपनी जिंदगी बना लेना चाहिए, उसके बारे में सोचिए, उसके सपने देखिए, उस विचार को जीना सीखिए। आपका मन-मांसपेशियां, यहां तक कि शरीर का हर एक अंग उस विचार से भरपूर होना चाहिए. इसके अतिरिक्त दूसरे सभी विचारों को छोड़ देना ही सफलता का तरीका है। इसमें की गई कोताही ही हमें नाकामयाबी के अंधेरे में धकेल लेती है।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया एक संत के पास उनका एक शिष्य आया और उनसे पूछा, मैं कौन हूं? गुरुजी ने एक थाली में पानी भरकर कहा था इसमें अपना मुख देखोगे तो तुम अपना साक्षात्कार कर लोगे। जब शिष्य ने उसमें अपना मुख देखा तो उसे लगा कि वह अति सुंदर है, लेकिन अगले ही पल उसे महसूस हुआ कि समय के साथ उसके मुख का स्वरूप भी बदल जाएगा और तब वह इतना सुंदर नहीं रहेगा। उसी पल उसे अपने सुंदर मुख से घृणा होने लगी और वह यह बात समझ गया कि जो चीज कुछ समय बाद जीर्ण-क्षीण हो जाए वह उसका स्वरूप कैसे हो सकता है। जब व्यक्ति ह्यमैंह्न को त्यागता है तभी वह महान बनता है। मैं का त्याग तभी संभव है जब व्यक्ति खुद पर संयम रख सके। खुद पर काबू रखने वाला व्यक्ति आत्मप्रशंसा से बचता है जिससे उसमें धीरज, सेवा, शुद्धता, शांति, आज्ञा, अनुशासन और मेहनत के भाव पनपते हैं। ऐसे व्यक्ति सत्य का साथ कभी नहीं छोड़ते और मनुष्य की सेवा को ही अपना धर्म मानते हैं।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025, घर व रसोई और बाहरी उत्पादों की श्रेणियों पर 80 प्रतिशत तक की छूट

शिमला। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025, 23 सितंबर 2025 से शुरू हो रहा है और घर, रसोई तथा बाहरी उत्पादों की व्यापक रेंज पर आकर्षक डील्स लेकर आ रहा है। प्राइम सदस्यों के लिए यह सेल 24 घंटे पहले शुरू हो जाएगी। ग्राहक रोबोटिक वैक्यूम्स, वाटर प्यूरीफायर, फर्नीचर, सजावट, रसोई की जरूरी चीजों और त्योहारों में रोशनी के लिए आवश्यक चीजों के साथ अपने लिविंग स्पेस को और भी सुंदर बना सकते हैं। बैंक छूट के साथ ब्रांडों से डील्स पाएँ, जिससे कई घरेलू श्रेणियों में बड़ी बचत होगी तथा इस अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में और भी बहुत कुछ मिलेगा। पावर टूल्स, सफाई की सप्लाई, बागबानी की जरूरी चीजों और कार की देखभाल से संबंधित उत्पादों पर 80 प्रतिशत तक की छूट, स्पोर्ट्स और फिटनेस गियर पर 70 प्रतिशत तक की छूट और पेट्रोल/ईवी टू-व्हीलर्स पर 26,000 रुपये तक की छूट ,घर और रसोई- खाना पकाने और परोसने के उत्पादों पर 50त्न तक की छूट, उपकरणों पर 45 प्रतिशत की छूट के साथ-साथ घरेलू सजावट, फर्नीचर, गद्दों और सुधार के उत्पादों पर 60-80 प्रतिशत की छूट है।

## अपग्रेडेड 2025 मेटीओर 350 के साथ क्रूज़िंग को एक नए स्तर पर ले जाएं

लुधियाना। रॉयल एनफील्ड, जो मिड-साइज़ मोटरसाइकिल में ग्लोबल लीडर है, उसने आज भारत में बिल्कुल नया और अपडेटेड मेटियोर 350 लॉन्च किया। सुनहरे सूरज का समय हो या घुमावदार हाइवे हो। सभी आरामदायक सफर के लिए बनाई गई मेटियोर 350 अपने खास क्रूज़र डिजाइन, स्टाइल, स्मूथ परफॉर्मेंस और आरामदायक राइडिंग के साथ मिड-साइज़ क्रूज़र सेगमेंट में अव्वल है।वर्ष 2020 में लॉन्च हुई मेटियोर 350 लंबे सफर और शहर की आसान यात्राओं के लिए एक भरोसेमंद और आरामदायक बाइक के रूप में जानी जाती है। अपने नए रूप में यह बाइक फायरबॉल, स्टेलर, ऑरोरा और सुपरनोवा वेरिएंट्स में सात नए शानदार रंगों और नए फीचर्स के साथ उपलब्ध है। 20.2 बीएचपी @6100 आरपीएम की अधिकतम शक्ति और 27 एनएम @4000 आरपीएम का अधिकतम टॉर्क देने वाले लोकप्रिय 349 सीसी एयर-कूल्ड जे-सीरीज़ इंजन द्वारा संचालित, 2025 मेट्योर 350 अपनी पूरी रेंज में कई मानक अपग्रेड के साथ आता है।

## अपने त्योहारी खर्चों को बचाएं, धोखाधड़ी को पहचानें और उसे रोकें

**शिमला।** त्योहारी मौसम आकर्षक डील्स,विशाल चयन और खरीदारी की असीमित संभावनाएं लेकर आ रहा है। इसी समय झूठे ऑफरों में भी बढ़ोतरी दिख रही है साथ ही कई प्लेटफॉर्मों पर गुमराह करने वाले संदेश प्रसारित हो रहे हैं। ऐसे में ग्राहकों को भरोसे के साथ खरीदारी करने में मदद के लिए अमेजन सभी को चौकन्ने रहने की याद दिला रहा है और बता रहा है कि आपके ऑनलाइन खरीदारी अनुभव को तहस.नहस करने वाले बुरे तत्वों से खुद को बचाकर रखें। चाहे संदेश विशेष त्योहारी डील का हो, त्वरित खाता पुष्टिकरण के लिए कहा गया हो या कोई संदेहास्पद लिंक जो अमेजन या किसी अन्य शापिंग वेबसाइट से भेजे जाने का दावा करता हो खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे इस पर क्लिक करने,इसे शेयर करने या इसके जरिये किसी तरह का भुगतान करने से पहले कुछ पल विचार लें। ग्राहकों का भरोसा बनाए रखने और उनकी ऑनलाइन शापिंग को सुरक्षित रखने के लिए अमेजन इंडिया ने घोटाला मुक्त सितंबर मनाने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के साथ साझेदारी की है।

## राजस्थान से बाहर की इकाइयों द्वारा 'बीकानेरी भुजिया' जीआई टैग के दुरुपयोग पर अदालत ने रोक लगाई

**सोनीपत।** माननीय जिला न्यायालय, पटियाला हाउस, नई दिल्ली ने बीकानेर के एक प्रमुख निर्माता, बीकानेर भुजिया उद्योग संघ को 'बीकानेरी भुजिया' के जियोग्राफिकल इन्डिकेशन (जीआई) टैग की रक्षा के लिए अपनी लंबी कानूनी लड़ाई में राहत प्रदान की है। संघ ने कानपुर (उत्तर प्रदेश) की एक इकाई और सोनीपत (हरियाणा) की तीन इकाइयों सहित स्नैक और नमकीन उत्पादकों के खिलाफ बीकानेर से कोई संबंध न होने के बावजूद 'बीकानेरी भुजिया' नाम का अवैध रूप से उपयोग करने के लिए मुकदमा दायर किया था। संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता शैलेन भाटिया ने तर्क दिया कि जीआई चिह्न वस्तुओं का जीआई (रजिस्ट्रेशन एण्ड प्रोटेक्शन) अधिनियम, 1999 के तहत पंजीकृत है, और केवल बीकानेर में स्थित और संघ द्वारा अधिकृत इकाइयाँ ही इस शब्द का उपयोग कर सकती हैं। कानपुर और सोनीपत इकाइयों द्वारा 'बीकानेरी भुजिया' के इस्तेमाल ने उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाकर गुमराह किया कि उनके उत्पाद बीकानेर से आए हैं, जबकि उन्होंने न तो जीआई टैग का इस्तेमाल करने की अनुमति ली थी और न ही अधिकार। साक्ष्यों की समीक्षा के बाद, न्यायालय ने सभी चार इकाइयों को 'बीकानेरी भुजिया' नाम से उत्पादों के निर्माण, बिक्री, प्रदर्शन या निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया, जिससे उत्पाद की प्रामाणिकता और बीकानेर स्थित वास्तविक निर्माताओं के हितों की रक्षा हुई। आदेश को लागू करने के लिए, न्यायालय ने स्थानीय आयुक्तों की नियुक्ति की, जिन्होंने 18 जुलाई 2025 को कानपुर इकाई और 25-26 अगस्त 2025 और 5 सितंबर 2025 को सोनीपत इकाइयों पर छापा मारा और जीआई नाम वाले भारी मात्रा में सामान और पैकेजिंग सामग्री जब्त की। आरोपी कंपनियों के जवाब का इंतजार है।

## सब आए इस एक से डाल पात फल फूल

अगर हम अपने तक सीमित है, हम में लालसायें और खुदगर्जियां हैं और उनके कारण प्रभु की दी हुई शक्तियों का दुरुपयोग है तो उसके लिए इन्सान तुझे विशालता में आना होगा। तंग दायरे में, अपने आप में ही अगर सीमित रहेगा तो न केवल समाज और देश का नुकसान होगा बल्कि सारी मानव जाति का नुकसान होगा। कहने वालों ने कहा है कि जो केवल खुद के लिए जीता है उसके पास समाजनाशक दुर्गुण हुआ करते हैं और जो दूसरों के लिए जीता है उसके पास समाजपोषक सद्गुण हुआ करते हैं। दुर्गुण से, एक से बढ़कर एक नुकसान हो रहा है, शोषण हो रहा है जबकि सदुणों से पोषण हो रहा है।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

गुरु, पीर,पैगम्बरों का जिक्र हम सुन भी रहे हैं और धर्म ग्रन्थों में पढ़ भी रहे हैं। उन तमाम महात्माओं, गुरु-पीर-पैगम्बरों ने औरों के लिए जीवन जिया, इसीलिए उन्होंने पोषण किया समाज का। उन्होंने समाज को खड़ा किया और संसार को सुन्दर देन दी। आज जहां भी हमें उपद्रव दिखाई देते हैं, नुसान दिखाई दे रहा है उसके पीछे इन्सान की नादानी औ तंगनजरी और खुदगर्जी ही है। उसकी इन भावनाओं के कारण निरन्तर खुद भी दुख पा रहे हैं ओर दूसरों को भी दुख दे रहे हैं। इन्सान दूसरो को लड़ा रहा है। भ्रमजाल फैलाकर दूसरों के मन में शक-शुबह पैदा करके उनकी भावनाओं का दुरुपयोग हो रहा है। विशेषकर यह काम धर्म की आढ़ में किया जा रहा है। धर्म का नाम देकर ऐसी भावनाओं को कदम-कदम पर उभारा गया है। इसके पीछे धर्म को स्थापित करने की भावना नहीं बल्कि खुदगर्जी की भावना है, लालसा-पूर्ति की भावना है। इसलिए धर्म का भी दुरुपयोग किया गया है। एक-दूसरे के प्रति नफ़रत और घृणा पैदा की जा रही है। इससे हैरानी होती है कि इन्सान ने महापुरुषों-सन्तजनों के स्थापित किए गए धर्म को क्या रुप दे दिया है? उन्होंने जो निरोल धर्म स्थापित किया, वह था मानवता, मानवता धर्म, एक इन्सानियत वाला धर्म। लेकिन उस निरोल धर्म को क्या रुप दे दिया गया है वो आज सबके सामने है। बहुत ज्यादा कुछ कहने की हम आवश्यकता महसूस नहीं करते। उसके असर से हम अपने आपको बचा नहीं पा रहे हैं। इस कद्र वे लपटें सबके ऊपर असर कर रही हैं। महात्माओं ने तो इन्सानियत के धर्म को निर्मल रुप ही दिया है। महात्माजन, भक्तजन, सन्तजन इसी धर्म का प्रचार-प्रसार करते हैं। किसी सम्प्रदाय या साम्प्रदायिकता को धर्म नहीं बताते बल्कि मानवता को ही असली धर्म बताते हैं। श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के शब्द कि-

मानुष की जाति सभै एकै पहचानबो।

अर्थात् मानुष की जाति एक है और यही पहचान हमने रखनी है। मानुष की जाति एक ही है। अनेक जातियां नहीं है। मानव जो पांच तत्व का पुतला है इसे पैदा करने वाला एक प्रभु परमात्मा है।

कहते हैं कि-

सब आये इस एक से डाल पात फल फूल। एक कबीरा क्यों बंटें गहि पकड़ा जब मूल।।

पत्तियां, टहनियाँ, फल-फूल आदि एक पेड़ के अंग हैं लेकिन उसका बीज तो एक ही है। टहनियों के रंग अलग-अलग हैं, पत्तों के रंग अलग हैं, फल के रंग अलग हैं, फूल के रंग अलग हैं, उनका स्वरुप अलग है, उनके गुण अलग हैं, लेकिन यह नहीं कह सकते कि इस पेड़ी जो टहनी है उसकाबीज कोई और है।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 18 सितम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:07 ए एम, सूर्यास्तः 06:22 पी एम, चन्द्रोदयः 03:34 ए एम, सितम्बर 19, चन्द्रास्तः 04:32 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः भाद्रपद, पूर्णिमान्त महीनाः आश्विन, वारः गुरुवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः द्वादशी - 11:24 पी एम तक, नक्षत्रः पुष्य - 06:32 ए एम तक, योगः शिव - 09:37 पी एम तक, करणः कौलव - 11:28 ए एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 11:24 पी एम तक, सूर्य राशिः कन्या, चन्द्र राशिः कर्क, राहुकालः 01:47 पी एम से 03:19 पी एम, गुलिक कालः 09:11 ए एम से 10:43 ए एम, यमगण्डः 06:07 ए एम से 07:39 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:50 ए एम से 12:39 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:12 ए एम से 11:01 ए एम, दुर्मुहूर्तः 03:06 पी एम से 03:55 पी एम, अमृत कालः 05:27 ए एम, सितम्बर 19 से 07:05 ए एम, सितम्बर 19

## भविष्य फल



**मेषः** आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**वृषः** आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। साथ ही कारोबार में आपको धन लाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**मिथुनः** आज आपके परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। दफ्तर में सहकर्मियों से कम सहयोग मिलेगा।

**कर्कः** अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल किसी मुश्किल में फँसे इंसान की मदद करने के लिए करें। अकलमंदी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा।

**सिंहः** किसी अधूरे काम में आज हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा होगा। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे।

**कन्याः** आज आप घर और ऑफिस दोनों स्थानों पर शान्तिपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश करेंगे।

**तुलाः** बाहर घूमना-फिरना, पार्टी और मौज-मस्ती आपको अच्छे मूड में रखेंगे। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए, जो आने वाले वक्त में आप फिर पा सकें।

**वृश्चिकः** आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव होंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। रिश्ते बेहतर बने रहेंगे।

**धनुः** आज महत्वपूर्ण विचार-विमर्श होंगे। आलस्य से बचकर सक्रिय होना आपके लिए लाभप्रद रहेगा।

**मकरः** क्षणिक गुस्सा विवाद और दुर्भावना की वजह बन सकता है। शाम के समय सामाजिक गतिविधियाँ उससे कई बेहतर रहेंगी, जितनी आपने उम्मीद की थी।

**कुंभः** आज आपके सोचे हुए सभी काम पूरे हो जायेंगे। आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं।

**मीनः** आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। अगर लोग परेशानियों के साथ आपके पास आएँ तो उन्हें नजरअंदाज करें ।

# स्वच्छता' ही स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन का मूल मंत्र: पुनीत राई

सेवा पखवाड़ा के तहत गांव राई में चलाया गया स्वच्छता अभियान

खुले में शौचमुक्त भारत का निर्माण करने में प्रधानमंत्री ने निभाई अहम भूमिका, बोले निगम पार्षद पुनीत राई

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** सरकार की ओर से भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को वार्ड नंबर 8 के गांव राई में निगम पार्षद पुनीत राई के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें निगम पार्षद पुनीत राई ने स्वयं श्रमदान करते हुए सीएसआई कृष्णा कुमार, सुपरवाइजर नितिन और नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के सहयोग से स्वच्छता अभियान को सफल बनाया।निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश आज नई-नई ऊंचाईयों और बुलंदियों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों को को स्वच्छता को संदेश देते हुए खुले में शौचमुक्त भारत का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाई है।




आज स्वच्छता आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बन गई है। आज सुबह घरों में साफ-सफाई के साथ दिन की शुरुआत होती है। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छता' ही स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिए हर एक को यह आदत बनानी चाहिये। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है। देश में स्वच्छता की महती आवश्यकता को देखते हुए प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान शुरू किया।

हमें ये समझना चाहिये कि ये केवल हमारे प्रधानमंत्री का कार्य नहीं है, बल्कि समाज में रहने वाले हर इंसान की जिम्मेदारी है। हम सब के स्वस्थ जीवन के लिये इस अभियान में हमें कंधे से कन्धा मिलकर भाग लेना चाहिये। इसकी शुरुआत घरों, स्कूलों, कॉलेजों, समुदायों, कार्यालयों, संस्थानों से हो जिससे कि देश में व्यापक स्तर पर स्वच्छ भारत का निर्माण हो। हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरूरत है।

## मिनीक्लब ने अमृतसर में खोला नया स्टोर- माता-पिता के लिए एक खास जगह

अमृतसर। अब पेरेंटिंग बनेगी और भी आनंददायक! भारत के सबसे तेजी से बढ़ते बेबी और किड्स लाइफस्टाइल ब्रांड मिनीक्ल बने पंजाब के अमृतसर में अपने नए स्टोर का भव्य उद्घाटन किया। इस लॉन्च के साथ, मिनीक्ल बने अमृतसर के परिवारों के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन किए गए और सुरक्षित उत्पाद उपलब्ध कराए हैं, जिससे नवजात शिशुओं से लेकर 8 साल तक के बच्चों के लिए एक ही छत के नीचे शॉपिंग का बेहतरीन अनुभव मिलेगा।

दकंट्रीसाइड, ग्राउंड फ्लोर, वीपी ओमनावला कलां, ग्रैंड ट्रंक रोड, दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास, अमृतसर में स्थित, स्टोर का लेआउट और डिस्प्ले खरीदारी को सहज बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे माता-पिता अपनी गति से रेंज का आनंद ले सकें। बेबीवियर, बच्चों के फैशन और जूतों से लेकर खिलौनों, स्ट्रॉलर, वॉकर, खाने-पीने की ज़रूरी चीज़ों और उपहारों तक, हर सेक्शन को माता-पिता और बच्चों के लिए रोज़मर्रा की खरीदारी को एक आकर्षक अनुभव बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अपनी स्थापना के बाद से 10 लाख से ज़्यादा खुशहाल माता-पिता की सेवा करते हुए, मिनीक्लब की फिलॉसफी, 'सेफ्टीमीट्स स्टाइल', प्रोडक्ट में दिखाई देती है।

## विधायक देवेंद्र कादियान ने झाड़ू लगाकर और कचरा उठाकर दिया स्वच्छता का संदेश

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

**गन्नौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगरपालिका गन्नौर ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की। इस मुहिम का उद्घाटन विधायक देवेंद्र कादियान ने झाड़ू लगाकर और खुद कचरा उठाकर किया, जिससे उन्होंने स्वच्छता का एक सशक्त संदेश दिया।

इस अभियान में आमजन ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नमस्ते चौक से लेकर बीएसटी फ्लाईओवर तक सड़क और नालों के किनारे फैली गंदगी को साफ किया गया। विधायक ने यह भी घोषणा की कि यह पखवाड़ा खत्म होने के बाद भी शहर के जिन हिस्सों में सफाई की कमी होगी, वहां हर 15 दिन में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे कूड़ा-कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय डस्टबिन का इस्तेमाल करें।विधायक कादियान ने कहा, यह सिर्फ एक पखवाड़ा नहीं, बल्कि हमारे शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने का एक संकल्प है। हमें मिलकर गन्नौर को एक आदर्श शहर बनाना है।नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि यह स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा।




इस अभियान का लक्ष्य हर नागरिक को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है ताकि यह एक आदत बन सके। इस दौरान सचिव प्रदीप खर्ब, एमई राहुल मोर, जेई अरविंद, एसआई पोशन मलिक, पार्षद दिनेश अदलखा, वरुण जैन पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, तरुण चुघ, हरीश मदान, प्रवीन कामरा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हिमाचल प्रदेश से नरेन्द्र मोदी का अटूट रिश्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवन यात्रा - एक समर्पित कार्यकर्ता से लेकर देश के सर्वोच्च नेतृत्व तक - भारत के विभिन्न अंचलों से उनके गहरे जुड़ाव की कहानी है। इन जुड़ावों में से एक विशेष व्यक्तिगत, राजनीतिक और आध्यात्मिक संबंध हिमाचल प्रदेश से रहा है। देवभूमि, वीरभूमि और अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य की धरती। देश की बागडोर संभालने से बहुत पहले ही, नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल की पवित्र वादियों पर अपनी छाप छोड़ दी थी।

मोदी का हिमाचल से औपचारिक जुड़ाव वर्ष 1994 में हुआ, जब उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया। नियुक्ति से पहले भी उनकी हिमाचल यात्राएँ आध्यात्मिक साधना और स्थानीय संस्कृति से गहरे संपर्क का माध्यम रही थीं। वे शिमला के जाखू और संकटमोचन मंदिरों में अक्सर जाया करते थे और मार्ग में बंदरों को खिलाने के लिए चना और गुड़ अपने साथ रखते थे - यह उनके जीवों एवं प्रकृति के प्रति करुणा भाव का परिचायक था।

1998 का विधान सभा चुनाव नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं हिमाचल से उनके जमीनी जुड़ाव का परिचायक रहा। उस दौर में न सोशल मीडिया था और न आधुनिक प्रचार साधन, फिर भी उन्होंने कहीं यात्राएँ निकालीं और जनसंपर्क के अभिनव तरीके खोज निकाले एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाया। साथ ही स्थानीय संस्कृति को सम्मान देते हुए अनोखे स्वागत द्वार बनवाए। चंबा में उनकी ही पहल पर बना 'गद्दी शॉल गेट' न सिर्फ स्थानीय गौरव का प्रतीक बना, बल्कि भाजपा का संदेश सीधे जनता के दिल तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ।

हिमाचल से नरेन्द्र मोदी का जुड़ाव केवल संगठन और राजनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यहां की प्रकृति और लोगों से उनका गहरा आत्मीय संबंध भी समय-समय पर सामने आया है। नरेन्द्र मोदी अकसर हिमाचल प्रदेश में बिजली महादेव के दर्शन करने को जाते थे, जो वहाँ के स्थानीय देवता हैं। मार्ग में वह ग्रामीणों से सहजता से बातचीत करते और उनके अनुभवों व परिस्थितियों को समझने में रुचि दिखाते थे। मंदिर पहुँचने के बाद मोदी न केवल दर्शन करते, बल्कि आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद भी लिया करते थे।

उन्होंने हिमाचल भाजपा संगठन को मजबूती और नई ऊर्जा देने में अहम भूमिका निभाई। कार्यकर्ताओं को राजनीति में अधिक अनुशासित, संगठित और गंभीर बनाने का श्रेय भी उन्हें जाता है। पुराने कार्यकर्ता याद करते हैं कि प्रभारी के रूप में उन्होंने सबसे पहले प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, जो पहले आधे दिन की औपचारिक प्रक्रिया हुआ करती थी, उसे दो दिन की आवासीय पद्धति में बदल दिया। यही कदम संगठन को सशक्त करने की मजबूत नींव बना। उन्होंने हिमाचल के भाजपा संगठन को मजबूत बनाने और उसमें नई ऊर्जा का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राजनीति में अधिक व्यवस्थित और गंभीर दृष्टिकोण अपनाने के लिए तैयार किया। एक वरिष्ठ कार्यकर्ता स्मरण करते हैं कि प्रभारी के रूप में आते ही उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, जो पहले केवल आधे दिन की औपचारिकता होती थी, उसे दो दिन का आवासीय कार्यक्रम बनाकर संगठन को मजबूत करने की ठोस नींव रखी।



उन्होंने हिमाचल संगठन में कार्यकर्ताओं से सहयोग लेकर कार्य करने की परंपरा की शुरुआत की, जिसका जीवंत उदाहरण शिमला का कार्यालय 'दीपकमल' है। इसका निर्माण और उद्घाटन उनके प्रभार काल में हुआ, जिसमें उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी माता जी उनको खर्च करने के लिये जो पैसे देती थी, प्रदेश कार्यालय निर्माण के लिये उन्होंने वो पैसे पार्टी को दे दिये जिसके कारण अन्य कार्यकर्ता भी योगदान देने के लिये प्रेरित हुये। उन्होंने न केवल कार्यालय के निर्माण में मार्गदर्शन और सहयोग दिया, बल्कि हिमाचल के कार्यकर्ताओं को इसे कंप्यूटर के उपयोग के साथ आधुनिक स्वरूप देने के लिए भी प्रेरित और प्रशिक्षित किया।

जब 1998 में हिमाचल विधानसभा समय से पहले भंग हुई, तब मोदी की राजनीतिक सूझबूझ ने सबको चकित कर दिया। उन्होंने भाजपा और हिमाचल विकास कांग्रेस (एचवीसी) के बीच गठबंधन कराया, निर्दलीय विधायक का समर्थन सुनिश्चित किया और यहाँ तक कि कांग्रेस नेता ठाकुर गुलाब सिंह को स्पीकर पद के चुनाव में उतरने के लिए तैयार कर लिया। इसके परिणामस्वरूप कांग्रेस की संख्या घटी और प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व में भाजपा-एचवीसी सरकार का गठन संभव हो सका। यह उनके अद्वितीय रणनीतिक कौशल का प्रमाण था।

हिमाचल से उनका संबंध केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहा। यहाँ से मिली सीख को उन्होंने आगे भी लागू किया। सोलन की मशरूम खेती को उन्होंने बाद में गुजरात में प्रोत्साहन दिया। विश्वविद्यालयों में रक्षा और सामरिक अध्ययन शुरू करने का सुझाव दिया, ताकि हिमाचल की सैनिक परंपरा को शैक्षिक आधार मिले। नरेन्द्र मोदी ने पैराग्लाइडिंग करना भी हिमाचल प्रदेश से ही सीखा। राजनीति से परे, मोदी सदैव हिमाचल को 'देवभूमि' मानते रहे। वे पहाड़ी मंदिरों में पेड़ों के नीचे बैठकर लंबे समय तक ध्यान साधना करते थे। प्रकृति और ईश्वर के प्रति उनकी गहरी आस्था उनके जीवन और कार्यशैली दोनों में झलकती थी। वे हिमाचली भोजन के विशेष शौक़ीन हैं - मंडी की सेपू बड़ी, चंबा का मधरा और कांगड़ा की धाम उनकी पसंदीदा व्यंजनों में गिने जाते हैं। स्थानीय संस्कृति के प्रति यह आत्मीयता उन्हें हिमाचलवासियों के और करीब लाती है।

उनकी स्मरण शक्ति भी इस जुड़ाव को और विशेष बनाती है-वर्षों पुराने कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को वे आज भी नाम लेकर पहचानते हैं। 2017 में शिमला के एक कार्यक्रम में उन्होंने मंच से कई पुराने साथियों को नाम लेकर संबोधित किया और कार्यक्रम के बाद इंडियन कॉफी हाउस पहुँचकर वहाँ की कॉफी का आनंद लिया, जिसका जिक्र उन्होंने अपने संबोधन में भी किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान सोलन में उन्होंने मंच से पुराने दिनों को याद करते हुए मनोहर जी के चनों का भी उल्लेख किया। ऐसे प्रसंग यह दर्शाते हैं कि हिमाचल से नरेन्द्र मोदी का रिश्ता केवल कर्तव्य तक सीमित नहीं, बल्कि उनकी स्मृतियों, रुचियों और जीवन के अनुभवों का हिस्सा है-और इस रिश्ते के और भी पहलू समय-समय पर सामने आते रहते हैं। आज प्रधानमंत्री के रूप में वे हिमाचल को विशेष प्राथमिकता देते हैं-चाहे वह रोहतांग टनल का निर्माण हो या पर्यटन एवं आधारभूत ढाँचे का सुदृढ़ीकरण। हिमाचल ने नरेन्द्र मोदी को अपनेपन, विश्वास और सीख दी, और बदले में मोदी ने हिमाचल को नई ऊर्जा, विकास और गौरव की पहचान दी। यही रिश्ता इस अनोखे अध्याय को पूर्णता भी देता है और भविष्य के लिए संभावनाओं का द्वार भी खोलता है।

**लेखक- श्री प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश**

**अमित शाह ने मोदी जी के 75वें जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा का आगाज**

## 1723 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर 'सेवा पखवाड़ा' के तहत आज दिल्ली सरकार की लगभग 1723 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता और केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज देश का हर नागरिक और दुनियाभर में भारत के सभी मूल निवासी हृदय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु होने और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने तब उनके जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। 11 साल से पूरा देश 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाता आ रहा है। श्री शाह ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत देशभर की ग्राम पंचायतें, जिला पंचायतें, राज्य सरकारें और भारत सरकार के विभिन्न कार्यालय न सिर्फ सफाई बल्कि गरीबो के कल्याण के लिए कई योजनाओं की शुरूआत भी करते हैं। उन्होंने कहा कि आज 17 सितंबर के दिन दिल्ली सरकार ने भी सेवा पखवाड़े की शुरूआत की है और 17 जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ हो रहा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़े में हमारी सरकार ने हर व्यक्ति के कल्याण की चिंता करने की परंपरा शुरू की है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 साल में प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को न सिर्फ सुविधाएं दीं, बल्कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम भी किया है। श्री शाह ने कहा कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाना और 60 करोड़ लोगो के जीवन में प्राथमिक सुविधाएं देना एक बहुत बड़ा प्रयत्न और संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज की यह शुरूआत देश के हर युवा को प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर सेवा के रास्ते पर चलने के लिए संकल्पित करेगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राजधानी दिल्ली में किसी भी पार्टी की सरकार हो प्रधानमंत्री मोदी जी ने कभी भेदभाव नहीं किया और दिल्ली को जो भी मिलना चाहिए था हमेशा उससे ज़्यादा ही दिया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें दिल्ली के साथ भेदभाव करती थीं। उन्होंने कहा कि मोदी जी द्वारा लाई गई 5 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा की योजना को दिल्ली की पूर्ववर्ती सरकार ने लागू नहीं किया था। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार माना है और अपना पूरा जीवन देश के लोगों के कल्याण के लिए समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने पिछले 11 साल में देश को सुरक्षित करने, आर्थिक रूप से विकसित बनाने, हर गरीब के घर में नया उत्साह, ऊर्जा और सुविधाएं पहुंचाने और हर बच्चे के मन में महान भारत का संकल्प भरने का काम किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि पूरे देश की लंबे समय से इच्छा थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने और मोदी जी के कार्यकाल में वहां भव्य मंदिर बन गया है। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाना हो, सोमनाथ मंदिर को फिर से सोने का बनाने की शुरूआत करनी हो या करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनाना हो, सालों से लंबित ऐसे कई मसलों को मोदी जी ने समाप्त कर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि देश से धारा 370 को हटाने का काम मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल में कर दिखाया। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने 24 साल के अपने सार्वजनिक सेवा के कार्यकाल में कभी छुट्टी नहीं ली है। मोदी जी 24 साल तक अहर्निश, हर पल, हर क्षण, देश के विकास की चिंता और गरीबों के कल्याण में लगे रहे। उन्होंने कहा कि इसी कारण हम विश्व की 11वीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं और 2027 तक हम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। ये अचंभित करने वाली सिद्धियाँ, दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ भाव से काम करने पर मिल सकती हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के समय प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के सामने संकल्प रखा था कि अब भारत को दुनिया में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने का समय आ गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन

**केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने युवाओं को रक्तदान के लिए किया प्रेरित**

अर्थ प्रकाश/ सुभाष जैन



**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय गौशाला मंदिर हॉल में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र करनाल से सांसद एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने रक्तदाताओं का बैज लगाकर अभिनंदन किया और कहा कि युवाओं को जीवन रक्षक इस पुण्य कार्य में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं को समाज का सच्चा हीरो बताया।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने इस दौरान लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन है और मैं इस अवसर पर उन्हें जन्मदिन की बधाई देता हूं और 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक इस अवसर को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा में बहुत से कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस कड़ी में कार्यक्रम चल रहे हैं और स्वच्छता अभियान भी चल रहे हैं यह कार्यक्रम 15 दिन तक चलेगा।

शहरी विधायक प्रमोद विज ने अपने संबोधन में कहा कि रक्त का हर एक यूनिट किसी जरूरतमंद की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए हमें रक्तदान से कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। वहीं, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि युवाओं में उत्साह देखने लायक था। सुबह से ही रक्तदाता शिविर स्थल पर पहुंचकर रक्तदान के लिए पंक्ति में खड़े थे।

इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर स्वागत और अभिनंदन किया गया। शिविर में भारी संख्या में युवाओं व सामाजिक संगठनों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस को सेवा और समर्पण के रूप में मनाया। इस मौके पर मंत्री मनोहरलाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, संजय अग्रवाल, डॉक्टर पूजा सिंघल के अलावा गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## प्रयागराज में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

लखनऊ। केन्द्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान÷ का शुभारंभ और उद्घाटन प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक (पीसीएमडी) डॉ. हिमांशु मंडल के नेतृत्व में बड़े उत्साह और उद्देश्य के साथ हुआ, जिन्होंने इस पहल का औपचारिक उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देकर और बढ़ावा देकर परिवारों को सशक्त बनाना है, विशेष रूप से रेलवे लाभार्थियों के बीच मातृ स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए।

अपने उद्घाटन भाषण में, डॉ. हिमांशु मंडल ने मजबूत परिवारों और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में महिला स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया। उन्होंने निवारक स्वास्थ्य अभियानों को चलाने में चिकित्सा के समर्पित प्रयासों की सराहना की और अपनी महिला लाभार्थियों, विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवा के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ÷एक स्वस्थ महिला एक स्वस्थ परिवार का पालन-पोषण करती है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान जैसी पहलों के साथ, हम न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य में, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सामूहिक भविष्य में भी निवेश कर रहे हैं। उद्घाटन भाषण के बाद, चिकित्सा निदेशक डॉ. एस.के. हांडू ने एक सारगर्भित भाषण दिया और इस पहल और स्वास्थ्य कर्मचारियों के समर्पण की सराहना की। उन्होंने अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के सभी स्तरों पर सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व पर बल दिया। डॉ. हांडू ने गर्भवती माताओं के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण संबंधी जागरूकता और समय पर हस्तक्षेप की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

प्रेरणादायक वातावरण में और भी ऊर्जा भरते हुए, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र नाथ ने अपने भावपूर्ण शब्दों से कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने यह जोर देकर कहा कि महिलाओं और उनके परिवारों के जीवन पर स्थायी प्रभाव डालने में स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।डॉ. प्रकाश मुर्मू, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा निदेशक, और डॉ. तुलिका मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा निदेशक, ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. मिश्रा ने महिलाओं के स्वास्थ्य विशेषकर गर्भावस्था के दौरान रोकथामात्मक उपायों के महत्व पर अपने विचार साझा किए। वहीं, डॉ. मुर्मू ने भी इस अभियान को लेकर अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए। अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक (एसीएचडी), डॉ. कल्पना मिश्रा ने अपने संबोधन में महिला स्वास्थ्य और परिवार सशक्तिकरण के बीच महत्वपूर्ण संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने समुदाय में जागरूकता फैलाने और विश्वास बनाने में स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत बना दुनिया के लिए प्रेरणा : मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें समाज को जोड़ने वाले विविध रचनात्मक कार्य शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पावन जन्मदिन से हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है।

**कोविड प्रबंधन में भारत बना वैश्विक मॉडल**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कोविड काल के प्रबंधन का जिक्र करते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया महामारी के सामने असहाय थी, तब भारत ने सबसे बेहतरीन कोविड प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत किया। जहां 100 वर्षों में कोई वैक्सीन भारत तक नहीं पहुंच पाई, वहीं मोदी जी के नेतृत्व में सिर्फ 9 महीनों में कोविड वैक्सीन विकसित की गई। उन्होंने बताया कि न केवल भारतवासियों को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराई गई, बल्कि दुनिया के दर्जनों मित्र देशों को भी फ्री में वैक्सीन देकर भारत ने बेहतरीन कूटनीतिक उदाहरण प्रस्तुत किया। इससे भारत संकट के समय सहयोगी के रूप में दुनिया के सामने मिसाल बनकर उभरा।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताएं हासिल की हैं। अर्थव्यवस्था, विरासत, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, नियुक्तियां, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास, जल संसाधन जैसे तमाम क्षेत्रों में नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, दलित और वंचित समाज को प्राथमिकता देने की वजह से हर नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। यही वजह है कि बीते 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ पाए हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विरासत का सम्मान आज केवल घोषणा नहीं, बल्कि हकीकत है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प हुआ है। महाकाल लोक का निर्माण और अन्य धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण नए भारत की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि जैसे महापुरुषों की स्मृतियों से जुड़े अनेक रचनात्मक कार्य किए गए हैं, जो सामाजिक न्याय और सामाजिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का पहला चरण ÷स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार÷ अभियान है। इसके अंतर्गत महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, पोषण संबंधी कार्यक्रम और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। लखनऊ से इसका शुभारंभ करते हुए इसे पूरे प्रदेश में आगे बढ़ाया जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने वन टांगिया ग्राम महेशपुर व रामगढ़ का किया निरीक्षण, वनटांगिया परिवारों की सुनीं समस्याएं

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**गोण्डा।** जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन ने आज विकासखण्ड नवाबगंज के अंतर्गत आने वाले वन टांगिया ग्राम महेशपुर एवं रामगढ़ का भ्रमण कर वन टांगिया परिवारों की समस्याओं को मौके पर जाकर सुना। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी मूलभूत आवश्यकताओं, समस्याओं एवं शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वन टांगिया परिवारों को मुख्यधारा में लाने के लिए शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, महिला कल्याण, प्रोबेशन, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, अल्पसंख्यक, एनआरएलएम, राजस्व सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 17 सितम्बर, 2025 को वन टांगिया ग्रामों में विशेष शिविर (कैंप) आयोजित कर प्रत्येक परिवार को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि इन विशेष शिविरों में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य परीक्षण, कृषि एवं बागवानी योजनाएं, स्वरोजगार से जुड़ी योजनाएं एवं प्रशिक्षण आदि का लाभ वन टांगिया परिवारों को प्रदान किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिविर के आयोजन से पहले व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वन टांगिया क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करें एवं समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराएं।

## गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर ननकाना साहिब जाने वाले सिख जत्थे को अनुमति दी जाए: हरमीत सिंह कालका

**डीएसजीएमसी अध्यक्ष ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर सिख संगत की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए जत्थे को अनुमति देने की अपील की**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने आज जारी बयान में केंद्र सरकार द्वारा नवंबर माह में पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा ननकाना साहिब में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व समारोह में सिख जत्थे को न भेजने के निर्णय पर गहरी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा मेरा मानना है कि वर्षों से चली आ रही आस्था और श्रद्धा केवल सिखों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे विश्व में गुरु नानक साहिब के चरणों से जुड़े प्रत्येक श्रद्धालु की है। हर साल श्रद्धालुओं की इच्छा होती है कि वे गुरु साहिब के जन्मस्थान ननकाना साहिब जाकर प्रकाश पर्व समारोह में शामिल हों। अब सुरक्षा कारणों का हवाला देकर केंद्र सरकार द्वारा इस यात्रा पर रोक लगाने की कोशिश की गई है। मैं सरकार से अपील करता हूं कि कम से कम एक जत्थे को तो अवश्य जाने की अनुमति दी जाए। कालका ने सुझाव दिया कि यदि वीज़ा की संख्या लगभग 3,000 से घटाकर 500 भी कर दी जाए और यात्रा का समय 10 दिनों की जगह केवल 5 दिन ही सीमित कर दिया जाए, तब भी संगत को इस धार्मिक यात्रा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि सरकार को अपने आदेश पर पुनर्विचार और संशोधन करना चाहिए। डीएसजीएमसी इस मुद्दे पर सरकार से बातचीत करेगी और ज़रूरत पड़ने पर व्यक्तिगत स्तर पर भी मुलाकात की जाएगी।

श्री कालका ने केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह को पत्र लिखकर भी अपील की है कि गुरु नानक साहिब के लाखों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखते हुए इस यात्रा की अनुमति दी जाए। इससे पहले अगस्त माह में भी उन्होंने गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी को इस संबंध में पत्र लिखा था। अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा, यह सोचने वाली बात है कि यदि पाकिस्तान की क्रिकेट टीम भारतीय टीम के साथ मैच खेल सकती हैं, तो सिख संगत की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें भी ननकाना साहिब जाने की अनुमति दी जानी चाहिए। सरकार को इस संवेदनशील मामले पर संतुलित निर्णय लेना चाहिए, क्योंकि संगत की धार्मिक भावनाओं को ठेस न लगे ।

उन्होंने कहा कि यह भी एक बड़ी चिंता की बात है कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर अभी भी बंद है। यह कॉरिडोर कई वर्षों की अरदासों के बाद खोला गया था, इसलिए इसे जल्द से जल्द फिर से खोलने की मांग भी की जाएगी।

कालका ने यह भी स्वीकार किया कि यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार पर है। हम केवल सरकार को दोषी नहीं ठहरा सकते क्योंकि यदि कोई अप्रिय घटना घटती है तो यात्रियों की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी सरकार की बनती है। दोनों पक्षों को ध्यान में रखना ज़रूरी है। लेकिन मेरा मानना है कि यात्रियों की संख्या घटाना, दिन कम करना और दोनों देशों के बीच माहौल सुधारने की दिशा में कदम उठाना इस समय सबसे बेहतर समाधान हो सकता है।

# गरीबों और बुजुर्गों के लिए 100 करोड़ का तोहफा : पंजाब सरकार ने तीर्थ यात्रा के लिए खोला खजाना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** पंजाब की मिट्टी में आस्था और त्याग का गहरा रंग है। यहाँ के लोगों ने गुरुओं की शिक्षाओं को अपने जीवन का आधार बनाया है। लेकिन कई बार, जीवन की जिम्मेदारियों और आर्थिक परेशानियों के कारण, बुजुर्गों के मन में दबी हुई एक ख्वाहिश अधूरी रह जाती थी–अपने जीवन के अंतिम पड़ाव पर पवित्र तीर्थस्थलों की यात्रा करना। मान सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत करके उनकी इस अधूरी ख्वाहिश को एक गर्व और सम्मान की यात्रा में बदल दिया है 7 यह योजना सिर्फ़ एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सेतु है जो सरकार और आम जनता के बीच बनाया गया है। यह उन बुजुर्गों के लिए एक तोहफा है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन अपने परिवार और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। यह एक ऐसा प्रयास है जो लोगों के दिलों को छू रहा है। यह योजना उन लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रही है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी धार्मिक आस्थाओं को पूरा नहीं कर पाते। इस योजना के पीछे सिर्फ सुविधा देना नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं का सम्मान करना भी है और उन लोगों को निःशुल्क और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव देना है जो आर्थिक कारणों से तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना ' की शुरुआत पंजाब की मान सरकार ने 6 नवंबर 2023 को की थी। पंजाब कैबिनेट ने 27 नवंबर से 29 फरवरी 2024 तक के लिए इस योजना को मंजूरी दी थी 7 इसके लिए 40 करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया गया था इसके तहत, 27 दिसंबर 2023 को गुरु पर्व के अवसर पर पहला जत्था रवाना किया गया था। पहले चरण में लगभग 33,893 से अधिक श्रद्धालुओं को विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा करवाई गई । अमृतसर रेलवे स्टेशन से



मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत श्री नांदेड़ साहिब के लिए पहली ट्रेन रवाना हुई थी । मुख्यमंत्री निःशुल्क तीर्थ यात्रा योजना का पहला चरण 27 नवंबर 2023 से शुरू होकर 29 फरवरी 2024 को समाप्त हुआ था 7 अप्रैल 2025 में, पंजाब सरकार ने योजना में बदलाव करते हुए लाभ के लिए पात्रता की उम्र 60 से घटाकर 50 साल कर दी है 7 इसके लिए 100 करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया गया है। पंजाब सरकार का उद्देश्य इस योजना के जरिए 50,000 लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाना है।

इस योजना के तहत, अलग-अलग धर्मों के लोगों को इन स्थानों की यात्रा कराई जाती हैः हिंदू तीर्थस्थलः माता चिंतपूर्णी, माता वैष्णो देवी, माता ज्वाला जी, खाटू श्याम, सालासर धाम, मथुरा, वाराणसी, वृंदावन 7 सिख तीर्थस्थलः श्री पटना साहिब, श्री आनंदपुर साहिब, श्री हजूर साहिब, श्री दमदमा साहिब। मुस्लिम तीर्थस्थलः जामा मस्जिद, अजमेर शरीफ। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत श्री हजूर साहिब, श्री पटना साहिब, वाराणसी, मथुरा, वृंदावन और अजमेर शरीफ की रेलगाड़ी के माध्यम से यात्रा करवाई जाएगी। इसी तरह अमृतसर साहिब, तलवंडी साबो, श्री आनंदपुर साहिब, माता चिंतपूर्णी, माता ज्वाला देवी, नैना देवी, माता वैष्णो देवी, सालासर बालाजी धाम और खाटू श्याम धाम की यात्रा एसी बसों के माध्यम से करवाई जाएगी। किसी इमरजेंसी से निपटने के लिए इन यात्रियों के साथ डॉक्टरों, वॉलंटियरों और अधिकारियों की एक टीम भी सफर करती है। यात्रियों के पहुंचने से पहले सभी प्रबंधों के लिए अधिकारियों की एक टीम पहले भेजी जाती है। 75 साल से अधिक उम्र वालों को अपने साथ एक नौजवान को देखभाल के लिए लेकर जाने की इजाजत होती है। श्रद्धालुओं की यात्रा के लिए उनको एसी कमरे और खाने-पीने की वस्तुएं भी मुहैया करवाई जाती है।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना केवल मुफ्त सफर की योजना नहीं, बल्कि यह पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मान सरकार की दूरदर्शिता का प्रमाण है। यह योजना गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं और फलसफे के मुताबिक है। जो लोगों में आपसी-भाईचारे और अमन का संदेश देता हैं। पंजाब मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना समाज के कमजोर वर्गों और वृद्ध लोगों के लिए एक वरदान है। यह उन्हें आध्यात्मिक शांति और धार्मिक संतुष्टि का अनुभव करने का मौका देती है, जबकि उन्हें किसी भी आर्थिक बोझ की चिंता नहीं करनी पड़ती। यह योजना पंजाब सरकार की जनता के प्रति समर्पण और उनकी धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करने का एक अच्छा उदाहरण है।

### मान सरकार का यह कदम सराहनीय

मान सरकार का यह कदम सचमुच सराहनीय है, क्योंकि उन्होंने लोगों की उन भावनाओं को छुआ है जो अक्सर अनदेखी रह जाती हैं। इस यात्रा के बाद जब बुजुर्ग अपने घर लौटते हैं, तो वे केवल तीर्थ यात्रा करके नहीं आते, बल्कि अपने साथ एक नया जीवन, एक नई ऊर्जा और सरकार के प्रति एक गहरा विश्वास लेकर आते हैं। उनकी यात्रा की कहानियाँ उनके परिवारों और पड़ोसियों के लिए प्रेरणा बन जाती हैं। इस योजना के माध्यम से, मान सरकार ने साबित कर दिया है कि एक कल्याणकारी राज्य वही है जो अपने लोगों की भौतिक ज़रूरतों के साथ-साथ उनकी आध्यात्मिक और भावनात्मक ज़रूरतों का भी ख्याल रखता है। यह एक ऐसी पहल है जो पंजाब के दिलों को जोड़ रही है और एक मजबूत, संवेदनशील समाज का निर्माण कर रही है। यह योजना न केवल लोगों को पवित्र स्थलों तक पहुंचाती है, बल्कि उन्हें एक-दूसरे से जुड़ने, अनुभव साझा करने और नई यादें बनाने का मौका भी देती है। यह एक ऐसी यात्रा है जो दिल से शुरू होती है और आत्मा में शांति लाती है। यह पंजाब सरकार की तरफ से एक ऐसा प्रयास है, जो लोगों के जीवन में सिर्फ़ सुविधा नहीं, बल्कि सुकून और संतोष भी लाता है।

संगरूर जिले के एक गाँव की निवासी जसवीर कौर ने मुख्यमंत्री तीर्थ योजना का लाभ उठाया है।

वे पहली बार श्री हजूर साहिब के दर्शन करके खुद को भाग्यवान मान रही है। अहम बात यह है कि सफर के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए भोजन, स्थानीय यात्रा, स्वागत किट और रहन-सहन की सुविधा बिल्कुल मुफ्त होती है और प्रत्येक श्रद्धालु को एक तीर्थ यात्रा किट मिलती है,जिसमें चादर, कंबल, तौलिया, तेल और कंघी शामिल होती है । यह एक ऐसा मंच है जो समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाता है, जहां अमीर-गरीब, युवा-बुजुर्ग, सब एक ही आस्था की डोर से बंधे होते हैं।

# 769 और व्यक्ति राहत कैंपों से अपने घर लौटे : हरदीप सिंह मुंडियां

अब तक 23,340 व्यक्ति सुरक्षित निकाले गए, राहत कैंपों की संख्या घटाकर 38 की गई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** पंजाब के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने आज बताया कि हालात में सुधार के साथ पिछले 24 घंटे के दौरान राहत कैंपों की संख्या 41 से घटाकर 38 कर दी गई है और यहाँ बसेरा कर रहे व्यक्तियों की संख्या 1945 से तेज़ी से घटकर 1176 रह गई है।

उन्होंने कहा कि 769 व्यक्तियों की बड़ी संख्या का अपने घर लौटना



शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि राहत और पुनर्वास कार्य सुचारू ढंग से अगले चरण में बढ़ रहे हैं और परिवार लगातार अपने घर वापस लौट रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि राहत कार्यों के तहत अब तक कुल 23,340 व्यक्तियों को बाढ़ वाले पानी से सुरक्षित निकाला गया है और प्रदेश सामान्य हालात की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रभावित गांवों की संख्या 2483 से बढ़कर 2484 हो गई है जबकि प्रभावित आबादी अब 3,89,279 है।

राजस्व मंत्री ने बताया कि प्रभावित फसल क्षेत्रफल 1,98,525 हेक्टेयर से बढ़कर 1,99,678 हेक्टेयर पहुंच गया है क्योंकि ज़िला फाजिल्का में 1153 हेक्टेयर से अधिक कृषि योग्य भूमि प्रभावित हुई है।

स. मुंडियां ने बताया कि बरनाला ज़िले में एक और मृत्यु की रिपोर्ट के साथ प्रदेश में कुल मृतकों की संख्या 57 हो गई है।

# आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने के लिए अनुदान की मांग



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 16 सितंबर।** शहर के वार्ड नंबर 3 में बाजीगर बस्ती के पास आईटीआई निवासी सुनील कुमार ने कच्चे मकान का पक्का निर्माण करने के लिए आवास योजना के तहत अनुदान की मांग की है।

उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उनके कच्चे मकान की छत गिर गई थी। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्य तो बच गए, लेकिन घर का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि तब से वह अपने दो बेटों और उनके परिवार के साथ एक मकान में रह रहे है। उन्होंने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते है। उनके पास आय का कोई अन्य स्रोत नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की आवास योजना के तहत कच्चे मकान का पक्का निर्माण करने के लिए नगर परिषद बनूड़ के अधिकारियों को लिखित आवेदन दिया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन से पक्के मकान के निर्माण की मांग की है।

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण मंच, जगराओं ने अपने परिसर में किया डिजिटल साक्षरता कार्यशाला का आयोजन

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 17 सितंबर।** जगराओं वरिष्ठ नागरिक कल्याण मंच, जगराओं ने आज अपने परिसर में डिजिटल साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया। हेल्प एज इंडिया के राज्य समन्वयक राजू सिंह ने कार्यशाला को पावर प्वाइंट के माध्यम से संबोधित किया। कार्यशाला का शुभारंभ मंच के सचिव शशि भूषण जैन ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए और राष्ट्रगान गाकर किया।

मंच के अध्यक्ष मदन लाल बंसल ने अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों अलित अग्रवाल, प्रेम चंद गर्ग और अरुण कुमार सिंगला के साथ राजू सिंह का कार्यशाला में पुष्पगुच्छ भेंट कर और अन्य सभी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। राज्य समन्वयक राजू सिंह ने पावर प्वाइंट के माध्यम से सदस्यों को साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930, वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन नंबर 14567 और https://website के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमें आपात स्थिति में अपने परिवार और पुलिस के नंबर अपने



मोबाइल में सुरक्षित रखने चाहिए। राजू सिंह ने कहा कि हमें अपने मोबाइल में ऐप स्टोर से संचार साथी ऐप जरूर डाउनलोड करना चाहिए और जरूरत पड़ने पर समय-समय पर इसका इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां भी आवश्यक हो, हमें मास्क्ड लेटर के साथ आधार कार्ड की एक प्रति देनी चाहिए।

उन्होंने वरिष्ठ नागरिक सदस्यों को सचेत किया कि हमें फर्जी नंबर, पुलिस, सीबीआई के नाम का इस्तेमाल करने वाले गिरोह के किसी भी फोन कॉल पर ध्यान नहीं देना चाहिए। इस कार्यशाला के माध्यम से सदस्यों को ऑनलाइन बैंकिंग और धोखाधड़ी से बचाव के बारे में भी बताया गया। बैठक में इस महीने आने वाले सदस्यों के जन्मदिन और शादी की सालगिरह भी केक काटकर मनाई गई और सभी सदस्यों के लिए चाय, पानी और भोजन की बहुत अच्छी व्यवस्था की गई थी।

इस कार्यशाला में अध्यक्ष मदन लाल बंसल, सचिव शशि भूषण जैन, ललित अग्रवाल जनसंपर्क अधिकारी, प्रेम चंद गर्ग संरक्षक, अरुण कुमार सिंगल वित्त सचिव, नरेश गुप्ता संयुक्त वित्त सचिव, प्रोफेसर महेंद्र सिंह जस्सल, जवाहर लाल वर्मा, नीलम वर्मा, वीरपाल कौर, अविनाश गर्ग, वीना रानी, जगदीश पाल मेहता, नरेश झांजी, नरेश गुप्ता, बलदेव राज, राम कृष्ण गुप्ता, सुभाष ग्रोवर, डॉ. चंद्र मोहन ओहरी, कुलभूषण गुप्ता, गुरप्रीत सिंह, जगदीश अवस्थी, राकेश जैन, राजपाल जैन, शिव कुमार, प्रमोद शर्मा, विनोद दुआ आदि मौजूद थे।

# खन्ना के गांव खट्ड़ा में सड़ी-गली लाश मिलने से दहशत, पुलिस जांच में जुटी

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना

**खन्ना, 17 सितंबर।** खन्ना के नजदीकी गांव खट्ड़ा में लोगों में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव में पड़ी गंदगी के बीच से एक अक्षात व्यक्ति की सड़ी-गली लाश बरामद हुई। ग्रामीणों के अनुसार शव करीब पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

लोगों का कहना है कि शव के कुछ हिस्सों को आवारा कुत्ते नोच रहे थे। वहां से गुजर रहे साधु परमिंदर सिंह ने यह भयावह दृश्य देखा और तुरंत गांव के सरपंच को सूचना दी। इसके बाद सरपंच ने घटना की जानकारी खन्ना पुलिस को दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

### गांव में दहशत का माहौल

गांववासियों ने बताया कि ऐसी घटना पहले कभी नहीं हुई। लोगों का कहना है कि जिस हालत में शव मिला है, उसने सभी को दहशत में डाल दिया है। कई ग्रामीणों का कहना है कि रात को गली से गुजरने में अब डर लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।



इस संबंध में डीएसपी खन्ना अमृतपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान की जा रही है और आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट चेक की जा रही है। शुरुआती जांच में हत्या या हादसे दोनों पहलुओं से जांच की जा रही है। वहीं पुलिस ने आश्वासन दिया कि मामले की सच्चाई जल्द सामने लाई जाएगी।

# किसानों को नई फसल के बीज देगा अकाली दल : एनके शर्मा

पूर्व विधायक ने हंडेसरा सर्कल में की बैठक

पार्टी कार्यकर्ता अपने ट्रेक्टरों से तैयार करेंगे जमीन

अर्थ प्रकाश/चौहान

**लालड़ू, 17 सितंबर।** शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनके शर्मा ने कहा है कि अकाली दल बाढ़ प्रभावित किसानों की मदद के लिए न केवल उन्हें आगामी फसल के लिए बीज मुहैया करवाएगा बल्कि कार्यकर्ताओं की मदद से जमीन को भी तैयार किया जाएगा।

एनके शर्मा आज हंडेसरा सर्कल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपदा के इस दौर में सरकार ने पीड़ितों की कोई मदद नहीं की है। बाढ़ के दौर में केवल शिरोमणि अकाली दल तथा



सामाजिक संगठनों ने ही प्रभावितों की मदद की है। पूर्व विधायक ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने जहां करोड़ों रुपये देकर लोगों की सीधे तौर पर मदद की है वहीं अब एक लाख एकड़ जमीन के लिए बीज मुहैया करवाया जाएगा।

इसके अलावा बाढ़ के कारण किसानों की खराब हुई जमीन को समतल बनाने के लिए अकाली दल के कार्यकर्ता ट्रेक्टर व डीजल से मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी विधानसभा हलके में लालड़ू सर्कल के गांवों में भी किसानों की जमीन व फसल बर्बाद हुई है।

अब अकाली दल के कार्यकर्ता ट्रेक्टर व डीजल की मदद से जमीन को समतल करके कृषि योग्य बनाएंगे। इसके बाद जरूरतमंद किसानों को बीज मुहैया करवाया जाएगा ताकि

एनके शर्मा ने कहा कि बाढ़ के दौरान सरकार तथा सरकार का कोई भी नुमाइंदा लोगों के बीच नजर नहीं आया। अकाली दल बाढ़ प्रभावितों की हर संभव मदद करने के लिए वचनबद्ध है। अकाली दल के नेता गांव-गांव जाकर प्रभावितों की मदद कर रहे हैं।

इस अवसर पर मोहाली जिला योजना बोर्ड के पूर्व चेयरमैन कृष्ण पाल शर्मा, कोर कमेटी सदस्य मनजीत सिंह मलकपुर, युवा विंग जिला अध्यक्ष तरणबीर पूनिया, बृजेश राणा, ओपी शर्मा, परविंद्र सिंह, सुरिंदर हमांयुपुर, परमीत सिंह, बलविंद्र सिंह, आलम सिंह, वरिंद्र सिंह राणा समेत कई नेता मौजूद थे।

# अपोलो अस्पताल लुधियाना के सीनियर टेक्नीशियन लूटा

## ड्यूटी से लौटते समय 4 लुटेरों ने मारपीट कर बाइक छीनी

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 17 सितंबर।** जगराओं अपोलो अस्पताल लुधियाना के एक सीनियर टेक्नीशियन ड्यूटी से घर लौटते समय चार लुटेरों ने उन्हें रोका और मारपीट कर बाइक छीन ली। टेक्नीशियन जगराओं के अपोलो ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामगढ़ सिविया निवासी हरपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि घटना उस समय हुई जब वह देर रात अपनी ड्यूटी खत्म कर रायकोट पहुंचे और बस स्टैंड से अपने गांव रामगढ़ सिविया की ओर जा रहे थे। वीवा कैम फैक्ट्री से आगे सूआ पुल चढ़ने से पहले, एक पेड़ के पीछे छिपे चार लुटेरे अचानक उनके



सामने आ गए और उन्हें रोक लिया।

लुटेरों ने हरपाल सिंह के साथ मारपीट की और उनकी बाइक छीन ली। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे सड़क से नीचे उतरकर बरनाला रोड की तरफ फरार हो गए। हरपाल सिंह ने तुरंत रायकोट पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# चोरी के मामले में गांव के युवकों ने चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 17 सितंबर।** भबात गांव की एक दुकान में हुई चोरी के मामले में गांव के युवाओं ने अपने स्तर पर छानबीन कर तीन चोरों को काबू किया है। चोरों को पकड़कर गांव वासियों ने रस्सी से बांधकर उनकी जमकर पिटाई की जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में तीन युवकों को रस्सी से बांधकर उनकी पिटाई करते हुए देखा जा सकता है। दावा किया जा रहा है कि ये युवक दो दिन पहले भबात एरिया में स्थित एक करियाना की दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपये की चोरी की वारदात में शामिल थे। तीनों को जीरकपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

गांव वासियों ने बताया कि पीएनबी बैंक के नजदीक स्थित ओसवाल नाम की किराना की



दुकान में दो दिन पहले लाखों की चोरी हुई थी। जांच-पड़ताल के दौरान उन्हें कुछ सुराग मिले, जिसके आधार पर चोरी में शामिल तीनों युवको को ढूंढ निकला गया। जिन्होंने चोरी का सामान अपने रिश्तेदारों के घर में छिपा रखा था। उनकी निशानदेही पर चोरी का माल और कुछ नकदी भी बरामद की गई। बाद में उनको जीरकपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

भबात गांव में चोरी हुई थी, इस मामले में गांव के युवाओं ने तीनों चोरों को पकड़कर पुलिस की हवाले किया है, जिनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।
**सतिंदर सिंह, एसएचओ, जीरकपुर**

# गांव सिंघपुरा में एक छोटा सा विवाद हिंसक झगड़े में बदला, दो के खिलाफ मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 17 सितंबर।** गांव सिंघपुरा में एक छोटा सा विवाद हिंसक झगड़े में बदल गया, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले की शिकायत मिलने के बाद जीरकपुर पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जसविंदर सिंह निवासी सिंघपुरा ने बताया कि उनके भतीजे अजमेर सिंह और उसके बेटे ज्योति ऊर्फ रघुवीर ने उसपर लोहे की रॉड और डंडे से हमला किया है। जसरिंदर सिंह के अनुसार, झगड़ा उनके घर के पास उनके भतीजे के पालतू कुत्ते की वजह से हुआ। शिकायत में जसविंदर सिंह ने बताया कि बीती 10 सितंबर की सुबह लगभग 6 बजे अजमेर सिंह अपने पालतू कुत्ते को उनकी गली के सामने शौच कराने लाया। उन्होंने कुत्ते को रोकने की कोशिश की, लेकिन भतीजा गुस्से में आ गया। इस दौरान अजमेर सिंह ने अपने हाथ से लोहे की रॉड से हमला किया इस दौरान उसका बेटा ज्योति उर्फ रघुवीर सिंह ने डंडे से सिर और कंधे पर वार कर दिए।जसरिंदर सिंह ने मौके से भागकर अपने बाड़े में जाकर अपने आपको बचाया, बाद में उनके बेटे सुखवीर सिंह ने उसे मोटरसाइकिल पर सिविल अस्पताल ढकोली ले भर्ती करवाया।

पुलिस ने घटना की जांच में पाया कि जसविंदर सिंह को सिर और कंधे पर चोटें आई हैं। पुलिस ने जसविंदर सिंह के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर बीएनएस की धारा 115(2), 351(2), 117(2) और 3(5) के तहत अजमेर सिंह और उसके बेटे ज्योति उर्फ़ रघुवीर के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है।

# ईओ चरणजीत सिंह ने पांचवीं बार संभाला खन्ना काउंसिल का कार्यभार

## शहरवासियों और व्यापारी वर्ग ने किया स्वागत, मुंह मीठा करवा दी बधाई

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना

**खन्ना, 17 सितंबर।** नगर काउंसिल खन्ना के ईओ चरणजीत सिंह चन्नी ने बुधवार की सुबह पांचवीं बार कार्यभार संभाला। इस मौके पर शहर के लोगों व व्यापारी वर्ग ने दफ्तर पहुंचकर उन्हें बधाई दी और मुंह मीठा करवाया।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि काउंसिल खन्ना में अब तक कई अधिकारी आए और गए, लेकिन चरणजीत सिंह जैसा कोई नहीं आया, वह सबकी सुनते हैं और कभी किसी को निराश नहीं करते।

कार्यभार संभालने के बाद ईओ चरणजीत सिंह ने कहा-यह लोगों का



प्यार है। हम हमेशा ईमानदारी से कार्य करते हैं, इसलिए लोग हमें प्यार और समर्थन देते हैं। पांचवीं बार एक ही जगह पर कार्यभार संभालना अपने आप में बड़ी बात है। पंजाब के इतिहास में शायद ही किसी अधिकारी ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया हो।

ईओ चरणजीत सिंह के दफ्तर पहुंचते ही कौंसिल के एम्पलाइज यूनियन के प्रधान अनिल कुमार गड्डू व सफाई यूनियन के प्रधान गरीब दास की अगुवाई में यूनियनों के सदस्यों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

# 15 रक्तदान शिविरों में 1414 यूनिट रक्त एकत्रित

## सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविरों का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदेश भर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। 17 सितम्बर को प्रदेश के 15 जिलों में आयोजित 15 रक्तदान शिविरों में कुल 1414 रक्त इकाइयां एकत्रित की गईं। इन शिविरों में विभिन्न जिलों के युवा मोर्चा अध्यक्षों एवं भाजपा नेताओं के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा रक्तदान कर मानव सेवा का पवित्र कार्य किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के माध्यम से भाजपा युवा मोर्चा सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल रक्त संग्रहण का माध्यम है, बल्कि युवाओं में सेवा भावना को जागृत करने का भी प्रयास है। श्री कटवाल ने सभी जिलाध्यक्षों, कार्यकर्ताओं एवं रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा तथा अधिक से अधिक रक्त इकाइयां एकत्रित करने का लक्ष्य है। 17 सितम्बर को आयोजित प्रमुख रक्तदान शिविरों की जानकारी अनुसार शिमला जिला में प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे जिसमें 115 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

## जोनल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाते हुए जिला कुल्लू भाजपा ने जिला अध्यक्ष अमित सूद के नेतृत्व में जोनल अस्पताल कुल्लू में रोगियों को फल वितरित किए और प्रधानमन्त्री के स्वच्छता के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर अमित सूद ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के इतिहास के सबसे सफल, लोकप्रिय और सर्वमान्य नेता के रूप में देश की सेवा में निरंतर कार्यरत हैं और देश की जनता ने उन्हें पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री के पद पर लगातार बिठाया है। यह दर्शाता है कि देश के आम जन मानस का विश्वास लगातार उन पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में देश अपनी चमक बिखेर रहा है और हर क्षेत्र चाहे वह विदेश नीति हो, रक्षा क्षेत्र हो या आर्थिक क्षेत्र भारत लगातार आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर जिला भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा जोनल में मरीजों को फल वितरित किए गए और ढालपुर मैदान में जहां प्रभु रघुनाथ जी का अस्थाई शिविर लगता है वहां स्वच्छता अभियान चलाया गया। आने वाले समय में भी अनेकों गतिविधियां सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जारी रहेंगी। 19 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू देव सदन कुल्लू में रक्त दान शिविर का आयोजन करने जा रही है।

## 12 साल बाद अपने गांव पहुंचे साहित्कार गणेश गनी, ग्रामीणों नें बिठाया पलकों पर

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 17 सितंबर।** पाँगी घाटी में शौर वैली उत्सव का आयोजन पिछले चार सालों से किया जा रहा है। यह आयोजन हर वर्ष पंचायत स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर किया जाता है। इस चौथे आयोजन में इस बार आयोजन समिति व पंचायत ने प्रसिद्ध साहित्यकार गणेश गनी को मुख्यातिथि के तौर पर आमंत्रित करके उन्हें सम्मान दिया। शौर गाँव कवि गणेश गनी का पैतृक गाँव है। इस अवसर पर शिक्षाविद चमन ठाकुर बतौर अतिथि विशेष उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष किशोरी लाल भारद्वाज ने कहा कि अपने गाँव के व्यक्ति का अभिनन्दन करना हमारे लिए गर्व की बात है। संदीप भारद्वाज व उनकी युवा टीम ने मुख्यातिथि का शानदार स्वागत किया। शौर पंचायत प्रधान दमयंती भारद्वाज ने गणेश गनी को पंगवाली टोपी, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालक अरुण कुमार भारद्वाज ने अपने स्वागत सम्बोधन में कहा कि गणेश गनी हिंदी साहित्य के एक बेहतरीन कवि होने के साथ एक उच्चकोटि के शिक्षक भी हैं।

मुख्यातिथि गणेश गनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि अपने गाँव में इस प्रकार से मान - सम्मान मिलना अद्वितीय है। यह एक भव्य आयोजन था जिसमें लोक संस्कृति के अनेक कार्यक्रम हुए। मुख्यातिथि ने हरेक महिला मण्डल को दो-दो ह?ार रुपए तथा आयोजन समिति को इक्यावन ह?ार रुपए की धनराशि दी। कुल्लू लौट कर चर्चित कवि गणेश गनी ने बताया कि संयोग से उस दिन हिंदी दिवस भी था।

## रक्तदान शिवर, पौधरोपण, शिक्षक सम्मान यज्ञ कर मोदी की दीर्घायु की कामना की

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी मंडल हमीरपुर शहरी द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद डॉ सिकंदर कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि विधायक सदर आशीष शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान और सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करने के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ सिकंदर कुमार ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना अगर पूरा हो सकता है तो वह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होगा। उन्होंने कहा कि भारत के विकास के लिए बीते ग्यारह सालों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो मेहनत की है उसी की बदौलत आज देश पूरे विश्व में प्रमुख देशों में शामिल है। कांग्रेस ने महज देश को खोखला करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय प्रधानमंत्रियों के जन्मदिवस होटलों में मनते थे, लेकिन मोदी का जन्मदिन आम लोगों के बीच विभिन्न सामाजिक कार्य कर मनाया जाता है। उन्होंने समस्त लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश शर्मा, महामंत्री राजेश ठाकुर, तेन सिंह, बीडीसी अध्यक्ष हरीश शर्मा, कार्यालय सचिव अशोक कुमार, मीडिया प्रभारी विक्रांत सहित क्षेत्र के प्रबुद्धजन, मातृशक्ति व युवा मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक आशीष शर्मा ने प्रदेश सरकार द्वारा लोगों के साथ किए गए धोखे को उजागर करते हुए मातृशक्ति से पूछा कि क्या 1500 रुपए आए। इस पर उपस्थित मातृशक्ति ने एक स्वर में न का जवाब दिया और प्रदेश सरकार को झूठा करार दिया। आशीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के तीन साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है लेकिन रोजगार के नाम पर युवाओं को महज आश्वासन और आंकड़े ही मिले हैं। सुक्खू सरकार धन्यवाद करने की बजाय इस पर भी सवाल उठा रही है कि यह पैसा किस मद के तहत आएगा।

## ऊना में 3 अक्तूबर से शुरू होगी धान खरीद प्रक्रिया

**ऊना (रोहित शर्मा)।** ऊना जिला में धान खरीद प्रक्रिया 3 अक्तूबर से शुरू होगी जोकि 31 दिसम्बर तक जारी रहेगी। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दी। उन्होंने बताया कि धान की खरीद सरकार द्वारा अधिकृत मंडियों, कृषि उपज विपणन समिति रामपुर, अनाज मंडी टकारला और टाहलीवाल में की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि किसान अपनी धान की फसल को आसानी से अपने घरद्वार पर बेच सकते हैं। इसके लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल www.hpappp.nic.in खोला जा चुका है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि जिन किसान ने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया हैं, वे शीघ्र अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,389 रुपये (ग्रेड-ए) प्रति क्विंटल तय किया गया है। किसानों को फसल का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में 48 घंटों के भीतर कर दिया जाएगा।

## नरेन्द्र मोदी ने 25 करोड़ को गरीबी रेखा से बाहर निकाला : बिंदल

50 करोड़ गरीबों के ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाकर 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मुफ्त में प्रदान किया है

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। प्रातः 10¬50 पर डॉ बिंदल ने गेटी थिएटर में पीएम मोदी की जीवनी पर आधारित एक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और उनके उपरांत डॉ बिंदल ने युवा मोर्चा द्वारा आयोजित एक रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

डॉ. राजीव बिन्दल, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शत-शत बधाई दी है। उन्होनें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस की भी देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को शत-शत बधाई दी और कहा कि आज शिमला में रिज मैदान पर मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े की शुरूआत रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर की जा रही है। इसके साथ-साथ ही नरेन्द्र मोदी के जीवन के संबंध में एक संक्षिप्त प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. बिन्दल ने कहा कि देश का परम सौभाग्य है कि नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री देश को मिला है। 14 वर्ष तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए, गुजरात राज्य को भारत का अग्रणी राज्य बनाकर खड़ा कर दिया तत्पश्चात 2014 से 2025 तक प्रधानमंत्री रहते हुए भारत को विश्व में शक्तिशाली राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा कर दिया। 2014 तक भारत देश विश्व में आर्थिक पायदान पर 11वें स्थान पर खड़ा था जिसे 11 साल में चैथे पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया और 2027 तक विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने हेतु कृत संकल्पित है।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि मोदी के शासन काल में देश में उत्पादन बढ़ा, निर्यात बढ़ा, आयात घटा, प्रति व्यक्ति आय बढ़ी, कृषि-बागवानी की पैदावार बढ़ी, मछली, दूध की पैदावार बढ़ने के साथ निर्यात बढ़ा जिससे किसानो की आमदनी में ईजाफा हुआ। खेती की लागत घटी और एमएसपी लगातार बढ़ने से किसान की आमदनी में बढ़ौतरी हुई।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी वो शख्स है जिन्होनें 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला, 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने का, 53 करोड़ गरीबों के जनधन खाते खुलवाने का, 9 करोड़ किसान परिवारों को 6000 रू0 प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि देकर उनके जीवन को सरल बनाने का, 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर उपलब्ध कराने का, 12 करोड़ गरीबों को शौचालय बनाने का, 14 करोड़ घरों को नल से स्वच्छ जल देने का महत्वकांक्षी कार्य करते हुए गरीब के जीवन में आशा की किरण को पैदा किया।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक सुरेंद्र शौरी ने पलदी घाटी में आपदा प्रभावितों से मुलाकात कर साझा किया दर्द



**कुल्लू (अशेष शर्मा)।** बारिश के दौर से कुछ राहत मिलते ही बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी घर-घर जाकर आपदा प्रभावितों का हाल जान रहे हैं और उनका दर्द बाँट रहे हैं। आज उन्होंने पलदी घाटी की थाटीबीड़ और गोपालपुर पंचायतों का दौरा कर आपदा में पूरी तरह नष्ट हुए 24 परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की। विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि इस वर्ष अभूतपूर्व बारिश हुई है, जिससे खेतों और खलिहानों में कई स्थानों पर भूमिगत जल स्रोत फूट पड़े हैं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्यों की सुस्त गति पर नाराजगी जताई और कहा कि हफ्तों बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से अभी तक घाटी में पर्याप्त राहत सामग्री नहीं पहुंची है। उन्होंने यह भी कहा कि घाटी में सेव की फसल तैयार हो रही है, लेकिन सड़क व्यवस्था बदहाल होने से किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## सीसे स्कूल डगशाई में यूथ पार्लियामेंट का आयोजन



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल डगशाई में यूथ पार्लियामेंट का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस मौके पर विद्यालय के राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता अंजना ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल तथा संसदीय कार्यप्रणाली की समझ विकसित करने में मदद करती हैं। यूथ पार्लियामेंट में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए छात्रों ने लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया।

डगशाई स्कूल की प्रिंसिपल कीर्ति शर्मा ने भी इस आयोजन की सराहना की और प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर बिमला शर्मा, देवी चंद, टिक्कम राम, धर्म चंद समेत अन्य ने यूथ पार्लियामेंट के सफल संचालन में सहयोग किया।

## आनी उपमंडल की अधिकतर सड़कों को छोटे वाहनों के लिए खोला

**कुल्लू (अशेष शर्मा)।** कुल्लू जिला की आनी उपमंडल की अधिकतर सड़कों को जिला प्रशासन व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खोल दिया गया है। और बागवान अब अपने सेब छोटी गाड़ियों से मडियों तक पहुंचा रहे हैं तथा कुछ बागबान छोटी गाड़ियों से अपने सेब ठीक सड़कों पर खड़े बड़े वाहनो पर लोड कर रहे हैं।

आनी उपमंडल की अधिकतर संपर्क मार्गो को छोटे वाहनों को पूरी तरह से खोल दिया गया है। इसके कारण सेब बागवानों को छोटे वाहनों में सेब आनी तक पहुंचाने में सुविधा हुई है। जिन बागवानों को सेब बड़ी मंडियों में पहुंचाना है वह छोटे वाहनों में सेब लाकर बड़े वाहनों में लाद रहे हैं। प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की ओर से मामले पर संवेदनशीलता दिखाते हुए समयबद्ध तरीके से सड़क मार्गो को छोटे वाहनों के लिए खोला है। भारी वाहनों के लिए सड़क सुविधा बहाल होने में विलंब होगा, इसके चलके प्रशासन ने छोटे वाहनों, जिसमें पिकअप आदि शामिल है, के लिए सड़क मार्ग बहाल करने को प्राथमिकता दी है।

## शूलिनी विवि के छात्रों को अदालती अनुभव प्राप्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान संकाय के विधि छात्रों को सोलन के जिला न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत के अपने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान न्याय की प्रक्रिया को देखने का अवसर मिला।

लीगल एड क्लिनिक के बैनर तले आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य बीएएलएलबी और एलएलबी के छात्रों को भारत में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) प्रणालियों की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था।

इस भ्रमण के दौरान, छात्रों ने डॉ. अरविंद मल्होत्रा (जिला एवं सत्र न्यायाधीश), अभय मंडयाल (जिला एवं सत्र न्यायाधीश-ढ्ढ), विवेक खनाल (अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-II), दिव्या ज्योति पटियाल (सीजेएम), सोनल शर्मा (अतिरिक्त सीजेएम कोर्ट-I) और मिहुल शर्मा (अतिरिक्त सीजेएम कोर्ट-II) सहित न्यायिक अधिकारियों से बातचीत की।

न्यायाधीशों ने छात्रों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987, लोक अदालतों की कार्यप्रणाली और मध्यस्थता, सुलह और पंचनिर्णय जैसी एडीआर विधियों के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 (चेक अनादर के मामले), मुआवज़ा नियमों, अपील प्रक्रियाओं और न्यायालय शुल्क पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों पर भी बहुमूल्य जानकारी साझा की।

विधि विज्ञान संकाय के एसोसिएट डीन, डॉ. नंदन शर्मा ने सामाजिक रूप से जम्मिेदार और संवेदनशील कानूनी पेशेवरों को आकार देने में इस तरह के दौरों के महत्व पर प्रकाश डालकर छात्रों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समन्वय विधि विज्ञान संकाय के सहायक प्रोफेसर, विनीत कुमार ने किया, जिन्होंने छात्रों के अनुशासन और उत्साह की सराहना की। उन्होंने छात्रों को ऐसी पहलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जो कक्षा की शिक्षा को वास्तविक दुनिया के न्यायालयीन व्यवहारों से जोड़ती हैं।

पल्लवी (एलएलबी तृतीय सेमेस्टर) और रिजुल (बीएएलएलबी पंचम सेमेस्टर) को इस दौरे के समन्वय में उनके प्रयासों के लिए विशेष सम्मान दिया गया।

## कृषि मंत्री ने राष्ट्रीय सम्मेलन कृषि-रबी अभियान में भाग लिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार ने नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन कृषि-रबी अभियान-2025 में प्रदेश का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिव राज सिंह चौहान ने की। सम्मेलन में कृषि सुधार, किसान कल्याण और नीति कार्यान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रो. चन्द्र कुमार ने कालका से किसान ट्रेन चलाने के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह किया। इससे किसानों को अपनी फसलें बाजार तक सही समय में पहुंचाने में मदद मिलेगी तथा परिवहन लागत में भी कमी आएगी। उन्होंने केन्द्र सरकार से प्राकृतिक खेती से उगाई गई फसलों का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने का आग्रह किया, ताकि जैविक व प्राकृतिक खेती को ब?ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले से ही प्राकृतिक खेती को ब?ावा देने के लिए विभिन्न महत्त्वाकांक्षी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसमें प्राकृतिक खेती द्वारा उगाए गए उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। कृषि मंत्री ने मृदा सर्वेक्षण सूक्ष्म स्तर तक करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खंड स्तर पर मृदा उर्वरता मानचित्र तैयार किए जाने चाहिए ताकि उनकी जानकारी के आधार पर वैज्ञानिक एवं प्रभावी भूमि उपयोग योजना बनाई जा सके। उन्होंने रिमोट सेंसिंग के महत्व पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में कृषि क्षेत्र में रिमोट सेंसिंग का व्यापक उपयोग करने की आवश्यकता है।

प्रो. चन्द्र कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विभिन्न एग्रो क्लाइमेटिक जोन में विभाजित है। सभी फसलों की अलग-अलग जलवायु आवश्यकताएं होती हैं।

**यूथ फेस्टिवल** | एड्स नियंत्रण समिति ने राज्य स्तरीय रेड रिबन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया

## जागरुकता से कम होती है भ्रांतियां, बनते हैं सशक्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला।** परियोजना निदेशक राजीव कुमार की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी ने मंगलवार को युवाओं को जागरूक करने के लिए राज्य स्तरीय रेड रिबन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूल के छात्रों में एचआईवी, एड्स, यौन संक्रमित रोग, टीबी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूक करना था।

राजीव कुमार ने कहा कि स्वस्थ समाज बनाने के लिए युवाओं में एचआईवी के प्रति जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूतिपूर्वक कार्य करके छात्र प्रेरणास्रोत बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी, नेतृत्व कौशल विकसित करने और अपने स्कूल व मोहल्ले में जानकारी प्रदान करने के प्रति प्रेरित करते हैं। जागरूकता से न केवल भ्रांतियां कम होती हैं, बल्कि लोगों को सही निर्णय लेने और एक सशक्त, जिम्मेदार और सहिष्णु समाज बनाने में मदद मिलती है।

बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी, शिमला, सिरमौर और ऊना के जिला स्तर पर विजेता स्कूलों की टीमें इस प्रतियोगिता में शामिल हुईं। शिमला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संजौली टीम के ईशान जोगटा और त्रिकांश शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह टीम 22 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के रेड रिबन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। अन्य आठ राज्यों की टीमों के साथ वे इस प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

हमीरपुर के सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अमरोही की टीम (अशिन्का ठाकुर और तमन्ना) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सोलन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की टीम (ईशान और सारांश ठाकुर) तीसरे स्थान पर रही।

राजीव कुमार ने विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छात्रों में जागरूकता उत्पन्न करना एक स्वस्थ और सहानुभूतिपूर्ण समाज बनाने में मदद करता है। ज्ञान और नेतृत्व दूसरों को प्रेरित कर सकते हैं और राज्य भर में जागरूकता उत्पन्न करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# महात्मा गांधी के सपने को साकार रहे पीएम मोदी : कृष्णपाल

श्री अटल बिहारी वाजपेयी अस्पताल बनेगा आधुनिक सुविधाओं से लैस : विधायक मूलचंद शर्मा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सेवा पखवाड़ा-2025 के अवसर पर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ रखने में उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से साकार करने का कार्य शुरू किया, जो आज एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

गुर्जर ने कहा कि जैसे हम अपने शरीर की स्वच्छता का ध्यान रखते हैं, वैसे ही हमें अपनी गली, मोहल्ले और शहर को भी स्वच्छ रखने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 15 दिन तक देशभर में सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जन्मदिवस को सेवा को समर्पित कर एक मिसाल पेश की है और आज मध्यप्रदेश से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' जैसी योजनाओं की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि हमारे विधायक, पार्षद और अधिकारी शहर को स्वच्छ और विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यदि नागरिक भी सफाई कर्मियों का सहयोग करें और जिम्मेदारी निभाएं तो कोई ताकत भारत को विकसित भारत बनने से नहीं रोक सकती। उन्होंने आह्वान किया कि वर्ष 2027 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में हर नागरिक अपनी भूमिका निभाए।

वहीं अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बल्लभगढ़ में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों ने विभिन्न बीमारियों की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बल्लभगढ़ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अस्पताल में शीघ्र ही आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे बल्लभगढ़ सहित यमुना पार व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि यह संस्थान भविष्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनेगा। सेवा पखवाड़ा समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देने का माध्यम है।

### स्वच्छता सिर्फ औपचारिकता नहीं, जीवन का हिस्सा बने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद परिसर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बढ़खल विधायक धनेश अदलखा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन पूरे देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर फरीदाबाद में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया है कि हम अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे।



# मोदी का नेतृत्व दुनिया में शांति स्थापित कर रहा : नागर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

मंत्री राजेश नागर ने अनेक स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस कार्यक्रम में भागीदारी की

**फरीदाबाद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर अनेक स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंत्री राजेश नागर ने भी इन कार्यक्रमों में भागीदारी की और लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की बधाई दी।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी का नेतृत्व न केवल भारत बल्कि दुनिया को राह दिखाने का काम कर रहा है। वह भारत माता के अनन्य सेवक और राष्ट्र नायक के रूप में हमारे सामने आज दुनिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्हें बॉस कहते हैं, तो यह हमारे लिए गर्व के क्षण होते हैं। बड़ी से बड़ी बीमारियां, महामारियां नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के आगे हार मानती हैं। दुनिया में जब कोविड ने हाहाकार मचा दिया, ऐसे समय में भी मोदी राज में सबका साथ सबका विकास की परिपाटी को निभाते हुए जनता अपने असहाय लोगों की सहायता में लग गई।

राजेश नागर ने सेक्टर 15 स्थित अटल कमल जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में भागीदारी की और लोगों को बधाई दी। उन्होंने अपने सेक्टर 37 स्थित कार्यालय पर भी स्वास्थ्य जांच शिविर लगवाया, जहां हजारों की संख्या में लोगों के बीच लड्डू वितरित किए गए।

## जेजेपी ने विपिन यादव को फिर से दी प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**रेवाड़ी (धनेश विद्यार्थी)।** जननायक जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने प्रबुद्ध समाजसेवी विपिन यादव माजरा पर फिर से विश्वास जताते हुए जेजेपी युवा प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है।



विपिन ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के संरक्षक चौधरी अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री चौधरी दुष्यंत सिंह चौटाला, पूर्व विधायक नैना सिंह चौटाला, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। विपिन ने कहा कि पार्टी ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वो अच्छी तरह से निर्वहन करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे और पार्टी की नीतियों को घर घर तक पहुंचाएंगे। प्रवक्ता कमल मंगलेश्वर ने कहा कि प्रदेश में जेजेपी का जनाधार बढ़ता जा रहा है, विशेष तौर पर युवा वर्ग भाई दिग्विजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है।

# पीएम के जन्मदिन पर 75 यूनिट रक्त एकत्रित

सेवा पखवाड़ा के तहत होगी मैराथन रेस, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। रक्तदान शिविर के जिला संयोजक अमरजीत छाबड़ा की देखदेख में शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर शिविर की शुरूआत की। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने कहा कि रक्तदान एक महादान है और सेवा पखवाड़ा का मूल उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सेवा की भावना को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा कार्यों को समर्पित कर मनाना हर कार्यकर्ता का कर्तव्य है। अशोक गुर्जर ने कहा कि भाजपा केवल राजनीति नहीं बल्कि सेवा को भी सर्वोपरि मानती है। सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक मुनीष कठवाड़ ने कहा कि सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर समाजसेवा का एक महापर्व है। शिविर में 75 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य जांच शिविर, डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन और सभी मंडलों में सेवा कार्यों का आयोजन किया जाएगा। युवा मोर्चा द्वारा मैराथन रेस, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

कार्यक्रम संयोजक अमरजीत छाबड़ा ने खुद रक्तदान करके युवाओं का हौसला बढ़ाया। जिला प्रभारी अमरपाल राणा, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, कमलेश ढांडा सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने रक्तदान करने वाले युवाओं को सर्टिफिकेट और तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया। अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि रक्तदान से बढ?र कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए युवाओं चाहिए कि वह ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें।

# रामलीला आयोजन पर 50 हजार की पर्ची सनातन धर्म की परम्परा पर प्रहार : चित्रा

राम की लीला का आयोजन होना हमारी पारंपरिक अनिवार्यता : चित्रा सरवारा

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अंबाला छावनी।** गांधी मैदान जहां 70 सालों से हर वर्ष रामलीला की पावन गूंज सुनाई देती रही है, इस बार सूनी पड़ी है और आस्था प्रशासनिक कागज़ों के ढेर में दम तोड़ती प्रतीत हो रही है। नगर परिषद ने इस वर्ष केवल दो दिन, 1 और 2 अक्तूबर की,अनुमति दी है वह भी अठारह शर्तों के साथ और पचास हज़ार रुपये की सुरक्षा राशि पहले जमा करने की अनिवार्यता सहित। यह पहली बार है ही जब हमारे पावन हिन्दू पर्व दशहरे की अनुमति इतनी देरी से और इतने बोझिल नियमों के साथ प्रदान की गई है।

चित्रा सरवारा ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह अनुमति-पत्र सनातन धर्म पर प्रतिबंध का प्रतीक बनती जा रही है। ÷हम हिंदू राष्ट्र बनाने के स्वप्न देखते हैं, विश्वगुरु बनने का संकल्प लेते हैं, परन्तु अपने ही नगर में हम भगवान राम की लीला के मंचन को शर्तों और सिक्योरिटी के मनी पिंजरे में कैद कर रहे हैं। क्या यही रामराज्य की कल्पना है कि जहां रामलीला जैसा पवन पर्व भी प्रशासकीय खाता-किताब में उलझ रहा है।

चित्रा ने सराकर व प्रशासन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा की किस बात की सिक्योरटी जब ग्राउंड में सफाई,साईकल ट्रैक और पेड़ों का पहले से ही कोई रखरखाव का अता-पता नहीं है? चित्रा ने गांधी मैदान की दुर्दशा को लेकर भी प्रशासन को आड़े हाथों लिया ङ्क मैदान में गंदगी का अंबार,डेढ़ फुट ऊंची घास और टूटी-फूटी ट्रैक। ÷यह दृश्य केवल उपेक्षा का नहीं, केवल हमारी सांस्कृतिक चेतना के मुरझाने का संकेत है। चित्रा ने कहा की जब प्रशासन को पता था की हर साल इस गाँधी ग्राउंड में दशहरा पर्व होता है तो प्रशासन का दायित्व था कि मैदान को समय रहते साफ़ करता व मंचन के योग्य बनाता। किंतु इसके बजाय नगर परिषद ने शर्तों का ऐसा पुलिंदा बांध दिया है।

चित्रा सरवारा ने यह भी स्मरण कराया कि श्री रामलीला कमेटी की विशेष बैठक में पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से गहरी चिंता व्यक्त की और नगर परिषद के रुख को आस्था के अपमान के समान बताया। ÷जब समाज के प्रतिष्ठित नागरिक भी स्वयं को अपमानित महसूस कर रहे हैं, तब यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, यह पूरे नगर की आत्मा का प्रश्न है।÷

उन्होंने कहा कि यह प्रश्न केवल एक कमेटी का नहीं, पूरे समाज का है। ÷हम अपने बच्चों को धर्म, नीति और मर्यादा का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन सरकारें हमारे पर्वों को मात्र प्रशासन की दृष्टि से देखती हैं। जो सरकारें धर्मसभा में उपदेश देती हैं, उन्हें समझना चाहिए कि रामलीला के मंच पर केवल नाटक नहीं होता बल्कि हमारी आने वाली पी?ी को सनातन धर्म के बारे में बताया व प?ाया जाता है वह मंच समाज का दर्पण है, वह हमारी आत्मा का उत्सव है।÷

उन्होंने सरकार को याद दिलाते हुए कहा की श्री रामलीला कमेटी हमारे अम्बाला की वह संस्था है जो जनता से चंदा लेकर हमारे मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान की राम की लीलाओं का मंचन करती है,उन्हीं पैसों से अनेको गरीब कन्याओं का विवाह कराती है और किसी निजी स्वार्थ में नहीं, केवल समाज के हित में यह आयोजन करती है। ÷ऐसी सेवा भावना को इस प्रकार प्रशासनिक असंवेदनशीलता का सामना करना पड़े तो बड़े दुख की बात है।

# प्राइवेट स्कूल के नियोक्ताओं को सेमिनार में बताए कर्मचारी राज्य बीमा योजना के लाभ

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा ने फ़रीदाबाद प्रोग्रेसिव स्कूल कॉन्फ्रेंस के तत्त्वावधान में एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय निदेशक सुगन लाल मीना ने आयोजित एक सेमीनार में वहाँ के पदाधिकारियों तथा स्कूल मालिकों को सरकार द्वारा उनके लिए लाई गई कई हितकारी नीतियों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सभी संस्थान वर्कमेनस कंपेनसेशन एक्ट 1923 तथा मटर्निटी बेनीफिट एक्ट 1961 के अंतर्गत आते हैं । इन अधिनियमों के कारण दुर्घटना, मृत्यु तथा प्रसव के लिए कार्मिकों को सुरक्षा मिलती है और इन अधिनियमों में निहित लाभ उन्हें अपने कार्मिकों को देने अनिवार्य हैं। इन अधिनियमों के कारण उनके ऊपर अचानक से वित्तीय देनदारी आ सकती है। इसलिए उन्हें ऐसी वित्तीय हानि से सुरक्षा लेने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा योजना में शामिल होना चाहिए। कर्मचारी राज्य बीमा निगम न केवल उन्हें इन दोनों अधिनियमों के अंतर्गत देनदारियों से मुक्ति प्रदान करेगा बल्कि उनके कार्मिकों को भी स्वास्थ्य का उपहार प्रदान करेगा।

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 हर उस स्कूल/फैक्टरी/संस्थान / दुकान / क्लिनिक/ अस्पताल / प्रतिष्ठान पर लागू है जहां 10 या उससे अधिक कार्मिक कार्यरत हैं। इन स्थापनाओं के लिए अनिवार्य है कि वे उनके संस्थान में 10 कर्मचारी नियोजित होने के 15 दिन के अंदर उनके संस्थान का ई एस आई योजना में पंजीकरण करवाएं। संस्थान के पंजीकरण के बाद नियोक्ताओं को अपने कार्मिकों का भी इस योजना में पंजीकरण कर एवं उनके संबंध में नियमानुसार अंशदान जमा करवाना अनिवार्य है।

## मनुष्य के हृदय में विश्वास होगा तो भगवान के दर्शन होंगे : आचार्य पं. रणबीर

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 17 सितम्बर।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से पितृ पक्ष में श्री जयराम विद्यापीठ में चल रही भागवत पुराण की कथा के चौथे दिन कथा के प्रारम्भ में यजमान परिवार ने व्यासपीठ पर भागवत पुराण की विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। व्यासपीठ पर विराजमान श्री जयराम संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कथावाचक आचार्य प. रणबीर भारद्वाज ने एक प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि हर पिता का कर्म है कि वह अपनी संतान को धर्म सिखाए और संतान का धर्म है कि बुढ़ापे में पिता को धर्म का काम कराएं। अगर आपकी संतान धर्म युक्त संस्कारी नहीं है तो उसके जिम्मेदार माता-पिता हैं। उन्होंने बताया कि दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है घर और शिक्षा है उस परिवार का संस्कार। प. रणबीर भारद्वाज ने कहा कि अपनी जीवन शैली को संस्कारित बनाओ।



# जंक फूड छोड़ने और लोकल फूड अपनाने का दिया संदेश

सिविल अस्पताल पानीपत में पोषण माह व सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 17 सितंबर।** सिविल अस्पताल पानीपत में बुधवार को पोषण माह एवं सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रतिनिधि गजेन्द्र कुमार सलुजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सामूहिक शपथ ग्रहण से हुआ। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने जंक फूड छोड़ने और स्थानीय पौष्टिक आहार को अपनाने का संकल्प लिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए विशेष स्लॉट में पोषण से जुड़ी जानकारी दी गई। डीपीओ परमिंदर कौर ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान और आंगनवाड़ी सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में विभाग ने हेल्दी रेसिपी और पौष्टिक भोजन का आकर्षक प्रदर्शन किया। इसमें बाजरा, ज्वार, रागी, मौसमी फल और हरी सब्जियों से बने व्यंजन प्रदर्शित किए गए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। इसके साथ ही बच्चों के लिए पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें ÷स्वस्थ बच्चाङ्कस्वस्थ भारत÷ और ÷संतुलित आहार÷ जैसे विषय रखे गए।

मुख्य अतिथि गजेन्द्र सलुजा ने अपने संबोधन में कहा कि जंक फूड हमारी नई पीढ़ी के स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है। हमें अपनी परंपरागत आहार प्रणाली की ओर लौटना होगा। लोकल फूड न केवल स्वास्थ्यवर्धक है, बल्कि यह किसानों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करता है।

उन्होंने युवाओं से घर का बना भोजन अपनाने और फास्ट फूड से दूरी बनाने की अपील की।

## टोहाना में मेडिकल हॉल किया सील

**टोहाना।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में फतेहाबाद जिले में मादक पदार्थों और प्रतिबंधित दवाओं के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने एक अहम कार्रवाई करते हुए भूटानी मेडिकल हॉल को नशीली गोलियों की अवैध बिक्री में संलिप्त पाए जाने पर सील कर दिया है।

थाना टोहाना पुलिस ने भाखड़ा नहर के पास से कपिल पुत्र हेमराज, निवासी वार्ड नं. 12, कृष्णा कॉलोनी, टोहाना को काबू किया था। उसके कब्जे से 500 नशीली टैबलेट बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह ये गोलियां टोहाना स्थित भूटानी मेडिकल हॉल से खरीदकर लाया था।

संस्कार

सभी पॉलिटिकल पार्टी जिला के 792 पोलिंग बूथ पर नियुक्त करें बूथ लेवल एजेंट

# वर्ष 2002 की वोटर लिस्ट का होगा अब तुलनात्मक अध्ययन : डीसी

अर्थ प्रकाश/धनेश विद्यार्थी



**रेवाड़ी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने स्पेशल इंटेन्सिव रिवीजन हरियाणा में शुरू करवाने की तैयारी कर ली हैं। अगले माह के प्रथम सप्ताह में विधिवत रूप से करीब तीन महीने के इस अभियान को शुरू कर दिया जाएगा।

डीसी अभिषेक मीणा लघु सचिवालय के सभागार में आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर 25 साल के बाद इस विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को चलाया जाता है। इस बार वर्ष 2002 की मतदाता सूची के आधार पर वर्तमान वोटर लिस्ट की तुलनात्मक रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

जिन लोगों के नाम 25 साल पहले की वोटर लिस्ट में शामिल हैं, उनके परिवार से नए बने मतदाताओं को फार्म भर कर यह बताना होगा कि उनके अभिभावक पहले से सूची में शामिल हैं। जो लोग बाहर से रेवाड़ी जिला में आए हैं, उनसे कुछ दस्तावेज मांगे जाएंगे, जिससे यह पता चल सके कि पहले उनका वोट किस राज्य या किस जिला में बना हुआ था। कोई वोटर पड़ोसी देश से आया है और वह अपनी नागरिकता को साबित नहीं कर पाया तो उसका वोट काट दिया जाएगा।

### एक बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होंगे

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2002 में जो गांव झज्जर जिला में थे, उनकी वोटर लिस्ट मंगवाई गई है। जिला के 792 मतदान केन्द्रों की पुरानी और नई वोटर लिस्ट राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट को भी दी जाएंगी। नई सूची में केवल वही नाम होंगे, जो वर्तमान में रेवाड़ी जिला में रह रहे हैं और मतदाता की पात्रता को पूरा करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार एक बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होने चाहिए। इसलिए करीब 80 नए बूथ निर्वाचन आयोग की अनुमति से जिला में बनाए जा सकते हैं। इस अवसर पर एसीयूटी रूहानी, नगराधीश जितेंद्र कुमार, चुनाव विभाग के नायब तहसीलदार अजय कुमार, बसपा से किशोरी लाल, आप पार्टी से मदन सिंह, जेजेपी से यशवीर यादव, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रवीन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

डीसी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की यह एक सामान्य प्रक्रिया है और हर 25 साल में इसे दोहराया जाता है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से इस अभियान को चलाया जाए। इसलिए राजनीतिक दलों से बीएलए की लिस्ट मांगी गई है, जिसे उन्हें अगले एक-दो सप्ताह में जमा करवा देना चाहिए। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में यह अभियान शुरू हो जाएगा।

# नशे के 4 सौदागार 164 डोडा चूरापोस्त सहित गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 17 सितंबर।** एंटी नारकोटिक सैल कैथल की टीम ने नशा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को 164 किलो 755 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित काबू किया है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत करीब 19 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ट्रक व कार भी जब्त कर ली है। आरोपी मध्य प्रदेश से दाल के कट्टों से भरे ट्रक में यह नशा लेकर आए थे और इसे पंजाब व आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने की योजना बना रहे थे। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम 17 सितंबर को गांव आंधली क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि गांव चाणचक निवासी माडू राम और पंजाब के करीमनगर निवासी मनजीत सिंह लंबे समय से डोडा चूरापोस्त की तस्करी कर रहे हैं। वे ट्रकों में माल मंगवाकर सुनसान रास्तों से गाडियों में पंजाब तक सप्लाई करते हैं। सूचना पर टीम ने संगतपुरा क्षेत्र में दबिश दी। पुलिस टीम ने संगतपुरा में एक ट्रक व स्विफ्ट कार को संदिग्ध हालत में खड़ा पाया। पास जाकर देखा तो दो युवक प्लास्टिक कट्टे को ट्रक से निकालकर गाड़ी में रख रहे थे। पुलिस ने तुरंत दबोच लिया। आरोपियों की पहचान माडू राम गांव चाणचक, मनजीत सिंह करीमनगर, पंजाब, ट्रक चालक मुकेश सोनिया गणेशपुरा मध्यप्रदेश और कमल सिंह गांव रामपुरिया राजस्थान के रूप में हुई।

## शहर में धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन, जन सेवा के अनेकों कार्यक्रम हुए आयोजित

# भाजपा ने सेवा कार्यों से दिया मोदी को जन्मदिन का तोहफा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 17 सितम्बर।** 17 सितम्बर का दिन भाजपा कार्यकर्ताओ के लिए बेहद खास रहा। सुबह से लेकर देर शाम तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन की धूम रही, सेवा के अनेकों कार्यक्रम आयोजित किये। कल बुधवार की सुबह पार्टी कार्यकर्ताओ ने अलग अलग जगहों पर विशेष स्वछता अभियान चलाया। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने सेक्टर 6 के नागरिक अस्पताल के परिसर और आस पास के इलाकों में स्वच्छता अभियान की कमान संभाली।



इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, नगर महापौर कुलभूषण गोयल, स्थानीय पार्षद व जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, जिला महामंत्री जय कौशिक, जिला उपाध्यक्ष तेजिंदर गुप्ता टोनी, उमेश सूद, युवराज कौशिक, मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स, सेवा पखवाड़ा की जिला सहसंयोजक परमजीत कौर सहित पार्टी के तमाम नेताओं और पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। माता मनसा देवी मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं लम्बी आयु के लिए विशेष हवन पूजन एवं आरती की गई। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पार्टी मुख्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने केक काट कर एक दूसरे को मोदी के जन्मदिन की बधाइयाँ दी और मुँह मीठा करवाया। पार्टी कार्यालय में रक्तदान शिविर एवं फ्री चिकित्सा कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमे ब?ी संख्या में लोगो ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के स्वास्थ सम्बन्धी टेस्ट मुफ्त में करवाए। इस दौरान पच्चीस से अधिक की संख्या में शहर के चिकित्सको ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल और कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा ने सभी को पार्टी का पटका पहना कर पार्टी में स्वागत किया। अजय मित्तल ने कहा, ये सभी सम्मानित चिकित्सक भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के माध्यम से पंचकूला की जनता को अपनी सेवाएं देंगे। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आशीष गुलेरिया ने बताया कि पार्टी की सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रहे डॉ मनोज राव सर्जन, डॉ आकाश दाहिया, डॉ ज्योति यादव, डॉ नीति सिंह, डॉ राहुल गोयल व अन्य। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं और आमजन ने लंगर का भी खूब आनंद लिया।

### सांसद कार्तिकेय ने 300 श्रमिकों को किया सम्मानित

**कालका जग्गी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर आज सांसद कार्तिकेय शर्मा पिंजौर की सेब मंडी पहुंचे। यहा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने 300 श्रमिकों को सम्मानित किया। श्रमिकों को मिठाई बांटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया । उन्होंने कहा कि हमारे श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत मददगार है उन्हें उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित करना हमारी जिम्मेदारी है। उसके बाद सांसद कार्तिकेय शर्मा कालका के काली माता मंदिर पहुँचे यहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर हवन किया और उनकी दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि आज हर भारतवासी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जीवन से प्रेरणा ले रहा है, उनकी जीवनशैली को देख रहा है, जिस तरीके से उन्होंने जीवन जीआ, उनका हमें अनुसरण करना चाहिए। उनके जन्म दिवस को मनाना चाहिए और जानना चाहिए कि किस तरह से उन्होंने त्याग भावना से जीवन जी कर देश के नवनिर्माण में अहम भूमिका निभाई। आज हर भारतीय खुद को गर्वित महसूस करता है। प्रधानमंत्री ने 11 वर्षों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग, महिला हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई। चाहे आयुष्मान भारत हो, लाडली बेटी, ड्रोन दीदी हो अनेक ऐसी योजनाएं है जिनका सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है ।



### विधायक शक्तिरानी ने समाजसेवा के संकल्प को किया मजबूत

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर कालका विधानसभा क्षेत्र में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विधायक शक्तिरानी शर्मा जी ने जनसेवा और समाजसेवा के संकल्प को और मजबूत किया।



कालका विधायक शक्तिरानी शर्मा जी ने प्रातः 8 बजे गांधी चौक, कालका पर आयोजित मिठाई वितरण कार्यक्रम में 300 से अधिक श्रमिक भाइयों-बहनों को लड्डू बांटे गए। श्रमिकों को मिठाई बांटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उन्होंने कहा कि हमारे श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत मददगार है। इसके उपरांत प्राचीन श्री काली माता मन्दिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा जी और विधायक शक्तिरानी शर्मा जी ने मिलकर आहुति डालकर प्रधानमंत्री मोदी जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कालका नगर परिषद द्वारा आयोजित स्वच्छता रैली, सफाई अभियान एवं सॉलिड वेस्ट साइट कार्यक्रम में जाने वाले विधार्थियो को विधायक जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर फ्लैग ऑफ किया और जनता को स्वच्छता का संदेश दिया।

विधायक शक्तिरानी शर्मा जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने अथक परिश्रम, राष्ट्रप्रेम और दूरदर्शी नेतृत्व से भारत को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाया है। आज उनके जन्म दिवस पर कालका विधानसभा की जनता की ओर से मैं उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। हम सभी उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं और उनके संकल्पित 'नया भारत, आत्मनिर्भर भारत' के मार्ग पर चलते रहेंगे। इस मौके पर कालका नगर परिषद चेयरमैन श्री कृष्ण लाल लांबा जी, श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड से पृथ्वी राज जी पृथ्वी मित्तल जी, परमोद कौशिक (प्रदेश कार्यकारणी सदस्य), भाजपा जिला महामंत्री भवनजीत सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन कुमारी जी ,भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र भाऊ जी, कालका मंडल अध्यक्ष कपिल गौड़ , विकास परिषद कालका के प्रधान रंजीत उप्पल, हरीश मोंगा (पिंजौर मंडल अध्यक्ष), रोहित सैनी (रायपुररानी मंडल अध्यक्ष), कृष्ण कुमार (मंडल अध्यक्ष रायतन), दीपा शर्मा जी (मंडल अध्यक्ष मोरनी) एवं उपस्थित जिला व मंडलों के पदाधिकारी, कार्यकारणी सदस्य व स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

## रेहड़ी-पटरी वालों को सशक्त बनाने के लिए लोक कल्याण मेले का आयोजन



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** चंडीगढ़ नगर निगम ने सेक्टर 40 में एक समर्पित लोक कल्याण मेले का आयोजन किया, जिसमें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई। इस कार्यक्रम में लगभग 40 से 50 लाभार्थियों का स्वागत किया गया, जिन्हें जागरूकता बढ़ाने, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और ज़िम्मेदार शहरी विक्रय प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए डिज़ाइन किए गए एक सूचनात्मक और इंटरैक्टिव मंच के माध्यम से मार्गदर्शन दिया गया।

मेले की शुरुआत प्रधानमंत्री स्वनिधि लाभार्थियों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद वक्ताओं के एक गतिशील पैनल ने प्रमुख भाषण दिए। आजीविका अधिकारी सुश्री रमणीक कौर, सामुदायिक आयोजक-सह-प्रधानमंत्री स्वनिधि प्रभारी सुश्री मैमुना यास्मीन और सहायक सामुदायिक अधिकारी श्री बलबीर सिंह ने रेहड़ी-पटरी वालों के लिए आजीविका सहायता पहलों और नगरपालिका योजनाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की। स्ट्रीट वेंडर एसोसिएशन के एक प्रमुख प्रतिनिधि, श्री नवनीत चावला ने इस क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों और अवसरों पर एक जमीनी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में नगर विक्रय समिति के निर्वाचित सदस्य श्री मुकेश गिरि और श्री रविन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।

लोक कल्याण मेले में वित्तीय साक्षरता और डिजिटल ऑनबोर्डिंग पर समर्पित सत्र आयोजित किए गए, जिससे विक्रेताओं को डिजिटल लेनदेन, बचत और औपचारिक वित्तीय सेवाओं के लिए आवश्यक उपकरणों को समझने में मदद मिली। प्रतिभागियों को स्ट्रीट वेंडर उपनियमों, नियामक मानदंडों के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने, और कचरा पृथक्करण प्रथाओं, स्वच्छता को बढ़ावा देने और विक्रय स्थलों पर पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के बारे में व्यावहारिक जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण पीएम स्वनिधि लाभार्थियों के लिए एक विशेष सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइलिंग अभियान का शुभारंभ था। इस पहल का उद्देश्य लाभार्थियों की पृष्ठभूमि, चुनौतियों और सहायता आवश्यकताओं पर विस्तृत डेटा एकत्र करना है।

## बाढ़ से ग्रस्त पंजाब के लिए आगे आई हिंदू पर्व महासभा, भेजा जरूरत का सामान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हिंदू पर्व महासभा चंडीगढ़ के अध्यक्ष बीपी अरोड़ा जी एवं महासचिव कमलेश चंद्र सूरी ने बताया कि पंजाब में पिछले कुछ दिनों भीष्म बाढ़ का प्रकोप रहा जिसकी संवेदना को चंडीगढ़ के सभी मंदिरों एवं महासभा के सभी पदाधिकारियों ने समझा । उनके सहयोग से बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री जिनमें मुख्य रूप से दवाइयां, कंबल, गद्दे, स्टील के ग्लास व प्लेटस, कोकोनट ऑयल , चप्पले, इत्यादि जुटाए गए । आज प्रात 10ः 00 बजे डिप्टी कमिश्नर श्री निशांत कुमार यादव आईएएस द्वारा झंडा दिखाकर रेड क्रॉस के माध्यम से ट्रकों को रवाना किया गया । राहत कार्यों में सभी मंदिरों का विशेष सहयोग रहा। विशेष कर श्री राधा माधव मंदिर सेक्टर 34 चंडीगढ़, श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 15 बी चंडीगढ़ एवं श्री राम मंदिर सेक्टर 47 डी चंडीगढ़ का योगदान प्रशंसनीय रहा।




इस अवसर पर महासभा से बीपी अरोड़ा अध्यक्ष, कमलेश चंद्र सूरी महासचिव, लक्ष्मी नारायण सिंगला, अनुज कुमार सहगल,श्री रतनलाल, देसराज बंसल, श्री राजेंद्र गुप्ता मंडी वाले, चंद्र डेहरा, एस सी गुप्ता, संजीव कुमार, श्याम सुंदर, अरुणेश अग्रवाल, केके गोस्वामी ,श्री के एल मदान एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 की ब्याज सब्सिडी योजना हुई शुरू

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 17 सितंबर। शहर के शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए राहत की खबर है। चंडीगढ़ प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत ब्याज सब्सिडी योजना को लागू कर दिया है। इस योजना का उद्देश्य है कि देश के प्रत्येक पात्र परिवार को अपना पक्का मकान मिल सके। यह योजना विशेष रूप से अत्यंत कमजोर वर्ग), निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए शुरू की गई है, जिनके पास देश में कहीं भी पहले से कोई पक्का मकान नहीं है।

### कौन उठा सकता है योजना का लाभ?

ईडब्ल्यूएस वर्ग : वार्षिक आय 3 लाख तक रुपये

एल आईजी वर्ग : वार्षिक आय 6 लाख तक रुपये

एमआईजी वर्ग : वार्षिक आय 9 लाख तक रुपये

### योजना की मुख्य विशेषताएँ

ऋण की अवधि 5 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। जिन परिवारों की आय ?9 लाख तक है और वे ?35 लाख तक की संपत्ति खरीदना चाहते हैं, उन्हें ?25 लाख तक के होम लोन पर पहले ?8 लाख तक की राशि पर 4ब ब्याज सब्सिडी मिलेगी। मकान का अधिकतम कारपेट एरिया 120 वर्ग मीटर तक हो सकता है। ऋण अवधि अधिकतम 12 वर्ष तक हो सकती है।

### आवेदन कैसे करें?

पात्र आवेदकों को सबसे पहले योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपनी मांग दर्ज करनी होगी https://pmaymis.gov.in/PMAYMISw®wy/PmayDefault.asp&

इसके बाद आवेदन संबंधित प्राथमिक ऋण संस्थान को भेजा जाएगा, जहाँ पात्रता की पुष्टि कर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### जरूरी दस्तावेज

1. आवेदक और परिवार के सदस्यों का आधार विवरण
2. बैंक खाता जो आधार से लिंक हो
3. आय प्रमाण पत्र (स्व-प्रमाण पत्र/शपथ पत्र भी मान्य)

## बाढ़ पीड़ितों के लिए चंडीगढ़ रेडक्रॉस ने भेजी राहत सामग्री

चार ट्रकों में राशन, पशु आहार, तिरपाल और जरूरी सामान रवाना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** चंडीगढ़ प्रशासन और रेडक्रॉस सोसायटी ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों की मदद के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है।




आज उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, रेडक्रॉस चंडीगढ़ शाखा, निशांत कुमार यादव (आईएएस) ने राहत सामग्री से लदे चार ट्रकों को अमृतसर और गुरदासपुर के लिए रवाना किया। यह राहत सामग्री हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए भेजी गई है।

इसमें आवश्यक राशन, पशु आहार, तिरपाल, बर्तन और अन्य दैनिक जरूरत की वस्तुएं शामिल हैं। यह इस महीने की दूसरी खेप है; इससे पहले माह की शुरुआत में तीन ट्रक राहत सामग्री पहले ही भेजे जा चुके हैं। इस मौके पर यादव ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय मानवीय सहायता ही सबसे बड़ी सेवा है, और यह तभी संभव हो पाती है जब समाज के दानदाता और संगठन खुलकर सहयोग करें। उन्होंने पंजाब की जनता के प्रति अपनी एकजुटता प्रकट करते हुए भरोसा दिलाया कि रेडक्रॉस चंडीगढ़ शाखा भविष्य में भी हरसंभव सहायता करती रहेगी।

राहत कार्य में सहयोग देने वाले सामाजिक संगठनों – हिंदू पर्व महासभा (रजि.), क्षत्रिय खुखरेन सभा और सुप्रीम सीनियर सिटिजन वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.)को उनके निस्वार्थ योगदान के लिए रेडक्रॉस द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी, चंडीगढ़ ने आम जनता, सामाजिक संस्थाओं और संगठनों से आगे भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपील की है, ताकि आने वाले दिनों में और अधिक राहत सामग्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाई जा सके।


## न्यूज ब्रीफ

### स्वच्छता के संकल्प के साथ मनाया पीएम का जन्मदिन




कालका (जग्गी)। सेंट विवेकानंद स्कूल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का 75वाँ जन्मदिन बड़े उत्साह और समर्पण के साथ मनाया गया। यह अवसर विद्यालय की स्वच्छ, हरित और प्रगतिशील भारत की दूरदृष्टि के प्रति समर्पण को दर्शाता है। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण अभियान और स्वच्छता अभियान से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इन गतिविधियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों का समर्पण और सशक्त संकल्प प्रदर्शित किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को स्वच्छता, उत्तरदायित्व और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों के विकास की आवश्यकता पर भी बल दिया, जो प्रधानमंत्री जी के आदर्शों के अनुरूप है। अंत में विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे एक स्वच्छ, हरित और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान देंगे और प्रधानमंत्री जी की दूरदृष्टि को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### बीबीएमबी ने मनाया स्वच्छता दिवस




**चंडीगढ़।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने उत्साह के साथ स्वच्छता दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ समारोह के साथ हुई, जिसमें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने, स्वच्छता बनाए रखने और समाज में स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने की शपथ ली। इस अवसर पर, बीबीएमबी के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी उपस्थित थे और उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छता केवल एक दिन की गतिविधि नहीं है, बल्कि एक सतत प्रयास है जिसके लिए समर्पण और सामूहिक ज़िम्मेदारी की आवश्यकता होती है। उन्होंने सभी से दैनिक जीवन में स्वच्छता को एक आदत के रूप में अपनाने और कार्यस्थल तथा समुदाय को दूसरों के लिए एक उदाहरण बनाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के प्रति योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बीबीएमबी में स्वच्छता दिवस के आयोजन ने स्वच्छता और स्थिरता के संदेश को फैलाने की दिशा में नए प्रयासों की शुरुआत की।

## नगर निगम पार्षदों को वार्ड डेवेलपमेंट फंड के लिए 50 लाख तुरंत किए जाएं आबंटित

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** नगर निगम की ओर से सभी 35 पार्षदों को वार्ड डेवलपमेंट के लिए 50-50 लाख आबंटित किए जाएं। जिससे की वो अपने अपने वार्ड में रुके हुए विकास कार्यों को निबटा सकें।



चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने बताया कि चंडीगढ़ नगर निगम को हाल ही में चंडीगढ़ प्रशासन से शहर में विकास कार्यों के लिए 125.00 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। अतः अनुरोध है कि उक्त निधि में से सभी पार्षदों को उनके वार्डों में विकास कार्यों हेतु वार्ड विकास निधि हेतु 50.00 लाख रुपये जारी किए जाएँ। जैसा कि आप जानते हैं, चंडीगढ़ में 35 वार्ड हैं, इस हिसाब से केवल 17.50 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी, शेष 107.5 करोड़ रुपये शहर के शेष विकास कार्यों जैसे सड़क, बागवानी, जन स्वास्थ्य आदि पर खर्च किए जा सकते हैं।

## पीएम के जन्मदिन पर 15 किलो लड्डू बांटे

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू चंडीगढ़।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा मंडल नयागांव के प्रधान जोगिंदर पाल गुज्जर के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह चौक में आज विशेष लड्डू वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें लग 15 किलो लड्डू बांटे गये तथा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की लम्बी आयु की कामना की गई।



इस अवसर पर भाजपा के सदस्यों तथा नागरिकों में हर्षोल्लास का माहौल देखा गया और लोगों ने बड़े उत्साह के साथ प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम के तहत पंजाब भाजपा के लीगल सेल के कनविनर एडवोकेट एन के वर्मा ,खरड हलका के प्रभारी कमलदीप सिंह सैनी, ज़िला वाइस प्रधान व पूर्व पार्षद सुरेंद्र कोशिश बब्बल, जिला मोहाली एस सी मोर्चा प्रधान व पार्षद प्रमोद कुमार, जिला सचिव भूपिंदर भूपी, महासचिव नरेश कुमार गुर्जर नाडा , वाइस प्रधान जसवंत सिंह, सचिव अतुल अरोड़ा, राजबीर , सुरेश यादव , सीनियर नेता गुरु ध्यान सिंह मंड ,आदि सहित भाजपा के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर आम जनता, एवं राहगीरों को लड्डू वितरित किए। यह पहल प्रधानमंत्री जी के लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करने और जन-जन में एकता व सौहार्द का संदेश देने के उद्देश्य से की गई। अवसर पर बोलते हुए कमलदीप सैनी तथा एडवोकेट एन के वर्मा ने कहा, कि ÷प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिन पर यह लड्डू वितरण कार्यक्रम हमारी ओर से शुभकामनाओं का प्रतीक है। यह कार्यक्रम समाज में खुशी और सकारात्मकता फैलाने का माध्यम बना है।÷ स्थानीय नागरिकों ने इस पहल पर भाजपा के सदस्यों की सराहना की और बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया।

## केनरा बैंक ने पंजाब सीएम राहत कोष में 50 लाख का दिया सहायता दान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 16 सितम्बर। मनोज कुमार दास, महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय, चंडीगढ़ ने क्षेत्रीय प्रमुख, चंडीगढ़ बी. रवि के साथ बाढ़ राहत कोष में योगदान के रूप में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंतमान को 50.00 लाख रुपये का चेक सौंपा। इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ अंचल कार्यालय के सहायक महाप्रबंधक श्री राजेश कुमार रेढू और पंजाब के मुख्य सचिव श्री के.ए.पी. सिन्हा भी उपस्थित थे। स्वयं मुख्यमंत्री ने महाप्रबंधक मनोज कुमार दास का गर्म जोशी से स्वागत किया, उन्होने पंजाब राज्य में केनरा बैंक के विभिन्न योगदानों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने इस नेक काम में योगदान के लिए केनरा बैंक धन्यवाद देते हुए हार्दिक आभार व्यक्त किया।यह कदम समुदाय के समर्थन और पंजाब के लोगों के कल्याण में योगदान देने के लिए केनरा बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।





# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का चंडीगढ़ में शुभारंभ

# जीएमएसएच-16 में हुआ मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की भव्य शुरुआत की। इस अवसर पर सेक्टर-16 स्थित गवर्नमेंट मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (जीएमएसएच) में एक विशाल मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ यू.टी. चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने किया। उनके साथ स्वास्थ्य सचिव अजय चगती, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सुमन सिंह और विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**21 कियोस्क में दी गई 13 प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं:** इस मेगा हेल्थ कैंप में कुल 21 स्वास्थ्य कियोस्क लगाए गए, जिनमें खास तौर पर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर फोकस किया गया। शिविर के दौरान निम्नलिखित प्रमुख सेवाएं प्रदान की गई जिनमें ईट राइट अभियान की जानकारी,गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए टीकाकरण, प्रसवपूर्व देखभाल, एनीमिया मुक्त भारत पहल,पोषण एवं आहार पर जागरूकता, किशोर स्वास्थ्य व मासिक धर्म स्वच्छता शिक्षा गैर-संचारी रोगों, कैंसर और मुख स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, क्षय रोग की जांच, आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आईडी निर्माण, लैब परीक्षण, पीएम-जय (आयुष्मान भारत योजना) की सेवाएं, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, विशेषज्ञ डॉक्टरों की ओपीडी सेवाएं। शिविर में मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, स्त्री एवं प्रसूति रोग, सर्जरी, नेत्र, ईएनटी, दंत चिकित्सा, त्वचा रोग, मनोचिकित्सा, जरायट्रिक तथा आयुष विशेषज्ञों ने ओपीडी सेवाएं देकर लाभार्थियों को परामर्श दिया।

### हर आयु वर्ग ने लिया हिस्सा

कैंप में महिलाओं, बच्चों, पुरुषों और बुजुर्गों सहित विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। नागरिकों ने मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी दिखाई। इस स्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में सामाजिक कल्याण विभाग, टाटा मेमोरियल कैंसर संस्थान, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और आयुष विभाग जैसी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के उपरांत चंडीगढ़ के अधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश से शुरू किए गए समान राष्ट्रीय स्तर के स्वास्थ्य अभियानों के ऑनलाइन शुभारंभ में भी भाग लिया, जिससे चंडीगढ़ की यह पहल राष्ट्रीय अभियान से जुड़ गई।

### 14 दिन में होंगे 627 स्वास्थ्य शिविर

इस मेगा हेल्थ कैंप के साथ ही चंडीगढ़ में शुरू हुए 14 दिवसीय विशेष स्वास्थ्य अभियान की भी शुरुआत हो गई है। अभियान के अंतर्गत शहरभर में कुल 627 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 13 विशेष शिविर भी शामिल होंगे। इन शिविरों का उद्देश्य निवारक, संवर्धनात्मक और उपचारात्मक सेवाएं सीधे जनता तक पहुँचाना है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन शिविरों में सक्रिय भागीदारी करें और अपने परिवार के स्वास्थ्य को सशक्त बनाएं।

## यूटी पुलिस का शहर को ड्रग फ्री बनाने का पूरी तरह से प्रयास

# 'नशे को ना कहें' नारे के साथ एक रैली का आयोजन

रैली का उद्देश्य युवाओं और आम जनता में
जागरूकता फैलाकर इस लड़ाई को एक जन आंदोलन में बदलने की आवश्यकता पर बल देना था



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया और शहर के डीजीपी डॉक्टर सागर प्रीत हुडा के दिशा निर्देशों के चलते शहर को ड्रग फ्री बनाने का पूरी तरह से प्रयास जारी है।यूटी पुलिस आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते आए दिन नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों की लगातार धरपकड़ कर उनसे रिकवरी कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा रही है। इसी एवज में यूटी पुलिस ने। सैक्टर 52 स्थित एक जनसभा और उसके बाद ÷नशे को ना कहें÷ नारे के साथ एक रैली का आयोजन किया। इस रैली का उद्देश्य युवाओं और आम जनता में जागरूकता फैलाकर इस लड़ाई को एक जन आंदोलन में बदलने की आवश्यकता पर बल देना था।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर की एसएसपी कंवरदीप कौर शामिल थी।एसएसपी द्वारा एक सभा को संबोधित किया गया।जिसमें समाज में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों पर ध्यान केंद्रित किया गया। युवाओं को नशे से दूर रहने और एक सकारात्मक विकल्प के रूप में खेलों और शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के महत्व के बारे में शिक्षित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस पहल का उद्देश्य एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना और मादक द्रव्यों के सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।जिससे यह संदेश पुष्ट होता है कि खेल व्यक्तिगत विकास और सामुदायिक मजबूती के लिए एक शक्तिशाली साधन हो सकते हैं।

**सैक्टर 52 में नया बीट बॉक्स स्थापित किया:** स्थानीय कानून प्रवर्तन को मज़बूत करने और जनता की चिंताओं पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर 52 में एक नया बीट बॉक्स स्थापित किया गया है। एक सभा के दौरान, निवासियों को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और बीट कर्मचारियों के संपर्क नंबरों की जानकारी दी गई। ताकि वे किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि की तुरंत सूचना दे सकें। इस पहल का उद्देश्य पुलिस और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा देना और एक सुरक्षित एवं अधिक सतर्क पड़ोस सुनिश्चित करना है। बैठक का समापन पुलिस विभाग के प्रयासों और निवासियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।इस मौके पर साउथ वेस्ट डिविजन के एसडीपीओ और थाना 36 के प्रभारी इंस्पेक्टर जेपी सिंह, सैक्टर 61 चौकी प्रभारी और कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# शहर में चल रहा स्वच्छता महाअभियान, नगर निगम को नहीं दिख रहे कूड़े के ढेर

सेक्टर 16 समेत कई सेक्टरों में गंदगी के ढेर से लोग परेशान, तत्कालीन डीसी मोनिका गुप्ता द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी होने का भी असर नहीं

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 17 सितंबर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पंचकूला से हरियाणा में स्वच्छता महाअभियान को लेकर पंचकूला नगर निगम कितना गंभीर है, यह सेक्टरों में पड़े गंदगी के ढेर खुद ब खुद बयान कर रहे हैं। नगर वासी इस बात से ज्यादा हैरान हैं कि नगर निगम को इन ढेरों की जानकारी होने के बावजूद इन्हें साफ नहीं किया जा तमरा, बल्कि तत्कालीन डीसी मोनिका गुप्ता ने शहर में महास्वच्छता अभियान की पिछले महीने शुरुआत कर चप्पे चप्पे की सफाई करने की बकायदा कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई थी। साथ ही नगर निगम ने नगर वासियों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया था।

एचएसवीपी, नगर निगम और पीएमडीए के अधिकारियों ने सफाई पर ध्यान देने के मकसद से सबसे पहले शहर से कूड़ा उठाने के कर्मियों को निर्देश दिए।

सेक्टर 16 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव ने दैनिक अर्ज प्रकाश के साथ बदहाली की तस्वीरें साझा की। हार्टिकल्चर वेस्ट व कूड़ा, जिसने फुटलाईट को भी ढक लिया है कुछ दिन से 16-15 की मुख्य सड़क किनारे (बीईएल, ट्रैफिक लाईट पास) वाली साईड पार्क नंबर 1612/16 की दिवार के साथ पड़ा है। बरसात में कचरा पानी में बह कर सड़कों पर तैरता रहा, निगम ने तब भी सुध नहीं ली। कचरा वर्षा झेल चुका है और पूरे इलाके में बदबू भी है। रेजिडेंट्स को यह तक मालूम नहीं है कि कचरे को साफ करने की जहमत में से कौन उठाएगा।

रेजिडेंट्स का कहना है कि अभी सेक्टर 16 के साथ लगते एक दो सेक्टर में भी जगह जगह कूड़े - हार्टिकल्चर वेस्ट के ढेर, सड़कों के दोनों ओर वृक्षों से ट्रिम की टहनियां व पत्ते दिखाई देते हैं। रेगूलर सफाई तो नाम मात्र ही होती है और पिछले कुछ दिनों से तो शिकायत दर्ज करवाने पर भी निदान नहीं होता। निगम में जाने पर ट्रैक्टर व स्टाफ की कमी ही सुनने को मिलती है।

क्षेत्राधिकार संबंधी चल रहे विवादों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हालही में नगर निगम (एमसी) पंचकूला ने स्वच्छता अभियान 2025 की शुरुआत की। अभियान के शुरुआती चरण में एमसी ने 40 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 10 लोडर और 160 सफाई कर्मचारियों को तैनात किया।

इसके तहत, निगम ने अपने स्वच्छता प्रयासों का विस्तार अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) और पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को भी शामिल किया है। नागरिकों के नेतृत्व वाले नागरिक समूह, सॉल्यूशन बॉक्स के सह-संस्थापक मोहित गुप्ता का कहना है कि यह सफाई महाअभियान केवल चार महीने की कवायद है। इसे स्थायी होना चाहिए था।

## सेवानिवृत्त आईएएस सुनेंगी पुलिस की शिकायतें

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस सुमेधा कटारिया को पुलिस शिकायत प्राधिकरण में महिला सदस्य नियुक्त किया है, जिनकी कार्य अवधि तीन साल के लिए होगी। रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी डा. आरसी मिश्रा को करीब एक माह पहले हरियाणा सरकार ने पुलिस शिकायत प्राधिकरण का चेयरमैन और रिटायर्ड आईएएस ललित सिवाच को सदस्य बनाया था। प्राधिकरण में एक सदस्य की नियुक्ति और होनी बाकी है।

कुरुक्षेत्र निवासी रिटायर्ड आईएएस सुमेधा कटारिया करीब पांच साल पहले साढे 31 वर्ष की प्रशासनिक सेवा के बाद हरियाणा एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड की मुख्य प्रशासक के पद से रिटायर हुई थी। सुमेधा कटारिया सबसे पहले 1989 में एचसीएस अलाइड में आकर हरियाणा की पहली महिला बीडीपीओ बनीं। उसके बाद सुमेधा 1992 में एचसीएस में चयनित हो गईं। साल 2016 में उनका चयन आईएएस के लिए हुआ और उन्हें 2005 का बैच अलाट हुआ। मूलरूप से पंजाब के शहर अबोहर की रहने वाली सुमेधा ने राज्य के कई जिलों में डीसी के रूप पर अपनी सेवाएं दी हैं। हरियाणा पुलिस शिकायत प्राधिकरण का गठन सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर किया गया था। प्राधिकरण पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आने वाली शिकायतों पर भी सुनवाई कर सकता है।

## निगम आयुक्त होंगे एमडीए के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 सितंबर।** हरियाणा सरकार ने नगर निगमों के कामकाज को लेकर एक नया आदेश जारी किया है। मुख्य सचिव ने राज्यपाल के हवाले से जारी आदेशों में कहा है कि नगर निगम गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पंचकूला और हिसार के आयुक्तों को संबंधित महानगर विकास प्राधिकरण का पदेन अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी नामित किया है। इसके अतिरिक्त, नगर निगम, मानेसर के आयुक्त को भी तत्काल प्रभाव से गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण का पदेन अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी-II नामित किया गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से जारी आदेशों के अनुसार महानगर विकास प्राधिकरण के मौजूदा अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अपने वर्तमान पद पर बने रहेंगे। मुख्य सचिव कार्यालय के आदेश के अनुसार, अगर किसी कारण से नगर निगम आयुक्त का पद खाली रहता है- जैसे ट्रांसफर, रिटायरमेंट, छुट्टी, प्रशिक्षण, दौरे या चुनावी काम तो उस समय जिले का उपायुक्त आयुक्त का कामकाज संभालेगा।

### तुम जियो हजारों साल



नवनूर सिंह को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

## पेज नंबर-1 का शेषः हरियाणा के प्रशिक्षण...

इसके अलावा, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत प्रदेश में 4200 बेटियों की शादी के लिए 22 करोड़ रुपये की राशि 30 सितंबर तक जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जल्द पंजीकरण शुरू होगा और जल्द ही बहनों को 2100 रुपये प्रति माह का लाभ दिया जाएगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनने के बाद अब तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनने की ओर अपने कदम बढ़ा चुका है। देश की यह तरक्की श्रम-शक्ति के बल पर ही हुई है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने में भी श्रम शक्ति की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण और उद्योगों में कार्यरत पंजीकृत श्रमिकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के लाभ डी.बी.टी. के माध्यम से दिए जा रहे हैं। भवन निर्माण और उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के फेफड़े सिलिकोसिस की विकट बीमारी से प्रभावित होते हैं, उनके लिए पुनर्वास नीति लागू की गई है। इस नीति के तहत अब तक लगभग 38 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। 'मुख्यमंत्री श्रम पुरस्कार योजना' के तहत श्रेष्ठ श्रमिकों को पुरस्कार दिये जाते हैं। श्रमिक परिवारों को 'कन्यादान स्कीम' के तहत बेटियों की शादी के लिए हर शादी में 1 लाख 1 हजार रुपये का कन्यादान दिया जाता है। इसी प्रकार, बेटे व स्वयं की शादी पर भी 21 हजार रुपये की शगुन राशि दी जाती है। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के कल्याण के लिए 'हरियाणा असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड' गठित किया गया है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मगार कल्याण बोर्ड द्वारा पिछले 11 वर्षों में निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए 3,866 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा भी 11 वर्षों में श्रमिकों के कल्याण के लिए लगभग 778 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हम संकल्प लें कि कारीगरों का सम्मान करेंगे। उन्हें सशक्त करेंगे और उन्हें समृद्ध करेंगे। 'वोकल फॉर लोकल' को जीवन का व्यवहार बनाएंगे।












अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# दिल्ली में कूड़े का पहाड़ ढहाने की मुहिम: प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर गृहमंत्री अमित शाह ने शुरू की जनसेवा योजनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर राजधानी मं सेवा पखवाड़ा की शुरुआत करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली सरकार की एक दर्जन से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं का लोकार्पण किया और कहा कि केंद्र की नीतियों ने गरीब कल्याण, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे को नई गति दी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के साथ कर प्रणाली में सुगमता और दरों में कमी जैसे सुधारों से व्यापक राहत सुनिश्चित की है।




### स्वच्छता और कचरा प्रबंधन

अमित शाह ने कहा कि सफाई से लेकर गरीब कल्याण तक केंद्र ने तंत्रगत बदलाव किए हैं और दिल्ली में लैंडफिल साइटों को समाप्त करने की ठोस शुरुआत की गई है। नरेला में प्रतिदिन लगभग तीन हजार मीट्रिक टन कचरे के निस्तारण के लिए संयंत्र के संचालन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लैंडफिल के 'कूड़े के पहाड़' को चरणबद्ध तरीके से खत्म किया जाएगा।

### सेवा पखवाड़ा में 17 पहल

सेवा पखवाड़ा के पहले दिन 17 जनकल्याणकारी पहलों को जोड़ा गया, जिनमें स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, सामाजिक सुरक्षा और शहरी सुविधाओं के उन्नयन पर विशेष बल है। अमित शाह ने कहा कि जनसेवा को केन्द्र में रखकर ही जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया, ताकि योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ नागरिकों तक पहुँचे।

### आर्थिक सशक्तिकरण के दावे

गृहमंत्री के अनुसार, मुफ्त अनाज, स्वास्थ्य सुरक्षा कवच और वित्तीय समावेशन जैसे कदमों से करोड़ों परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली में दर कमी और सरल ढांचे से व्यापारिक अनुकूलता बढ़ी है तथा आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग जनआंदोलन का रूप ले रहा है।

### 2027 तक तीसरी अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

अमित शाह ने भरोसा जताया कि संरचनात्मक सुधारों और पूंजीगत निवेश में बढ़ोतरी के बल पर वर्ष 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकेगा। उन्होंने 'भारत में बने' उत्पादों की खरीद को स्वभाव बनाने की अपील करते हुए घरेलू विनिर्माण और रोजगार सृजन को गति देने पर जोर दिया।

### राजनीतिक प्रतिक्रिया और निशाने

अपने संबोधन में उन्होंने विपक्ष पर तीखे प्रहार किए और आरोप लगाया कि कुछ दल घुसपैठियों के पक्ष में दिखते हैं तथा मतदाता सूची के शुद्धिकरण पर आपत्तियाँ उठाते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची संशोधन और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कदमों का समर्थन जारी रहेगा।

### दिल्ली सरकार की घोषणाएँ

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र के सहयोग से राजधानी में संपर्कता और बुनियादी ढांचे को नई दिशा मिली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता है और बिना भेदभाव के नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है।

### स्वास्थ्य अवसंरचना का विस्तार

सेवा पखवाड़ा के शुभारंभ पर 101 आरोग्य मंदिर, 150 डायलिसिस इकाई, पाँच अस्पतालों में नए ब्लॉक और एक वृद्धाश्रम की शुरुआत की गई। गुरु गोविंद सिंह अस्पताल, संजय गांधी स्मारक अस्पताल, आचार्य भिक्षु अस्पताल, दादा देव मातृ एवं शिशु चिकित्सालय तथा भगवान महावीर अस्पताल में नवविकसित ब्लॉकों के साथ लगभग 1300 नए बिस्तरों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

## राहुल गांधी एक सप्ताह में दूसरी बार आज गुजरात आएंगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कल यानी 18 सितंबर, 2025 जूनागढ़ का दौरा करेंगे। एक हफ्ते में यह उनका दूसरा दौरा है। वह 10 दिनों से चल रहे कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे और जिला व महानगर अध्यक्षों का मार्गदर्शन करेंगे। इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं और राहुल गांधी का यह दौरा पार्टी को 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए एक नई दिशा देगा। यह प्रशिक्षण शिविर संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत 10 से 19 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें गुजरात के 41 जिला एवं महानगर अध्यक्ष उपस्थित हैं। इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। इन विषयों में पार्टी की विचारधारा, मतदाता सूची प्रबंधन, धन उगाहना और बूथ स्तर पर मज़बूती शामिल हैं। राहुल गांधी ने पहली बार 12 सितंबर को इस शिविर में भाग लिया था। उस दौरान उन्होंने वोट चोरी जैसे मुद्दों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया था। वह कल फिर आएंगे और कार्यकर्ताओं को आगे का मार्गदर्शन देंगे। राहुल गांधी कल दोपहर 1 बजे केशोद हवाई अड्डे पर पहुँचेंगे और फिर सड़क मार्ग से जूनागढ़ आएँगे। वे लगभग 3 घंटे तक कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर में मौजूद रहेंगे और मार्गदर्शन देंगे। इस शिविर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस सांसद और गुजरात कांग्रेस प्रभारी मौजूद रहेंगे। इस दौरे से कांग्रेस को 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण में जिला अध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों को पार्टी की मजबूती, मतदाता सूची और चुनावी रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राहुल गांधी के गुजरात दौरे से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा आएगी और इससे 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी को मजबूत करने में मदद मिलेगी। बता दें कि पिछले कुछ सालों से गुजरात में कांग्रेस के बड़े नेताओं की आवाजाही बढ़ गई है। राहुल गांधी भाजपा का गढ़ माने जाने वाले गुजरात में कांग्रेस को मजबूत के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

## बिहार में अडानी को दी गई जमीन के विरोध में कांग्रेस का आज विशाल मार्च

पटना (एजेंसी)। बिहार के भागलपुर जिले में अडानी की कंपनी को बिहार सरकार द्वारा दी गई जमीन के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस द्वारा आज दिनांक 18 सितंबर को राजधानी पटना में विशाल मार्च का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी कांग्रेस के मीडिया कमेटी के अध्यक्ष राजेश राठौड़ ने दी। उन्होंने बताया की आप सभी को ज्ञात है, हमारी पार्टी ने हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है कि बिहार सरकार ने भागलपुर में अडानी समूह को मात्र 1 रुपया प्रति वर्ष की दर से 1,050 एकड़ जमीन और 10 लाख पेड़ दिए हैं। यह सौदा न सिर्फ किसानों के साथ अन्याय है, बल्कि यह बिहार की जनता के साथ एक बड़ी लूट भी है। इस अन्याय और लूट के ख़िलाफ़, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक विशाल विरोध मार्च का आयोजन किया है। इस मार्च का उद्देश्य इस सौदे को रद्द करने की मांग करना और जनता को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि यह मार्च गुरुवार सुबह 10 बजे पटना में सदाकत आश्रम से शुरू होकर राजेन्द्र बाबू की समाधि, बांसघाट तक जाएगी। इस मौके पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ.शकील अहमद खान विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ.मदन मोहन झा समेत प्रदेश के सभी कांग्रेस सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान पार्षद के साथ सभी बड़े नेता उपस्थित रहेंगे।

## करोड़ों का कैश, फ्लैट, 6 प्लॉट्स और फार्मलैंड, इंजीनियर के घर....नोटों का जखीरा बरामद

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना के हैदराबाद में एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने टीजीएसपीडीसीएल के असिस्टेंट डिविजनल इंजीनियर (एडीई) अम्बेडकर एरुगु के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज हुआ है। एसीबी की छापेमारी में उनके और उनके रिश्तेदारों के घरों से करोड़ों रुपये की नकदी बरामद हुई है। एसीबी टीम की छापेमारी में 2.18 करोड़ नकद, एक फ्लैट, एक जी+5 बिल्डिंग, 10 एकड़ जमीन पर एक कंपनी, 6 प्लॉट्स, एक फार्मलैंड के कागज मिले हैं। साथ ही दो फोर व्हीलर्स, सोने के जेवर और बैंक में जमा रुपयों का पता चला है। एसीबी अधिकारियों ने कहा, तलाशी से पता चला कि इंजीनियर ने अपने पद का दुरुपयोग करके ये चल-अचल संपत्तियां बनाई हैं। तलाशी अभी भी जारी है। संपत्तियों का बाजार मूल्य उनके आधिकारिक मूल्य से कहीं ज़्यादा है। आरोपी इंजीनियर को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बता दें कि यह एक महीने से भी कम समय में एसीबी द्वारा पकड़ा गया आय से अधिक संपत्ति का दूसरा बड़ा मामला है। 19 अगस्त को एसीबी ने एक तहसीलदार पर छापे के दौरान 5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का पता लगाया था। अधिकारियों ने वारंगल जिले के वारंगल फोर्ट मंडल के तहसीलदार बांदी नागेश्वर राव से जुड़े सात स्थानों पर तलाशी ली।

## गैंगस्टर छोटा राजन को सुप्रीम कोर्ट से झटका, जमानत को रद्द कर दिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर छोटा राजन (राजेंद्र सदाशिव निकलजे) को बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा दी गई जमानत को रद्द कर दिया है। यह फैसला होटल कारोबारी जया शेट्टी की 2001 में हुई हत्या के मामले में आया है, जिसमें छोटा राजन को उम्रकैद की सजा मिली थी। जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने सीबीआई की दलीलों पर यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि छोटा राजन पहले से ही चार अन्य मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है और 27 साल तक फरार रहा था। इसके बाद उसकी सजा को निलंबित करने का कोई कारण नहीं है। वहीं छोटा राजन के वकील ने दावा किया कि यह मामला सबूतों के बिना है और 71 में से 47 मामलों में सीबीआई को उसके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिले थे। हालांकि, वकील ने यह स्वीकार किया कि यह हत्या के मामले में उसकी दूसरी सजा है। हत्या का मामला- जया शेट्टी, जो दक्षिण मुंबई के गोल्डन क्राउन होटल के मालिक थे, को छोटा राजन के गिरोह से रंगदारी की धमकियाँ मिल रही थीं। मई 2001 में, उन्हें उनके कार्यालय के बाहर गोली मार दी गई थी, क्योंकि उन्होंने गिरोह को पैसे देने से मना कर दिया था। 2024 में, मुंबई की एक विशेष मकोका अदालत ने छोटा राजन को इस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। छोटा राजन को अक्टूबर 2015 में इंडोनेशिया के बाली में गिरफ्तार किया गया था और फिर उसे भारत लाया गया था। महाराष्ट्र में उसके खिलाफ कुल 71 मामले दर्ज थे, जिन्हें बाद में सीबीआई को सौंप दिया गया था।

## दो महिला नक्सलियों को पुलिस ने मार गिराया, हथियार और अन्य सामान बरामद

गढ़चिरोली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गईं। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि गट्टा दालम के सदस्य एटापल्ली तालुका के मोडस्के गांव के जंगल में छिपे हुए हैं। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आहेरी) सत्य साई कार्तिक की देखरेख में संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। इसमें आहेरी से पांच सी-60 कमांडो यूनिट, गट्टा जांभिया पुलिस पोस्ट के जवान और सीआरपीएफ की 191 बटालियन की कंपनी शामिल थी। इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया तभी नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सी-60 कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद, दो महिला नक्सलियों के शव मिले। एक एके-47, एक आधुनिक पिस्टल, जिंदा कारतूस, बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि इलाके में कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी है।

## सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय राजनेता बताया

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर लखनऊ में सेवा पखवाड़ा-2025 की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत आज दुनिया के लिए प्रेरणा बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में मनाया जाएगा, जिसमें भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से जुड़ेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय राजनेताओं में से एक बताया। योगी ने बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने बताया कि इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जल संसाधन जैसे क्षेत्रों में देश ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि गांवों, किसानों, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों के जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर भारतीय, जो राजनीति से प्रेरित नहीं है, प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर गर्व महसूस करता है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और काशी विश्वनाथ धाम के जीर्णोद्धार जैसे ऐतिहासिक कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विरासत से जुड़े स्थलों के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का काम लगातार जारी है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की भूमिका की प्रशंसा करते हुए योगी ने कहा कि जब पूरी दुनिया इस संकट से जूझ रही थी, तब भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक रोल मॉडल बनकर दिखाया। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत 18 और 19 सितंबर को हर जिले के अस्पतालों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिविर और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



# सीएम नीतीश ने 16 लाख मजदूरों को दिए 5 हजार... मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के वेब पोर्टल का शुभारंभ

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को श्रमिकों के हित में एक बड़ी पहल की है। बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत वार्षिक वस्त्र सहायता योजना की राशि का सीधा अंतरण किया गया। इस योजना के तहत राज्य के 16 लाख 4 हजार 929 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को प्रति व्यक्ति 5 हजार रुपये की दर से कुल 802 करोड़ 46 लाख 45 हजार रुपये उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। नीतिश सरकार का दावा है कि इस पहल से निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों के जीवनस्तर को सुधारने में मदद मिलेगी। आर्थिक सहायता मिलने से जहां श्रमिकों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी, वहीं उनका सामाजिक और आर्थिक विकास भी संभव होगा। इस मौके पर दोनों डिप्टी सीएम कार्यक्रम में रहे मौजूद रहे। श्रम संसाधन विभाग के मंत्री सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री नीतिश ने कहा कि उनकी सरकार शुरू से ही समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रही है और यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर सीएम नीतिश ने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक अधिक पारदर्शी और त्वरित ढंग से पहुंच सकेगा। नीतीश ने कहा कि उनकी सरकार का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि गरीब और वंचित वर्ग के लोग सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने दो टूक कहा कि बिहार में श्रमिक वर्ग राज्य की प्रगति की रीढ़ है। इसके बाद उनके अधिकारों और जरूरतों की पूर्ति करना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस तरह की योजनाएं श्रमिकों को मजबूती देंगी और उनके बच्चों का भविष्य भी बेहतर होगा। इस मौके पर मौजूद डिप्टी सीएम चौधरी और विजय कुमार सिंह ने भी श्रमिक हित में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।



# कांग्रेस को हाईकोर्ट से झटका, प्रधानमंत्री की मां का एआई वीडियो तुरंत हटाने का आदेश

**पटना (एजेंसी)।** पटना हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी को दर्शाने वाले एक एआई वीडियो को तुरंत हटाने का आदेश दिया है। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां पर आधारित एआई वीडियो बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बुधवार को पटना हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी को वीडियो तुरंत हटाने का निर्देश दिया। पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी.बी. बजंथरी के समक्ष सुनवाई के दौरान, कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी का अपमान करने वाले वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से तुरंत हटाने का आदेश दिया। मालूम हो कि 10 सितंबर को, बिहार कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी की मां का एआई-आधारित चित्रण दिखाया गया है। इस विवादास्पद वीडियो में, दिवंगत हीराबेन मोदी का किरदार अपने बेटे नरेंद्र मोदी को राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम का दुरुपयोग करने के लिए डांटता हुआ दिखाई दे रहा है। भाजपा ने इस वीडियो का कड़ा विरोध करते हुए इसे मोदी की मां का अपमान बताया है। भाजपा ने वीडियो के खिलाफ पटना हाई कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया है। भाजपा ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि यह वीडियो न केवल प्रधानमंत्री की छवि धूमिल करता है, बल्कि एक मृत महिला की छवि का भी हनन करता है। दिल्ली पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता संकेत गुप्ता की शिकायत पर 13 सितंबर को एक प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें कांग्रेस नेताओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की गई थी। प्राथमिकी में वीडियो को प्रधानमंत्री मोदी और उनकी माँ की छवि धूमिल करने वाला बताया गया है।




### - कांग्रेस ने किया बचाव

कांग्रेस पार्टी ने वीडियो पर अपना बचाव किया है। पार्टी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, इस वीडियो में किसी का अपमान नहीं किया जा रहा है। माँ केवल अपने बेटे को राजधर्म की शिक्षा दे रही हैं, अगर प्रधानमंत्री को यह आपत्तिजनक लगता है, तो यह उनकी समस्या है।

# प्रंचड गर्मी के बाद मूसलाधार बारिश... अब कपकंपा देने वाली ठंड के लिए तैयार रहे

**अक्टूबर से दिसंबर के बीच ला नीना बनने की प्रबल उम्मीद**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस साल के अंत तक ला नीना के कारण मौसम का पैटर्न प्रभावित होगा और इसकारण भारत में इस बार कड़ाके की ठंड पड़ेगी है। एक अमेरिकी मौसम एजेंसी ने कहा कि अक्टूबर से दिसंबर के बीच ला नीना बनने की प्रबल उम्मीद बन रही है। मौसम विभाग ने बताया कि ला नीना प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय हिस्से में समुद्र सतह के तापमान के ठंडा होने की स्थिति है, इसका असर पूरी दुनिया के मौसम पर दिखाता है और इसकारण भारत में इस बार कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।



आईएमडी ने बताया कि अभी स्थितियां सामान्य बनी हुई हैं, लेकिन भारतीय मौसम विभाग का मानना है कि मॉनसून के बाद ला नीना की संभावना बढ़ेगी। एक वरिष्ठ आईएमडी अधिकारी ने कहा, हमारे मॉडल अक्टूबर-दिसंबर में ला नीना विकसित होने की 50 प्रतिशत से अधिक संभावना दिखा रहे हैं। ला नीना के दौरान भारत में सर्दियां सामान्य से ठंडी होती हैं। हालांकि जलवायु परिवर्तन के कारण गर्माहट कुछ असर कम कर सकती है, लेकिन ठंडी लहरें बढ़ सकती हैं।

वहीं भारतीय निजी मौसम एजेंसी ने कहा कि ला नीना की स्थिति से इंकार नहीं कर सकते है। उन्होंने बताया, प्रशांत महासागर का तापमान पहले ही सामान्य से ठंडा है। यदि यह -0.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे तीन तिमाहियों तक बना रहता है, तब इस ला नीना घोषित कर दिया जाएगा। 2024 के अंत में भी ऐसी ही स्थिति बनी थी जब नवंबर से जनवरी तक अल्पकालिक ला नीना रहा था। उन्होंने कहा, इस बार अमेरिका में सूखी सर्दियों का खतरा है, जबकि भारत में कड़ाके की ठंड और हिमालयी क्षेत्रों में अधिक बर्फबारी हो सकती है।

आईआईएसईआर मोहाली और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस रिसर्च, ब्राजील ने भी अपने अध्ययन में पाया है कि ला नीना वर्षों में उत्तर भारत में ठंडी लहरें अधिक और लंबी अवधि तक चलती हैं। अध्ययन के अनुसार, ला नीना के दौरान निचले स्तर पर बनने वाली चक्रीय हवाएं उत्तरी अक्षांशों से ठंडी हवा भारत की ओर खींच लाती हैं।

# भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम में ट्रंप की कोई भूमिका नहीं: इशाक डार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने पहली बार ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 10 मई को भारत के साथ किए गए संघर्षविराम की असल सच्चाई को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए इसे पूरी तरह से द्विपक्षीय बताया है। जिसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मामले को लेकर दोनों देशों के बीच दर्जनों बार मध्यस्थता कराने के दावे की पोल खुल गई है। पाकिस्तान की तरफ से यह कबूलनामा किसी और ने नहीं बल्कि खुद विदेश मंत्री और उप-प्रधानमंत्री इशाक डार ने किया है।

एक विदेशी मीडिया को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि संघर्षविराम को लेकर जारी बातचीत में भारत ने कभी भी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया। अमेरिका की तरफ से हालांकि इसके लिए एक प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन वो भारत ही था। जिसने इस मामले को पूरी तरह से द्विपक्षीय रखने पर जोर दिया।

डार ने ये भी कहा कि जब इस्लामाबाद ने ट्रंप की मध्यस्थता की इच्छा को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के समक्ष रखा तो उन्होंने दो टूक लहजे में हमें ये स्पष्ट कर दिया कि नई दिल्ली, भारत और पाकिस्तान के बीच उठने वाले तमाम मामलों को सख्ती के साथ द्विपक्षीय रखने के ही पक्ष में है। भारत ने पूर्व में ही कई बार अमेरिकी राष्ट्रपति के संघर्षविराम के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि ये भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय आधार पर हुआ था। जिसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं रही है। दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच हॉटलाइन पर हुई बातचीत के बाद संघर्षविराम हुआ है। पाक के विदेश मंत्री के मुताबिक, हमें इस मामले में किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी से कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन भारत ने हमें साफ शब्दों में यह बता दिया था कि वो इस मुद्दे को किसी भी कीमत पर द्विपक्षीय ही रखेगा। फिर हमें मामले के द्विपक्षीय रहने पर भी कोई ऐतराज नहीं हुआ। लेकिन हमने इस बात पर जोर दिया कि जो भी संवाद इस दौरान होगा। वह व्यापक स्तर पर होगा। जिसमें पूर्व में हमारी वार्ताओं से जुड़े आतंकवाद, व्यापार, अर्थव्यवस्था और जम्मू-कश्मीर जैसे मसले मुख्य हैं।

### भारत से बातचीत के लिए तैयार पाकिस्तान

पाकिस्तान के विदेश मंत्री के मुताबिक, 10 मई की सुबह करीब 8 से 8.20 के बीच वाशिंगटन की तरफ से विदेश मंत्री रुबियो की तरफ से मुझे संघर्षविराम का एक प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें कहा गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाली कोई भी बातचीत एक एकांत जगह पर होगी। लेकिन इसके बाद जब मैं 25 जुलाई को वाशिंगटन में अमेरिका के विदेश मंत्री से मिला और मैंने उनसे पूछा कि वार्ता का क्या हुआ? तो उन्होंने कहा कि भारत इस प्रस्ताव के लिए तैयार नहीं है और उसका कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मामला है। डार ने कहा कि पाकिस्तान द्विपक्षीय वार्ता के लिए राजी है। लेकिन हम बातचीत के लिए किसी के सामने भीख नहीं मांगेंगे। हमारा देश एक शांतिप्रिय देश है और हमारा मत यह है कि बातचीत से आगे का कोई रास्ता निकलेगा। डार ने यह इच्छा भी जताई कि अगर भारत चाहे तो पाकिस्तान उसके साथ बातचीत के लिए तैयार है।



# अर्बन कंपनी आईपीओ की धमाकेदार लिस्टिंग

## - निवेशकों को मिला 8,400 रुपए से ज्यादा मुनाफा

**नई दिल्ली**

डॉमेस्टिक हेल्प से संबंधित सर्विसेज प्रोवाइडर अर्बन कंपनी आईपीओ के शेयर को बाजार में शानदार एंट्री के साथ लिस्ट हो गए। अर्बन कंपनी आईपीओ के शेयर बीएसई पर 161 रुपये प्रति शेयर पर लस्ट हुए। यह आईपीओ प्राइस बैंड के अपर एंड 103 रुपये की तुलना में 58 रुपये या 56.31 प्रतिशत का प्रीमियम दर्शाता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर पटेल रिटेल के शेयर 162.25 रुपये पर लिस्ट हुए। यह इश्यू प्राइस के मुकाबले 59.25 रुपये या 57.52 प्रतिशत जायदा है। अर्बन कंपनी का आईपीओ लिस्टिंग काफी हद तक ग्रे मार्केट की उम्मीदों के अनुरूप रही। दलाल स्ट्रीट पर कंपनी की लिस्टिंग से पहले कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में लगभग 157.5 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे, जो आईपीओ इश्यू प्राइस से 54.5 रुपए या लगभग 52.91 प्रतिशत का ग्रे मार्केट प्रीमियम दर्शाता है। अर्बन कंपनी आईपीओ ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर बीएसई पर 161 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। आईपीओ के हर लॉट में 145 शेयर थे। इस तरह, निवेशकों को हर लॉट पर 8410 रुपये का तगड़ा फायदा हुआ है। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, अर्बन कंपनी के आईपीओ को 109 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। आईपीओ को पेशकश पर रखे गए 10.15 करोड़ शेयरों के मुकाबले 11.06 अरब शेयरों के लिए बोलियां मिली। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल खरीदारों ने आईपीओ को सबसे ज्यादा अप्लाई किया। उन्होंने अपने लिए रिजर्व हिस्से को 147.35 गुना अप्लाई किया।

जबकि नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों ने 77.82 गुना सब्सक्राइब किया। रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व हिस्से को 41.5 गुना बुक किया गया

# ओला ने इंसेंटिव स्कीम के तहत सरकार से मांगी 400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

## -कंपनी ने यह क्लेम 2024-25 में 3,000 करोड़ की बिक्री के आधार पर किया

**नई दिल्ली**




भारत की इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री में अग्रणी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत सरकार से करीब 400 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि का दावा किया है। कंपनी ने यह क्लेम वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 3,000 करोड़ की पात्र बिक्री के आधार पर किया है इससे कंपनी के शेयरों में हल्की तेजी आई और यह करीब 60.50 पर ट्रेड कर रहा है, जो पिछले बंद भाव से करीब 3 फीसदी की बढ़त दर्शाता है। ओला इलेक्ट्रिक को यह फायदा इसलिए मिलने वाला है क्योंकि कंपनी ने उत्पादन और बिक्री दोनों में सरकार द्वारा तय मानकों को पूरा किया है। पीएलआई योजना के तहत कंपनियों को स्थानीय उत्पादन और रेगुलेटरी नियमों का पालन करने पर इंसेंटिव दिया जाता है। इस आधार पर ओला को बिक्री का करीब 13 से 14 फीसदी यानी करीब 400 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। बता दें ओला इलेक्ट्रिक पिछले साल भी इस योजना के तहत इंसेंटिव पाने वाली इकलौती टू-व्हीलर कंपनी थी।

लगातार दूसरे साल भी कंपनी ने पात्र बिक्री में नंबर-वन पोजिशन हासिल कर अपनी लीडरशिप को मजबूत किया है।हाल ही में कंपनी ने ऐलान किया था कि उसकी जेन 3 स्कूटर लाइनअप, जिसमें एस1 सीरीज के सभी मॉडल शामिल हैं, पूरी तरह से पीएलआई योजना के तहत प्रमाणित हो चुकी है।

यह कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली रेंज है और इसका सीधा असर कंपनी की कमाई और मुनाफे पर पड़ेगा। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 की दूसरी तिमाही से कंपनी की प्रॉफिटेबिलिटी में बड़ा उछाल आ सकता है। यह इंसेंटिव न केवल ओला की लिक्विडिटी और फाइनेंशियल पोजिशन को मजबूत करेगा, बल्कि पूरी ईवी इंडस्ट्री को भी सकारात्मक संदेश देगा।

# महाराष्ट्र सरकार ने प्याज किसानों को राहत देने कई अहम फैसले लिए



## - जमाखोरी पर सख्ती, सौर ऊर्जा से प्याज प्रसंस्करण और किसानों के हितों की सुरक्षा पर सरकार का फोकस

**मुंबई**

महाराष्ट्र के विपणन मंत्री जयकुमार रावल ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केंद्र सरकार से प्याज निर्यात पर मिलने वाली सब्सिडी को दोगुना करने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाना और घरेलू बाजार में कीमतों को स्थिर रखना है।

मंत्री ने बताया कि इस साल राज्य में प्याज का उत्पादन 55 लाख टन तक बढ़ गया है, जिससे कीमतों में गिरावट की संभावना है। इसे देखते हुए निर्यात को बढ़ावा देने और किसानों को उचित लाभ दिलाने के लिए यह कदम आवश्यक है। केंद्र सरकार ने इस संबंध में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। लासलगांव की मंडी, जो एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी है, की कीमतें बाजार में मानक के रूप में देखी जाती हैं। इसलिए राज्य सरकार ने बाजार में जमाखोरी और कृत्रिम गिरावट पर रोक लगाने के लिए जिला कलेक्टरों के अंतर्गत सतर्कता समितियों को सक्रिय किया है।

दीर्घकालिक उपायों के तहत सरकार सौर ऊर्जा आधारित प्याज निर्जलीकरण परियोजनाएं शुरू करने जा रही है। इन परियोजनाओं के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों की मदद से एक लाख टन प्याज का पाउडर और चिप्स के रूप में प्रसंस्करण किया जाएगा। इसके अलावा मंत्री ने वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य की 28 कृषि उपज बाजार समितियों के अध्यक्षों और सचिवों से संवाद कर स्थानीय स्तर पर गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने और किसानों के हितों की रक्षा करने के निर्देश दिए।

# एनायरा एनर्जी ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम को आपूर्ति बढ़ाई

**नई दिल्ली**

नायरा एनर्जी ने सरकारी कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपसीएल) को परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति बढ़ा दी है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि दरअसल, यूरोपियन यूनियन (ईयू) के प्रतिबंधों के बाद रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी की इस रिफाइनरी से निर्यात अचानक गिरकर शून्य हो गया है। अधिकारी ने एक कार्यक्रम में अलग से बताया, नायरा उत्पादों (पेट्रोलियम)की आपूर्ति घरेलू कंपनियों में मुख्यतौर पर एचपीसीएल और कुछ छोटी कंपनियों शैल को करेगी।' नायरा एनर्जी में रूस की दिग्गज तेल कंपनी रोसनेफ का 49 प्रतिशत स्वामित्व है। यूरोपियन यूनियन ने 18वें प्रतिबंध पैकेज की घोषणा 18 जुलाई को की थी। इससे नायरा एनर्जी की रिफाइनरी से यूरोप को होने वाला निर्यात पूरी तरह खत्म हो गया था। नायरा के परिष्कृत उत्पादों के एचपीसीएल को अधिक आपूर्ति करने से कंपनी पर प्रतिबंधों का असर कम होगा। कंपनी ट्रक और पाइपलाइन के जरिए गुजरात स्थित एचपीसीएल के टर्मिनल को उत्पादों की आपूर्ति कर सकती है। नायरा प्रमुख तौर पर एचपीसीएल को प्राथमिक तौर पर आपूर्ति बढ़ा रही है जबकि भारत की अन्य तेल कंपनियों जैसे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के पास अपनी मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त रिफाइनिंग क्षमता है। अधिकारी ने बताया कि निर्यात नहीं होने और कच्चे तेल की बाधित आपूर्ति के कारण अभी नायरा अपनी रिफाइनिंग क्षमता का 60 से 80 प्रतिशत ही उपयोग कर रही है।

# भारत का बड़ा लक्ष्य: 2047 तक 1,800 गीगावॉट गैर जीवाश्म ऊर्जा क्षमता

**नई दिल्ली**

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक एनर्जी ट्रांजिशन समिट में बताया कि भारत ने गैर जीवाश्म ईंधन स्रोतों पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2047 तक बढ़ाकर 1,800 गीगावॉट करने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में यह क्षमता 252 गीगावॉट है। उन्होंने कहा कि भारत 2030 तक इसे 500 गीगावॉट तक बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। जोशी ने बताया कि भारत की सौर बिजली उत्पादन क्षमता 2014 में 2.82 गीगावॉट से बढ़कर अब 124 गीगावॉट तक पहुंच चुकी है। पवन ऊर्जा क्षमता भी इसी दौरान 21 गीगावॉट से 53 गीगावॉट हो गई है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा का तेजी से विकास हो रहा है और चालू वित्त वर्ष के पांच महीनों में 23 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी गई है। मंत्री ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत 20 लाख से अधिक सौर उत्पादन संयंत्र लगाए गए हैं। इस साल की नीतिगत पहलों के चलते 30 लाख नए संयंत्र लगाने का लक्ष्य है। इसी के साथ भारत 1.5 वर्षों में 1 करोड़ रूफटॉप सोलर इंस्टालेशन पूरा करने की दिशा में अग्रसर है। जोशी ने यह भी बताया कि देश की सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता अब 100 गीगावॉट तक पहुंच चुकी है, जो मार्च 2024 और मार्च 2025 के बीच दोगुनी हो जाएगी। साथ ही, सोलर फोटोवोल्टेइक सेल निर्माण क्षमता 9 गीगावॉट से बढ़कर 27 गीगावॉट हो गई है।यह स्पष्ट है कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से बढ़ रहा है और 2047 तक अपने ऊर्जा उत्पादन को पूरी तरह से स्थायी बनाने का मजबूत संकल्प लिए हुए है।



# अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स का 687 करोड़ का आईपीओ 22 सितंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली**

बिजली, वाहन और इन्वर्टर ड्यूटी ट्रांसफार्मर बनाने वाली कंपनी अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का 687 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 22 सितंबर को खुलेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए 718 से 754 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है, जिससे कंपनी का ऊपरी स्तर पर मूल्यांकन लगभग 5,800 करोड़ रुपये बैठता है। अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स का आईपीओ 24 सितंबर को बंद होगा। एंकर निवेशक 19 सितंबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। गुजरात स्थित यह कंपनी आईपीओ के तहत 400 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी और प्रवर्तक तथा अन्य शेयरधारकों द्वारा मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर 287 करोड़ रुपये मूल्य के 38.1 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। कंपनी नए शेयरों की बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग ऋण भुगतान, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कंपनी कामकाज के लिए करेगी।

# भारत का एआई मिशन होगा और मजबूत

## – बजट बढ़ाकर 20,000 रुपए करोड़ करने की तैयारी

**नई दिल्ली** भारत सरकार इं डिया एआई के तहत अगले पांच वर्षों में खर्च को 10,372 करोड़ से बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपए करने की योजना बना रही है। इस पहल का उद्देश्य देश को एआई तकनीक में आत्मनिर्भर बनाना और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, बढ़ा हुआ बजट जीपीयू क्षमता बढ़ाने, स्वदेशी फाउंडेशन मॉडल विकसित करने और अधिक स्टार्टअप्स को शामिल करने में खर्च किया जाएगा। सरकार ने पहले ही चार स्टार्टअप सर्वम एआई, सॉकेट एआई, गण एआई और ज्ञानी एआई को चयनित किया है, जो भारत के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में मल्टी-लैंग्वेज और एडवांस्ड एआई मॉडल्स तैयार कर रहे हैं। उदाहरण के तौर पर सर्वम एआई प्रशासनिक सेवाओं के लिए 120 अरब पैरामीटर वाला ओपन-सोर्स बना रहा है, जबकि ज्ञानी एआई वॉयस-बेस्ड, रीयल-टाइम स्पीच प्रोसेसिंग मॉडल तैयार कर रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, भारत की जीपीयू क्षमता को 18,417 से बढ़ाकर 40,000 किया गया है। यह मिशन भारत को एआई स्टैक की हर परत–डेटा, मॉडल, क्लाउड से लेकर एप्लिकेशन तक में स्वतंत्र बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। सरकार आठ और कंपनियों को एआई मॉडल डेवलपमेंट के अनुबंध देने की प्रक्रिया में है, जिनमें टेक महिंद्रा, फ्रैक्टल, भारतजेन और जेनलूप शामिल हैं।

# अदाणी पोर्ट्स करेगा 30,000 करोड़ का बड़ा निवेश

## – 2030 तक 1 बिलियन टन माल हैंडलिंग का लक्ष्य



**मुंबई** अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) अगले दो वर्षों में अपने घरेलू ऑपरेशन को बढ़ाने के लिए लगभग 30,000 करोड़ का निवेश करने जा रहा है। यह निवेश मौजूदा वित्तीय वर्ष के 11,000-12,000 करोड़ रुपए के निवेश से दोगुना होगा। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक सालाना 1 बिलियन टन माल संभालना है, जिसमें 850 मिलियन टन भारत के पोर्ट्स से और 140-150 मिलियन टन विदेशी पोर्ट्स से आएगा। वित्त वर्ष 26 में निवेश इस प्रकार होगाः पोर्ट्स में 6,500-7,000करोड़, लॉजिस्टिक्स में 2,300 करोड़, रिन्यूएबल्स में 1,500 करोड़ और मरीन सर्विसेज़ में 700-800 करोड़ खर्च किए जाएंगे। निवेश का बड़ा हिस्सा गुजरात के मुंद्रा, ओडिशा के धमरा और केरल के विजिन्जम पोर्ट्स में बर्थ और टर्मिनल बढ़ाने तथा विजिन्जम ट्रांसशिपमेंट हब के विस्तार में किया जाएगा। विजिन्जम हब ने लॉन्च के नौ महीनों में 1 मिलियन टीईयू से अधिक कंटेनर हैंडल कर लिए हैं। मुंद्रा पोर्ट पर रूसी क्रूड तेल लेकर आया प्रतिबंधित टैंकर स्पार्टनपहुंचा, जिसे एचपीसीएल-मित्तल इनर्जी लि मिटेड के लिए तेल उतारना था। एपीएसईजेड ने 11 तंबर से पश्चिमी देशों के प्रतिबंधित टैंकरों को पोर्ट में प्रवेश से रोक रखा है। वहीं, दूसरा प्रतिबंधित टैंकर नोबल वाकर ने मुंद्रा की जगह वडिनार पोर्ट का रुख किया। पिछले आठ महीनों में मुंद्रा पोर्ट ने रोजाना करीब 1,80,000 बैरल रूसी क्रूड तेल हैंडल किया है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद सेंसेक्स 313, निफ्टी 91 अंक ऊपर आया

**मुम्बई**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुए। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बीच भी खरीददारी हावी होने से आई है। आज 30 शेयरों वाला बीएसई बीएसई सेंसेक्स 313.02 अंक बढ़कर 82,693.71 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी आज 91.15 अंकों की तेजी के साथ ही 25,330.25 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 20 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए। वहीं इसी तरह निफ्टी 50 की 34 कंपनियों के शेयर ऊपर आकर बंद हुए। वहीं 16 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल भारतीय स्टेट बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 3.02 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, बजाज फिनसर्व के शेयर आज सबसे ज्यादा 0.99 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में उछाल आया। सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज बीईएल के शेयर 2.36 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 1.43 फीसदी, , मारुति सुजुकी 1.35 फीसदी, ट्रेंट 1.21 फीसदी, , अल्ट्राटेक सीमेंट 1.20 फीसदी, , टेक महिंद्रा 1.03 फीसदी, , टीसीएस 0.87 फीसदी, , टाटा मोटर्स 0.77 फीसदी, , इंफोसिस 0.77 फीसदी, , महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं वहीं दूसरी ओर, टाइटन के शेयर 0.98 फीसदी, , आईटीसी 0.93 फीसदी, , टाटा स्टील 0.44 फीसदी, , पावरग्रिड 0.42 फीसदी, , हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.26 फीसदी, , एचसीएल टेक 0.21फीसदी, , आईसीआईसीआई बैंक 0.20 फीसदी टूटकर बंद हुए। इससे पहले आज सुबह कारोबार की शुरुआत तेजी से हुई। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर सकारात्मक खबरों ने निवेशकों के सेंटीमेंट को मजबूती दी।




इससे बाजार में लगभग सभी सेक्टरों में खरीदारी देखी गई, खासकर आईटी स्टॉक्स ने बाजार को अच्छा सपोर्ट दिया। सेंसेक्स 82,506.40 अंक पर खुला और शुरुआती कारोबार में 150.49 अंक की तेजी के साथ 82,531.18 पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,276 पर खुला और जल्द ही 25,300 अंक के पार निकल गया। वहीं एशियाई बाजारों में गिरावट रही, जिसका मुख्य कारण वॉल स्ट्रीट में मंगलवार को आई कमजोरी थी।

जापान का टॉपिक्स 0.53 फीसदी गिर गया, जबकि कोरिया का कोस्पी और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 क्रमशः 0.94 और 0.63 फीसदी नीचे रहे। निवेशकों की नजर अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय बैठक पर टिकी है। अनुमान है कि फेड इस बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, जो वैश्विक बाजारों के लिए राहत की खबर हो सकती है।

# आईसीआईसीआई बैंक को 49.11 करोड़ का जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली** आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी के कथित कम भुगतान को लेकर 49.11 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस मिला है। यह आदेश 15 सितंबर 2025 को पश्चिम बंगाल के अतिरिक्त राजस्व आयुक्त (अपील) द्वारा पश्चिम बंगाल जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 107 के तहत जारी किया गया। इस मांग में 23.52 करोड़ कर, 23.23 करोड़ ब्याज और 2.35 करोड़ जुर्माना शामिल है। विवाद का मुख्य मुद्दा बैंक द्वारा उन ग्राहकों को दी गई सेवाएं हैं, जो अपने खातों में न्यूनतम शेष राशि बनाए रखते हैं। कर अधिकारियों का मानना है कि इन सेवाओं पर जीएसटी देय है। आईसीआईसीआई बैंक ने कहा है कि वह आदेश की समीक्षा कर रहा है और समयसीमा के भीतर अपील करेगा। बैंक ने पूर्व में भी इसी मुद्दे पर विभिन्न कर अधिकारियों से नोटिस और आदेश प्राप्त किए हैं।

# इस्पात उद्योग को कार्बन-मुक्त करने योजना लाएगी सरकार: सचिव

**नई दिल्ली** इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने बुधवार को कहा कि सरकार स्वच्छ इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की योजना पर काम कर रही है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में 'एफटी लाइव एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया' के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि सतत इस्पात के लिए राष्ट्रीय मिशन का प्रस्ताव विचाराधीन है। यह 5,000 करोड़ रुपये की योजना है। पौंड्रिक ने कहा कि इस योजना में देश के सभी इस्पात विनिर्माता शामिल होंगे, जिसमें 75-80 प्रतिशत धनराशि द्वितीयक क्षेत्र की कंपनियों के लिए निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और वैकल्पिक सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित करके इस्पात उत्पादन में कम कार्बन उत्सर्जन को बढ़ावा देना है। उनकी यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत पेरिस समझौते पर हस्ताक्षरकर्ता है और इसका लक्ष्य शुद्ध-शून्य उत्सर्जन वाला देश बनना है।

# रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को 74 पैसे की गिरावट के साथ ही 87.83 पर बंद हुआ। इससे पहले अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बीच आज सुबह रुपया डॉलर के मुकाबले 28 पैसे मजबूत होकर 87.81 पर खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में रुपया मंगलवार को 88.09 से बढ़कर बुधवार को 87.81 पर पहुंच गया। इसके विपरीत, डॉलर सूचकांक 0.11 फीसदी बढ़कर 96.73 पर कारोबार कर रहा था, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाता है। फेडरल रिजर्व की आगामी घोषणाओं से वैश्विक मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है ।

# सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने बैंगलोर में 50-बेड का नया अस्पताल शुरू किया

## इंटरनेशनल नी एंड ऑर्थोपेडिक सेंटर के सहयोग से एचएसआर लेआउट में विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ मिलेंगी

**बेंगलुरु**

भारत का पहला 100त्न एफडीआई आधारित अस्पताल, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने इंटरनेशनल नी एंड ऑर्थोपेडिक सेंटर के साथ मिलकर बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट में एक अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल खोला है। इस 50-बेड की नई सुविधा का उद्घाटन कर्नाटक सरकार के मंत्री एम. बी. पाटिल ने किया।इस नए अस्पताल में कई प्रमुख बीमारियों के लिए विशेषज्ञ सेवाएँ उपलब्ध होंगी, जिनमें ऑर्थोपेडिक्स, ऑर्थोस्पाइन, जनरल सर्जरी, कार्डियक सर्जरी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी और न्यूरोसर्जरी शामिल हैं। यह पहल रोगी-केंद्रित देखभाल, उन्नत तकनीक और नैदानिक उत्कृष्टता को मिलाकर स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई ऊँचाई पर ले जाएगी।उद्घाटन के दौरान, मंत्री एम. बी. पाटिल ने कहा, यह अत्याधुनिक संस्थान जोड़ों और रीढ़ की बीमारियों के उपचार में क्रांतिकारी साबित होगा। स्वस्थ नागरिक ही मजबूत परिवार और समृद्ध समाज का निर्माण करते हैं।सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक युइची नागानो ने कहा कि इंटरनेशनल नी एंड ऑर्थोपेडिक सेंटर के साथ यह सहयोग अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा, हमारी विशेषज्ञता और उन्नत तकनीकों को समुदाय तक पहुँचाकर हम समय पर उपचार और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करेंगे।

ग्रुप सीओओ लवकेश फासू ने बताया कि यह सुविधा रोगियों को केंद्र में रखकर बनाई गई है। हमारा उद्देश्य एक ऐसा स्वास्थ्य तंत्र बनाना है जो आधुनिक, उत्तरदायी और प्रगतिशील हो। वहीं, डॉ. चंद्रशेखर पी. ने कहा कि यह साझेदारी दो प्रतिष्ठित संस्थानों की शक्तियों को एक ही छत के नीचे लाएगी, जिससे एचएसआर लेआउट के निवासियों की बढ़ती स्वास्थ्य ज़रूरतों को पूरा किया जा सकेगा।यह नई सुविधा, अपने आधुनिक बुनियादी ढांचे, अनुभवी डॉक्टरों की टीम और 24×7 सहायक सेवाओं के साथ बनने जा रही है।



# इस्पात उद्योग को कार्बन-मुक्त करने योजना लाएगी सरकार: सचिव



**नई दिल्ली** सचिव संदीप पौंड्रिक ने बुधवार को कहा कि सरकार स्वच्छ इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की योजना पर काम कर रही है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में 'एफटी लाइव एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया' के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहो कि सतत इस्पात के लिए राष्ट्रीय मिशन का प्रस्ताव विचाराधीन है। यह 5,000 करोड़ रुपये की योजना है। पौंड्रिक ने कहा कि इस योजना में देश के सभी इस्पात विनिर्माता शामिल होंगे, जिसमें 75-80 प्रतिशत धनराशि द्वितीयक क्षेत्र की कंपनियों के लिए निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और वैकल्पिक सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित करके इस्पात उत्पादन में कम कार्बन उत्सर्जन को बढ़ावा देना है। उनकी यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत पेरिस समझौते पर हस्ताक्षरकर्ता है और इसका लक्ष्य शुद्ध-शून्य उत्सर्जन वाला देश बनना है।

# स्मृति मंधाना ने भारत के लिए वनडे में जड़ा सबसे तेज शतक, ध्वस्त किए कई रिकॉर्ड

**मुल्लानपुर (पंजाब) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे मैच में उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने भारत के लिए वनडे में सबसे तेज शतक जड़ा जिससे कई रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए। महिला वनडे में नंबर एक बल्लेबाज बनने के बमुश्किल एक दिन बाद मंधाना ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मुल्लानपुर में अपनी शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया।

मंधाना ने अपना 12वां वनडे शतक जड़कर इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट के इस प्रारूप में शतकों की संख्या की बराबरी कर ली। मंधाना को इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने के लिए सिर्फ 106 पारियों की जरूरत पड़ी, जबकि ब्यूमोंट ने 130 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 29वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर सिर्फ 77 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ इस प्रारूप में दूसरा सबसे तेज शतक है। मंधाना का 77 गेंदों में बनाया गया यह शतक भारत के लिए वनडे में दूसरा सबसे तेज शतक भी है, इससे पहले उन्होंने इस साल की शुरुआत में राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ 70 गेंदों में शतक बनाया था।

वह महिला वनडे इतिहास में दो अलग-अलग कैलेंडर वर्षों में तीन या उससे ज्यादा शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी हैं, इससे पहले उन्होंने 2024 में चार शतक लगाए थे। 29 वर्षीय इस बाएं हाथ की बल्लेबाज का यह कमाल 33वें ओवर में निराशाजनक अंत हुआ। उन्होंने ताहलिया मैक्ग्रा की गेंद पर डीप में एश्ले गार्डनर को कैच थमाया और 117(91) रन बनाकर आउट हुईं।

स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज मंधाना ने मुकाबले की पूर्व संध्या पर अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली। वह एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं, एक ऐसा स्थान जो उन्होंने पहली बार जनवरी 2019 में हासिल किया था और हाल ही में इस साल जुलाई में हासिल किया। शीर्ष पर यह उनका चौथा कार्यकाल है।



## नीरज चोपड़ा ने पहले ही थ्रो से विश्व चैम्पियनशिप फाइनल के लिए किया क्वालीफाई



**तोक्यो (एजेंसी)।** गत चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने बुधवार को पहले ही थ्रो में स्वतः क्वालीफिकेशन का 84 . 50 मीटर का आंकड़ा पार करके विश्व चैम्पियनशिप पुरूष भालाफेंक स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के नीरज ने क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में पहला ही थ्रो 84.85 मीटर का फेंका।

चोपड़ा सबसे पहले थ्रो फेंकने के लिए उतरे थे और फाइनल में जगह बनाने के साथ ही रवाना भी हो गए। स्वतः क्वालीफिकेशन का 84.50 मीटर का आंकड़ा छूने वाले या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी बृहस्पतिवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। जर्मनी के जूलियर वेबर ने भी 87.21 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफाई कर लिया। ग्रुप ए में शामिल 19 खिलाड़ियों में केशोर्न वालकॉट, याकूब वालेश और भारत के सचिन यादव भी हैं।

ग्रुप बी में पाकिस्तान के ओलंपिक चैम्पियन अरशद नदीम, एंडरसन पीटर्स, जूलियस येगो, रोहित यादव ,यशवीर सिंह भी हैं। बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैम्पियनशिप में नीरज ने 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था जबकि नदीम दूसरे और वालेश तीसरे स्थान पर रहे थे।

## वरूण चक्रवर्ती पहली बार टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे, यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने

**दुबई (एजेंसी)।** स्पिनर वरूण चक्रवर्ती पहली बार ICC टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। चक्रवर्ती से पहले भारत के जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई ICC T20 गेंदबाजी रैंकिंग में शिखर पर पहुंच चुके हैं।



चक्रवर्ती ने एशिया कप में UAE के खिलाफ चार रन देकर एक और पाकिस्तान के खिलाफ 24 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले वह फरवरी 2025 में दूसरे स्थान पर पहुंचे थे।

ICC ने एक बयान में कहा, 'भारतीय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार अच्छे प्रदर्शन का ईनाम मिला है और वह ICC पुरूष टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हो गए हैं।' बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर हैं जबकि स्पिन हरफनमौला अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए। बुमराह चार पायदान चढ़कर 40वें स्थान पर हैं।

हरफनमौलाओं में हार्दिक पंड्या शीर्ष पर है जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढकर 14वें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शीर्ष पर बने हुए हैं जिन्होंने करियर के सर्वोच्च 884 रेटिंग अंक हासिल कर लिए। शुभमन गिल 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तिलक वर्मा दो स्थान खिसककर चौथे और सूर्यकुमार यादव एक स्थान खिसककर सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे स्थान पर हैं।

## आरपी और प्रज्ञान को मिल सकती है बीसीसीआई चयन समिति में जगह

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह और स्पिनर प्रज्ञान ओझा अब चयनकर्ता की भूमिका में नजर आ सकते हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार प्रज्ञान ओझा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आर पी को चयन समिति में जगह मिल सकती है।गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति ने पिछले माह ही दो राष्ट्रीय चयनकर्ता पदों के लिए आवेदन मांगे थे। इसमें हालांकि दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों ने रुचि नहीं दिखायी। केवल पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने आवेदन किया था। वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष विंस्टन जैदी और हिमाचल प्रदेश के शक्ति सिंह सेंट्रल जोन से अन्य उम्मीदवार थे।

बीसीसीआई ने अपने दो निवर्तमान चयनकर्ताओं सुब्रतो बनर्जी (सेंट्रल जोन) और एस शरत (साउथ जोन) की जगह लेने वाले उम्मीदवारों के लिए जरुरी योग्याताएं बीसीसीआई के अनुसार इन पदों के लिए वही व्यक्ति आवेदन कर सकता है। जिसने कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 एकदिवसीय या 20 प्रथम श्रेणी मैच खेले हो। आवेदक को संन्यास लिए हुए पांच साल पूरे हो गये हों। इसके अलावा वह पांच साल की कुल अवधि के लिए बीसीसीआई की किसी भी क्रिकेट समिति का सदस्य नहीं होना चाहिए।

एक उम्मीदवार आर पी ने साल 2005 से 2011 के बीच 14 टेस्ट, 58 एकदिवसीय और 10 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वहीं ओझा ने 24 टेस्ट, 18 वनडे और 6 टी-20 खेले हैं। ऐसे में ये दोनो ही जरुरी योग्यताएं पूरी करते हैं।

अब अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) इनके साक्षात्कार लेगी और उसके बाद चयनित नामों को बीसीसीआई पदाधिकारियों के पास भेजेगी।

## ओमान के खिलाफ मैच में बुमराह को आराम दे सकती है भारतीय टीम



**-अर्शदीप या हर्षित राणा को मिल सकतता है अवसर**

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को अपने अंतिम लीग मैच में शुक्रवार को ओमान से खेलेगी। इस मैच में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है क्योंकि भारतीय टीम पहले ही सुपर फोर में पहुंच गयी है और ये मैच केवल औपचारिकता भर है। इस मैच में टीम प्रबंधन युवा तेज गेंदबाजों अर्शदीप सिंह या हर्षित राणा को अवसर दे सकता है। इस मैच में बुमराह के अलावा अन्य कोई बदलाव शायद ही किया जाये। भारतीय टीम सुपर चार में 21, 24 और 26 सितंबर को अपने मैच खेलेगी। इसके बाद 28 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। ऐसे में भारतीय टीम फाइनल में पहुंची तो उसे कमुकाबले के लिए क्वालीफाई करती है तो उसेसात दिनों में कुल चार मैच खेलने पड़ सकते हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन बुमराह जैसे प्रमुख गेंदबाज को आगे के चुनौतीपूर्ण दौर के लिए तरोताजा रखना चाहेगा। बुमराह को औपचारिक मैच में उतारकर उनकी फिटनेस को खतरे में डालना टीम प्रबंधन नहीं चाहेगा। उन्हें किसी कम महत्व वाले मैच की जगह टूर्नामेंट के आखिरी चरण के लिए पूरी तरह से तैयार रखना प्रबंधन के लिए अधिक जरुरी है। ऐस में ओमान के खिलाफ अर्शदीप सिंह या हर्षित राणा में से किसी एक को उतारा जा सकता है। अर्शदीप का दावा हालांकि मजबूत होगा क्योंकि वह अधिक अनुभवी है और टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्हें 100 विकेट पूरा करने के लिए केवल एक विकेट ही चाहिये।

## पीसीबी ने आईसीसी को दूसरा पत्र भेजकर पायक्रॉफ्ट की जगह रिचर्डसन को मैच रैफरी बनाने की मांग रखी

लाहौर ।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) एशिया कप के बहिष्कार से तो पीछे हट गया है पर मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को लेकर उसका विरोध बरकरार है।इसी कारण पीसीसी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को एक और पत्र भेजा है। पीसीबी ने इस पत्र में पायक्रॉफ्ट को हटाकर रिची रिचर्डसन को मैच रैफरी बनाने की मांग की है।गत दिवस ही पीसीबी ने आईसीसी को एक नये ईमेल में पायक्रॉफ्ट को उसके सारे मैचों से हटाने की मांग रख दी।हालांकि अभी तक इस मामले में आईसीसी ने कुछ नहीं कहा है।पायक्रॉफ्ट से पाक को आपत्ति है।उसका मानना है कि वह भारतीय टीम से प्रभावित हैं। इस विवाद की शुरुआत भारत से साथ हुए मैच में हुई। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सहित भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया।पीसीबी ने इस विवाद के लिये पायक्रॉफ्ट को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि उन्होंने पाक कप्तान सलमान आगा से कहा था कि सूर्यकुमार से हाथ नहीं मिलाये और दोनों कप्तानों को टीम शीट का आदान-प्रदान भी नहीं करने दिया।पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों पर खेल भावना का पालन नहीं करने और पायक्रॉफ्ट पर भेदभाव का आरोप लगाया।इसके बाद टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी भी दी और पायक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की जिसे आईसीसी ने खारिज कर दिया।पाक टीम निदेशक नवीद अकरम चीमा ने आरोप लगाया है कि पायक्रॉफ्ट बीसीसीआई के निर्देशों पर काम कर रहे हैं।

## अब मॉडल महिका के साथ हार्दिक के अफेयर की चर्चाएं



मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या सार्बियाई मॉडल नताशा स्टैंकोविक से तलाक के बाद से ही अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं।नताशा से तलाक के बाद पहले उनकी जिंदगी में पहले ब्रिटिश सिंगर जैस्मिन वालिया आई थी पर उसके साथ ही उनका रिश्ता लंबा नहीं चला और दोनो के बीच ब्रेकअप हो गया।वहीं अब उनकी अफेयर की चर्चाएं मॉडल महिका शर्मा से चल रही हैं।यह सब तब शुरू हुआ जब महिका की एक सेल्फी के बैकग्राउंड में हार्दिक जैसी झलक दिखने का दावा किया गया. इतना ही नहीं महिका की एक पोस्ट में जर्सी नंबर 33 का जिक्र था, जो हार्दिक का है।दोनों के सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को फॉलो करने और महिका के हार्दिक की पोस्ट्स को लाइक करने से भी अफवाहों को बल मिला है।हालांकि अभी तक हार्दिक और महीका ने अपने रिश्ते पर कोई आधिकारिक बयान दिया है।जहां तक महिका की बात है।वह एक उभरती हुई मॉडल और अभिनेत्री हैं, जिसने इकोनॉमिक्स और फाइनेंस में डिग्री हासिल करने के बाद मॉडलिंग और एक्टिंग को अपनाया।महिका कई म्यूजिक वीडियोज, फिल्मों के अलावा बड़े ब्रांड्स के लिए विज्ञापन अभियान में भी शामिली रही हैं।वहीं सोशल मीडिया पर अब हार्दिक और महिका के अफेयर की अफवाएं जोरों पर हैं।

## बांग्लादेश से हार के बाद रोने लगे राशिद खान, इन खिलाड़ियों की निकाली गलती



**दुबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ अपने दूसरे लीग मैच के दौरान खराब खेलने के लिए अपने साथियों को दोषी ठहराया और लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने उन्हें आठ रनों से हराकर एशिया कप 2025 के सुपर फोर की दौड़ में बने रहने के लिए जीत हासिल की।

बांग्लादेश के खिलाफ 11 गेंदों पर 20 रन बनाने वाले राशिद का मानना है कि उन्होंने कुछ गैरजिम्मेदाराना शॉट खेले और उन्होंने खुद पर काफी दबाव बना लिया।

राशिद खान ने मैच के बाद कहा, 'हम अंत तक मैच में थे, लेकिन उसे जीत नहीं सके। 18 गेंदों में 30 रन बनाना आसान था। हमने उस तरह का क्रिकेट नहीं खेला जिसके लिए हम जाने जाते हैं - आक्रामक क्रिकेट। हमने खुद पर बहुत दबाव बना लिया। जिस तरह से हमने गेंद से वापसी करते हुए उन्हें 160 के अंदर रोका, वह खास था। लेकिन बल्लेबाजी में हमने कुछ गैर-जिम्मेदाराना शॉट खेले।'

टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में हांगकांग के खिलाफ शानदार जीत के बाद अफगानिस्तान अब अपने तीसरे ग्रुप स्टेज मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा, जो उसी मैदान पर होगा। राशिद ने कहा कि उनकी टीम अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबले के लिए श्रीलंका के खिलाफ पूरी तैयारी के साथ उतरेगी।

राशिद ने आगे कहा, 'टी20 में कभी-कभी विरोधी टीम पहले छह ओवरों में ही मैच अपने नाम कर लेती है, लेकिन फिर आपको वापसी करनी होती है। इस मैच से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। एशिया कप में हर मैच अहम होता है। हमें श्रीलंका के खिलाफ अच्छी तैयारी करनी होगी, यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

## सूर्यकुमार बेहतरीन कप्तान के तौर पर उभरे : कैफ



मुम्बई ।पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले में अच्छी कप्तानी के लिए सूर्यकुमार यादव की प्रशंसा की है।कैफ ने कहा कि सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शानदार बल्लेबाजी के साथ ही भारतीय टीम को एकतरफा जीत दिलायी। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, सूर्यकुमार इस एशिया कप में एक बेहतरीन कप्तान के रूप में उभरे हैं।भारी दबाव वाले मैच में विजयी रन बनाना, गेंदबाजों पर नियंत्रण करना और सोशल मीडिया के प्रभाव से टीम को बचाना आसान नहीं था पर उन्होंने इसके बाद भी सब कुछ काफी अच्छे से संभाला।सूर्यकुमार ने टीम की जीत को भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को समर्पित किया।इसके अलावा टॉस के दौरान और मैच के बाद भी पाक खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इंकार कर एक कड़ा संदेश भी दिया।

## वनडे में संन्यास से वापसी के बाद ग्लेन मैक्सवेल ने खेली धमाकेदार पारी, सिर्फ इतनी गेंदों में ठोका शतक



**स्पोर्ट्स डेस्क ।** ऑस्ट्रेलिया के दो बार के वनडे विश्व कप विजेता ग्लेन मैक्सवेल ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में भारत से हार के बाद फिटनेस समस्याओं के कारण वनडे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। विक्टोरिया के लिए ऑस्ट्रेलिया के वनडे कप में वापसी करते हुए उन्होंने मार्नस लाबुशेन की क्वींसलैंड टीम के खिलाफ असफल रन चेज में 82 गेंदों में 107 रनों की शानदार पारी खेलकर ब्रिस्बेन के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दिलचस्प बात यह है कि विक्टोरिया के लिए अपने 15 साल के करियर में मैक्सवेल का लिस्ट ए (वन-डे) प्रारूप में यह पहला शतक है।

36 वर्षीय मैक्सवेल 311 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए उस समय बल्लेबाजी करने आए जब विक्टोरिया का स्कोर 24 ओवर में 104/5 था। माइकल नेसर ने नई गेंद से खूब धमाल मचाया, मैथ्यू शॉर्ट और मार्कस हैरिस को शून्य पर और हैरी डिक्सन को दहाई के स्कोर पर आउट किया। थॉमस रोजर्स ने 23 रन बनाए जबकि पीटर हैंड्सकॉम्ब 73 गेंदों पर 55 रन बनाकर आउट हुए।

### रन चेज में मैक्सवेल का अकेले दम पर प्रयास

34वें ओवर में विक्टोरिया का स्कोर 164/7 था। मैक्सवेल ने अगले ओवर में दो छक्के लगाकर 37 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने आसानी से बाउंड्री लगाई। जैसे-जैसे स्लॉग ओवर नजदीक आए, उन्होंने तेजी पकड़ी। 43वें ओवर में उन्होंने गुरिंदर संधू पर दो छक्के लगाकर 73 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। 46वें ओवर में मैक्सवेल का धैर्य भी जवाब दे गया क्योंकि आवश्यक रन रेट उनके हाथ से निकल गया। टॉम स्ट्रैकर ने उनका कैच लिया। मैक्सवेल ने 82 गेंदों में 107 रनों की पारी में 8 चौके और 7 छक्के लगाए। विक्टोरिया 46.2 ओवर में 255 रन पर आउट हो गई और 55 रनों से मैच हार गई।

## टीम इंडिया के लिए भाग्यशाली साबित हुए हैं

नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के लिए ऑलराउंडर शिवम दुबे भाग्यशाली साबित हुए हैं।शिवम के आंकड़े देखने से ये बात साबित होती है।इस ऑलराउंडर ने अब तक 37 टी20 मैच खेले हैं जिसमें से 32 में उनके अंतिम ग्यारह में होने पर भारतीय टीम जीती है।ऐसे में कहा जाने लगा है कि शिवम का होना ही जीत की गारंटी बन गया है क्योंकि इससे पहले किसी क्रिकेटर के साथ ऐसा नहीं हुआ है।पिछले छह साल में उनके अंतिम ग्यारह में रहते टीम सभी मैच जीती है। शिवम ने साल 2019 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था हालांकि बांग्लादेश के खिलाफ हुए मैच में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और भारतीय टीम को भी हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने तीन और मैच खेले, जिनमें भारतीय टीम जीती लेकिन पांचवें मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा।इसके बाद उनके रहते टीम एक भी मैच नहीं हारी।दिसंबर 2019 से अभी तक शिवम ने 32 टी20 अंतराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इसमें से 30 में भारतीय टीम जीती है।वहीं दो मुकाबले बारिश के कारण पूरे नहीं हुए। ये पहली बार है जब किसी खिलाड़ी के रहते हुए टीम इतने ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच जीत है।शिवम ने 37 मैचों की 27 पारियों में कुल 541 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 140 से ज्यादा का है और औसत 31.82 का है। वे 10 बार नॉटआउट रहे हैं, जबकि 37 चौके और 29 छक्के उनके बल्ले से निकले हैं।4 अर्धशतक भी उनके नाम दर्ज हैं।



## अगर लिवरपूल में पदक नहीं मिलता तो फिर कोशिश नहीं करती: पूजा रानी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी । लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला।

तोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने कहा, 'इस बार भी मैने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं हमेशा अपना शत प्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है । मैने पिछले चार पांच महीने से कडा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं।'

चार बार एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीत चुकी पूजा सेमीफाइनल में इंग्लैंड की एमिली एस्कीथ (श्वद्बद्य4 ह्यद्बह्लद्ध) से हार गई लेकिन कांस्य पदक जीता। इस पर उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। यह मेरी चौथी विश्व चैम्पियनशिप थी और मैने पहली बार पदक जीता । यह खास है।' कुछ साल पहले कंधे की चोट और एक बड़े टूर्नामेंट से ठीक पहले हाथ जलने के कारण पूजा के कैरियर पर खतरा पैदा हो गया था लेकिन उसने तोक्यो ओलंपिक से पहले वापसी की।

पूजा ने 2019 और 2021 एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीते हालांकि तोक्यो में वह 75 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गई। फिर मई 2022 में पिता के निधन के बाद उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप खेली लेकिन ब्रेक ले लिया। फिर 2023 की शुरूआत में उनका विवाह हुआ और एक साल बाद रिंग पर लौटकर उन्होंने राष्ट्रीय खिताब जीता। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन पेरिस ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में जगह बना चुकी थी। पूजा ने पिछला एक साल 75 किलो से 80 किलो में जाने पर लगाया। अब उनकी नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक चक्र पर है। उन्होंने कहा, 'मैं सोच रही हूं कि अब 70 किलोवर्ग में चली जाऊं।'



## अब पॉडकास्ट करेंगी विलियम्स बहनें

न्यूयार्क ।अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस स्टार वीनस और उनकी बहन सेरेना विलियम्स अब पॉडकास्ट की दुनिया में उतरी हैं।सेरेना और वीनस ने पिछले दो दशक में टेनिस में सभी बड़े खिताब जीते हैं। सेरेना ने साल 2022 में अमेरिकी ओपन के रूप में अपना आखिरी टूर्नामेंट खेला था जबकि वीनस ने हाल में वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम के एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल में भाग लिया था। सेरेना और वीनस अपने पॉडकास्ट का पहला एपिसोड ''स्टॉकटन स्ट्रीट'' लॉन्च करेंगी। ये नाम कैलिफ़ोर्निया के कॉम्पटन में उनके घर के नाम पर रखा गया है।यह हर दूसरे सप्ताह को प्रसारित होगा और इसे एक्स पर जारी किया जाएगा।इसका पहला एपिसोड अमेरिकी ओपन के मुख्य स्टेडियम आर्थर ऐश स्टेडियम में फिल्माया गया था।



# लालड़ू नगर परिषद अध्यक्ष और आप नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ढिल्लों की निंदा की

लालड़ू नगर परिषद द्वारा ज़ीरकपुर नगर परिषद से 20 करोड़ रुपये का ऋण मांगने पर डेरा बस्सी विधानसभा क्षेत्र की राजनीति गरमाई,

विधायक और कांग्रेस नेता के बीच वाकयुद्ध तेज़,

रंधावा ने ढिल्लों को जनता द्वारा सात बार नकारा गया नेता बताया,

-ढिल्लों ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विधायक के शब्द छोटी मानसिकता दर्शाते हैं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेरा बस्सी।** लालड़ू नगर परिषद द्वारा ज़ीरकपुर नगर परिषद से 20 करोड़ रुपये का ऋण मांगने का कांग्रेस नेता दीपिंदर सिंह ढिल्लों द्वारा विरोध करने पर डेरा बस्सी विधानसभा क्षेत्र की राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। इस मुद्दे पर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा और कांग्रेस पार्टी के विधानसभा क्षेत्र प्रभारी दीपिंदर सिंह ढिल्लों के बीच वाकयुद्ध तेज़ हो गया है। इस संदर्भ में, आज लालड़ू नगर परिषद अध्यक्ष सतीश राणा व अन्य ने दीपिंदर सिंह ढिल्लों द्वारा विकास कार्यों के लिए मांगे गए 20 करोड़ रुपये के श्रण का विरोध करने की कड़ी निंदा की है और उन्हें लालड़ू की जनता का दुश्मन बताया है।

आज लालड़ू नगर परिषद अध्यक्ष सतीश राणा, आम आदमी पार्टी नेता भूपिंदर सिंह भिंदा, गुरप्रीत सिंह विर्क व अन्य आम आदमी पार्टी नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस नेता दीपिंदर सिंह ढिल्लों पर लालड़ू के विकास कार्यों में बाधा डालने समेत अन्य आरोप लगाए।

गौरतलब है कि लालड़ू नगर परिषद ने एक प्रस्ताव पेश कर जीरकपुर नगर परिषद से 20 करोड़ रुपये का ऋण मांगा था। इस संबंध में कांग्रेस पार्टी के हलका प्रभारी दीपिंदर सिंह ढिल्लों ने बयान जारी कर कहा था कि हलका विधायक श्री रंधावा ने जीरकपुर नगर परिषद से पैसे मांगने की बजाय उन्हें लालड़ू के विकास के लिए सरकार से पैसे लाने को कहा था। इस बयान के जवाब में हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान ढिल्लों के इस बयान का विरोध करने की निंदा की और उन्हें सात बार लोगों द्वारा नकारा गया नेता करार देते हुए कहा कि वह मूंछों पर ताव देकर हलके में आते हैं। इसके जवाब में श्री ढिल्लों ने एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हवा चल रही थी, जिस दौरान लोगों ने किसी भी उम्मीदवार को नहीं देखा और किसी को भी जीतने दिया। उन्होंने कहा कि रंधावा पार्टी की हवा में इतने मग्न हो गए कि अब वह कभी दोबारा गांव के पंच भी नहीं बन सकते और उनकी अपशब्दावली उनकी संस्कृति और छोटी मानसिकता को दर्शाती है। ढिल्लों ने कहा कि उन्होंने मूंछों को लेकर दिए गए उनके बयान के खिलाफ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में शिकायत दर्ज कराई है। इसके जवाब में आज आम आदमी पार्टी के लालड़ू नेताओं द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ढिल्लों को हलके में कोई भी सरपंच, पंच या जिला परिषद का चुनाव न लड़ने की चेतावनी दी गई।



## 14 से 23 सितंबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़े के दौरान रोज़ाना अलग-अलग इलाकों में किया जाएगा सफाई कार्य



अर्थ प्रकाश/ ज़ीरकपुर (संदीप सिंह बावा)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर परिषद ने बलटाना, पीरमुछल्ला और ढकोली क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 14 से 23 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान रोज़ाना अलग-अलग इलाकों में सफाई कार्य किया जाएगा। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और साफ-सुथरा माहौल बनाए रखना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 सितंबर को सफाई अभियान की शुरुआत गांव बलटाना से की गई। इसके बाद 15 सितंबर को पीरमुछल्ला, 16 सितंबर को फ्रेंड्स एन्क्लेव, 17 सितंबर को प्रीत कॉलोनी, 18 सितंबर को रविंद्र एन्क्लेव, 19 सितंबर को पेंटा होम रोड और शर्मा एस्टेट लोहारगढ़, 20 सितंबर को भबात, 21 सितंबर को मन्नत एन्क्लेव, 22 सितंबर को गांव गाज़ीपुर और 23 सितंबर को शिवालिक विहार में सफाई अभियान चलाया जाएगा। सेनेटरी इंस्पेक्टर रामगोपाल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 सितंबर को सफाई अभियान की शुरुआत गांव बलटाना से की गई। इसके बाद 15 सितंबर को पीरमुछल्ला, 16 सितंबर को फ्रेंड्स एन्क्लेव, 17 सितंबर को प्रीत कॉलोनी में कार्यक्रम के अनुसार सफाई करवाई गई है। सेनेटरी इंस्पेक्टर रामगोपाल ने बताया कि कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज के निर्देशानुसार इन सभी इलाकों में कूड़ा उठाने, सड़कों की सफाई, नालियों की सफाई और गंदगी फैलाने वालों को जागरूक करने के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएँगी। नगर परिषद ने निवासियों से अपील की है कि वे इस स्वच्छता अभियान में सक्रिय भाग लें और अपने आस-पास सफाई बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि ज़ीरकपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

## डीबीईई द्वारा 19 सितंबर को पीसीटीई, बद्दोवाल में मेगा जॉब फेयर का आयोजन -लगभग 66 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी

अर्थ प्रकाश/ प्रदीप पाल 17 सितंबर – लुधियाना के उपायुक्त हिमांशु जैन ने बताया कि जिला रोजगार एवं उद्यम ब्यूरो (डीबीईई) लुधियाना द्वारा 19 सितंबर को 'पंजाब कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन' (पीसीटीई), बद्दोवाल में एक मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त जैन ने बताया कि पंजाब सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में, 19 सितंबर (शुक्रवार) को पीसीटीई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, कैंपस-2, आर्मी कैंट, बद्दोवाल के पास, में एक मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है, जो सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा। उन्होंने आगे बताया कि इस मेगा जॉब फेयर में लगभग 66 विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही हैं। इस मेगा जॉब फेयर में केवल पीसीटीई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस लुधियाना के वे छात्र भाग ले सकते हैं जिनकी योग्यता 12वीं, डिप्लोमा, आईटीआई, स्नातक, स्नातकोत्तर, बी.टेक और एमबीए है। पात्र उम्मीदवार अपने बायोडाटा की दो प्रतियों और शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ संपर्क कर सकते हैं। उपायुक्त हिमांशु जैन ने पात्र उम्मीदवारों से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए आप 86999-11402, 97811-29555 और डीबीईई कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 77400-01682 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## डेराबस्सी अदालत का बड़ा फैसलाः चेक बाउंस केस में कारोबारी को 1 साल की कैद, 10 लाख का जुर्माना

अर्थ प्रकाश/ जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)। डेराबस्सी की अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में कारोबारी व कांग्रेसी नेता राठोर बिल्डिंग मटीरियल सप्लायर के संचालक उदय पाल सिंह उर्फ उदय सिंह राठौर को एक साल की सख़्त कैद और 10 लाख रुपये मुआवजा अदा करने की सजा सुनाई। किराए विवाद को लेकर कर्नल हेमिंदर सिंह ने अदालत का रुख किया था। अदालत को बताया गया कि उदय पाल सिंह ने उनके ग़ालिब रिजॉर्ट, अजित एन्क्लेव, ढकोली को किराये पर लिया था। एग्रीमेंट के तहत हर महीने 60 हजार रुपये किराया तय था और सिक्योरिटी के तौर पर 6 लाख रुपये का चेक लिया गया था। शिकायतकर्ता अनुसार कई महीनों का किराया और 1.63 लाख रुपये बिजली बिल बाकी रहने पर जब शिकायतकर्ता ने चेक बैंक में लगाया तो फ्फंड्स इंसफिशिएंटफ्र लिखकर लौट आया। चेक बाउंस होने के बाद कर्नल हेमिंदर ने 29 अप्रैल 2022 को कानूनी नोटिस भेजा, लेकिन आरोपी ने भुगतान नहीं किया। इसके बाद मामला धारा 138 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत अदालत पहुँचा। शिकायतकर्ता ने खुद गवाही देकर दस्तावेज़ पेश किए।अदालत ने कहा कि आरोपी कानूनी देनदारी से बचने में नाकाम रहा। सुप्रीम कोर्ट के कुमार एक्सपोर्ट्स बनाम शर्मा कार्पेट्स (2009) फैसले का भी हवाला दिया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट मनदीप कौर ने आरोपी को 1 साल की कैद और 10 लाख रुपये मुआवजा भरने का आदेश दिया। सुनवाई के बाद आरोपी ने बीमारी और पारिवारिक हालात का हवाला देकर राहत मांगी। अदालत ने अपील का मौका देते हुए सजा को 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया और 50 हजार रुपये के बेल बॉन्ड पर जमानत दी। फिलहाल आरोपी को व्यक्तिगत बॉन्ड पर रिहाई मिली है। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर 2025 को होगी, जब अपीलीय अदालत का आदेश या आरोपी की उपस्थिति दर्ज की जाएगी।

## कर्नाटक भाजपा ने कांग्रेस पर 'वोट चोरी माफिया' के संचालन का आरोप लगाया

अर्थ प्रकाश/ बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा एक कांग्रेस विधायक का निर्वाचन रद्द किए जाने के बाद, भाजपा नेता आर अशोक ने बुधवार को राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर 'वोट चोरी माफिया' के संचालन का आरोप लगाया। अदालत ने मंगलवार को मई 2023 के विधानसभा चुनाव में मालुर निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक के वाई नान्जेगौड़ा के चुनाव को रद्द कर दिया। यह फैसला चुनाव में पराजित हुए भाजपा उम्मीदवार के एस मंजूनाथ गौड़ा द्वारा दायर याचिका पर आया।

## न्यूज ब्रीफ

### डेराबस्सी से मुस्लिम भाईचारे ने हिमाचल के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना

#### -इससे पहले आठ गाड़ियां पंजाब के लिए राहत सामग्री भेजी जा चुकी है



अर्थ प्रकाश/ डेराबस्सी। पंजाब और हिमाचल प्रदेश में आए भीषण बाढ़ की आपदा से प्रभावित लोगों के लिए सहायता के हाथ बढ़ाते हुए मुस्लिम भाईचारे ने राहत सामग्री हिमाचल के बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाई। यह राहत कार्य हलका विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा के दिशा-निर्देशानुसार डेराबस्सी स्थित जामा मस्जिद से आयोजित किया गया। इस विशेष मौके पर नगर कौंसिल प्रधान आशु उपनेजा के पति नरेश उपनेजा भी उपस्थित रहे। नरेश उपनेजा ने बताया कि जामा मस्जिद और मुस्लिम समाज के लोगों ने हमेशा समाज की सेवा में अपना योगदान दिया है। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए न केवल डेराबस्सी और उसके आसपास के क्षेत्र से बल्कि उत्तर प्रदेश से भी मुस्लिम समाज के अनेक लोगों ने यहां आकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। राहत कार्य के तहत अभी तक डेराबस्सी जामा मस्जिद से कुल आठ गाड़ियां राहत सामग्री पंजाब के लिए भेजी जा चुकी हैं। इस बार भी जरूरी सामान जैसे बर्तन, कंबल, रजाई, खाने-पीने का सामान, पानी की बोतलें, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री हिमाचल के बाढ़ प्रभावित इलाकों में भेजी गई। इस अवसर पर जामा मस्जिद के वरिष्ठ सदस्य और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। काला खान (अध्यक्ष), हाजी अनवर हुसैन (चेयरमैन), जुलफकार (उपाध्यक्ष), अनवर अली (महासचिव), वकील खान (संगठन सुरक्षा प्रभारी), यासीन खान (कोषाध्यक्ष), इमरान मलिक (कानूनी सलाहकार), अस्लो खान (सलाहकार), सराफराज व रज्जाक दीन (मीडिया सलाहकार), अकबर खान, मोहद इशाक, छोटा दीन, इरशाद खान व समीम अहमद (सदस्य) विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त नगर कौंसिल पार्षद हरविंदर सिंह पटवारी, दविंदर सिंह व इंद्रजीत सिंह जोड़ा ने भी राहत सामग्री के रवाने में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उल्लेखनीय है कि इस नेक कार्य के माध्यम से जामा मस्जिद ने एक बार फिर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया है और बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद का संदेश दिया है। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने भी राहत कार्य में भागीदारी के लिए मुस्लिम समाज को धन्यवाद दिया और अपील की कि सभी समाज मिलकर इस कठिन समय में एक-दूसरे का सहयोग करें।

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर अमेठी की उपेक्षा का आरोप लगाया

अर्थ प्रकाश/ लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस पर उसके गढ़ अमेठी की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कांग्रेस पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा कि जिन लोगों ने 65 साल तक देश पर राज किया, वे अमेठी में एक मेडिकल कॉलेज तक नहीं बनवा सके। उन्होंने कहा, फ्जरा सोचिए, अमेठी का नाम आप इतने लंबे समय से सुनते आ रहे हैं लेकिन 65 साल तक देश पर राज करने वाले 70 साल में वहां एक मेडिकल कॉलेज नहीं बना पाए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, हमने आठ साल में अमेठी में एक मेडिकल कॉलेज बनवा दिया है और इस साल 50 सीटों पर दाखिले शुरू हो जाएंगे।' अमेठी पारंपरिक रूप से कांग्रेस का गढ़ रहा है। कांग्रेस अमेठी में केवल तीन बार चुनाव हारी है। साल 2019 में भाजपा की स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को एक बड़े उलटफेर में हरा दिया था लेकिन 2024 में किशोरी लाल शर्मा ने ईरानी को हरा दिया। इस तरह कांग्रेस ने यह सीट फिर से हासिल कर ली। राहुल गांधी ने 2004, 2009 और 2014 में लोकसभा में अमेठी का प्रतिनिधित्व किया, जबकि उनके पिता राजीव गांधी और मां सोनिया गांधी भी इससे पहले इस सीट से चुनाव जीत चुके हैं।

### केंद्र स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण संबंधी विधेयकों को मंजूरी दे- रेवंत रेड्डी



अर्थ प्रकाश/ हैदराबाद,। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार को मांग की है कि केंद्र सरकार राज्य विधानमंडल द्वारा पारित उन दो विधेयकों को मंजूरी दे, जिनमें शिक्षा और स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े समुदायों को 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का प्रावधान है। हैदराबाद रियासत के भारतीय संघ में विलय की वर्षगांठ पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद रेड्डी ने कहा कि आरक्षण का विस्तार करने से 23,973 पिछड़ी जातियों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलेगा। साल 1948 में हैदराबाद रियासत का भारत संघ में विलय दिवस को राज्य में 'प्रजा पालना दिनोस्तवम्' के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा, 'हम विधेयकों को मंजूरी दिलाने के लिए केंद्र पर दबाव बढ़ा रहे हैं। मैं मांग करता हूं कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार तेलंगाना सरकार द्वारा शुरू की गई सामाजिक न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया में बाधा डालना बंद करे। मैं यह भी मांग करता हूं कि तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को तुरंत मंजूरी दी जाए।' कृष्णा और गोदावरी नदियों को तेलंगाना की जीवन रेखा बताते हुए रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार दोनों नदियों के पानी के उचित हिस्से पर कोई समझौता नहीं करेगी।

# विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने घग्गर नदी से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए घग्गर के निकटवर्ती गाँवों का दौरा किया

टिवाना गाँव में ख्वाजा का माथा टेक बाँध के सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लालड़ू ।** क्षेत्र के विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा ने टिवाना, खजूर मंडी, साधापुर, डंगदेहरा गाँवों में घग्गर नदी के पानी से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीएम डेरा बस्सी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। किसानों ने विधायक रंधावा द्वारा लगाए गए पत्थर के बाँध की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बार नदी में पानी बढ़ने के कारण पत्थर के बाँध के ऊपर पानी आ गया और कुछ हिस्सों में बाँध न बनाए जाने के कारण पानी आने से उनकी फसलें और खेत बर्बाद हो रहे हैं। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए, श्री रंधावा आज किसान नेताओं के साथ मौके पर पहुँचे और स्थिति का निरीक्षण किया।



उन्होंने नदी को चौड़ा करने और पहले से बने पत्थर के बाँध को चौड़ा करके उसे मजबूत करने के कार्य का उद्घाटन किया। रंधावा ने कहा कि यह कार्य केवल अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी समाधान है ताकि किसानों को भविष्य में परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने किसान नेताओं को आश्वासन दिया कि इस कार्य को पूरी ताकत से पूरा किया जाएगा और सरकार तथा मैं व्यक्तिगत रूप से हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। एसडीएम डेराबस्सी और अन्य अधिकारियों (ड्रेनेज, बीडीपीओ, कृषि) ने भी आश्वासन दिया कि नदी के किनारों की आवश्यक मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। किसान नेताओं ने विधायक रंधावा का धन्यवाद किया और कहा कि वे लंबे समय से इस समस्या का समाधान चाहते थे, जो अब शुरू हो गया है।

श्री रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार अच्छी तरह जानती है कि कृषि पंजाब की रीढ़ है और किसानों के हितों की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है। इस कदम से न केवल टिवाना के किसानों को बल्कि आसपास के गांवों के किसानों को भी राहत मिलेगी।

इसके बाद, श्री रंधावा ने अधिकारियों के साथ मिलकर डंगदेहरा और साधापुर गाँवों से होकर बहने वाले पानी तक पुल या पाइपलाइन बिछाकर पुल बनाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। इस दौरे के दौरान विधायक रंधावा के साथ गाँव के सरपंच, पंच मोहतबर और पार्टी की टीम भी मौजूद थी।

# आंगनबाड़ी बहनों को मिलेगा स्मार्टफोन, बढ़ेगा मानदेय : सीएम योगी

-सीएम योगी ने लखनऊ से की राज्यस्तरीय महाअभियान की शुरुआत

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के धार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' (17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025) और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितंबर से 16 अक्टूबर, 2025) का शुभारंभ किया। यह अबतक के देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, केजीएमयू में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत की। सीएम योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन वितरण के साथ ही उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी। इस अभियान के तहत यूपी में 75 जनपदों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत भी हुई, जिसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए देशवासियों को संबोधित किया और कहा कि माताओं-बहनों और बेटियों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। सभी सुविधाएं निशुल्क हैं, इसलिए स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं। उन्होंने देश को विकसित बनाने के चार स्तंभ-नारी, युवा शक्ति, किसान और गरीब-को रेखांकित किया, जिसमें नारी शक्ति को राष्ट्र प्रगति का मुख्य आधार बताया। विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर पीएम ने इस अभियान को स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार की नींव के रूप में पेश किया, जो उनके विजन विकसित भारत का हिस्सा है।

**सीएम योगी ने आंगनबाड़ी बहनों को दिया मानदेय वृद्धि का तोहफा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पोषाहार वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। पीएम का संदेश हमें प्रेरित करता है, और हम इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएम योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्ट फोन वितरण और मानदेय वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी बहनों की सेवाओं का सम्मान उनके मानदेय बढ़ाकर और स्मार्ट फोन देकर किया जाएगा। उनकी ट्रेनिंग और समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बनें।

**यूपी में 75 जनपदों में 20,324 स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत**

सीएम योगी ने प्रदेश के 75 जनपदों में 20,324 स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत की, जहां रक्त, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, एनीमिया और टीबी की निशुल्क जांच होगी। उन्होंने कहा



कि यह अभियान गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल, बच्चों के टीकाकरण और जागरूकता पर केंद्रित है। 507 रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे, जिसमें युवाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। सीएम योगी ने स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की सराहना की और बताया कि यह 15 दिन का पखवाड़ा न केवल जांच, बल्कि निशुल्क उपचार का माध्यम बनेगा। चिकित्सा विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आरोग्य मंदिरों, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और मेडिकल कॉलेजों को जोड़ा गया है।

**नारी सशक्तीकरण की दिशा में सरकार बढ़ा रही मजबूत कदम- सीएम योगी**

योगी ने नारी सशक्तीकरण की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, कन्या सुमंगला और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे कदम उठाए गए हैं, जिनका स्वागत नया भारत कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में यूपी सरकार ने बेटी की निशुल्क शिक्षा और कन्या सुमंगला योजना के तहत 25,000 रुपये का पैकेज दिया, जबकि सामूहिक विवाह योजना में हर बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपये की सहायता दी गई। सीएम योगी ने कहा कि 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों और 10 लाख महिला स्वयं-सहायता समूहों के साथ 1 करोड़ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने कहा कि ज्ञाक्र प्लांट्स से 60,000 बहनें 8,000 रुपये मासिक कमा रही हैं, और नेफेड के सहयोग से यह आय बढ़ेगी।

**यूपी के स्वास्थ्य में आया क्रांतिकारी परिवर्तन- योगी**

सीएम योगी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में 41 नए मेडिकल कॉलेज बने, जिसमें अमेठी का हालिया उद्घाटन शामिल है, जो 70 साल में पहली बार हुआ। शिशु मृत्यु दर 45 से 37 और मातृ मृत्यु दर 141 पर आई। है। उन्होंने कहा कि ये आँकड़े हैं, जो दिखाते हैं कि हमारी दिशा सही है। उन्होंने कहा कि जब नीयत साफ़ हो, नीति स्पष्ट हो, तो परिणाम आने में देर नहीं लगती है।

# आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ के सानिध्य पंचकल्याणक की तैयारियों के लिए हुई बैठक

पंचकल्याणक महोत्सव 11 नवंबर से, आचार्यश्री के सानिध्य में समाज के वरिष्ठजनों हुई तैयारियों के लिए बैठक।

पंचकल्याणक की बैठक सकल जैन समाज की 23 सितंबर मंगलवार को रात्रि 8 बजे से नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में होगी।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर ।** ग्वालियर शहर के इतिहास में पहली बार 24 तीर्थंकरों के जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव 11 से 16 नम्बर 25 तक आयोजित आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में होने जा रहे है। होने जा रहे बड़े स्तर महोत्सव की तैयारियों लिए आज बुधवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में आचार्य श्री सुबल सागर जी के सानिध्य में जैन समाज के वरिष्ठजनों के साथ साधारण बैठक आयोजित की गई। जिसमे तैयारियों के लिए सुझाव दिए। वही आगामी दिन बैठक व्यवस्थाओं के लेकर सकल जैन समाज की 23 सितंबर मंगलवार को रात्रि 8 बजे से नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में होगी।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियों के लिए आचार्यश्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में जैन साधारण बैठक का शुभारंभ इंजीनियर राजमल जैन ने मंगलाचरण कर किया। साधारण बैठक में आचार्यश्री सुबल सागरजी ने होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की रूपरेखा बताई गई। वही तैयारिया किस प्रकार करने के सुझाव जैन समाज के वरिष्ठ महेंद्र टोंग्या, डॉ मुकेश जैन, बालचंद्र जैन, पुरुषोत्तम जैन, पदम चन्द्र जैन, विनय कासलीवाल, मुकेश जैन, पवन जैन, विकास जैन, सुभाष जैन, सौरभ जैन, आशीष जैन, सचिन जैन मुरार, कमलेश जैन, वीरेंद्र बाबा, राजू जैन, नीरज जैन सहित समाजजनों ने अपने अपने विचार रखे। आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने कहा जिनशासन की प्रभावना आप सभी के अनंत प्रयास से सफल होगी। आप ओर हम मिलकर इस पंचकल्याण महोत्सव को भव्यता के साथ करने में भागीदारी निभाएंगे। समाज के हर व्यक्ति को इस महोत्सव के लिए एकता के साथ जुड़ना है। संचालन विनय कासलीवाल ओर आभार बालचंद्र जैन ने किया।

**सकल जैन समाज की बैठक 23 सितंबर मंगलवार को होगी**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियों को लेकर आगामी बैठक व्यवस्थाओं के लेकर सकल जैन समाज की 23 सितंबर मंगलवार को रात्रि 8 बजे से नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में होगी। इस बैठक में मुरार, ठाठीपुर, उपनगर, लश्कर की जैन समाज के समाजजन और समाज के महिला, पुरुषों के संगठन सम्मिलित होगे। बैठक में पंचकल्याणक की कमेटी गठित, व्यवस्थाएं ओर अन्य तैयारियां पर चर्चा की जाएगी।

**बुरे भावों और विचारों से ही जीवन सुख, दुख का कारण- आचार्य श्री सुबल सागरजी**

आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने



सुबह धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अच्छे, बुरे भावों और विचारों से ही जीवन शांत-अशांत और सुख, दुख का कारण बनता है। परिणामों का खेल बड़ा विचित्र है, क्योंकि स्वर्ग, नरक से लेकर मोक्ष तक की स्थिति में भी परिणामों का प्रतिफल ही एकमात्र कारण है।परिणामों की जन्मदाता अपनी भावना है। विचारों से हम इस शरीर को भी शुद्ध - अशुद्ध, शुभ-अशुभ, नैतिक-अनैतिक का प्रतीक बना सकते हैं। जैसी भावना वैसा ही परिणाम सामने आएगा। भावों के उतार चढ़ाव का क्रम हर व्यक्ति के जीवन में प्रत्येक क्षण चलता रहता है, लेकिन धर्म आचरण ही अपने परिणामों को काले करने से बचाता है